# मरुत् सूक्तों का आलोचनात्मक अध्ययन

[इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डी० फिल० उपाधि के लिये प्रस्तुत]

**शोध प्रबन्ध**


निर्देशक

**डॉ० चन्द्र भूषण मिश्र**

रीडर

संस्कृत विभाग

इलाहाबाद विश्वविद्यालय

इलाहाबाद

अनुसंधानकर्ता

**संगम लाल मिश्र**

एम०ए०

संस्कृत विभाग

इलाहाबाद विश्वविद्यालय

इलाहाबाद


**विजया दशमी १९९०**

## पुरोवाक्

विश्व में भारतवर्ष की गौरवमयी प्रतिष्ठा में वैदिक एवं संस्कृत वाङ्मय तथा भारतीय संस्कृति का अद्वितीय योगदान रहा है तथा यह पूर्णत: सत्य है कि भारतीय साहित्य एवं संस्कृति के व्योमचुम्बी विकास में प्रयाग की पावनी वसुन्धरा त्रिपथगा की अनिर्वर्णनीय महिमा एवम् भरद्वाज-मण्डन मिश्र, कुमारिल भट्ट प्रभृति सारस्वत उपासकों का विश्वविश्रुत योगदान सर्वातिशायी रहा है । विश्वविद्यालयीय छात्र जीवन में प्रवेश करते ही यशस्वी प्राध्यापकों के व्याख्यानों एवं उनके साहचर्य से सारस्वत उपासना करने की सतत प्रेरणा प्राप्त होती गई और शनै:शनै: सारस्वत उपासना की भावना भी दृढ़ होती गयी तथा मेरे मन में शोध-कार्य सम्पन्न करने की उत्कण्ठा समुद्भूत हुई । परि-णामत: स्नातकोत्तर उपाधि प्रथम श्रेणी में आर्जित करने के अनन्तर सारस्वत उपासना के अग्रिम चरण के रूप में चिरकाल से उश्वसित तथा अध्ययनकाल से ही वैदिक वाङ्मय के अनुशीलन में विशेष रुचि जागृति होने के फलस्वरूप कान्तदर्शी, मन्त्रद्रष्टा ऋषियों की ऋत-म्भरा देवी वाक् की ज्योतिर्मयी ज्ञानराशि ऋग्वेद पर शोध करने की उत्कण्ठा सहजत: मुखर हो उठी और श्रद्धेय पूज्य गुरुवर्य डा० चन्द्रभूषण मिश्र, रीडर संस्कृत विभाग के निर्देशन में "मरुत् सूक्तों का आलोचनात्मक अध्ययन" पर शोध प्रारम्भ करने का निर्देश मिला ।

प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध के लेखन में अद्यावधि पूज्यपाद गुरुवर्य डा० चन्द्रभूषण मिश्र के प्रति मैं श्रद्धावनत हूँ जिन्होंने समय-समय पर अहर्निश अपने वैदुष्यपूर्ण निर्देशन के द्वारा शोधकर्ता के मार्ग को न केवल प्रशस्त किया प्रत्युत् शोध-प्रबन्ध में अपेक्षित संशोधन एवं परि-वर्द्धन करके सुयोग्य निर्देशक एवं गुरु के महनीय दायित्व का पूर्णरूपेण निर्वाह किया । एत-दर्थ पूज्यतम गुरुदेव के पुनीत चरणों में अतीव कृतज्ञतापूर्वक श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ क्योंकि इसके अतिरिक्त अकिंचन शोधकर्ता के पास और है ही क्या ? वैदिक वाङ्मय एवं उच्च शिक्षा के प्रति क्षणप्रतिक्षण रुचि प्रादुर्भूत करने वाले एवं अपने वैदुष्यपूर्ण निर्देशन से सतत प्रेरितकर्ता श्रद्धेय पूज्य गुरुदेव डा० हरिशंकर त्रिपाठी, रीडर, संस्कृत विभाग के प्रति भी हृदयेन अतीव ऋणी हूँ जिनके वात्सल्यमयी प्रेरणा एवं दर्शन से विद्यानुरागिता की सतत प्रेरणा प्राप्त होती रही है ।

संस्कृत विभागाध्यक्ष परम श्रद्धेय गुरूवर्य डॉ० सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव एवं प्रो० सुरेश चन्द्र पाण्डेय का भी अतीव आभारी हूँ जिनके शुभाशीष एवं महती कृपा से यह शोधप्रबन्ध पूर्ण हो सका तथा एक विनीत शिष्य के रूप में विनम्रभाव से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

उच्च शिक्षा के प्रति शास्वत जागरूकता प्रादुर्भूत करने वाले, पूज्य अग्रज श्री नन्द लाल मिश्र, "डिप्टी रेंजर" (उप वनराजि अधिकारी) के अनिर्वचनीय असीम वात्सल्य का आजीवन ऋणी हूँ जिन्होंने समुचित शिक्षा-दीक्षा की व्यवस्था का महत्वपूर्ण दायित्व वहन किया तथा जिनका स्नेह संवलित निर्देशन मुझे पदे-पदे प्राप्त होकर प्रेरणादयी रहा।

पूज्य मातुल: श्री अम्बिका प्रसाद मिश्र "प्र० कर सहायक " आयकर विभाग भारत सरकार तथा परम पूज्या भगिनी (बहन) श्रीमती रमा दीक्षित "मुख्य व्यवस्थापिका" "प्रगति मंजूषा" प्रतियोगी मासिक पत्रिका का विशेष रूप से हृदयेन कृतज्ञ हूँ, जिनके अप्रतिम, महनीय, स्नेहिल वात्सल्यपूर्ण प्रोत्साहन के फलस्वरूप प्रस्तुत शोध प्रबंध पूर्णरूपेण सम्पादित हो सका। अतएव आप दोनो के प्रति मैं विनम्रता पूर्वक श्रद्धावनत हूँ।

इस शोध प्रबन्ध के सम्पादन में जिन मनीषियों के ग्रन्थो का मैंने उपयोग किया है उन सबके प्रति मैं हृदय से विनत हूँ। कतिपय स्नेही मित्रों एवं आत्मीय जनो के सहज स्नेह भी मुझे शोधकार्य के लिए सतत् प्रेरणादायी रहे उनके प्रति साधुवादपूर्वक धन्यवाद ज्ञापित करना अपना परम कर्तव्य समझता हूँ।

शोध-प्रबन्ध के स्वच्छ सुन्दर एवं आकर्षक टंकण के लिए श्री राम बरन यादव को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

अतः वैदिक वाड्मय की अस्मिता को दृष्टिपथ मे रखते हुए बौद्धिक, मौलिक आलोचना भाषा की प्रगति के उद्देश्य का एक मूलभूत तत्व संस्कृत प्रेमी जनो की सेवा में सस्नेह सादर समर्पित कर रहा हूँ।

---

विदुषांवशंवद:

(संगम लाल मिश्र)
शोध- छात्र
संस्कृत विभाग
इलाहाबादविश्वविद्यालय
इलाहाबाद।

विजयदशमी, 1990.

## शब्द संकेत

| | | |
|---|---|---|
| अ० | : | अदादिगण |
| अ०को० | : | अमर कोष |
| अग्नि० | : | अग्निपुराण |
| अथर्व० | : | अथर्ववेदसंहिता |
| अनु० | : | अनुवादक |
| अवे० | : | अवेस्ता |
| आ० | : | आत्मनेपद |
| आदि० | : | आदिपुराण |
| इण्डि०मा० | : | इण्डियन माइथालाजी |
| उ०पु० | : | उत्तम पुरुष, उभयपदी, उव्वट |
| उत्तर० | : | उत्तरकाण्ड, उत्तरपुराण |
| ऋ० | : | ऋग्वेद |
| ऋ०सं० | : | ऋग्वेद संहिता |
| ए०व० | : | एकवचन |
| ऐ०आ० | : | ऐतरेय आरण्यक |
| ऐ०ब्रा० | : | ऐतरेय ब्राह्मण |
| टे० | : | ओरिजिन संस्कृत टैक्स्ट |
| कर्ण | : | कर्णपर्व |
| का०सं० | : | काण्व संहिता |
| कूर्म | : | कूर्म पुराण |
| ग०उ० | : | गरुण उपनिषद् |
| गेल्ड० | : | के०एफ० गेल्डनर |
| गो०ब्रा० | : | गोपथ ब्राह्मण |
| ग्रि० | : | टी०एच० ग्रिफिथ |
| च० | : | चतुर्थी |
| छा०उ० | : | छान्दोग्योपनिषद् |
| ज०ज०आ०सो० | : | जर्नल आफ द अमेरिकन सोसायटी |
| ज०बा०यू० | : | ज० आफ द बाम्बे यूनिवर्सिटी |
| जु० | : | जुहोत्यादिगण |
| जै०ब्रा० | : | जैमिनीय ब्राह्मण |
| जै०सू० | : | जैमिनीय सूत्र |
| तु० | : | तुदादिगण |
| तृ० | : | तृतीया |

| | | |
|---|---|---|
| तै0आ0 | : | तैत्तिरीय आरण्यक |
| तै0उ0 | : | तैत्तिरीय उपनिषद् |
| तै0सं0 | : | तैत्तिरीय संहिता |
| द ऋ0र0 | : | द रिलीजन आफ द ऋग्वेद |
| द्वि0 | : | द्विवचन, द्वितीया |
| निघं0 | : | निघण्टु |
| निरु0 | : | निरुक्त |
| प0 | : | पञ्चमी, परस्मैपद |
| पद्म0 | : | पद्मपुराण |
| पा0धा0पा0 | : | पाणिनि धातु पाठ |
| पा0सू0 | : | पाणिनि सूत्र |
| पी0 | : | पीटर्सन |
| पु0 | : | पुल्लिंग |
| प्र0 | : | प्रथमा, प्रश्नोपनिषद् |
| प्र0सं0 | : | प्रथम संस्करण |
| पृ0 | : | पृष्ठ संख्या |
| ब0ब0 | : | बहुबचन |
| बृ0उ0 | : | बृहदारण्यकोपनिषद् |
| भविष्य0 | : | भविष्यत् पुराण |
| भ्वा0 | : | भ्वादिगण |
| म0पु0 | : | मध्यम पुरुष |
| मत्स्य0 | : | मत्स्य पुराण |
| मनु0 | : | मनुस्मृति |
| महा0 | : | महाभारत |
| मही0 | : | महीधर |
| मु0 | : | मुद्गल |
| मै0 | : | ए0ए0 मैक्डोनेल |
| मै0उ0 | : | मैत्रायणी उपनिषद् |
| मैक्स0 | : | एफ0 मैक्समूलर |
| मै0सं0 | : | मैत्रायणी संहिता |
| मो0वि0 | : | मोनियर विलियम्स |
| म्योर | : | जे0 म्योर |
| यजु0 | : | यजुर्वेद |
| यास्क0 | : | यास्क |

| | | |
|---|---|---|
| रिली0फि0उ0 | : | रिलीजन आफ द फिलासफी ऑफ उपनिषद् |
| ल0सा0लै0 | : | लैक्चर्स आफ द साइंस आव लैंग्वेज |
| वा0सं0 | : | वाजसनेयि संहिता |
| वाच0 | : | वाचस्पत्यम शब्दकोष |
| वि0 | : | एच0एच0 विल्सन |
| विष्णु0 | : | विष्णु पुराण |
| वें0 | : | वेंकट माधव |
| वै0दे0 | : | वैदिक देवशास्त्र |
| वै0पु0 | : | वैदिक पुराण |
| वै0मा0 | : | वैदिक माइथालाजी |
| वै0री0 | : | वैदिक रीडर |
| वै0व्या0 | : | वैदिक व्याकरण |
| वै0श0को0 | : | वैदिक शब्दकोष |
| द हि0ऋ0 | : | द हिम्स आफ ऋग्वेद |
| श0ब्रा0 | : | शतपथ ब्राह्मण |
| शल्य0 | : | शल्य पर्व |
| शु0य0 | : | शुक्ल यजुर्वेद |
| ष0 | : | षष्ठी विभक्ति |
| स0 | : | समास, सप्तमी |
| सम्बो0 | : | सम्बोधन |
| सं0इं0डि0 | : | संस्कृत इंगलिश डिक्शनरी |
| सं0हि0को0 | : | संस्कृत हिन्दी कोष |
| सा0 | : | सायण |
| स्कन्द0 | : | स्कन्दस्वामी |
| Av. | : | Avesta |
| ABORI | : | Anuals of the Bhandarker Oriental Research Institute Poona. |
| A.Up. | : | Aitraya Upanisad |
| Indo-Eur | : | Indo-European |
| Rv. | : | Rigveda |
| Skt.Gr. | : | Sanskrit Grammer |
| S.B. | : | Satpath Brahman |
| S.M. | : | Sama Veda |
| Trans. | : | Translation |
| Zd. | : | Zand. |
| J.G.R.I. | : | Journal of Ganganath Jha ...arch ...nstitute, Allahabad. |

## विषय-सूची

## अध्याय प्रथम

## विषय परिचय एवं वैदिक देवताओं का वर्गीकरण

## विषय प्रवेश

मानव स्वभावत: चिन्तनशील विवेकशील प्राणी है । विश्व का विशाल वाङ्मय उसके अनेक युगों के अनवरत प्रगाढ़ चिन्तन की ही अमूल्य निधि है । समस्त वाङ्मय शास्त्र और काव्य के भेद से दो भागो में विभक्त है ।[1] शास्त्र वाङ्मय के अन्तर्गत अपौरुषेय वेद (मंत्र ब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्) वेदांग तथा पौरुषेय पुराण, आन्वीक्षिकी, मीमांसा एवं स्मृतितंत्र आदि विद्यास्थान आते है जिनकी समवेत संज्ञा "चतुर्दश विद्यास्थान" है ।[2] काव्य वाङ्मय के अन्तर्गत दृश्य और श्रव्य काव्यों के समस्त भेद स्वीकार किये गये हैं तथा इसे सकल विद्या स्थानैकायतन पन्द्रहवाँ विद्यास्थान बताया गया है ।[3] ये ही विद्यास्थान सम्पूर्ण त्रैलोक्य । भूर्भुव. स्व: । को परिव्याप्त किये हुए हैं ।[4]

अपौरुषेय वेद प्रकृति सहचरी के सुरम्य अंचल में बसे हुए शमप्रधान तपोवन में त्याग और सन्तोष का अक्षय पाथेय लेकर आजीवन तपस्या करने वाले परिणत प्रज्ञद्रष्टा ऋषियों द्वारा तप.पूत सिद्धावस्था में प्रशान्त अन्त:करण में साक्षात्कृत ज्योति:स्वरूप मंत्रों के पुण्यागार हैं जिन्हें समस्त विद्यास्थानों का उद्गम स्थल बताया गया है । यह तथ्य न केवल श्रुतीतर मनुस्मृति प्रभृति स्मृतियों से ही प्रमाणित होता है ।[5] प्रत्युत श्रुतियों में

---

1. इहहि वाङ्मयमुभयथा शास्त्रं काव्यंचेति-राजशेखर, का0मी0 द्वि0अ0 पृ0 4.

2. सच्च द्विधा अपौरुषेयं पौरुषेयं च । अपौरुषेयं श्रुति: । सा च मंत्रब्राह्मणे । ----- चत्वारो वेदा: । ------- शिक्षाकल्पो व्याकरण निरुक्तं छन्दो ---- इत्याचार्या: । ------- आन्वीक्षिकी, मीमांसा स्मृति तन्त्रमिति चत्वारि शास्त्राणि । ------ वही पृ0 4-6.

3. तानीमानि चतुर्दश विद्यास्थानानि यदुतचत्वारो वेदा. इत्याचार्या. । सकलविद्यास्थानैकायतनं पंचदशं काव्यं विद्यास्थानम् । वही, पृ0 7-8.

4. तान्येतानि कृत्स्नामपि भूर्भुव: स्वस्त्रयीं व्यासज्य वर्तन्ते । वही, पृ0 7.

5. य: कश्चितकस्यचिद्धर्मो परिकीर्तित: ।
स सर्वोऽभिहितो वेदे सर्वज्ञानमयो हि स: ।। मनु0 पृ0 216.
आदौ वेद गिरो दिव्या यत: सर्वा प्रवृत्तय: ।वही, पृ0 216.

ऋग्वेद के अन्तर्गत दैवीवाक्तत्व के इस व्योमभेदी उद्घोष से भी प्रमाणित हो रहा है । मैं स्वयं कहती हूँ देव और मानव मेरी उपासना करते हैं ------- मैं जिसको चाहती हूँ उसे उग्र, ॥ओजस्वी॥ कर देती हूँ उसको ब्रह्म, आत्मतत्वज्ञ, वाक्तत्वज्ञ, ----- मेधावी बना देती हूँ । मैं वायुतुल्य सर्वत्र गतिशील हूँ ------- विद्यमान हूँ ।[1]

'वेद' विश्व के प्राचीनतम उपलब्ध ग्रन्थरत्न हैं और वेदों में सर्वाधिक प्राचीन है ऋग्वेद । विभिन्न देवताओं के सदृश मरुत् विषयक देवों तथा ऋग्वेद के अन्तर्गत सूक्तों की तथाकथित अनेक विशेषताओं उसके अन्य देशों के साथ सम्बन्ध आदि का चित्रण मिलता है । इन सम्बन्धों में प्रमुख हैं -

भारत-यूरोप देववाद - विश्व के अन्य मानव समुदायों में भारत-यूरोपीय जन की कल्पना का श्रेय तुलनात्मक भाषा विज्ञान को है । भारत से आयरलैण्ड तक विस्तृत संस्कृत ईरानी, ग्रीक, लैटिन आदि भाषाओं के तुलनात्मक अध्ययन ने स्पष्ट कर दिया कि इन सभी भाषाओं का मूल एक ऐसी भाषा रही होगी जो आज विद्यमान नहीं है । न उसका कोई नमूना ही उपलब्ध है परन्तु इनकी तुलना से उसके रूप का अनुमान किया जा सकता है ।

भाषाशास्त्र के साथ ही पुराकथा शास्त्र तथा देवशास्त्र ने अपने तुलनात्मक अध्ययनों से अभिहित कर दिया कि न केवल भाषा में ही प्रत्युत देवकल्पना, धार्मिक विश्वासों और सामाजिक रीति-रिवाजों में भी इन भारत यूरोपीय जनों में अद्भुत साम्य है । स्वयंदेव शब्द इन सभी भाषाओं में विद्यमान है - सं० देव प्राचीन ईरानी दएव, अवेस्ता- दत्य, प्राचीन ग्रीक देउआस ॥परवर्ती रूप थेओउस॥ लैटिनदेहउस् गाथिक दीवुस प्राचीन जर्मन ते वा आदि । कुछ देवों यथा द्यौस्-पितर्, ग्रीक, जेउस्-पातेर, लैटिन ज्यूपिटर आदि के नामों में भी अद्भुत साम्य प्रदर्शित है ।

--------------------

1. अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुत मानुषेभिः ।
पुरो दिवा पर एना पृथिव्यैतावती महिना संबभूत ॥ ऋग्वेद 10.125.5,8

भारत ईरानी देववाद

भारत-यूरोपीय जन की प्रमुख दो शाखायें ईरान और भारत में ईरानी आर्य और भारतीय आर्य के रूप में प्रतिष्ठित हुई । विभाजन के पूर्व इन भारत-ईरानी आर्यों ने अपने भारत योरोपीय मूल से प्राप्त देव सम्बन्धी धारणाओं के विकास का अनुमान ऋग्वेद संहिता के साथ प्राचीन ईरानी की एकमात्र उपलब्ध कृति "अवेस्ता" के तुलनात्मक अध्ययन से होता है । ईरान में जरथुस्त्र (660 से 583 ई0पू0) के धार्मिक सुधार के परिणामस्वरूप उनके द्वारा प्रवर्तित "मज्दयस्नी" धर्मग्रन्थ अवेस्ता में पूर्ववर्ती देवों का लोप और अनेक देवों की स्वरूप कल्पना में मौलिक परिवर्तन हो गया फिर भी अग्नि, वायु, आप, मित्र आदि देव यहाँ समान रूप से विद्यमान हैं ।

भारत में आर्यजन की देव-कल्पना का विकास

भारत ईरानी परम्परा से अपने देव विषयक रिक्थ को भारतीय आर्यों ने अपने गहन चिन्तन से परिपुष्ट किया जिसका प्राचीनतम विवरण ऋग्वेद संहिता में उपलब्ध है । इसमें संकलित ऋचाओं का संहितीकरण जब भी हुआ हो, इतना तो सुनिश्चित है कि इसमें संकलित सामग्री अनेकानेक सदियों के चिन्तन की परिधायिका है । इसका स्थूल प्रमाण यह है कि बर्हिष् पर हविष् रखकर देवता का आह्वान कर देवता को हविष् निवेदित करने के साधारण ढंग से "सप्तहोता" तथा 16 ऋत्विजों द्वारा सम्पन्न होने वाले यज्ञ का संकेत हमें ऋग्वेद संहिता में मिल जाता है ।

इस विकास क्रम में देव कल्पना का प्रचुर विस्तार हुआ । एक अग्नि ही वृहस्पति, ब्रह्मणस्पति, नराशंस, तनूनपात, अज, एकपाद जैसे विविध नामों से परिकल्पित हुआ। यही बात अन्य देवों के सम्बन्ध में भी है । विकास क्रम का इससे अधिक रोचक पक्ष यह है कि प्राचीन प्राधान्य देवों को धीरे-धीरे लुप्तप्राय एवं प्रथमतः गौण रूप से स्मृतदेवों को प्राधान्य प्राप्त करते देखते हैं । त्रित तथा आप्त्य ईरानी प्रतिरूप थ्रित और आथव्य से प्रकट होने वाले भारत ईरानी काव्य के देव हैं जो ऋक्संहिता में नाममात्र के रह गये हैं । इसके "वरुण" राजा" विशेषण के साथ स्मृत हैं और उत्तर पूर्व एशिया

माइनर में बोगाज-क्योइ नामक स्थान से प्राप्त मितन्नी या मर्यन्नी अभिलेखों में वरुण देवता की विद्यमानता इनके प्राचीन प्रभुत्व का प्रमाण है। परन्तु ऋग्वेद में वरुण देव को विशेष महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त न होकर एक जलाभिमानी देवता के रूप में अभिहित होते हुए धीरे-धीरे एक कोने में जा पड़े। इसके विपरीत इन्द्र का वर्चस्व निरन्तर बढ़ता गया और अन्ततः देवगण में इनका प्राधान्य स्थापित हो गया। यद्यपि प्रति द्वन्द्वी के रूप में विष्णु ने इन्द्र को उसके सर्वोच्चासन से उतारकर स्वयं यह आसन ग्रहण कर लिया।

देवों के स्वरूप कल्पना के साथ-साथ देव और यजमान के सम्बन्धों का विकास वैदिक वाङ्मय में निरन्तर परिलक्षित होता है। एक स्थिति में मानवदेव शक्ति से अभिहित होकर श्रद्धावनत देवता की स्तुति कर रहा है, और अगली स्थिति में यजमान को अनुभव होता है कि उसके मंत्र देवता को शक्ति प्रदान करते हैं और अन्ततः देव ब्रह्म के वशीभूत हो जाते हैं।

वैदिक देवताओं में मरुद्गण

ऋग्वेद संहिता में वैदिक देवों के मध्य मरुद्गण अति विशिष्ट स्थान रखते हुए बहुवचन में स्मृत गण-देवता हैं और ऐसे गण-देवता जिनमें न कोई बड़ा है और न कोई छोटा। यद्यपि बहुवचनान्त अन्य देव जैसे ऋभवः आदित्याः, विश्वेदेवाः आदि है परन्तु घटकों की समानता तथा अनिश्चित संख्या का वैशिष्ट्य अन्य किसी में नहीं है। दूसरा वैशिष्ट्य यह है कि ये रुद्र, अग्नि, वायु तथा इन्द्र से घनिष्ट रूप से सम्बद्ध हैं। कहीं रुद्रियाः, रुद्राः [रुद्र के पुत्र] कहे गये तो कहीं वायु इनका जन्मदाता तो कहीं अग्नि। अन्ततः ये इन्द्र के अनुगामी बन गये हैं और मरुत्वान् विशेषण अधिक स्थलों में इन्द्र के लिए ही प्रयुक्त हुआ है। फिर परवर्ती वाङ्मय में ये "देवविश" कहे गये।

ऋग्वेद संहिता में अनेकानेक ऋचाओं में किसी भी महत्वपूर्ण देव के समान यज्ञ में आकर हविष् ग्रहण करने के लिए आहूत ये अपनी स्थिति में रोचक परिवर्तन के परिचायक हैं। पुनः इन्हें अग्नि अथवा इन्द्र के साथ सोमपान के लिए बुलाया गया है और अंतत परवर्ती साहित्य में कतिपय प्रसंगों में इन्हें "अहुतवाद" कह दिया गया है।

वैदिक देवशास्त्र के अध्येता विद्वानों का ध्यान मुख्यत: वरुण इन्द्र, अग्नि, रुद्र, अश्विनों जैसे देवों पर ही केन्द्रित रहा और मरुद्गण जैसा कि उपर्युक्त संक्षिप्त विवेचन से स्पष्ट है विद्वानों का अधिक ध्यान आकर्षित नहीं कर पाये । इन्द्र के सहायक के रूप में इन्हें देखते हुए विद्वानों ने इनके स्वरूप विकास पर वैसा ध्यान नहीं दिया जैसा अपेक्षित था । इसकी एक झलक डा० पी०एस० देशमुख के ग्रन्थ

प्रकाशक आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस लन्दन 1933 के इस अनूदित उद्धरण में मिल जायगी। देवों का यह वर्ग जो हमेशा बहुवचन में उल्लिखित हुआ है, ऋग्वेद में विशेष प्रमुख हैऔर वहाँ तैंतीस प्रमुख तथा कतिपय अन्य सूक्तों में देवों के साथ स्तुत हुआ हैं । इनका सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य इन्द्र की उनके युद्ध में सम्बन्धी पराक्रमों में सहायता करना है । और मुश्किल से ही प्रभावित करने वाले व्यक्तित्व से सम्पन्न स्वतन्त्र देवों, की सी स्थिति प्राप्त कर पाये हैं । परिणामत: धार्मिक दृष्टिकोण से इनका बहुत अधिक महत्व नहीं है ।

उपर्युक्त कथन के सन्दर्भ में यहाँ इतना ही वक्तव्य है कि इन्द्र के अनुचर बन जाने पर भी मरुद्गण भारतीय मानस में किसी न किसी रूप में सदैव विद्यमान रहे हैं । महाभारत, रामायण और पुराणों में मरुत्सम्बन्धी आख्यान इसके प्रमाण हैं । आधुनिक काल तक में "मारुति" के रूप में द्गण का एकत्व में परिकल्पित रूप टिका हुआ है । इन्द्र के अनुचर के रूप में भी ये बहुत संघर्ष के बाद ही आ पाते हैं और इस संघर्ष का अध्ययन स्वयं में भारतीय देवशास्त्र के इतिहास का एक रोचक अंग है ।

## प्रस्तुत अध्ययन की रूपरेखा

वैदिक वाङ्य के अन्तर्गत ऋग्वेद में सायण, वेंकट, माधव, मुद्गल प्रभृति भारतीय विद्वानों के साथ मैक्समूलर, मो०वि०, मैक्डोनेल, विल्सन, ग्रिफिथ आदि पाश्चात्य विद्वानों द्वारा उल्लिखित मरुत् सूक्तों पर प्राप्त सामग्री को ही अपने अध्ययन का प्रमुख रूप से आधार बनाया । प्रस्तुत अध्ययन में पूरे वैदिक वाङ्मय में मरुत सूक्तों की

आलोचना को लक्ष्य रखकर यह प्रयास किया गया है कि प्रस्तुतअध्ययन मनीषी विद्वज्जनों के साथ-साथ सुधी-जन पाठकों के लिए सदुपयोगी सिद्ध हो, और तदनुसार मरुत् सूक्तों का अवलम्बन सम्बन्धी सामग्री, पाँच दृष्टिकोणों से इस शोध-विषय का अध्ययन किया गया जो अनुसंधान की दृष्टि से अपने ढंग का सर्वथा मौलिक प्रयास है :-

1. वैदिक देवताओं का वर्गीकरण,
2. वैदिक संहिताओं, ब्राह्मण ग्रन्थों, वैदिक कर्मकाण्डों एवं मरुद्गण का अन्य देवों के साथ सम्बन्ध का पुराशास्त्रीय अध्ययन ।
3. भाषा बोध हेतु ऋग्वेदीय प्रमुख 33 मरुत् विषयक मंत्रों का पौरस्त्य एवं पाश्चात्य मनीषियों के मतानुसार अर्थ निर्धारण एवं भाषाशास्त्रीय समालोचनात्मक अध्ययन ।
4. क्रमागत वैदिक शब्दों की व्युत्पत्ति ।
5. अन्त में उपर्युक्त सभी अध्यायों में तथ्यसामग्री के विश्लेषण से प्राप्त परिणामों को लेकर मरुद्गण के स्वरूप-विकास का संश्लिष्ट चित्र प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है और इसी प्रसंग में इनके सम्बन्ध में विद्वानों के विभिन्न मतों का पर्यालोचन कर निष्कर्ष के तौर पर मरुतों के रोचक इतिहास को तथ्य परिपुष्ट तर्कसंगत ढंग से क्रमबद्धरूप में प्रस्तुत किया गया है ।

## 6. वैदिक देवताओं का वर्गीकरण

ऋग्वेद में धर्म का प्रधान विषय प्रकृति पूजा है अतएव ऋग्वेद संहिता में प्राकृतिक शक्तियों को देवता के रूप में स्वीकार किया गया है ।[1] वैदिक देवताओं का वर्गीकरण विभिन्न आधारों पर निम्नलिखित प्रकार से किया जा सकता है :-

संख्या के आधार पर

ऋग्वेद[2], यजुर्वेद[3] एवं अथर्ववेद[4] में देवताओं की संख्या 33 अथवा त्रिभि: एकादश कही गई है । इसी संख्या को अनेक स्थानों पर ग्यारह का तीन गुना के रूप में निरूपित किया गया है । ऋग्वेद[5] के ही एक मन्त्रानुसार ॥ देवता स्वर्ग में ॥ अन्तरिक्ष में । जल ।[6] एवं ॥ देवता पृथ्वी पर रहते हैं ।

------------------

1. आर्थर बेरीडेल कीथ - The Religion and philosophy of the Veda and Upanishads डॉ० सूर्यकान्त । अनुवादक । वैदिक धर्म और दर्शन, भाग 2, पृष्ठ 79.
2. पत्नीवता त्रिंशतं त्रींश्चदेवाननुष्वधमा वह मादयस्व । ऋ०सं० 3/6/9.
3. त्रयस्त्रिंशतास्तुवत भूतान्यशाम्यन् प्रजापति:परमेष्ठ्यधिपतिरासीत् । यजु० ।4.3।
4. यस्य त्रयस्त्रिंसद्देवा अङ्गे सर्वे समाहिता: । अथर्व० ।0.7.13
5. ये देवासो दिव्येकादशस्थ पृथिव्यामध्येकादश स्थ ऋ०सं० ।.।39.।।
6. अप्सुक्षितो महिनेकादश स्थ ते देवासो यज्ञमिमं जुषध्वम् । ऋ०सं० ।.।39.।।

6. ए०बी० मैक्डॉनेल : वैदिक माइथालॉजी में ऋग्वेद के मंत्र ।.।39.।। में "अप्सुक्षित:" का अर्थ "जल" करते हैं । डॉ० सूर्यकान्त ।अनुवादक। वै०दे० पृ० 36; रामकुमार राय ।अनुवादक। वै०पुरा० पृ० 33.

शतपथ ब्राह्मण में संदर्भित है कि 12 आदित्य 11 रुद्र एवं 8 वसु हैं। द्यौ तथा पृथ्वी को मिलाकर कुल 33 देवता हैं। केवल प्रजापति नामक एक नवीन देवता का आविर्भाव हुआ, इससे उनकी संख्या 33 के स्थान पर 34 हो गई है।[1] उपर्युक्त ब्राह्मण में अन्य स्थलों पर याज्ञवल्क्य ने देवताओं की संख्या 303 या 3003 भी बताई है।

ऋग्वेद में प्रयुक्त हुए उनके नामों की संख्या के आधार पर देवताओं को निम्न लिखित 5 श्रेणियों में विभाजित किया गया है[2]:-

1. इन्द्र, अग्नि, सोम।
2. अश्विन्, मरुत्, वरुण।
3. उषस्, सविता, बृहस्पति, सूर्य, पूषा।
4. वायु, द्यावा-पृथिवी, विष्णु, रुद्र।
5. यम एवं पर्जन्य।

उपर्युक्त ये देवगण कभी एकल प्रस्तुत होते हैं और कभी अन्य देवताओं के साथ प्रस्तुत होते हैं। इस आधार पर इनका वर्गीकरण त्रिविभागों में किया जा सकता है।

1. एकल देवता

जिस देवता की स्तुति अकेले की जाती है। वह एकल देवता की श्रेणी में गिना जाता है। यथा-द्यौ, वरुण, मित्र, सूर्य, सविता, पूषा, विष्णु, विवस्वान्, उषस्, अश्विन्, इन्द्र, त्रित, आप्त्य, अपांनपात्, मातरिश्वा, अहिर्बुध्न्य, अजएकपाद, वायु,

-------------------

1. श०ब्रा० 4.5.7.2, 5.1.2.13 आदि।
2. डा० सूर्यकान्त, अनुवादक, वैदिक देवता पृ० 39,
   डा० रामकुमार राय, अनुवादक, वैदिक पुरा० पृ० 36.

पर्जन्य, आप: नदियाँ, पृथिवी, अग्नि, बृहस्पति, सोम क्तुदेव, त्वष्टा, विश्वकर्मा, प्रजापति, मन्यु, श्रद्धा, अनुमति, अरमति, सुनृता, असुनीति, निऋति, काम, काल, प्राण, अदिति आदि तथा देवियाँ सरस्वती, रात्रि, वाक्, पुरंधि, राका, कुहू, अश्विनी आदि है ।

2. <u>युगल देवता</u>

युग्म रूप में जिन देवताओं को स्तुति होती है वे इस श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं । यथा मित्रावरुणा, इन्द्राग्नी, इन्द्रावरुणा, द्यावापृथिवी, इन्द्रासोमा, इन्द्राबृहस्पति, इन्द्राविष्णु, इन्द्राभूषणा, सोमारुद्रा, अग्नीपर्जन्या, अग्नीसोमा, इन्द्रनासत्या, इन्द्रा-पर्वता, पर्जन्यावाता, उपासनक्ता, नक्तोषाता, सूर्योमासा, सूर्याचन्द्रमसा, इन्द्रवायु आदि हैं ।

3. <u>गण देवता</u>

ऐसे वे सभी देवगण जिनकी स्तुति सामूहिक रूप से होती है वे इस श्रेणी के अन्त-र्गत आते हैं । यथा-मरुद्गण, रुद्रगण, आदित्यगण, वसु-गण, साध्य, अङ्गिरस, ऋभु, विश्वेदेवा: ‹विश्वेदेवा:› आदि ।

## 2. स्थान के आधार पर

यास्क[1] एवं अन्य विद्वानों के मतानुसार देवताओं का विभाजन स्थान के आधार पर निम्नवत् किया जा सकता है .-

---

1. त्रित एव देवता ------------------- द्युस्थान: । निरुक्त 7.5
   डा0 सूर्यकान्त, वै0दे0 पृ0 37-38.
   रामकुमार राय, वै0परा0 पृ0 34-35.

1. द्युस्थानीय देवता

यथा-द्यौ, वरुण, मित्र, सूर्य, सविता, पूषा, विवस्वान, आदित्य-गण, उषस्, अश्विन आदि ।

2. अन्तरिक्ष स्थानीय देवता

यथा-इन्द्र, त्रित, त्रित, आप्त्य, अपानपात्, मातारिश्वा, अहिर्बुध्न्य, अज-एकपाद, रुद्र, मरुत् वायु-वात, पर्जन्य, आप: आदि ।

3. पृथिवी स्थानीय देवता

यथा-नदियाँ, पृथिवी, अग्नि, वृहस्पति, सोम आदि ।

### 3. महान देवता एवं लघु देवता

वैदिक देवताओं का वर्गीकरण उनकी आपेक्षिक महत्तानुसार भी किया जा सकता है । यह वर्गीकरण महान एवं लघु तथा युवा एवं वृद्ध के रूप में है ।[1]

### 4. स्त्री देवता एवं पुरुष देवता

वैदिक देवताओं का वर्गीकरण स्त्री एवं पुरुष देवता के रूप में दो भागों में विभाजित किया जा सकता है :-

---

1. नमो महद्भ्यो नमो अर्भकेभ्यो नमो युवभ्यो नम: आशिनेभ्य: ।
   यजाम देवान्यदि शक्नवाम मा ज्यायस: शंसमा वृक्षि देवा: ॥

ऋ०सं० 1.27.13

1. स्त्री देवता - उषस् ।
2. पुरुष देवता - इन्द्र ।

## भौतिक देवता एवं मानसिक देवता

वैदिक देवताओं के भौतिक एवं मानसिक स्वरूप के आधार पर निम्नवत् वर्गीकरण किया जा सकता है :-

1. स्थूल । मूर्त । देवता ।
2. भावात्मक । अमूर्त । देवता ।[1]

## याज्ञिक एवं अयाज्ञिक देवता

वैदिक देवताओं को याज्ञिक एवं अयाज्ञिक देवता के आधार पर निम्नलिखित दो भागों में विभाजित किया जा सकता है :-

1. याज्ञिक देवता - इन्द्र ।
2. अयाज्ञिक देवता - अपां नपात ।

ब्लूमफील्ड[2] ने वैदिक देवताओं को निम्नलिखित 5 वर्गों में विभाजित किया है :-

1. प्रागैतिहासिक काल के देवता - यथा - द्यौ, वरुण, मित्र, अर्यमा ।

---

1. डा० रामकुमार राय, वै०पुरा०, पृ० 218.
   डा० सूर्यकान्त, वै०दे०, पृ० 300-336.

2. कीथ : रिली०फि०उ० एवं इण्डि०मा० ।

2. पारदर्शी अथवा स्पष्ट देवता, यथा-अग्नि, उषस्, वायु, सूर्य ।
3. अल्प पारदर्शी या अर्द्ध स्पष्ट देवता यथा-विष्णु ।
4. अपारदर्शी अथवा अस्पष्ट देवता, यथा - इन्द्र, वरुण, अश्विनौ ।
5. अमूर्त भावात्मक एवं प्रतीकात्मक देवता, यथा-प्रजापति, बृहस्पति, विश्वकर्मा, काल, श्रद्धा, काम एवं निऋति आदि ।

कीथ[1] महोदय ने वैदिक देवताओं को निम्नलिखित चार वर्गों में विभाजित किया है :-

1. द्यु, अन्तरिक्ष तथा पृथिवी स्थानीय महान देवता ।
2. लघु प्रकृति देवता ।
3. भाव देवता ।
4. विभिन्न दिव्य प्राणियों का वर्ग ।

---

1. रिलीजन एण्ड फिलॉसफी आव द वेद एण्ड उपनिषद्, द्वारा ए0बी0 कीथ का हिन्दी अनुवाद, वैदिक धर्म और दर्शन, अनुवादक डॉ0 सूर्यकान्त, प्रकाशक, मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी, 1963.

"मरुतों का वैशिष्ट्य"

## ऋग्वेद में मरुद्गण

वैदिक वाङ्मय में ऋग्वेद संहिता को सर्वाधिक असंदिग्ध प्राचीनतम ग्रन्थ स्वीकार किया गया है। यद्यपि इसमें वर्णित 1028 सूक्तों (11 बालखिल्य सूक्तों सहित) में सभी सूक्त सर्वप्राचीन नहीं हैं तथापि इन सूक्तों में अधिकांशत: प्राचीन अवश्य हैं।[1] ऋग्वेद संहिता के इन सूक्तों में कालक्रम का पौर्वापर्य है।[2] क्योंकि ऋषि परिवारों की अनेक पीढ़ियों ने इनका प्रणयन (अथवा साम्प्रदायिक दृष्टि से कहें तो दर्शन) किया है।[3]

---

1. द्रष्टव्य - Pt. Chetresh Chandra Chattopadhyaya, "The Place of the Rigveda Samhita in the Choronology of Vedic literature." (Proceedings and the translations of the Eight All.' India Orienteal Conf. Pt. II, P 35.1).

2. संकलित सूक्तों के काल का पौर्वापर्य विद्वानों ने अनेक दृष्टियों से किया है - डा० एस०के० बेल्वल्कर ने अपने लेख Literary strata in the Rgveda (Proceedings and the Translations of the Second Oriental Conf. Calcutta, 1922, PP. 16.
में लिखा है कि वैदिक निघण्टु के एकपदिक काण्ड में संकलित शब्द जिन ऋचाओं में आये हों उन्हें परवर्तीकाल की रचना स्वीकार करना चाहिए।

3. भारतीय आस्तिक परम्परा वेदों को किसी की रचना नहीं मानती प्रत्युत उसके अनुसार ऋषियों ने वेदों का दर्शन किया। महर्षि जैमिनि प्रणीत पूर्वमीमांसा (1.1.127-32) में वेद के अपौरुषेयत्व की स्थापना की गई है। परन्तु स्वयं ऋग्वेदसंहिता की अनेक ऋचाओं में ऋषियों द्वारा मन्त्र निर्माण की चर्चा की गई है, उदाहरणार्थ द्रष्टव्य - ऋ० सं० 1.20.1, 38.8, 47, 47.2, 60.3, 61.14, 62.13 आदि।

जर्मन विद्वान Walter/Wills ने अपनी पुस्तक में शैली को आधार मानकर सूक्तों के कालक्रम के पौर्वापर्य का निर्णय करने का प्रयास किया जिसकी Franklin Edgerton Journal of the American Oriental Society Vol. 49 - में कड़ी समालोचना की है । ई०वी० अर्नाल्ड ने अपनी पुस्तक Vedic Meter में छन्दों को आधार मानकर सूक्तों की प्राचीनता अथवा अपेक्षाकृत अर्वाचीनता का निर्धारण करने का प्रयास किया है । उपर्युक्त इन सभी प्रयत्नों की समीक्षा करते हुए पं० क्षेत्रेशचन्द्र भट्टोपाध्याय ने ऊपर वर्णित अपने लेख 'The Place of the Rg-veda Samhita in the Choronology of Vedic literature' में यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया है कि सूक्तों के पौर्वापर्य का निर्णय विचारों के विकास को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए । जैसे कि जिन सूक्तों में विकसित यज्ञ संस्था सम्बन्धी वर्णन मिले उन्हें निश्चय ही परवर्ती मानना चाहिए ।

अतः इन सूक्तों में हमें वैदिक देवों के स्वरूप और महत्त्व में हमें क्रमिक क्रमिक परिवर्तन लक्षित होता है ।[1]

ऋग्वेद संहिता में मरुतों से सम्बन्धित कुल पूरे-पूरे 34 सूक्त हैं ।[2] जो

---

1. "To say it in a world, what renders these hymns so valuable for us is that we see before us in them a mythology in the making", A History of Indian litt. by M. Winternitz, p.75.

2. Macdonal ने Vedic Mythology P. 77 में मरुत देवता के ऊपर केवल 33 सूक्तों का ही उल्लेख किया है । परन्तु यह नहीं बताया कि ये सूक्त कौन-कौन हैं । सम्भवतः उन्होंने 7.59 को नहीं स्वीकार किया क्योंकि अनुक्रमणी में इसका देवता मरुत तथा रुद्र बताया गया है । परन्तु इसमें केवल एक ही 'ऋक्' (अन्तिम बारहवीं) 'रु' के लिए है, अतः इस सूक्त को भी मरुत सूक्त कहना उचित है ।

मण्डलानुसार निम्नवत हैं ।

1.37-39; 464; 85-88; 166-168; 171; 172;

2.34, 5.52-59; 61; 87; 6.66; 7.56-59;

8.7; 20; 94; 10.77.78.

यद्यपि अन्य देवताओं के सूक्तों के साथ भी मरुत सम्बन्ध ऋचायें उपलब्ध होती हैं जो मण्डलानुसार निम्नवत हैं -

1.6.4, 6, 8, 9; 15.2; 136 7; 139.8; 171.1.2;

2.30.11; 36.2; 3.26/4-6; 5.3.3; 83-6; 6.48.11-15;

20; 21; 7.104-18.

दो सूक्त 1.19 और 5.60 में मरुतदेवता अग्नि के साथ स्तुत हुए हैं और इन्द्र तथा अन्य देवों के साथ अनेक सूक्तों में हैं । जिनका विस्तृत वर्णन आगे यथा-स्थान किया गया है ।

## यजुर्वेद में मरूद्गण

यजुर्वेद की विभिन्न शाखाओं में मरुत देवता का उल्लेख प्राप्त होता है । ये मंत्र कर्मकाण्ड में विभिन्न स्थलों पर विनियुक्त हैं । मरुतों को रूद्र की सन्तान कहा गया है । मरुतगण के एक स्थान पर 'नीलग्रीवो विलोहित:' के रूप में पहचाना गया है ।[1] इन्हें रूद्र के साथ उदरनील और पृष्ठ लोहित बताया गया है ।[2]

'मरुत' देवता का विशेष आकर्षण उनके देवतावाची 'मरुत्' शब्द के सर्वत्र बहुवचन के प्रयोग से है ।[3] अत: परिलक्षित होता है कि इनकी कल्पना समूह देवता के रूप में की गई है । इनके समूह के लिए प्राय: गण[4] व्रात[5] अथवा शर्ध शब्द[6] का

---

1. असौ यस्ताम्रो अरूण उत बभ्रु: सुमङ्गक: । यजु० सं० 14.61
2. असौ यो वसर्पति नीलग्रीवो विलोहित: । यजु० सं० 16.74
3. वैदिकपादानुक्रमकोशे - सम्पा० विश्वबन्धुशास्त्री, होशियारपुर में मरुत शीर्षक के अन्तर्गत सभी प्रविष्टियाँ बहुवचन में हैं ।
4. ऋ० सं० 1.38.15; 87.4; 3.36.6; 5.52.13; 14; 54.10, 11; 56.1; 58.1, 2; 7.58.1, 94.12; अथ० सं० 13.4; 7.82.3; तै०सं० 7.12
5. ऋ० सं० 1.85.4,3.26.6; 5.53.11
6. 1.37.4, 4.5; 64.1; 2.30.11; 5.52.8; 53.10; 11; 54.1, 6; 56.9-87; 7; 10.103-9;

प्रयोग अलग-अलग किया गया है । ऋग्वेद व अथर्ववेद में कुछ स्थलों पर इनके लिए 'ग्राम' शब्द भी प्रयोग में मिलता है, जैसे - 'अरिष्ट ग्रामा:' 1.166.6; अखण्डित अथवा अक्षत समूहवाले (मरुत) तथा किन्हीं स्थलों पर 'मरुतां विश:' (5.56.1) आदि का भी वर्णन मिलता है । मरुतों को वृषव्रातास: (1.85.4) शक्तिशाली समूह वाले, वृषा त्राण:' (1.87.4) शक्तिशाली समूह तथा युवा गण: (1.87.4) यौवन सम्पन्न समूह कहा गया है । मरुतों के समूह के लिए 'सुमारुतम्'[1] शब्द का प्रयोग भी हुआ है और मरुतों को 'गणाश्रिय:'[2] कहा गया है ।

---

1. ऋ0 सं0 10.77.1; 2;

2. ऋ0 सं0 1.64.9;
   5.60.8;
   8.23.4

मरुत देवता के इस समूह में इनकी संख्या के विषय में ऋग्वेद संहिता, अथर्व-वेद संहिता तथा यजुर्वेद की संहिताओं (कृष्ण यजुर्वेद की संहिताओं के मन्त्र भाग) में कोई निश्चयात्मक कथन उपलब्ध नहीं होता प्रत्युत इनके समूहवाची शब्द कहीं-कहीं बहुवचन में प्रयोग से, यथा- महः शर्धांसि' (ऋ0 सं0 5.87.7) अथवा मरुतां गणाः (अथ0 सं0 13.4) तथा इसके अभ्यास से यथा - व्रातं व्रातं, गणं गणं सुशस्तिभिरग्नेः भूमिंमरुतामोजईमहे' (ऋ0 सं0 3.26.6) अथवा शर्धं-शर्धं व एषां व्रातं व्रातं गणङ्गणं सुशस्तिः । अनुक्रामेमधीतिभिः ।' (ऋ0 सं0 5.53.11) । तो यही धारणा बनती है कि ऋषियों की दृष्टि में मरुतों की संख्या गणनातीत है । यह धारणा ऋषि के इस कथन से और भी पुष्ट हो जाती है कि मरुद्गण जलतरंगों के समान सहस्रो अर्थात् असंख्य हैं (सहस्रियासो अपांनोमयः ऋ0सं0 1.168.2) एक स्थल पर (ऋ0सं0 5.57.17) इनके सात गुना सात ('सप्तमे सप्तशाकिनएकमेकं शता ददुः' होने की बात उल्लिखित की गई है । यहाँ ऋषि का उद्देश्य इनकी संख्या का निर्धारण नहीं अपितु इनकी अत्यधिक संख्या की ओर संकेत करना ही है जिसके फलस्वरूप मरुतों से प्राप्त उपहारों की विपुलता का भान कराया जा सके ।[1] इसी प्रकार ऋ0सं08.96.8

---

2. उद्धरणीय है -

The number of the Mounts, on the other hand always remains indescriminate, with this - Praviso that we must not understand 5.52.17 in the sense that the groups of the seven maruts have each given a hundred treanores. In any case this fixed number is an entirely isolated fact and it is much more unstable than the number of twenty three given to the Videvedevas, 8.35.3 or simply to the Devas." By A Bergaine.

Vedic Religion (Eng. Translation by V.G. Parangpe, PP. 380-81).

में इनकी संख्या तीन गुना साठ बतायी गयी है । ❨त्रिषष्ठिस्त्वा मरुतो वावृधाना उस्रा इव राशयो यज्ञियास:❩" । परन्तु यहाँ उस्रा इव राशय: कह देने से ऋषि को इनकी अत्यधिक संख्या का ही बोध होता है ।[1] ऋग्वेद संहिता 1.136.6 में इन्द्र को तीन गुना सात तत्वों के साथ ❨त्रिसप्त: शूर सप्तभि:❩ से मरुद्गण अभिप्रेत है । यह बात ❨अथर्ववेद संहिता 13.1.3❩ में त्रिसप्तासो मरुत: इस कथन से पुष्टि हो जाती है । मरुतों की संख्या के सम्बन्ध में इस वैविध्य से यही प्रतीत होता है कि ऋषि मरुतगण की संख्या की अधिकता ही द्योतित करना चाहते हैं ।

मरुत् देवता के संघ का सर्वाधिक वैशिष्ट्य यह है कि इनमें सब पूर्णत: समान हैं । 'मरुद्गण समान वयस', समान नीड वाले, समान यश वाले 'सवयस: सनीला: समान्या मरुत:' ऋ0 सं0 1.165.1 हैं । ये समान मन वाले 'समना:[2] अथवा सम-न्यव: हैं । ये बलिष्ठ ❨मरुद्गण❩ साथ-साथ उत्पन्न हुए, साथ-साथ बढ़े ❨साकं जाता सुभ्व: साकमुक्षिता:' ऋ0 सं0 5.55.3❩ हैं । अतएव समान जन्मा होने के कारण मरुदगण समान बन्धु हैं । ❨'सजात्येन मरुत: सबन्धव:' ❨ ऋ0 सं0 8.20.21 और जुड़वाँ के ❨बच्चों❩ समान सुन्दर ❨'यमा इव सुसदृशा:' ❨ऋ0 सं0 5.57.4❩ हैं । इनमें न कोई किसी से बड़ा है ❨अज्येष्ठा: ऋ0 सं0 5.59.6 अथवा अज्येष्ठास:' ऋ0 सं0 5.60.5❩ न कोई किसी से छोटा है ❨अकनिष्ठास:' ऋ0 सं0 5.59.6, 5.60.5❩ और न कोई बड़े छोटे के बीच में ❨अमध्यमास:' ऋ0सं0 5.59.6❩ हैं । ये समान आभूषण धारण करते हैं । ❨'समानमञ्जेषामे' ऋ0 सं0 8.20.11 तथा एक साथ ही प्रयत्नशील होते हैं । ❨'सरभस:' ऋ0 सं0 5.54.10❩ और इनमें परस्पर कभी भी संघर्ष नहीं होता ❨'नकिष्टनूषु येतिरे' ऋ0 सं0 20.12❩ । अतएव मरुतों की उपमा

---

1. इस प्रसंग में ऋ0 सं0 5.56.5 तुलनीय है -

   मरुतां पुरुतममपूर्व्यं गवांसर्गमिव ह्वये' जहाँ मरुतों के समूह को गायों के झुण्ड के समान 'पुरुतमं' कहा गया है ।

रथ चक्र के अरों से दी गई है । रथ चक्र के अरों के सदृश इनमें कोई अन्तिम नहीं है ('अरा इवेद चरमा' ऋ0 सं0 5.58.5; 'अराणां न चमस्तदेषाम्' ऋ0 सं0 8.20.14) । यथा रथचक्र की नाभि में सभी अर समान भाव से जुड़े होते हैं तथैव इनका (मरुतों) का संघ है । ('रथानां न येऽराः सनाभयः' ऋ0 सं0 10.78.4) मरुतों की समानता द्योतित करने के लिए एक स्थल पर इनकी उपमा दिनों से भी दी गई है । जैसे एक के बाद एक दिन चढ़ता है और काल चक्र में ये दिन समान रूप से ग्रथित होते हैं उसी प्रकार ये मरुत हैं । ('अहेव प्र प्रजायन्ते' ऋ0 सं0 5.58.5) ।

मरुतों के जन्म माता पिता, पत्नी, पुत्र-पुत्री आदि के सन्दर्भ में वैदिक संहिताओं में कतिपय उद्धरण प्राप्त होते हैं । मरुतों को रुद्रस्य सूनवः[1] (रुद्र का पुत्र) रुद्रस्य भार्याः[2], रुद्रस्य पुत्राः[3], रुद्रियासः[4], रुद्रासः[5], रुद्राः[6], रुद्रियाः[7]

---

1. ऋ0सं0 1.64.12, 85.1; 6.66.11; 8.20.17
2. ऋ0 सं0 1.64.2, 7.56 ।
3. ऋ0 सं0 7.66.3
4. ऋ0 सं0 1.38.7; 5.57.7, 58.7; 7.56.22
5. ऋ0 सं0 1.39.4, 85.2; 5.57.1, 87-7, 8.20.2
6. ऋ0 सं0 1.39.4; 2.34.9; 5.60.6; 8.7.12
7. ऋ0 सं0 2.34.10; 3.26.5: 8.20.3

अथवा किन्हीं स्थलों पर केवल रुद्रस्य[1] शब्दों का ही प्रयोग किया गया है । इनकी माता का नाम 'पृश्नि:' अथवा 'पृश्निगो:' बताया गया है और इसीलिए इन्हें पृश्निमातर:[3], पृश्निगर्भा[4] अथवा गोमातर:[5] कहा गया है । एक स्थान पर एक बार इन्हें गोबन्धव:[6] भी कहा गया है । ऋषि गृत्समद की धारणा है कि रुद्र ने पृश्नि के 'ऊधसे' (थनों) से मरुतों को उत्पन्न किया है ।[7] ऋषि श्यावाश्व ने नाटकीय ढंग से मरुतों के माता-पिता का वर्णन इन शब्दों में किया है - 'उन प्रभावयुक्त सूरियों मरुतों ने अपनी बन्धुता के विषय में पूछे जाने पर मुझसे यह बताया

---

1. ऋ०सं० 5.59.8; 8.85 5;

2. ऋ०सं० 1.38.4; 85.1; 89.7; 5.57.2,3, 8.7.3, 17.

3. अथर्व०सं० 4.27.2; 5.21.11; 13.1.3;

4. ऋ०सं० 1.123.1; तै०सं० 1.4.8.1; वा०सं० 7.16; ।
   सायण पृश्निगर्भा में पृश्नि का अर्थ आदित्य अथवा सूर्य की सतरंगी रश्मियाँ किया और पृश्निगर्भा से जलों का अर्थ किया है । उव्वट तथा महीधर ने भी यही अर्थ ग्रहण किया है । परन्तु सा० अन्य सभी प्रसंगों में पृश्नि का अर्थ शबलवर्णा गौ ही किया है । अत: पृश्नि गर्भा से मरुतों का अर्थ उचित मालूम होता है ।

5. ऋ० सं० 1.85.3

6. ऋ० सं० 8.20.8

7. रुद्रो यद्वो मरुतो वक्षसो वृषाजनि पृश्न्या शुक ऊधनि ।
   ऋ० सं० 2.34.2

कि पृश्नि जागय इनकी माता है और शक्तिशाली रूद्र पिता है ।[1] इसीलिए सुजात (सुखातास:[2] अथवा सुजाता:) कल्याणी माता वाले भद्रजानय:)[3] सुन्दर माता वाले (सुमातर:)[4] कहे गये हैं । पृश्नि ने इन्हें महान् युद्ध के लिए जन्म दिया ।[6]

मरूतों को रूद्र का पुत्र कहा गया । इस विमर्श पर आगे विस्तृत चर्चा रूद्र के साथ उनके सम्बन्ध के साथ की जायगी । यहाँ यह विचारणीय है कि 'पृश्निगो:' से ऋषियों का आशय क्या है । यास्क ने निरू0 10.39 में पृश्निगर्भा: का अर्थ 'प्राष्टवर्णगर्भा: ' अर्थात् विविधवर्णवाले (संभवत: मेघ) के गर्भ में स्थित किया गया है । पृश्नि शब्द का यह अर्थ ग्रीक कृष्णवर्ण से भी समर्थित होता है । 'गो: ' शब्द का प्रयोग मेघ के लिए भी किया गया है ।

---

1. प्र ये मे वन्धवेषे गावोचन्त सूरय: पृश्निवोचन्त मातरम् ।
   अधा पितरमिष्मिणं रूद्रं वोचन्त शिक्वस: । ऋ0 सं0 5.52.16

2. ऋ0सं0 5.57.5; 59.6; 8.20.8

3. ऋ0सं0 1.88.3; 166.12

4. ऋ0सं0 5.61.4

5. ऋ0सं0 10.78.6

6. ऋ0 सं0 3.1.168.3
   'बब 'असूत पृश्निर्महते रणाय' ।

इस मेघ रूपी गाय का दूध वृष्टि के रूप में प्रकट होता है ।[1] अत. पृश्नि-गो: [शबलवर्णा गायें] से अर्थ प्रभंजन मेघ ही हो सकता है जो शबलवर्ण होता है । अत: पृश्निमातर: व गोमातर: जैसे विशेषणों से ऋषि का अभिप्राय मरुतों का सम्बन्ध झंझावात से जोड़ना प्रतीत होता है ।

ऊपर वर्णित मरुतों के माता पिता के सम्बन्धों के अतिरिक्त उन्हें वाणी के पुत्र [सूनवो गिर:] 1.37.10] द्युलोक के पुत्र [दिवस्पुत्रास: ऋ0 सं0 10.77.2] ऊँचाई की सन्तान [प्रवतोनपात[3] अथर्व0 1.26.3] तथा माता सिन्धु के पुत्र [सिन्धु-

---

1. उदाहरणार्थ मरुतों के लिए कहा गया है कि वे दिव्य थनों को दुहते हैं और भूमि को जल से सींचते हैं [दुहन्त्यूधर्दिव्यानि धूतयो भूमिपिन्वन्ति पयसा परिज्रय: ऋ0 सं0 1.64.5] ये दिव्य थन पृश्नि [मेघ] के ही हैं । अधोलिखित मंत्र में भी पृश्न्या: दुग्ध से वृष्टि का ही अर्थ है -

   सकृद्ध द्यौरजायत सकृतभूमिरजायत ।
   पृश्न्या दुग्धं सकृत्पयस्तदन्यो नानु जायते ॥
   ऋ0सं0 11.482

2. सायण ने सूनवो गिर: का अर्थ वाच उत्पादक: अर्थात् वाणी उत्पन्न करने वाले किया है । इन्हें अनेक स्थलों पर 'गायक' कहा गया है [अर्किण: 1.38.1, अर्चिन: 2.34.1 आदि] कम से कम दो स्थलों पर [1.6.6 तथा 9.63.10] स्वयं गिर: शब्द का स्तोतार: अर्थ स्पष्ट है । अत: मरुतों को सूनवो गिर: कहने से इनका नाम गायक स्तोता ही प्रकट होता है ।

3. नपात् शब्द का अर्थ सन्तति पुत्र है । द्रष्टव्य अग्नि का पर्याय 'अपांनपात् जलों का पुत्र, अवे0 अपंमनपा ।

मातर:[1] ऋ0सं0 10.78.6 भी कहा गया है । ये कथन वस्तुत: इनके गायक, दिव्य, उन्नत तथा नदियों से सम्बद्ध रूप को ही स्पष्ट करते हैं । इसी प्रकार ऋषि गृत्समद ने इनको भरत अर्थात् अग्नि के पुत्र (भरतस्य सूनव.[2] ऋ0 सं0 2.36.2) कहकर इनके, इनके अग्नि के समान देदीप्यमान रूप को ही प्रकाशित किया है ।

परन्तु ऋषि नोधा गौतम की दृष्टि में मरुद्गण किसी अन्य से नहीं प्रत्युत स्वयं अपने से साथ-साथ उत्पन्न हुए । (साकं जज्ञिरे स्वधाया दिवो नर: ऋ0 सं0 1.64.4 और इसका समर्थन ऋषि अगस्त्य इन्हें अपने से ही उत्पन्न (स्वजा: ऋ0सं0 1.168.2) कहकर करते हैं । कतिपय इसी तरह का भाव ऋषि मधुछन्दा ने भी इन शब्दों में प्रकट किया है - 'अप्रकाश में प्रकाश तथा अरूप में रूप को

---

1. बर्गे Bergaigne ने सिन्धुमातर: का अर्थ Who have the celestial river for their mother किया है और इस दिव्य नदी में पृश्नि का संकेत समझा है ।(Vedic Religion P. 407) परन्तु यहाँ सिन्धु से सिन्धु नदी का अर्थ भी सम्भव है और तब सिन्धुमातर: से मरुतों का सिन्धुनद के समीपस्थ प्रदेश से सम्बन्ध संकेतित होता है । द्रष्टव्य - MaxMuller. Vedic Hymns Part I, P. 418.

2. वेंकट माधव ने इस भरतस्य सूनव: का अर्थ आदित्यस्य सूनव: किया है । ऋग्वेदे विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान, भाग 3 पृ0 1261 तथा सायण ने रुद्रस्य पुत्रा: अर्थ किया है (ऋग्वेद वैदिक संशोधन मण्डल, पूना) । परन्तु ऋ0 सं0 1.96.3 में भरतम पद अग्निम् का विशेषण है और यहाँ सायण ने इसकी व्याख्या हविषो भर्तारम् की है ।

प्रकट करते हुए हे नरों तुम । उषाओं के साथ उत्पन्न हुए । तदनन्तर अपने स्वभावानुरूप यज्ञिय नाम धारण कर पुनः गर्भत्व को प्राप्त हुए ।[1] ऋषि वशिष्ठ ने इनको रुद्र के पुत्र ‖रुद्रस्य मर्याः ऋ0 सं0 7.56.1‖ कहकर भी इनके जन्म की अपरिज्ञेयता इन शब्दों में स्पष्ट की है । वस्तुतः इनके जन्म को कोई नहीं जानता । ये स्वयं ही एक दूसरे के जन्मस्थान को जानते हैं ।[2] अतः स्पष्ट है कि वैदिक ऋषियों की दृष्टि में मरुद्गण अजन्मा ही है । उनके माता-पिता की कल्पना तो केवल उनके विशिष्ट गुणों को प्रभावकारी ढंग से प्रकट करने का एक कवित्वमय अलंकार पूर्ण ढंग मात्र है ।

मरुतों की सहचरी के रूप में ऋषियों ने 'सरस्वती' 'इन्द्राणी' तथा 'रोदसी' का उल्लेख किया है । ऋषि वशिष्ठ ने एक स्थल पर सरस्वती को मरुत्सखा ‖ऋ0 सं02.96.2‖ कहा है तथा एक अन्य प्रसंग में कहा है कि सरस्वती मरुतों को आनन्दित करें । ‖सरस्वती मरुतो मादयन्ताम् ऋ0 सं0 7.39.5‖ । ऋक्संहिता के दशम मण्डल के प्रसिद्ध 'वृषाकपि सूक्त' ‖10.86‖ की नौवीं ऋक् में इन्द्राणी स्वयं को मरुत्सखा कहती है । 'उताहमस्मि वीरिणीन्द्रपत्नी मरुत्सखा विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः '‖ परन्तु मरुतों का सर्वाधिक घनिष्ठ सम्बन्ध रोदसी अर्थात् 'विद्युत'[3] के साथ बतलाया गया है ।

---

1. कर्तु कृण्वन्नकेतवे पशोमर्या अपेशसे । ऋ0सं0 1.63.
   समुषद्भिरजायथाः ॥ ऋ0 सं0 1.6.3

2. नकिर्ह्येषां जनूंषि वेदते अङ्ग विद्रे मिथो जनित्रम् ॥ ऋ0सं0 7.56.2

3. वेद में रोदसी शब्द दो प्रकार का है । एक आद्युदात्त रोदसी जो द्विवचन का रूप है और जिसका अर्थ द्यावा पृथिवी है तथा दूसरा रोदसी अन्तोदात्त है जिसका अर्थ विद्युत है । मरुतों के प्रसंग में यही अन्तोदात्त अर्थ प्रयुक्त हुआ है परन्तु पदपाठ में भूल से कहीं कहीं इसके साथ भी इति लगा दिया गया है ‖ऋ0सं0 1.167.4; 10.92.11‖ ।

सम्बन्ध की घनिष्ठता के वर्णन से प्रतीत होता है कि ऋषियों ने रोदसी को मरुतों की पत्नी के रूप में कल्पना की है । ऋषि अगस्त्य मरुतों की इस घनिष्ठ सहचरी की ओर प्रथमतः इन शब्दों में संकेत करते हैं - 'जिन (मरुतों) से सुघड़, ओजस्विनी (घृताची) स्वर्णवर्णा (विद्युत) पीछे लटके भाले के समान (उपरा न ऋष्टिः)[1] प्रच्छन्न रूप से साथ चलती 'गुहा चरन्ती' मनुष्य की पत्नी के समान सभा में प्रयुक्त होने वाली (विदथ्या) प्रकाशवती वाणी के समान संश्लिष्ट है ।[2]

ऋषि श्यावाश्व आत्रेय की दृष्टि में रोदसी मरुतों के रथ पर आरूढ़ होती है ।[3] ऋषि भरद्वाज बार्हस्पत्य ने भी रोदसी को मरुतों के मध्य प्रकाश के समान स्थित बताया है ।[4]

---

1. ऋ0सं0 1.167.3; सायण ने 'उपरा न' का अर्थ मेघ मालेव किया है परन्तु यह प्रस्तुत प्रसंग में ठीक नहीं लगता है । (See - MaxMuller 'Vedic Hymns Part I, P. 276, Note No. 3.

2. परा शुभ्रा अयासो यव्या साधारण्येव मरुतो मिमिक्षुः न रोदसी अपनुदन्त घोरा जुषन्त वृधं सख्याय देवाः ॥ ऋ0सं0 1.167.4
यहाँ (रोदसी-रोदसीम्) इस सूक्त की ऋक् 6.6.7 में भी मरुतों के साथ रोदसी के साहचर्य की चर्चा है ।

3. रथं नु मारुतं वयं श्रवस्युमा हुवामहे ।
आ यस्मिन् तस्थौ सुरणानि बिभ्रती सचा मरुत्सु रोदसी ॥
ऋ0 सं0 5.56.8

4. त इदुग्राः शवसा धृष्णुषेणा उभे युजन्त रोदसी सुमेके ।
अध स्मैषु रोदसी स्वशोचिरामवत्सु तस्थौ न रोकः ॥ ऋ0सं0 6.66.6
5. यहाँ दूसरे पाद में रोदसी आद्युदात्त यथावर-पृथिवी-वाचक है और तीसरे पाद में रोदसी अन्तोदात्त विद्युत वाचक है ।

यजुर्वेद की संहिताओं में एक स्थान पर मरुतों के एक पुत्र 'ऊर्ध्वनमस्' का उल्लेख हुआ है ।[1] ऊर्ध्वमनस् से ऋषि को क्या अभिप्रेत है यह स्पष्ट नहीं होता क्योंकि इसका उल्लेख केवल एक बार ही हुआ है ।

अथर्ववेद संहिता में मधुकशा को मरुतों की पुत्री कहा है ।[2] सूक्त के वर्णन से विदित होता है कि मधुकशा की कल्पना वृष्टि के अपर पर्याय के रूप में की गई है ।[3]

---

1. अर्ध्वनभसं मारुतं गच्छतम् ।

   तै०सं० 1.3.9

2. अग्नेर्वातान् मधुकशा हि जज्ञे मरुतामुग्रानप्तिः'

   अथ० 9.1.3, 10

3. ऋ०सं० 1.22.3 में अश्विनों की मधुमती कथा की चर्चा है -

   "या वां कशा मधुमत्यश्विना सूनृतावती
   तया यज्ञं मिमिक्षितम् ।।"

मरुद्गण ऊँचे कद वाले (ऋष्वास:[1] अथवा ऋष्वा:[2]) हैं। इसीलिए इन्हें ऊँचाई की सन्तान (प्रवतो नपात्)[3] कहा गया है। ये उत्तुंग हैं।[4] मरुतों का गण चिर युवा है। (युवा स मारुतो गण: ऋ०सं० 5.61.13)। अत: सदैव नया नया सा प्रतीत होता है (गणं मारुत नव्यसीनाम्[5] ऋ०सं० 5.53.10) ऋषिगण मरुतों को युवान:[6] अथवा यून:[7] विशेषण के साथ स्मरण करते हैं। मरुतों से बुढ़ापा हमेशा दूर रहता है, ये अजरा:[8] हैं इसीलिए ये अमृता:[9] भी हैं और इन्हें अमरनाम पाया है (अमृतं नाम भेजिरे) ऋ०सं० 5.75.5)

शाश्वत यौवन सम्पन्न मरुद्गण स्वभावत: देदीप्यमान है। इनके लिए

---

1. ऋ०सं० 1.64.2
2. ऋ०सं० 5.52.6, 13
3. अथ० 1.26.3
4. वृहदुक्षा: ऋ०सं० 3. 26.4
5. वर्गे ने Bergainge ने इसका अर्थ The Groups of Mounts belonging the new (mothers) किया है (Vedic Religion, P. 410, Note 3) परन्तु सायण का अर्थ 'नूतनानाम्' MaxMuller द्वारा भी समर्थित है। (Vedic Hymns Part I, P. 323, Verse 10, Note 1)
6. ऋ०सं० 1.64.3; 5.57.8; 8.20.17, 10
7. ऋ०सं० 8.20.19;
8. ऋ०सं० 1.64.3
9. ऋ०सं० 5.57.9; 58.8;

स्वभानव:[1] स्वर्का:[2], स्वरोचिष[3] शब्द प्रयुक्त हुए है। ये सुन्दर कान्तियुक्त चित्रभानव:[4] हैं एवं ऋषि अगस्त्य की दृष्टि में तो 'अहि' सदृश दीप्त ('अहिभानव')[5] है। अहि का अर्थ यहाँ मेघ से है और मेघ की कांति विद्युत ही है अतएव ये विद्युत-प्रभा सम्पन्न् हैं। इसी प्रकार की उपमा ऋषि गृत्समद भी इन्हें विद्युत सदृश चमकते हुए कहकर (अभ्रिया[6] न द्युतयन्त: ऋ0सं0 2.34.2) कहकर दी है। अत: ये शुभ्र (शुभ्रा:[7] अथवा शुभ्रास:[8]) है और तारों भरे आकाश में दूर से ही परिलक्षित होते हैं (दूरे दृशो ये दिव्या इव स्तृभि:)[9] ऋ0सं0 1.166.11।

मरूद्गण स्वर्ण वर्ण हैं।[10] और 'पिशे' नामक मृग के समान सुवर्ण पिशा इव

---

1. ऋ0सं0 1.37.2, 5.53.4, 5 54.1, 8.20.4
2. ऋ0सं0 5.87.5
3. अथ0 7.24.1; 82.3
4. ऋ0सं0 1.64.7; 85.11
5. ऋ0सं0 1.172.1
6. सायण ने अभ्रिया का अर्थ अभ्रेषु भवा: विद्युत: किया है जो द्युतयन्त के साथ उचित लगता है।
7. ऋ0सं0 1.99.5; 85.3; 167.4; 7.56.16; 8.7.2, 14, 25, 27.
8. ऋ0सं0 2.36.2
9. यही बात द्यावो न स्तृभिश्चितयन्त्र: ऋ0सं0 2.34.2 में भी मिलती है।
10. हिरण्यवर्णान् (मरूत:) ऋ0सं0 2.34.11;
    हिरण्यया: 5.87.5

सुपिशः 1.64.8 है । ये अरुणवर्ण 'अरुणप्सवः'[1] हैं और गृह स्थित नवजात शिशुओं से शुभ्र हैं । (हर्म्येष्ठा शिशवो न शुभ्राः 7.56.16) इनके देदीप्यमान रूप को देखकर लोग कह उठते हैं । देखो, इन पारावतों (परदेशियों) को देखो ।[2]

मरुद्गण अग्नि सदृश द्युतिमान है (अग्नयो न शोशुचन्निधाना' 6.66.2) यज्ञाग्नि की लपटों जैसे धधकते और अग्नि की जिह्वा सदृश लपलपाते हैं ( 'त्विषीमन्तो अध्वरस्येव विद्युत तृषुच्यवसो जुह्वो नाग्नेः' 6.66.10) । स्वदीप्ति से अग्नि की जिह्वाओं जैसे है 'अग्नीनां न जिह्वा विरोकिणः 10.78.3 । ये अग्नि सदृश शोभाधारी 'अग्निश्रियाः'[3] व 'अग्निभ्राजसः'[4] हैं । ऐसा प्रतीत होता है कि इनका जन्म लपटो' अथवा 'दीप्ति' से हुआ है ('भ्राजज्जन्मानः'[5]; 'शुचिजन्मानः'[6] ।

सूर्य सदृश प्रभावान होने के कारण मरुतों की उपमा सूर्य देव से दी गई है 'शुचयः सूर्या इव' ऋ०सं० 1.64.2 । वे सूर्य के नर (स्वर्णरः ऋ०सं० 5.54.10) हैं और सूर्य रश्मि सदृश प्रभायुक्त हैं । विरोकिणः सूर्यस्येव रश्मयः ऋ०सं० 5.55.3 । वे सूर्य सदृश देदीप्यमान त्वचा वाले (सूर्यत्वचः[7] अथवा सूर्यत्वचसः[8]) हैं ।

---

1. ऋ०सं० 8.7.7
2. अधा परावता इति चित्रा रूपाणि दश्यां, ऋ०सं० 5.52.11
3. ऋ०सं० 8.26.5
4. ऋ०सं० 5.54.11
5. ऋ०सं० 6.66.10
6. ऋ०सं० 7.56.12
7. ऋ०सं० 7.59.11
8. अथ० 1.26.3

मरुद्गण उज्ज्वल वर्ण हैं ॥चन्द्रवर्णा: ऋ0सं0 1.165.12॥ । दीप्तियुक्त उज्ज्वल वर्ण धारण किया है ॥'सुश्चन्द्रं वर्णं दधिरे सुवेशसम्' ऋ0सं0 2.34.12॥ एवं सौन्दर्य को धारण किया है ॥'श्रियो दधिरे' 1.85.2॥ । ऋषि वशिष्ठ के शब्दों में मरुद्गण शोभा से सर्वाधिक शोभित तथा सौन्दर्य से ओतप्रोत हैं ॥'शुभा शोभिष्ठा: श्रिया संम्मिश्ला:' 7.56.6॥ ।

अन्य देवों की भाँति वैदिक ऋषियों ने मरुतों को भी यदाकदा बौद्धिक ऋषियों तथा मानसिक गुणों से मण्डित बताया है । ये धीरे ॥'धीरा:' ऋ0सं0 3.26.6॥; मनीषी मनीषिभि: ऋ0सं0 5.57.2 तथा मनीषा से 'शुचयो मनीषा' ऋ0सं0 6.66.11 हैं । ये बुद्धिमान हैं ।[1] मरुद्गण ऋत से उत्पन्न ॥'ऋतजाता: ऋ0सं0 5.61.14॥ हैं और इसीलिए ऋत को जानने वाले ॥'ऋतज्ञा:'[2] हैं । ये कवि हैं[3], पावक हैं[4] और इन दिव्य गुणों को धारण करने के कारण नेता ॥प्रणेतार: 5.61.15॥ हैं ।

---

1. प्रचेतस: ऋ0सं0 1.64.8, 8.7.12;
   विचेतस: ऋ0सं0 5.54.13

2. ऋ0सं0 5.61.14

3. ऋ0सं0 5.52.13; 57.8; 58/83, 8;
   अथ0 4.27.13

4. पावकास: ऋ0सं0 1.64.2;
   पावका: ऋ0सं0 7.56.12, 57.5

मरुतों के देदीप्यमान स्वरूप को देखकर वैदिक ऋषि उनकी उपमा अग्नि अथवा सूर्य से देने पर भी अधूरा ही समझते हैं और सम्भवत: इसी कमी को पूर्ण करने के लिए वे मरुतों के लिए नानाविध आभूषणों से अलंकृत शब्द का प्रयोग करते हैं। ऋषि श्यावाश्व आत्रेय के शब्दों में 'समृद्धवरों के समान अपनी शक्ति से अपने शरीर को स्वर्णालङ्कारों से सजाये हैं। ‹वरा इवेद्रैवतासो हिरण्यैरभि स्वधाभिस्तन्व: पिपिश्रे' ‹ऋ०सं० 5.64.8› ऋ०सं० 5.60.4। ऋषि गौतम की दृष्टि में सर्पणशील मरुद्गण ‹मेले ठेले में जाती हुई स्त्रियों के समान› हैं। ‹प्र ये शुम्भन्ते जनयो न सप्तय:'[1] ऋ०सं० 1.85.1›। एक अन्य सूक्त में ऋषि गौतम को आभूषणों से सजे मरुद्गण तारों भरे आकाश से लगते हैं ‹अञ्जिभिव्यनिश्रे केचिदुस्रा इव स्तृभि: 1.87.1› ऋषि अगस्त्य का कहना है कि जब ये मरुद्गण कहीं प्रस्थान करते हैं तो शरीर को

---

1. जनयो न सप्तय: का अर्थ मैक्समूलर ने Vedic Hymns Part I, Page 126 Those who glance forth like wives and yoke fellows किया है और इसकी विस्तृत टिप्पणी करते हुए ‹वही पृष्ठ 128-129›। जनय: को सप्तय: का विशेषण मानकर घोड़ों की स्त्रियाँ अर्थात् घोड़ियाँ जैसे अर्थ का खण्डन कर 'सप्तय:' शब्द को उसके व्युत्पत्त्यर्थ में ग्रहण करने का समर्थन किया है और सप्तय: शब्द का व्युत्पत्त्यर्थ 'Yoke follows' किया है। सायण द्वारा गृहीत व्युत्पत्त्यर्थ सर्पणशील अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है तथा लुडविग ने die renner तथा मैक्डॉ० ने भी A vedic Reader for students Page 22 पर 'the racers' अर्थ किया है। मैक्समूलर ने ऋ० सं० से ऐसा कोई स्थल उद्धृत नहीं किया है जहाँ दो उपमेयों के मध्य 'इव' अर्थ वाले 'न' का प्रयोग कर दो उपमाएँ प्रकट की गई हों जैसा कि मैक्समूलर ने 'जनयो: न सप्तय:' के अर्थ में स्वीकार किया है। अत: मैक्सम्यूलर की अपेक्षा सायण का अर्थ अधिक उचित प्रतीत होता है।

अलंकृत कर ‖'तन्व शुम्भमाना:' ऋ0सं0 1.165.5‖ चलते हैं । ऋषि गृत्समद ने भी इनको आभूषण प्रिय ‖अञ्जिषु प्रिया उते ऋ0सं0 2.36.2‖ कहा है । ऋषि श्यावाश्व इन्हें 'अलङ्कृत नर' व्यक्ता नर: ‖ऋ0सं0 7.56.1‖ के रूप में स्मरण करते हैं और उन्हें ये ‖मरुद्गण‖ यक्षों सदृश परिलक्षित होते हैं । ‖यक्ष दृशो[1] न शुभयन्त मर्या:' ऋ0सं0 7.56.16‖ ऋषि कण्व घौर: नो मरुद्गणं के आभूषणों को कर्ण के कवच-कुण्डल के समान जन्मजात स्वीकार किया है ‖साकं वाशीभिराञ्जिभि: अजायन्त स्वभानव:' ऋ0सं0 1.37.2‖ ।

विविध प्रकार के आभूषणों का भी उल्लेख मिलता है । इन्हें बड़ों वाले[2]

---

1. सायण ने यक्षदृशो न शुभयन्त मर्या: का अर्थ 'यक्षस्योत्सवस्य दृष्टारो मनुष्या इव शोभन्ते' किया है । इस पद में सायण ने 'यक्ष' को यज् से व्युत्पन्न मानकर ऐसा अर्थ किया है । परवर्ती काल में 'यक्ष' एक देवयोनि-विशेष बन गये हैं । Grassman ने वैदिक भाषा में √यक्ष् धातु की कल्पना कर इसको प्राचीन हाइ जर्मन(Jagon) से सम्बद्ध बताते हुए इसका अर्थ 'झपटना', 'तीव्रगति से पीछा करना' किया है जो मरुद्गण के प्रसंग में सर्वाधिक उपयुक्त प्रतीत होता है ।

2. सायण ने 'खादि' का अर्थ कहीं खाद्य: ‖द्रष्टव्य 1.166.6 में‖ आभूषण विशेष ‖वहीं‖ तथा कहीं भक्षयिता ‖द्रष्टव्य 1.87.6 में सुखादय: का शोभनस्य हविषो भक्षयितार:‖ और आडिन: का अर्थ 'शत्रूणां खादका:' तथा वैकल्पिक रूप से 'कटक-युक्त' ‖युद्वा खाद: कटकम्‖ तद्युक्ता: ------- 2.34.1 की व्याख्या में किया है । पुन: सा0 5.54.11 में खादय: का अर्थ कटका: तथा 5.87.1 में 'आभरण विशेषा' करते हैं । खादि शब्द के सभी प्रसंगों को ध्यान में रखने पर आभरण अर्थ सर्वाधिक उपयुक्त प्रतीत होता है इसलिए यहाँ इसका अर्थ बड़ा ‖कटक‖ किया गया है ।

(आडिनः ऋ0 2.34.2), सुन्दर कड़ों वाले (सुखादयः ऋ0 1.87, 87.6), मजबूत कड़ों वाले (वृषखादयः ऋ0 1.64.10)और शुभ्र कड़ों वाले (शुभ्रखादयः) ऋ0 8.20.4 कहा गया है । इन कडों को हाथों में (कलाइयों में) आदिहस्तम् गणम् ऋ0सं0 5.58.2) पैरों में (पत्सुखादयः ऋ0सं0 5.54 11) पहनते है तथा कंधों पर असंष्वा व प्रपथेषु खादयः ऋ0सं0 1.166.9 तथा असंष्वा मरुतः खादयो वः ' ऋ0सं0 7.56.13) लटका लेते हैं ।

मरुतों का द्वितीय आभूषण 'रुक्म' हैं जिसका प्रयोग प्रायः बहुवचन में मिलता है ।[1] इसलिए इन्हें रुक्मशोभितः वृक्षःस्थल वाले (रुक्मवक्षस) कहा गया है । रुक्मों को ये वक्षःस्थल पर धारण करते हैं । (वक्षःसुरुक्ममम्) परन्तु एक अन्य स्थान पर यह भी कहा गया है कि 'रुक्म' इनकी भुजाओं पर शोभित है (विभ्राजन्ते रुक्माणो अधि बाहुहु । (ऋ0सं0 8.20.11) । सायण ने 'रुक्म' का अर्थ 'हार' किया है ।[2] निघण्टु में 'रुकमः', 'हिरण्य' के पर्याय में प्रयुक्त हुआ है ।[3] आश्वलायन श्रौतसूत्र 9.4 में 'रुक्म' का अर्थ 'होता' को दिया जाने वाला गोल आकार का आभूषण प्रयुक्त मिलता है ।

---

1. ऋ0सं0 1.64.4; 166.10; 5.54.11; 7.56.13 आदि । परन्तु एक वचन में भी इसका प्रयोग मिलता है जैसे 1.88.2 आदि में ।

2. 1.64.4 की व्याख्या में 'रुक्मान् रोचमानात् हारान्' अर्थ किया है परन्तु 1.166.10 में सायण ने 'रुक्माः' का अर्थ सुवर्ण रत्नादि निर्मितानि आभरणानि' किया है ।

3. निघण्टु अध्याय 1, खण्ड 2.

एक अन्य स्थल पर मरुतों को सुन्दर निष्क धारण करने वाले भी कहा गया है ‡ 'सुनिष्का उत स्वयं तन्व: शुम्भमाना: ' ऋ0सं0 7.56.11‡ निष्क भी एक प्रकार के हार हैं । ऋ0सं0 5.53.4 में मरुतों को मालाओं से अलङ्कृत बताया गया है ।

सिर पर सोने का मुकुट धारण करने के कारण मरुद्‌गण को स्वर्ण मुकुट वाले ‡हिरण्यशिप्रा:[1]‡ ऋ0सं0 2.34.3; 8 कहा गया है ।

ऋषि श्यावाश्व आत्रेय ने इस मंत्र में मरुतों को परुष्णी[2] ‡देदीप्यमान वस्त्र‡ पर ऊनी वस्त्र धारण किये हुए बताया है । ‡ 'उत स्म ते परुष्ण्यामूर्णा वसत शुन्ध्यव: ऋ0सं0 5.52.9‡ एक अन्य स्थल पर वे इनके सुनहरे वस्त्रों की चर्चा करते हैं ‡हिरण्य-यान प्रत्यक्तां अमुग्ध्वम्' ऋ0सं0 5.55.6‡ । अत: स्पष्ट है कि मरुतों की हिरण्य-मयी दीप्ति ही यहाँ ऋषि की दृष्टि में उनके सुनहरे वस्त्र हैं । एक अन्य स्थल पर ऋषि श्यावाश्व वर्षा को ही मरुतों के वस्त्र के रूप में देखकर ‡वर्णनिर्णिज: ऋ0सं0 5.74‡ नामक विशेषण से मण्डित करते हैं । ऋषि अगस्त्य के अनुसार मरुद्‌गण अपने कन्धों पर शुक्ल वर्ण मृगचर्म ‡असंष्वेतो: ' ऋ0सं0 1.166.10‡ धारण करते हैं ।[2]

---

1. सा0 ने 'परुष्णी' का अर्थ पंजाब की नदी इरावती जो आजकल रानी के नाम से अभिहित है, किया है । मैक्समूलर इसको पृश्नि का पर्याय मानते हैं और राथ ने इसका अर्थ प्रस्तुत प्रसंग में मेघ किया है । द्रष्टव्य Vedic Hymns P. 315, by Max.Muller.

2. सा0 ने 'एत: ' का अर्थ 'शुक्लवर्णमाला' किया है । परन्तु राथ ने कुछ विशेष प्रकार के मृगचर्म अर्थ किया है जो प्रस्तुत प्रसंग में अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है । Mayrhofor ने भी 'A concise Etymological Sanskrit Dictionary में 'एत: ' का अर्थ 'A kind of antelope' किया है ।

वैदिक ऋषियों की दृष्टि में मरूद्गण अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित योद्धाओं की भाँति परिलक्षित होते हैं। ऋषि वशिष्ठ के शब्दों में अपने रूक्मों, आयुधों और बलिष्ठ अंगों से जिस प्रकार मरूद्गण सुशोभित होते हैं ऐसा अन्य कोई देवता नहीं ॥मतावदन्ये मरुतो यथेमे भ्राजन्ते रुक्मैरायुधैस्तनूभिः' ऋ0सं0 7 57.3॥ ये आयुध इनके शरीर की शोभा को द्योतित करते ही हैं साथ ही इनके रथों में भी रखे रहते हैं ॥नृम्णा शीर्षस्वायुधा रथेषु वो विश्वाव: श्रीरधि तनूषुपिपिशे: ऋ0सं0 5.57.6॥ रथों में अधिक मात्रा में रखे ये आयुध परस्पर टकराते हैं ॥विश्वानिभद्रा मरुतो रथेषु वो मिथस्पृध्येव तविषाण्याहिता ऋ0सं0 1.166.9॥ इसीलिए इन्हें सुन्दर आयुध वाले ॥स्वायुधास: ऋ05.87.5; 7.56.11॥ कहा गया है। इन आयुधों पर नियंत्रण होने के फलस्वरूप ये इनका स्वेच्छानुसार प्रयोग करते हैं। ॥अनुस्वधामायुधैर्यच्छमाना: ऋ0 सं0 7.56.13॥ ।

मरुतों के आयुधों में सर्वाधिक चर्चित हथियार '<u>भाला</u>' होने के कारण इन्हें ऋष्टियों से प्रकाशित बताया गया है। ॥वि ये भ्राजन्ते सुमखास: ऋष्टिभि:॥[1] और इनके लिए ॥भ्राजदृष्टय:॥[2] चमचमाते भालों वाले ब्र विशेषण प्रयुक्त हुआ है। भाले

---

1. सा0 ने ऋष्टिभि: का अर्थ यहाँ पर आयुध किया है परन्तु इसके अवेस्ता प्रतिरूप अर्शनिशे का अर्थ भाला ही होता है इसलिए यहाँ यही अर्थ ग्रहण करना समीचीन होता है। द्रष्टव्य - Mayrhofer - 'A concise Etymological Sanskrit Dictionary'.

2. ऋ0सं0 164.11; 87.3; 164.4;
 2.34.5; 5.55.1; 10.78.7

लेकर गमन करते हैं, (ऋष्टिभिर्यामन् - 2.36.2) तथा उसे कन्धे पर टिकाये रखते हैं (अंसेष्वेषां निमिमृक्षुऋष्टयः' ऋ०सं० 1.64.4)[1] और अपने रथ पर भी रखे ह रहते हैं। इस कारण रथों के साथ 'ऋष्टिमत' विशेषण प्रायः प्रयुक्त हुआ है ('रथेभिर्याति ऋष्टिभिर्मद्भिः' ऋ०सं० 1.88.1) जब ये भालों को आगे की ओर करके चलते हैं तब इनका प्रयाण देखते ही बनता है - चित्रों वो यामः प्रयतास्वष्टिषु' ऋ०सं० 1.166.4) ।

अनेक स्थलों पर मरुद्गण विद्युतरूपी ऋष्टि वाले कहे गये हैं (ऋष्टिविद्युतः ऋ०सं० 1.168.5; 5.52.13) इससे स्पष्ट है कि ऋषियों ने विद्युत की ही इनकी ऋष्टि से कल्पना की है। पीछे कहा जा चुका है कि मनिष्ठ इनकी सहचरी है जो विद्युत का ही अपर पर्याय है। एक स्थल पर इनसे संश्लिष्ट संभवतः 'रोदसी' की उपमा 'धष्टि' से दी गई है। अतः प्रतीत होता है कि 'एषामंसेषु रम्भिणी व रारभे[2], ऋ०सं० 1.168.3 में पत्नी के समान इनके कन्धों से टिकी यह विद्युत रूपिणी ऋष्टि ही है। ऋ०सं० 5.54.11 में विजलियों को इनकी मुष्टि में पकड़ा गया है (विद्युतो गभस्त्योः) ।

---

1. सा० ने निमिमृक्षु का अर्थ निमृष्टाः स्थिताः बभूवुः किया है। मैक्स० इसका अर्थ टुकड़े-टुकड़े करना करते हैं और ऋगंश का अर्थ The spears of their shoulders found to pieces' किया है।
   Vedic Hymns P. 112 By MaxMuller.

2. सा० ने रम्भणीव का अर्थ पोषिदिव किया है जो मैक्सम्यूलर को भी स्वीकार करते हैं। यह 'योषित्' रोदसी ही है - ऐसा "जोषद्यदीमसुर्या सचध्यै विषितस्तुकारोदसी नृमणाः।" ऋ० 1.167.5 से भी स्पष्ट है।

   See Vadic Hymns, Vol.I, Page 283, By MaxMuller.

वज्र को भी धारण किये हुए मरुद्गण का वर्णन उस समय मिलता है जब ऋषि वशिष्ठ मरुतों से प्रार्थना करते हैं कि उनसे चाहे जो भी अपराध हो गया हो, वे अपना वज्र उनसे दूर ही रखें ।[1] और उनके शत्रु को अपने तपिष्ठ वज्र से मार डालें ।[2] (हन्मत्) । ऋषि अगस्त्य ने मरुतों को ठोस पदार्थों को भी भंगुर के समान तोड़ने वाला बताया है । (यच्चायावपथ विथुरेवसंहित - ऋ०सं० 1.168.6) । अगस्त्य ने भी मरुतों से अपना वज्र दूर रखने की प्रार्थना की है ।[3] ऋषि पुनर्वत्स कण्व ने मरुतों को 'वज्र हस्ते:' (ऋ०सं० 8.7.32) कहा है ।

मरुतों के एक अन्य आयुध 'वाशी:' का बहुधा उल्लेख हुआ है ।[4] ये मरुद्गण वाशियों सहित उत्पन्न हुए ।[5] सायण ने वाशी: का अर्थ युद्ध घोष करके यह कारण दिया है कि निघण्टु में वाशी: को 'वावन' के पर्यायों में गिना जाता

---

1. अधकसा वो मरुतो विद्युतस्तु यद्व आगः पुरुषता करोम । ऋ०सं० 7.56.4

2. द्रुहः पाशान्प्रति समुवीष्ट तपिष्ठेन हन्मना हन्तनातम् । ऋ०सं० 7.59.8

3. आरे सावः सुदानवो मरुत ऋञ्जती शरुः ।
   आरे अश्मा यमस्यथा ॥ ऋ०सं० 1.172.2

4. ऋ०सं० 1.37.2, 88.3;
   6.53.4

5. ये पृषतीभिर्ऋष्टिभिः साकं वाशीभिरञ्जिभिः ।
   अजायन्त स्वभानवः ॥
   ऋ० सं० 1.37.2

है । (निघ० 5.11.11) परन्तु एक अन्य स्थान पर (ऋ० 1.88.3) पर सायण ने वाशी: का अर्थ 'शत्रुओं को ललकारने वाला' आरा नामक आयुध किया है। (शत्रुणामा, कोशकमाराख्यस्तयुधम्) ।

कतिपय स्थानों पर मरुतों को धनुष, वाण और निषङ्ग से सज्जित बताया गया है।[1] एक स्थान पर इनके हाथ में तलवार की भी चर्चा की गई है। (हस्तेषु खादिश्च कृतिश्च संदधे ऋ०सं० 1.168.3) । इनकी उपमा कवचधारी योद्धाओं से की गई है - (वर्मण्वन्तो न योधा: ऋ० 10.78.3) । कण्व घोर प्रार्थना करते हैं कि आपके आयुध शत्रुओं को परास्त करने तथा प्रतिरोध करने में स्थिर हों। (स्थिरावः सन्त्वायुधापराणुदे वीळु उत प्रतिष्कभे' ऋ० 1.39.2) ।

मरुद्गण रथों पर शोभित हैं।[2] मरुतों का समूह एक ही रथ पर न सवार होकर अलग-अलग रथों पर सवार होता है इसीलिए श्यावाश्व ऋषि ने उनके रथों के

---

1. वाशीमन्त ऋष्टिमन्तो मनीषिण: सुधन्वान् इषुमतो निषङ्गिण: ।।
   स्वश्वा: स्थ सुरथा: पृश्निमातर: स्वायुधा मरुतो याथना शुभम् ।।
   (ऋ० 6.57.2)

2. कीळं व: शर्धो मारुतमनर्वाणं रथेशुभम्
   कण्वा अभि प्रगायत ।।
   (ऋ०सं० 1.37.1)

झुण्ड का उल्लेख किया है ॥शर्ध रथानाम्' ॥0सं0 5.53.10॥, परन्तु यत्र-तत्र 'मारुत रथे' का एकवचन में भी प्रयोग हुआ है ।[1] इनके रथ सुन्दर होने के कारण इन्हें सुन्दर रथवाले ॥सुरथा: ऋ0 5.57.2॥ कहा गया है । इसके साथ ही इन्हें सुनहरे रथ वाले ॥हिरण्यरथा: ऋ0सं0 5.57.1 तथा देदीप्यमानरथ वाले ॥युवा स मारुतो गणस्त्वेष रथो अनेश्च: ऋ0सं0 6.61.13॥ कहा गया है । क्योंकि इनके रथों पर विद्युत्न तस्थौ मरुतो रथेषु वलै:॥ ऋ0सं0 1.64.9॥ और इसलिए इनके रथ विद्युन्नत कहे गये हैं । ॥आ विद्युन्मद्भिर्मरुत: स्वर्कै: रथेभिर्यात्' ऋ0सं0 1.88.1॥ इनके रथ अग्नियों के समान अपनी ही दीप्ति से देदीप्यमान हैं ॥'आ अग्नयो न स्वविद्युत: स प्र स्यन्द्रासो धुनीनाम् ऋ0सं0 5.87.3 ॥ ।

मरुतों के रथ चक्र भी स्वर्णिम हैं 'हिरण्य चक्रान्' ॥मरुत:॥ ऋ0सं0 1.88.5 और इनके रथ की पंचिया ॥हाल॥ भी स्वर्णिम हैं ॥हिरण्ययेभि: पविभि: पयोवृध: ऋ0सं0 1.66.11॥ परन्तु ये स्वर्णिम पवियाँ वज्र सी कठोर हैं और शत्रु को कुचलने में समर्थ हैं । रथ की पवि से मरुद्गण भूमि पर प्रहार करते हैं 'पव्या रथस्य जङ्-घनत भूमे ऋ0सं0 1.88.2 और अद्रि को चकनाचूर कर डालते हैं 'अथ पव्या रथा-नामद्रिं भिन्दत्योजसा" ऋ0सं0 5.52.9॥ पवि के किनारे बड़े पैने हैं 'पविषु क्षुरा अधि' ॥ऋ0सं0 1.166.10॥ । मरुतों के रथ को कठोर पवि वाला कहा गया है वीळुपवि: ॥ऋ0सं0 5.58.6; 8.20.2॥ । इनके रथ की नाभि सुदृढ होने के कारण वृषनाभि रथेन वृषनाभिना' ऋ0सं0 8.20.10॥ कहा गया है । इनके रथ का अक्ष दोनों चक्रों को एक साथ जोड़े रहता है । 'अक्षो वश्चक्रा समया वि ववृते ॥ऋ0सं0 1.166.9॥ ।

---

1. ऋ0 1.167.5; 5.56.8

मरुतों के रथों में घोड़े जुड़ते हैं । यद् युञ्जते मरुतो रुक्म वक्षसो श्वान् रथेषु भग आ सुदानव:' (ऋ०सं० 2.34.8) अत: इन्हें घोड़े जोतने वाले कहा गया है (अश्वयुज: (ऋ०सं० 5.42.2) । इनके रथ के घोड़े अरुणवर्ण अथवा विशङ्वर्ण (विङ्गलवर्ण) हैं । ते स्पगोभिर्वरमा पिकड्मे शुभं क यान्ति रथतूर्भिरश्व: (ऋ० सं० 1.188.2) अत: मरुतों को पिशङ्गाश्वा: अरुणाश्वा:' ऋ०सं० 5.57.4 बताया गया है । इन घोड़ों के खुर स्वर्णिम हैं (अश्वैहिरण्यपाणिभि: देवास उपगन्तन् ऋ० सं० 8.7.27) । ये दृढ़ खुरों वाले हैं - 'वीलुपाणि'[1] ऋ०सं० 1.38.11) । मरुतों के घोड़ों के लिए प्रयुक्त 'स्वश्वा:' ऋ० 5.37.2 तथा 7.56.1 विशेषण से स्पष्ट है कि इनके रथों में जुड़ने वाले घोड़े बहुत ही सुन्दर हैं । घोड़े बलिष्ठ होने के कारण मरुतों का रथ बलिष्ठ घोड़ों वाला 'वृषणश्व' ऋ०सं० 8.20.10) कहा गया है ।

मरुतों के वाहनों के सम्बन्ध में पृषदश्व: ऋ०सं० 2.87.4, 2.34.4 प्रयुक्त हुआ है जिसका अर्थ है चितकबरे घोड़ों वाले अथवा चितकबरे हरिणों के वाहन वाले । अनेक स्थलों पर इनके वाहनों को चितकबरी हरिणियां[2] बताया गया है (पृषती) । इन हरिणों के आगे एक रोहित वर्ण हरिण जुता होता है 'उपो रथेषु पृषतीरयुग्ध्वं प्रष्टिर्वहति रोहित:[3] ऋ०सं० 1.39.6) ।

---

1. घोड़ों के प्रसंग में पाणि का अर्थ खुर करना ही उचित प्रतीत होता है । यह अर्थ हिरण्येयेन रथेन द्रवत्पाणिभिरश्वै: अर्थात् द्रुत खुरों वाले घोड़ों द्वारा भी स्पष्ट हो जाता है । अत: सायण का पाणि द्वारा मरुतों के हाथों का अर्थ लेना उचित नहीं प्रतीत होता ।

2. ऋ०सं० 1.37.2, 68.8; 2.34.3; 5.58.6 आदि ।

3. सा० ने प्रस्तुत प्रसंग में प्रष्टि का अर्थ प्रष्टि: एतत्संज्ञको वाहनत्रय मध्यवर्ती युग विशेष: किया है परन्तु सा०ने ही ऋ०सं० 8.27.28 में प्रष्टि: का अर्थ प्रमुखे युज्यमान: अर्थात् सबके आगे जुता हुआ किया है और यह अर्थ प्रस्तुत ऋक् में भी ठीक बैठता है ।

इनकी लगामें भी मजबूत ॥दृढ़॥ हैं 'रथारश्मान: ॠ0सं0 5.87.5॥ ॠषि श्यावाश्व ने मरुतों को घुड़सवार के रूप में चित्रित किया है। वे कहते हैं हे मरुतों कहाँ है ? तुम्हारे घोड़े, कहाँ हैं ? लगामें, तुम कैसे आये ? ॥घोड़ों की॥ पीठ पर काठियाँ हैं नाक में लगाम हैं। इस वर्णन में मरुद्गण घुड़सवार प्रतीत होते हैं। मरुतों के हाथ में कोड़ा ॥कशा॥ हैं। ॠषि कण्व घौर को इनके कोड़े की कड़क सुस्पष्ट सुनाई देती है।[1]

मरुतों के वाहन तीव्र वेग वाले हैं 'सप्तयो रघुष्यदो रघुपत्वान:' ॠ0सं0 1.87.3॥ ये द्रुतगामी अश्वों वाले हैं 'आश्वश्व'।[2] इनके चितकबरे हरिणों की चाल मन के वेग जैसी है 'मनोजुव ॠ0सं0 1.85.4; । ॠषि श्यावाश्व आत्रेय के शब्दों में ॥मरुतों ने॥ हवाओं को ही अश्व के रूप में धुरी में जोत लिया है। वातान् ध्यश्वान् धुर्या युयुजे' ॠ0सं0 5.85.7॥ । वस्तुत: वायु ही मरुतों का वाहन है जिसकी कल्पना अश्व अथवा पृषती बात ॠषि भारद्वाज बार्हस्पत्य ने इन शब्दों में कही है। मरुतों! तुम्हारी गाड़ी में भले ही हरिण या घोड़े न जुते हो वह भले ही सारथी रहित हो और उसमें लगामें भी न हों परन्तु वह रुके बिना अन्तरिक्ष के मध्य अपने मार्ग पर तीव्रगति से पृथ्वी और द्युलोक के मध्य चलती है।[3] ॥ॠ0 5.58.1॥

---

1. क्व वो श्वा: क्वा इ भीशव: कथं केश कथा यय।
   पृष्ठे सदा नसोर्यम: । ॥ॠ0 सं0 5.61.2॥ ।

2. इहेव शृण्व एषां कशा हस्तेषु यद्वदान् ।
   नि यामन चित्रमृञ्जते ॥ ॠ0सं0 1.37.3

3. ॠ0 10.78.5; इष्मिण: द्रुतगति से आगे बढ़ने वाले ॠ0 1.87.6; 5.87.5:, 8.56.11; ध्यान: त्वरित गति से चलने वाले 2.34.4; 2.34.11; घष्णु क्षिप्र 1.64.12 तुरास: त्वरित 1.166.14; तुरण्यव: प्रबल वेग से बढ़ने वाले ॠ0सं0 1.134.5; त्वेषयामा: 1.166.5 प्रचण्ड गतिवाले 1.139.9; 87.7 ; 7.56.14; प्रयज्यव: अनुधावन करने वाले ॠ0 1.64.11; मखा: ॥द्रुत॥ 1.64.7,85.6; रघुष्यद: तीव्रगति से फिसलते हुए 1.64.12; विवार्षणि: गतिशील ॠ0सं0 5.52.33॥ ।

वायु को मरुतों का वाहन ही नहीं कहा गया है (ऋ0सं0 5.58.7 प्रत्युत प्रचण्ड वेग में इनकी उपमा भी वायु से दी गई है। ये वायु के समान स्वेच्छा से प्रयाण करने वाले हैं वातासो न स्वयुज: ऋ0सं0 10.78.2। तथा वायु के समान प्रचण्ड घोष करते हुए झपटने वाले हैं। 'वातासोन ये धुनयो जिगलव:' 10.78.3

मरुतों के लिये प्रयुक्त विशेषणों से इनकी द्रुतगति तथा प्रचण्ड वेग को स्पष्ट किया गया है। इनको अयास: अथवा अत्यारए (गतिशील) आशव: क्षिप्र गति वाले तथा स्पन्द्रास: झपटते हुए ऋ0सं0 8.20.10 कहा गया है। इन उपर्युक्त विशेषणों की भरमार असंदिग्ध रूप से प्रकट कर देती है कि वैदिक ऋषि की कल्पना में मरुतों के साथ उनका प्रबल वेग अपरिहार्य रूप से जुड़ा हुआ है।

वैदिक ऋषियों ने ऐसा माना है कि मरुद्‌गण तेज उड़ान में पक्षियों के समान है।[1] इसी कारण इन्हें कहीं-कहीं गृध्रा:[2] अथवा श्येना:[3] कहा गया है। गमन-काल के प्रचण्ड वेग में मरुतों के घोड़े कभी थकते नहीं और त्वरित गति से गन्तव्य तक पहुँच जाते हैं। प्रबल वेग की शक्ति के कारण ये अन्तरिक्ष को भी नाप डालते

---

1. वयो न ये श्रेणी: पप्तु रोजसान्तान् दिवो बृहत: सानुनस्परि।
ऋ0 सं0 5.59.7

2. ऋ0 सं0 7.56.3; 10.77.5

3. न वो श्वा: अथपन्ताह सिस्रत: सद्यो अस्याध्वन: पारमश्नुथे।
ऋ0 सं0 5.54.10

हैं 'उतान्तरिक्षे ममिरे व्योजसा' ऋ0 सं0 5.55.2 । इनके प्रयाण को पर्वत और नदियाँ नहीं रोक पाते और ये जहाँ चाहते हैं पहुँच जाते हैं ।[1] इनके प्रबल वेग की उपमा ढलान से बहते जल से भी दी गई है । मरुतों के प्रबल वेग से पृथ्वी यों काँप उठती है मानों उसके टुकड़े-टुकड़े हो जायँगे ।[2] ओषामज्येषु विथुरे रेजते भूमि यामेषु युद्ध युज्जते शुभे ऋ0सं0 1.87.3 और द्युलोक वर्ती पाषाण ॥मेघ॥ और पर्वत श्रृंखलाओं को भी ये कँपा देते हैं । अश्मान चित् स्वयं पर्वतं गिरिं प्रच्यावयन्ति यामभिः ऋ0सं0 5.56.4 । इन्हें अपनी चाल के लिए प्रसिद्ध बताया गया है ॥यामश्रुत ऋ0सं0 5.52.15॥ क्योंकि इनकी विचित्र चाल घरों में रहने वाले लोगों को डराने वाली ही नहीं है ॥भयन्ते विश्वा भुवनानि हर्म्या चित्रो वा यामः प्रयतास्वृष्टिषु' ऋ0सं0 1.166.4 अपितु शोभायुक्त भी है और इसीलिए इनको शुभं यावान[3] ऋ0सं0 1.89.7 विशेषण से भी सुशोभित किया गया है ।

---

1. न पर्वता न नद्यो वरन्त वो,
   यत्रा चिध्वं मरुतो गच्छेयदु तत् ॥
   ऋ0 सं0 5.55.7

2. सायण ने विथुरा का अर्थ वियुक्ता जाया किया है परन्तु ऋ0सं0 1.87.1 में स्वयं मरुतों के लिए अविथुरा विशेषण आया है जिसका अर्थ सायण ने अवियुक्ताः सप्तगण रूपेण संघी भूता इत्यर्थः किया है । अतः विथुरा का अर्थ टूटे हुए, टुकड़े टुकड़े हुए ही प्रसंगानुकूल लगता है । अवेस्ता में अइविथुर का अर्थ भी अटूट है ।

3. ऋ0सं0 6.61.13 में मरुतों के गण को शुभंयावा कहा गया है ।

वैदिक संहिताओं में मरुतों से सम्बन्धित बहुत ही कम मन्त्र होंगे जिनमें मरुतों के बल पराक्रम का वर्णन न किया गया हो । वैदिक ऋषियों के द्वारा इनकी शक्ति, ओज व पराक्रम का अधिकाधिक वर्णन मिलने से वैदिक देवगणों में मरुद्गण इन्द्र के प्रतिस्पर्धी से मालूम पड़ते हैं । मरुतों के बलपौरुष से वैदिक ऋषि कितने अभिभूत हैं यह तथ्य वैदिक संहिताओं में प्रयुक्त उन विशेषणों से स्पष्ट हो जायगा जो उनकी शक्ति की ओर इंगित करते हैं । निम्नांकित विशेषण पद ध्यान देने योग्य हैं -

(1) नर[1] - मरुतों को नर विशेषण से प्राय: विभूषित किया गया है और इन स्थलों[2] पर नर: शब्द का अर्थ मनुष पुरुष ही नहीं है प्रत्युत पौरुषयुक्त बलशाली पुरुष अथवा शूर से है । उदाहरणार्थ - को वो वर्षिष्ठ आ नारो दिवश्चर ग्मश्च धूतय:, यत् सीमन्तं न धूनुथ । हे शूरो ! तुम जो द्युलोक और पृथ्वी को कँपाने वाले हो, जो (पृथ्वी और द्युलोक) को वस्त्र के छोर के समान कँपाते हो, तुममें बलिष्ठ कौन है । (ऋ0सं0 8.37.6) ।

मरुतों के शिरों में पौरुषयुक्तविचार भरे हैं 'नृम्णा शीर्षसु ऋ0सं0 5.57.6 इनके रथ भी पौरुष तथा साहस से भरे हैं । साकं नृम्णै: पौंस्येभिश्च भुवने ऋ0 सं0 6.66.2 । इसीलिए मरुतों से पौरुष की याचना की जाती है 'सा विट सुवीरा

1. मिलाइये, अवेस्ता ना, नर, फारसी-नर अरमेनियन-अइर, ग्रीक-आनेर, अलबानियन-न्यैर । द्रष्टव्य - Mayrhofer - 'A concise Etymological Sanskrit Dictionary.

2. ऋ0सं0 1.37.7; 86.8; 195.11; 5.53.15; 54.10; 59.3; 61.1; 7.59.4; 8.20.10; 16.

मरुद्भिरस्तु सनात् सहन्ती पुष्यन्ती नृम्णम् ऋ०सं० 7.65.5 । पौरुष सम्पन्न होने के कारण मरुतों को नृमणा: 'पौरुषयुक्त विचार वाले कहा गया है ऋ०सं० 1.167.5 ।

वैदिक ऋषियों ने मरुतों के शुष्म अर्थात् बल की चर्चा की है । वे इनके उग्र बल से सुपरिचित हैं । पद्मा हि रुद्रियाणांशुष्ममुग्रमरुतां शिमीवतताम्' ऋ० सं० 8.20.3 । उनकी दृष्टि में इनके बल शुभ्र हैं 'शुभ्रो व: शुष्म: ' ऋ० सं० 7.56.8 । शुष्मयुक्त होने के कारण इन्हें मरुतों को शुष्मिण: अर्थात् बलशाली कहा गया है और ऋषिगण इस शुष्मी मरुद्गण के लिए मन्त्रों का उद्घोष करते हैं । 'प्र व: शर्धाय घृष्वये त्वेषद्युम्नाय शुष्मिणे । देवत्तं ब्रह्म गायत ॥' ऋ० सं० 1.37.4 । शुष्मी मरुतों से ऋषिगण शुष्मीपुत्र की याचना करते हैं 'अस्मे वीरो मरुत: शुष्मस्तुजानां यो असुरो विधर्ता ॥' ऋ० सं० 7.56.24

वैदिक संहिताओं में मरुतों के लिए 'उग्रा: ' बलशाली अथवा भयंकर विशेषण अधिकाधिक स्थलों पर प्रयुक्त हुआ है । 'उग्र' शब्द का बलशाली अर्थ ऐसे उद्धरणों से स्पष्ट हो जाता है कि त उद्ग्रा: शवसा धृष्णुषेणा उभे युजन्त रोदसी सुमेके । ऋ० सं० 6.66.6 । यहाँ इन्हें शवसा, उग्रा: अर्थात् बल से शवसा बलशाली कहा गया है । इसी प्रकार भयंकर अर्थ इस उद्धरण में स्पष्ट है - 'उग्रं व: ओज: स्थिरा शवांसि' ऋ० सं० 7.56.7 । हे मरुतों । तुम्हारा ओज भयंकर है,

---

1. वैदिक निघण्टु में शुष्म शब्द बल के पर्याय में पठित है निघण्टु 2.9 इसमें मत्वर्थीय इनि् प्रत्यय लगाने पर शुष्मिन् रूप सम्पन्न हुआ ।

2. मिलाइये - अवेस्ता-उग्रा=शक्तिशाली ।

तुम्हारी शक्तियाँ स्थिर हैं। मरुतों को 'उग्र-बाहव:' (बलशाली भुजाओं वाले) भी कहा गया है। (ऋ०सं० 8.20.12)।

मरुतों के गण को तुविष्मान अर्थात् बलशाली कहा गया है। (ऋ० सं० 7.56.7, 58.1) मरुद्गण तुविष्मान ही नहीं अपितु 'तुविजात' अर्थात् शक्ति से उत्पन्न (ऋ० सं० 1.168.6) भी हैं। इनको 'तुविद्युम्नास:' अर्थात् शक्ति से जगमगाते' (ऋ० सं० 1.88.3) अथवा 'तुविद्युम्ना: (ऋ० सं० 5.87.7) भी कहा गया है। ये 'तुविमन्यव:' अर्थात् दृढ़ विचारों वाले (ऋ०सं० 7.58.2) बताये गये हैं और बलवती वाणी वाले होने के कारण इन्हें तुविस्वन: (ऋ०सं० 1.166.1) अथवा तुविस्वनि: (ऋ० सं० 5.56.7) कहा गया है।

मरुद्गण के सम्बन्ध में धृष्णु शब्द साहस, शक्ति तथा साहसिक बलशाली दोनों अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। 'साहस' (धृष्णुना) तथा बल (शवसा) से प्रबल शूशुवांस: वे (मरुद्गण) शत्रुओं को साहसपूर्वक (धृषता) समुद्र के समान घेरते हैं। (ऋ० सं० 1.167.9) तथा हे ऋषि। उपहारों के लिए (दाना) मरुतों के पास (ऐसे) जाओ जैसे कोई स्त्री (अपने) मित्र के पास (जाती) है और ओज से बलवान अथवा

---

1. ऋ०सं० में 'तव' का प्रयोग शक्तिशाली होने के अर्थ में मिलता है - द्रष्टव्य ऋ० सं० 10.59.1 में 'तवीति'। सम्भवत: इसी का वैकल्पिक रूप 'तुव' भी है जिससे 'तुविष्यत्' शब्द बना है। अवेस्ता में भी तब का प्रयोग मिलता है जिसका लिट का रूप वहाँ पर 'तूतव' है।

2. द्रष्टव्य - अवेस्ता-दर्शि, दर्शुं:

ग्रीक - थ्रासुश् द्रष्टव्य - Mayrhofer - Mayrhofer - 'A concise Etymological Sanskrit Dictionary में 'धृष्णु' के मध्य (अन्दर)।

साहसिक ﴾धृष्णव ओजसा﴿ है मरुतों । हमारी स्तुतियों से स्तुत होकर तुम द्युलोक से भी वहाँ चले जाओ ﴾ऋ0 सं0 5.52.14﴿ ।

उपर्युक्त इन दोनों प्रसंगों में धृष्णु शब्द के ये दोनों अर्थ स्पष्ट हैं । धृष्णव ओजसा के समस्त रूप 'धृष्णवोजस:' ﴾ऋ0सं0 2.34.1﴿ को भी मरुतों का विशेषण बताया गया है । मरुद्गण स्वयं तो 'धृष्णु' होने के साथ-साथ 'धृष्णु सेना:' ﴾ऋ0सं0 6.66.6﴿ साहसिक सेना वाले' भी हैं । तथा साहसिक के अर्थ में मरुतों के लिए 'धृषद्विन:' ﴾ऋ0सं0 5.52.2﴿ तथा 'आधृष' ﴾ऋ0सं0 1.39.4﴿ विशेषण भी प्रयुक्त हुए हैं ।

अन्य देवों की भाँति मरुतों के लिए भी एक स्थल पर 'असुरा:' विशेषण प्रयुक्त हुआ है ﴾1.64.2﴿ और एक दूसरे स्थल पर मरुतों से असुर-पुत्र की प्रार्थना की गई है - अस्मे वीरो मरुत: शुष्म्यस्तु जानां यो असुरो विधर्ता । ﴾ऋ0 सं0 8.56.24﴿ ।

ऋग्वेद में एक स्थल पर मरुद्गणों को 'घोरा:'[2] अथवा प्रचण्ड कहा गया

---

1. ऋ0सं0 में शक्तिशाली अर्थ में 'असुर' शब्द का जहाँ प्रयोग हुआ है वहाँ इसकी व्युत्पत्ति असु ﴾प्राण﴿ - र ﴾मत्वर्थीय﴿ करना युक्ति-युक्त प्रतीत होता है । उणादिसूत्रों में 'असेरुरन' ﴾उ0सू0 1.42﴿ के अनुसार अस् में उरन् प्रत्यय लगाया गया है, परन्तु यह बहुत बाद की कल्पना-प्रसूत व्युत्पत्ति प्रतीत होती है ।

2. द्रष्टव्य - गाँथिक गाडर्स - भयंकर,
   Mayrhofer - 'A concise Etymological Sanskrit Dictionary.

है §1.167.4§ । तथा दो स्थानों पर इन्हें 'घोरवर्पस:' अर्थात् भयंकर आकृति वाले विशेषण से विभूषित किया गया है । §1.19.5; 54.2§ रुद्र के पुत्रों के लिए ये विशेषण सर्वथा उपयुक्त हैं ।

ऋ0सं0 में एक स्थल पर मरुतों को 'अध्रिग्राव: पर्वता इव' §ऋ0सं0 1.64.3§ पर्वतों के समान दुर्धर कहा गया है । पर्वतों से तो उपमा दिये जाने से तो अध्रिगु का अर्थ 'दृढ़' स्थिर ही अधिक तर्कसंगत प्रतीत होता है ।

मरुतों को 'रिशादस'[1] अर्थात् शत्रु को चबाने वाले कहा गया है । ऋषि कण्व और कहते हैं - हे शत्रुओं के भक्षण कर्ता §मरुतों ।§ न द्युलोक में और न पृथ्वी पर ही तुम्हारा कोई शत्रु विदित है §न हि व: शत्रुर्विविदे अधि द्यापि न भूम्यां रिशादस:' ऋ0सं0 1.39.4§ । ऋषि वशिष्ठ कहते हैं - हे तपाने वाले अपनी सहायता §शक्ति§ से शत्रुओं को खाने वाले मरुतों । यहहविष् तुमहारी है, इसका आस्वादन लें §मान्तपना इदं हविर्मुरुतज्जुजुष्टन । युमकोती रिशादस: ॥' §ऋ0 सं0 8.59.9§ । ऋषि स्यूमरश्मि भार्गव ने मरुतों की उपमा शत्रुओं का भक्षण करने वाले मदों से दी है §'रिशादसो न मर्या:' ऋ0सं0 10.77.3§ तथा इन्हें श्येनों के समान प्रसिद्ध शत्रुभक्षणकर्ता 'श्येनासो न स्वयशसो रिशादस:' ऋ0 सं0 10.77.5 कहा गया है ।

---

1. द्रष्टव्य - अवेस्ता - द्रिगु निर्बल-यिम् द्रिगुव्यो ददत् वास्तारम् §जो निर्बलों को सहायता प्रदान करता है ।

'अहुनवइर्य मंत्र' ।

मरुद्गण के लिए 'मायिन' विशेषण का प्रयोग ऋग्वेद संहिता में दो स्थलों पर हुआ है (1.64.7 तथा 5.58.2) । सायण ने इन स्थलों पर इसका अर्थ प्रज्ञा-वान किया है परन्तु एक अन्य स्थल (1.39.2) पर मायिन: (षष्ठी एकवचन) का अर्थ 'छद्म-चारिण:' किया है । मैक्समूलर इसका अर्थ (Powerful)करते हैं । वस्तुत: 'माया' से ऋक्संहिता में रहस्यात्मिका गुप्त शक्ति अथा मन्त्रात्मिका शक्ति अभिप्रेत है । अत: मरुतों के सम्बन्ध में 'मायिन्' शब्द का अर्थ रहस्यात्मिका शक्ति से युक्त करना ठीक होगा ।

वैदिक ऋषियों की दृष्टि में मरुतों को 'तवस:' अर्थात् बलिष्ठ कहा गया है (ऋ0 सं0 1.166.8) और वे समृद्धि के लिए मरुतों के बलिष्ठ गण (तवसं गणम्) का आश्रय लेते हैं (ऋ0 सं0 1.64.12) मरुद्गण अपने रथों पर बलिष्ठ होते हैं ('तवसो रथेषु' ऋ0 सं0 5.60.4) ऋषि नोधा गौतम की दृष्टि में मरुद्गण 'स्वतवस:'[1] अर्थात् अपने आपसे बलिष्ठ है (ऋ0 सं0 1.64.7) ।

'तवस्' के समान ही मरुतों के लिए 'तविष्' (बलिष्ठ) विशेषण भी प्रयुक्त हुआ है (अथ0 4.15.2) एक ऋक् में मरुतों के गण को 'तविषीमत' अर्थात् बलशाली कहा गया है (तम् नूनं तविषीमन्तमेषां स्तुषे, गणं मारुतं नव्यसीनाम्' (ऋ0 सं0 5.58.1) और एक अन्य ऋक् में मरुतों को तविषीयव: अर्थात् बढ़ते बल वाले कहा गया है । 'यदङ्ग तविषीयवो यामं शुभ्रा अचिध्वम्' । निपर्वता अहासता ।। (जैसे ही बढ़ते बल वाले मरुतों ने अपना गमन-मार्ग पहचान लिया, पर्वत (मेघ) झुक गये ।
ऋ0 सं0 8.7.2) ।

---

1. मायेति ज्ञान नाम । मायिन: प्राज्ञा: (ऋ0सं0 1.64.7) ।
   मायिनं प्रज्ञावन्तम् (ऋ0सं0 5.58.2) ।

मरुतों को ऋ0सं0 1.64.9 में 'शूरा' विशेषण से सुशोभित बताया गया है तथा अनेक स्थलों पर 'शूरो' से इनकी उपमा दी गई है। 'शूरो' के समान युयुत्सु' ‡शूरा इवेद्युधय: ऋ0 सं0 1.85 'शूराइव प्रयुध:' ऋ0सं0 5.59.5‡। ये मरूद्गण विजयी शूरों के समान प्रकाशित होते हैं ‡'जिगीवांसो न शूरा अभिद्यव: ऋ0 सं0 10.78.4‡।

ऋ0 संहिता के 1.64.8,9 सूक्त में मरुतों को अहिमन्यव: कहा गया है। ये बल से अहिमन्यु है। अहिमन्यु का अर्थ साँप जैसी ‡डसने वाली‡ बुद्धि वाले हैं। सायण ने शवसा के साथ इस विशेषण की संगति इस प्रकार उत्पन्न की है - 'बलेन आहनशीलमन्यु युक्ता:। यद्विषय: कोपो जायते तस्य हनेन समर्था इत्यर्थ:।'

ऋ0 संहिता 1.64.10 में मरुतों को 'अनन्तशुष्मा:' ‡अनन्तबल वाले‡ कहा गया है।

ऋक्संहिता 1.64.11 में मरुतों को 'ध्रुवच्युत:' अर्थात् ध्रुवों, स्थिरों को गिराने वाले कहा गया है। वैदिक ऋषियों द्वारा मरुतों के ध्रुवच्युत रूप का बहुश: वर्णन किया गया है - मरुतों! जैसा तुम्हारा बल है उससे तुमने जनों ‡लोगों‡ को कँपा दिया, पर्वतों को हिला दिया। ‡मरुतों युद्ध वा बलं जनां अचुच्यवीतन, गिरीरंच्युच्यवीतन ॥ ‡ऋ0 सं0 1.37.12‡। हे नरों! जब तुम, जो स्थिर है, उसको मार गिराते हो, जो भारी है उसको पटक देते हो, तब तुम पृथिवी की वनराजियों के बीच से, पर्वत घाटियों के बीच से गमन करते हो ‡ परा ह यत् स्थिरं दृश नरो वर्तयथा गुरु। वियाथन वनिन: पृथिव्या व्याशा: पर्वतानाम् ॥ ‡ऋ0सं0 1.39.3‡, ये मरुद्गण पृथिवी के और द्युलोक के समस्त दृढ़ पदार्थों को अपनी शक्ति से गिरा देते हैं ‡'दृलहा चिद् विश्वा भुवनानि पार्थिवा प्रच्यावयन्ति दिव्यानि मज्मना' ऋ0 सं0 1.64.3‡ मरुद्गण अपने ओज से अच्युतों ‡न डिगने वालों‡ को डिगा देते हैं ‡'प्रच्यावयन्ति अच्युता चिदोजसा' ऋ0सं0 1.85.4‡, और ये मरुद्गण अच्युत

ध्रुवों, न डिगने वाले स्थिर पदार्थों॰ को गिरा देते हैं 'उत च्यवन्ते अच्युता ध्रुवाणि' ॰ऋ० सं० 1.167.8॰ चमकते भालों वाले, शक्ति-पुत्र, धूलरहित मरुतों ने दृढ़ों को भी गिरा दिया । ॰'अरेणवस्तु विजाता अचुच्यवुर्दृलहानि चिन्मरुतो भ्राजदृष्टय:' ॰ऋ०सं० 1.168.4॰, अजेय ॰मरुद्गण॰ पर्वतों को कंपा देते हैं ॰'प्रवेपयन्ति पर्वता अदाभ्या' ॰ऋ० सं० 3.26.4॰, ॰तुम्हें॰ हविष् उत्पन्न करने वाले को धन देने के लिए ॰हे मरुतों॰ तुम द्युलोक को, पर्वतों को हिला देते हो, ॰तुम्हारे॰ भय से वन-प्रदेश तुम्हारा रास्ता छोड़ देते हैं, हे पृश्निपुत्रों । उग्रो । जब तुम विजय के लिए ॰अपने रथों पर॰ चितकबरी ॰पृषती:॰ घोड़ियों को जोतते हो तो तुम पृथ्वी को कँपा देते हो ॰धूनुथ द्यां पर्वतान् दाशुषे वसु नि वो वना जिहते यामनो भिया । कोपयथ पृथिवीं पृश्निमातर: यदुग्रा: पृषतीरयुग्ध्वम् ॥ ॰ऋ०सं० 5.57.3॰, ॰उग्र मरुतों॰ तुम्हारे भय से बन झुक जाते हैं, पृथिवी और पर्वत काँप उठते हैं 'वना चिदुग्रा जिहते नि वो भिया पृथिवीं चिद् रेजते पर्वतश्चित् । ॰ऋ०सं० 5.60.2॰ और ॰मरुद्गण॰ स्थिरों को झुकाने वाले हैं ॰स्थिरा चिन्नमयिष्णव:' ॰ऋ० सं० 8.20.1॰ । इस प्रकार के वर्णनों से सूक्त भरे पड़े हैं । 'दृढच्युत्' के समान ही मरुतों को 'पर्वतच्युत्' 5.54.3 तथा धन्वनच्युत् अर्थात् आकाश हिलाने वाले ॰ऋ० सं० 1.168.5॰ विशेषणों से अलंकृत किया गया है ।

दृढच्युत् का बहुत कुछ समानार्थक 'धूतय:' ॰कँपाने, हिलाने वाले॰ विशेषण भी मरुतों के लिए बहुधा: प्रयुक्त हुआ है ।[1]

---

1. ऋ०सं० 1.37.6, 39.1, 10.64.5, 87.3, 168.2,
   5.54.4, 61.14, 7.58.4, 8.20.16

ऋक्संहिता 1.64.11 में मरुतों के लिए 'दुध्रकृत:' विशेषण प्रयुक्त हुआ है जिसका अर्थ सायण ने दुध्रं दुष्टानां धारयितारमात्मानं कुर्वाणा:' यद्वा । दुर्धरमन्यै-र्धर्तुमशक्यमात्मानं कुर्वाणा:' किया है । परन्तु 'दुर्ध' का सम्बन्ध तदुध - 'कँपाना से स्पष्ट है ।[1] अत: इसका अर्थ 'कँपाने वाले' ही उचित प्रतीत होता है ।[2]

मरुतों के लिए 'धृष्वय:' विशेषण अनेक स्थलों पर प्रयुक्त हुआ है ।[3] जिसका अर्थ सायण ने घर्षणशीला: महीरुहशिलोच्चयादेर्भञ्जका इत्यर्थ:' किया है और धृष् धातु से इसका सम्बन्ध स्पष्ट होने के कारण यह अर्थ सर्वथा उचित प्रतीत होता है ।[4] मैक्समूलर ने जो इसका अर्थ 'Wild'[5] तथा 'मेयरहोफर' ने 'lively wanto' किया है वह कल्पना मात्र है ।

मरुतों के लिए 'मखा:' ऋ0 सं0 1.64.11 तथा 'सुमखा:' ऋ0 सं0 5.87.7 अथवा 'सुमखास:' ऋ0 सं0 1.95.4 विशेषण प्रयुक्त हुए हैं । सायण ने

---

1. ह्विटनी के अनुसार दुध् संभवत: √धृञ् विकम्पते का अभ्यस्त रूप है ।
   Make everything to reel' Vadic Hymns Part I .
   Whitney-'Roots verbs forms and primary Derivations of the Sanskrit language.
2. मैक्सम्यूलर ने इसका अर्थ Make everything to reel'Vadic Hymns Part I. पर ऋ0सं0 1.64.11 के अनुवाद में ।

3. ऋ0सं0 1.85.1, 166.2

4. ह्विटनी ने 'धृष्णी' शब्द को √धृष् से ही निष्पन्न माना है । Whitney - Roots Verb form and primary Derivations of the Sanskrit language' पृष्ठ 43 पर ghrs के अन्तर्गत

5. Vadic hymns Part I. पृष्ठ 126 पर ऋ0सं0 1.85.1 के अनुवाद में तथा पृष्ठ 209 पर ऋ0सं0 1.166.2 के अनुवाद में ।

मखा: का अर्थ 'मख इति यज्ञ नाम'। तद्नत: किया है, जो मरुतों के प्रसंग में अ अनुचित तो नहीं है परन्तु 'रेजते अग्ने पृथिवी मखेभ्य: ऋ0 सं0 6.66.9 में मख का MaxMuller[1] द्वारा समर्थित अर्थ 'Powerful Champion अधिक उपयुक्त मालूम होता है।

ऋक्संहिता के सूक्त 2.34.12 में मरुतों को 'मह:' महान शक्तिशाली विशेषण से विभूषित किया गया है। एक अन्य स्थल पर इन्हें 'महान्तो महना' अर्थात् शक्ति से महान कहा गया है। इसी से सम्बद्ध एक विशेषण 'महिष्टास:' शक्तिशाली इनके लिए ऋ0सं0 1.64.7 में प्रयुक्त हुआ है और एक अन्य विशेषण 'विमहस:' शक्तिशाली से भी ये स्मरण किये गये हैं। ऋ0सं0 1.86.1, 87.4 एक ऋक् में इनको 'विद्युन्महस:' विद्युत की शक्ति वाले कहा गया है ऋ0सं0 5.54.3।

'शवस' शब्द बलवाची है।[2] इससे बना यह विशेषण सत्यशवस यथार्थत: शक्ति-सम्पन्न मरुतों के लिए प्रयुक्त हुआ है। ऋ0सं0 1.86.8, 9; 5.52.8। शवस् से बना एक अन्य विशेषण 'असामिशवस:' पूर्ण शक्ति वाले भी एक ऋक् में 5.52.5 मरुतों के लिए आया है तथा इसी अर्थ में इन्हें 'वृद्धशवस:' 5.87.6 भी कहा गया है।

---

1. Vadic Hymns, Part I, Page 269
   पर ऋ0सं0 6.66.9 के अनुवाद में।

2. निघण्टु 2.9

अत्यधिक शक्तिसम्पन्न अर्थ वाले प्रत्यक्षस:[1] विशेषण से मरुतों को स्मरण किया गया है । ऋ0सं0 1.87.1, 87.4 ।

ऋक्संहिता 1.171.6 में मरुतों को 'सहीयस:[2] अर्थात् सर्वाधिक शक्तिसम्पन्न कहा गया है । अथर्वसंहिता 4.26.6 में मरुद्गण को सहस्वत् शक्तिशाली कहा गया है ।

मरुतों के गण को एक ऋक् में 'ऋभ्वस:' अर्थात् महान् प्रभु कहा गया है । 'शर्धो मारुतमुच्छंस सत्यशवसमृभ्वसम्' ऋ0सं0 5.52.8 ।

ऋक् संहिता के सूक्त 5.52.17 में प्रयुक्त 'शाकिन:'[4] शब्द से मरुद्गणों का अर्थ प्रतीत होता है सप्त मे सप्त शाकिन: एकमेकं शतं ददु: । ऋ0सं0 5.52.17 सायण ने शाकिन: का अर्थ 'सर्वमपि कर्तुं शक्ता:' किया है ।

---

1. प्र + त्वक्षस् । तुलनीय - अवेस्ता - 'थ्वखशह' शक्तिशाली वैदिक निघण्टु में 'त्वक्षस्' को बल के पर्यायों में पढ़ा गया है । निघ0 2.9

2. वैदिक निघण्टु में 'सहस' बल के पर्यायों में परिगणित है - निघ0 2.9

3. तुलनीय ग्रीक - आर्फेइस (OPOEUS) महान - द्रष्टव्य Mayrhaber - 'A Concise Etymological Sanskrit Dictionary, P. 124.

   में 'ऋभु' के अन्तर्गत ।

4. ह्विटनी ने भी इस शब्द को 'शक्' से निष्पन्न माना है । Whitney - Roots verbs forms etc.P.169 पर cak के अन्तर्गत ।

मरूतों के लिए 'शिक्वस:'[1] अर्थात् समर्थ विशेषण प्रयुक्त हुआ है ॥ऋ० सं० 5.52.16; 54.4॥ ।

ऋ० सं० 1.37.9 में मरूतों को 'वृद्धवयस:'[2] ॥बढ़ी चढ़ी शक्ति वाले॥ कहा गया है ।

एक ऋक् में मरूतों के लिए 'रभसा:'[3] अर्थात् प्रचण्ड विशेषण प्रयुक्त हुआ है ॥5.54.3॥ और ऋ० सं० 5.85.5 में इन्हें रभिष्ठा:' ॥प्रचण्डतम॥ कहा गया है ।

रभस सदृश अर्थ में ही मरूतों के लिए 'अमवत्'[4] ॥प्रचण्ड, बलिष्ठ॥ विशेषण का प्रयोग किया गया है ।

अप्रतिहत शक्ति के कारण मरूद्गण 'भीमा:'[5] कहे गये हैं । ये व्याघ्रों के समान भीषण 'मृगा न भीमा: ॥ऋ०सं० 2.34.1॥ हैं, मरूद्गण अपनी प्रचण्ड शक्ति

---

1. ह्विटनी तथा मैक्समूलर ने 'शिक्वस' को शक् से ही व्युत्पन्न माना है । द्रष्टव्य - पृ० 169 पर शक् के अन्तर्गत तथा मैक्स० - वै०हि० पृ० 318 पर 'शिक्वस' पर टिप्पणी ।

2. नपुं 'वयस्' शक्तिवाचक है । यह वी गतिव्याप्ति प्रजनकान्त्यसनखादनेषु' इन विविध अर्थों में माना गया है । प्रस्तुत शब्द में 'असन्' अर्थात् फेंकने वाला अर्थ प्रतीत होता है ।

3. मैक्स० ने इसका अर्थ 'Robust Vigorous' किया है । ॥वै०हि० भाग 1, पृष्ठ 325 पर 5.54.3 के अनुवाद में ।

4. मिलाइये - अवेस्ता - अमवन्तम शक्तिशाली ।

5. ऋ०सं० 1.38.7, 5.58.1; 6.87.5; 6.66.6; 8.20.7

से भीषण ‹मरुतस्त्वेष्येण भीमास: ऋ०सं० 7.58.2› हैं । इनका प्रहार वृषभ के ‹प्रहार के› समान 'भीमायु:' अर्थात् भयंकर ‹दुध्रो गो खि भीमयु: ऋ०सं० 5.56.3› होता है । मरुद्गण भीमसदृश अर्थात् देखने में भयंकर ‹ऋ०सं० 5.56.2› भी हैं ।

बलशाली अर्थ में मिमीक्त[1] विशेषण अनेक ऋचाओं में प्रयुक्त हुआ है ।

पौरुष और बल का अभिव्यंजक 'वृषन्[2] विशेषण मरुतों के लिए प्रायश: प्रयुक्त हुआ है । ये 'वृषण:' कहे गये हैं, और इनका समूह 'वृषागण:' ‹ऋ०सं० 1.87.5› कहा गया है । ऋषि नोधा गौतम समृद्धि के लिए मारुतं गणं वृषणम्

---

1. ऋ०सं० 1.85.12, 1.165.1, 7.56.18, 20.11, 8.58.6, 8.7.33, 8.20.19

2. मैक्स० के अनुसार 'ऋजीषिन्' ऋज् से निष्पन्न है और इन्होंने इस धातु का अर्थ 'to strive, to Yearn' किया है और इसकी तुलना ग्रीक - ओरेगेइन 'OP r lv' से की है । वै०हि० भाग 1, पृ० 122 टिप्पणी 5. ह्विटनी ने भी 'ऋजीष्' शब्द की व्युत्पत्ति ऋज् से की है और इस धातु का अर्थ direct stretch attainकिया । ‹ह्विटनी Roots, verbs forms etc. P.15) सायण आदि भारतीय भाष्यकर 'ऋजीष' का अर्थ रस निकालने के पश्चात् बचे हुए सोम के अंश से करते हैं । इस बचे हुए अंश से तृतीय सवन होता है । उन्हें ऋजीषिण विशेषण से युक्त कहा गया है । परन्तु यह विशेषण इन्द्र के लिए भी बहुधा प्रयुक्त हुआ है । अत: 'ऋजीषिन्' पद का मूल अर्थ 'ऋज्' से निष्पन्न होने पर - प्रबल, प्रचण्ड, करना उचित प्रतीत होता है ।

{ऋ० सं० 1.64.12} स्मरण करते हैं । ऋषि विन्दु अथवा पूदक्ष सोमपान के लिए 'मारुत गणं वृषणम्' {ऋ० सं० 8.94.12} का आह्वान करते हैं । ऋषि सोभरि काण्ड मरुतों के पौरुषयुक्त गण के लिए {वृष्णेशर्धाय ऋ० सं० 8.20.9} हविष् प्रदान करने का आग्रह करते हैं । इनकी दृष्टि में मरुद्गण 'वृषप्सव:' अर्थात् पौरुषयुक्त आकृति वाले हैं {ऋ० सं० 8.20.7} । ऋषि अगस्त्य की दृष्टि में ये 'वृषमना:' {पौरुषयुक्त विचारों वाले} भी हैं {ऋ० सं० 1.167.7} ।

मरुतों को ऋजीषिण: अर्थात् प्रचण्ड विशेषण से भी विभूषित किया गया है,[1] जो ऋक्संहिता में प्रमुखतया 'इन्द्र' का विशेषण है ।

पौरुष, बल पराक्रम तथा प्रचण्डता सूचक उपर्युक्त विशेषणों की विविधता और संख्या में अधिकता स्वयं में इस बात का प्रमाण है कि वैदिक ऋषियों की दृष्टि में मरुद्गण बलापौरुष के प्रतीक है ।

पौरुष के अनुरूप मरुतों की वाणी सशक्त होने के फलस्वरूप ऋ०सं० 1.166.1 में उन्हें सशक्त वाणी वाले कहा गया है और ऋषि श्यावश्व आत्रेय के शब्दों में, हे मरुतों ! तुम्हारे गर्जन से प्रवृद्ध मेघ {पर्वत} भयभीत हो जाता है और द्युलोक के छोर काँप उठते हैं {पर्वतश्चिन्महिवृद्धो बिभाय दिवश्चित् सानु रेजते स्वने व:' {ऋ० सं० 5.60.3} । ये मरुत् सिंह सदृश गर्जना करते हैं 'सिंहा न हेषक्रतव:' {ऋ० सं० 3.26.5} तथा अपने घोष को चारों ओर प्रसरित करते हैं 'स्वरन्ति घोषं विततम्' {ऋ० सं० 5.54.12} । जब ये प्रयाण करते हैं तब इनका विजय घोष वज्र निर्घोष सा गूँज उठता है 'जयतामिव तन्युतुर्मरुतामेति घृष्णुयायच्छुभं याथना नर: ।' {ऋ०सं० 1.23.11} प्रयाण करते हुए मरुतों का प्रचण्ड गर्जन चतुर्दिक सुनाई पड़ता है {प्रतिघो-

---

1. ऋ०सं० 1.64.12, 87.1, 2.34.1

राणामेतानामयासो मरुतां शृष्व आयताभुपब्दिः' ऋ0सं0 1.169.7॥ ।

मरुतों के गर्जन के सन्दर्भ में ऋषि अगस्त्य ने इस प्रकार से व्याख्या की है - मरुद्गण मेघों की वाणी उच्चरित करते हैं ॥अभ्रिया वाचमुदीरयन्ति ऋ0 सं0 1.168.9॥ से स्पष्ट है कि मेघों का गर्जन ही मानों मरुतों का उद्घोष है । अथर्वसंहिता 4.15.4 में भी इनको घोषिणः कहा गया है ।

मरुतों की सहचरी के रूप में ऋषि अगस्त्य ने 'सभावती विदथ्या वाक्' की उपमा दी है ॥सभावती विदथ्येव संवाक् ऋ0 सं0 1.167.3॥ मरुतों की वाणी के सन्दर्भ में ऋषियों की इस कल्पना ने मरुतों को गायक तथा स्तोता के रूप में प्रस्तुत करने की प्रेरणा दी होगी । जहाँ एक ओर वे सिंह सा गर्जन करते वाले हैं वहीं साथ ही वे मन्द स्वर वाले सुजिह्व तथा मुख से गान प्रकट करने वाले ॥सुजिह्वतः स्वरितार - आसंभिः ऋ0 सं0 1.166.11॥ भी हैं । अतः ऋषियों को कहीं ये वाण[2] नामक वाद्य-यन्त्र बजाते हुए ॥धमन्तो वाणम् ऋ0सं0 1.85.10॥ अथवा भूमि[3]

---

1. मिम्यक्ष येषु सुधिता सुधिता घृताची हिरण्यनिर्णिगुपरा न ऋष्टिः ।
   गुहा चरन्ती मनुषो न योषा सभावती विदथ्येव संवाक् ॥ 1.167.3

2. सायण ने वाण शब्द का अर्थ 'शतसंख्याभिः तन्त्रीभिर्युक्तम् वीणाविशेषम्' किया है ॥ऋ0सं0 1.85.10॥ परन्तु वाणम् के साथ धमन्तः का प्रयोग यह संकेत कर रहा है कि यह वाद्य फूँककर बजाया जाने वाला है । पुनश्च वाणम् शब्द से ही सम्बद्ध वाणी शब्द भी है । इससे ऐसा प्रतीत होता है कि ऋषि का तात्पर्य यहाँ गल-प्रदेश अथवा इसमें अवस्थित स्वर तंत्रियों (Vocal Chords) से हैं ।

3. सायण ने भूमि का अर्थ भूम्याख्यः वीणा विशेष किया है ॥ऋ0 सं0 2.34.1॥ MaxMuller ने भूमि का अर्थ Cloud बताया है । वैदिक हिम्न्स भाग । पृष्ठ 298-299 में टिप्पणी देखें । Vedic Hymns, P. 298-99.

§भूमिं धमन्त: ऋ0सं0 2.34.1§ दिखाई पड़ते हैं । अथर्व0सं0 4.15.3 में गायत्र: विशेषण से संबोधित किया गया है तथा पर्जन्य को सम्बोधितकर कहा गया है कि §"मारुता: पर्जन्य घोषिण: पृथक अथर्व0 4,15.4§ । इन्हें विरप्शिन:§गायक§ विशेषण से भी अलंकृत किया गया है §ऋ0सं0 1.64.10; 87.1; 166.8§ । ऋक् संहिता 1.37.10 में इन्हें 'सूनवो गिर' §वाणी के पुत्र§ भी कहा गया है ।

मरुद्गण गायक के साथ-साथ नर्तक भी है । ऋषि सोभरि काण्व ने §नृतव: 8.20.22§ नाचने वाले कहा है । नृत्य का सचित्र वर्णन ऋषि श्यावश्व के शब्दों में इस प्रकार है - 'छन्दोबद्ध पदन्यास वाले उद्घोष करते हुए, ये गायक उत्स §जल-स्रोत-मेघ§ के चारों ओर नाचने वाले§हैं§ §ऋ0सं0 5.52.12§ । यहाँ पर मरुतों को मेघ को घेरकर नृत्य करना वर्षा के दृश्य का ही कवित्वमय वर्णन है ।

वैदिक ऋषियों ने जहाँ एक ओर मरुतों को प्रचण्ड वेग से सृष्टि को कँपाने वाले के रूप में देखा है वहीं इन्हें क्रीळ, §ऋ0सं0 1.37.15§ अथवा 'क्रीडी' §1.87.3§ अर्थात् खिलाड़ी के रूप में भी देखा है । ऋषि अगस्त्य के शब्दों में §जैसे पिता अपने§ पुत्र के लिए मधु §मधुर पदार्थ§ जुटाते हैं, §इसी प्रकार अपने याचकों के लिए§ मधु लाने वाले खिलाड़ी मरुद्गण विदथों §यज्ञों§ में क्रीडा करते हैं 'नित्यं न सूनुं मधु बिभ्रत उपक्रीलन्ति क्रीला विदथेषु घृष्वय:' §ऋ0 सं0 1.166.2§ । ऋषि श्यावश्व मरुतों की क्रीडा को इस रूप में देखते हैं - मरुतों ! ऋषियों से युक्त होकर जब तुम क्रीडा करते हो तो तुम सब मिलकर जलों के समान दौड़ लगाते हो §यत् क्रीकथमरुत ऋष्टिमन्त आप इव सध्र्यंचो धवन §ऋ0 सं0 5.60.8§ । स्पष्ट है कि वृष्टि के साथ - साथ चारों ओर उफान के साथ बहती जलधाराओं के रूप में ऋषि को मरुतो की क्रीडा के दर्शन हो रहे हैं । ऋषि वशिष्ठ को मरुतों की क्रीडा स्तनपायी बछड़ों की उछलकूद सी लगती है - 'द्रुतगामी §अश्वों§ के समान क्षिप्रगति युवा, यक्षों से दिखाई देने वाले मरुद्गण घर में स्थित बच्चों के समान शुभ्र हैं और दूध पीते बछड़ों के

समान क्रीडा करते हैं। 'अत्यासो न ये मरुत: स्वंचो यक्षदृशो न शुभयन्त मर्या: । ते हर्म्येष्ठा: शिशवो न शुभ्रा वत्सासो न प्रक्रीलिन: पयोधा: ।। ऋ0सं0 7.56.16। ऋषि स्यूमरश्मि भार्गव के शब्दों में मरुद्गण क्रीडाशील बच्चों के समान (शिशवो न क्रीडय: ऋ0सं0 10.78.6) हैं।

प्रचण्ड शक्ति वाले मरुद्गण मनुष्यों के मित्र सहायक व रक्षक हैं। ऋषियों ने उन्हें नृषाच: (ऋ0सं0 1.64.9) अर्थात् मनुष्यों के मित्र के रूप में देखा है। ये स्वतन्त्र शक्ति वाले रुद्र (मरुद्गण) नमन करने वाले के पास अपनी सहायता के साथ पहुँचते हैं। ये हविष् प्रदान करने वाले की कभी अवहेलना नहीं करते। "नक्षन्ति रुद्रा अवसा नमस्विनं न मर्धन्ति स्वतवसो हविष्कृतम्" (ऋ0सं0 1.166.2)। ये मरुद्गण जो मर्त्य को हानि से बचाते हैं मनुष्यों को पीसदयों से रक्षा करते हैं (विश्वे ये मानुषा युगा पान्ति मर्त्यं रिष: (ऋ0सं0 5.52.4) ये तत्काल सहायता पहुँचाने वाले (सद्य ऊतय: 5.54.15) हैं। स्वाभाविक है कि मनुष्यों के ऐसे मित्रों, सहायकों के सभी क्रिया कलापों में ऋषियों को आकर्षक क्रियाओं के दर्शन हुए और इसीलिए उनका भयंकर निनाद युक्त प्रचण्ड वेग उनके बच्चों अथवा बछड़ों की क्रीडा सा तथा सिंहनाद सा उनका घोष मधुरगीत सा प्रतीत हुआ और ऋषियों ने मरुतों की गायक नर्तक और क्रीडक के रूप में कल्पना की है।

ऋषियों ने मरुतों को 'अनवभ्रराधस:'[1] अर्थात् अनन्त सम्पत्ति वाले कहा है। अपने याजकों के लिए मरुद्गण की सम्पत्ति का यह अक्षय भण्डार सदैव उन्मुक्त रहता है और इसीलिए ऋषियों ने उन्हें 'सुदानव:'[2] (उदार, शोभन दानी) विशेषण के साथ स्मरण किया है।

---

1. ऋ0सं0 1.166.7, 2.34.4, 5.57.5
2. ऋ0सं0 1.39.10, 172.1,2,3, 7.59.10, 8.7.12,19,20, 8.20.18,23, 10.78.5

मरुतों का यह दान उस प्रभूत वृष्टि के रूप में होता है जो उनके याजकों की अन्नसम्पदा को बढ़ाने वाले होती है। इसलिए मरुतों को पुरीषिण: ‡भूमि जोतने वाले‡ पद से सम्बोधित करते हुए ऋषि श्यावाश्व हैं - हे मरुतों। किसानों। समुद्र से वृष्टि को उठाकर ‡हमारी धरती पर‡ वर्षा हो' ‡'उदीरयथा मरुत: समुद्रतो यूयं वृष्टिं वर्षयथा पुरीषिण:'‡ ऋ0 सं0 5.55.5 और‡हे मरुतों।‡ जिस वृष्टिरूपिणी कृपा से तुम ‡अपने याजकों के‡ पुत्र-पौत्रों के लिए अक्षीयमाणा धान्य बीजों का वहन करते हैं। ‡उसी कृपा से‡ हममें भी वे पदार्थ निहित कीजिए, जिनकी हम कामना करते हैं - धन, पूर्णायु, सौभाग्य ‡येन तोकायतनयाय धान्यबीजं वहध्वे आक्षितम्। अस्मभ्यं तद्धत्तन यद्व ईमहे राधो विश्वायु सौभगम्॥ ‡ऋ0 सं0 5.53.13‡।

वैदिक संहिताओं में मरुत्सम्बन्धी कतिपय मंत्र ही है जिनमें मरुतों द्वारा वृष्टि किये जाने की ओर किसी न किसी रूप में संकेत न किया गया हो अपितु वस्तुस्थिति यह है कि अधिकांश मन्त्रों में मरुतों के बल पराक्रम के प्रभावकारी वर्णन के साथ साथ उनके वृष्टि कर्म का भावपूर्ण वर्णन भी किया गया है। स्पष्ट है कि ऋषियों की दृष्टि में मरुतों का प्रमुख कर्म वृष्टि लाना ही है। मन्त्रों में मरुतों के लिए अनेक ऐसे विशेषण प्रयुक्त हुए हैं जो उनके वृष्टि कर्म से सम्बद्ध हैं। इनमें से निम्नलिखित बहुधा प्रयुक्त हुए हैं -

मरुद्गणों को एक ऋक् में ‡5.54.2‡ में उदन्यव: अर्थात् जल के इच्छुक अथवा जल का अन्वेषण करने वाले कहा गया है - 'मरुतों। तुम्हारे देदीप्यमान, जल का अन्वेषण करने वाले, अन्न की वृद्धि करने वाले, घोड़े जोतने वाले, चारों ओर से ढूँढने वाले ‡प्राण यहाँ आवें‡ ‡प्र तो मरुतस्तातिषा उदन्यवो वयोवृधो अश्वयुज: परिज्रय:'‡

अथर्वसंहिता के एक मंत्र 18.2.22 में मरुतों को उदप्लुत: अर्थात् जल छिड़कने वाले कहा गया है।

ऋ0सं0 5.58.3 में मरुतों को उद्वाहस: अथवा 'उद्वाहा' ॥अथर्व0 2.22॥ अर्थात् जल का वहन करने वाले कहा गया है । ऋषि श्यावाश्व प्रार्थना करते हैं कि जल का वहन करने वाले तुम्हारे गण, वे समस्त मरुद्गण, जो वर्षा को प्रेरित करते हैं आज यहाँ आये । 'आवो यन्तूदवाहसो अद्यवृष्टिं ये विश्वे मरुतों उन्नति ।' ॥ऋ0 सं0 5.58.3॥ ।

ऋषि स्यूमरश्मि भार्गव की दृष्टि में मरुद्गण 'वरेयवो न घृतप्रुष:' अर्थात् उपहार देने के इच्छुकों के समान घृत[1] ॥वर्षा॥ छिड़कने वाले ॥ऋ0सं0 10.78.4॥ हैं ।

मरुतों के लिए जीरदानव:[2] अर्थात् तीव्रवर्षा लाने वाले विशेषण बहुधा प्रयुक्त हुए हैं - ऋ0 सं0 2.34.4, 54.9, 53.5 आदि । ऋषि अगस्त्य ने तो अपने मरुत् सूक्तों ॥2.165-168॥ में विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम्' ॥हम अन्नपूर्ण तीव्र वर्षा वाले वाड़े प्राप्त करें ।

---

1. वैदिक निघण्टु में 'घृत' शब्द उदक के पर्यायों में पठित हैं । ॥निघ0 1.12.॥

2. सायण ने जीरदानु का अर्थ 'जयशीलदानम्' किया है ॥ऋ0सं0 1.165.15॥ पर सा0भा0 । परन्तु जीरशब्द का अर्थ तीव्र, सक्रिय, होता है और इस अर्थ में इसकी तुलना अवेस्ता 'जीर' अर्थात् 'तीव्र' तथा लिथुआनी Gyra अर्थात् तीव्र से की जा सकती है - द्रष्टव्य - Mayrhofer - 'A concise Etymological Sanskrit Dictionary', Page 438 on Jirah'
अत: जीरदानुं का अर्थ तीव्रवृष्टि का दान करने वाले अथवा तीव्र वृष्टि के दान से युक्त ठीक लगता है ।

द्रप्सिन:[1] शब्द ऋषि नोधा गौतम की दृष्टि में वर्षा की धारायें विखेरने वाले' विशेषण से मण्डित है। उनकी दृष्टि में द्युलोक के दीर्घ काल वृषभ, रुद्र के यौवन सम्पन्न पुत्र (मर्या) शक्तिशाली (असुरा:) निर्दोष सूर्य जैसे पावक तथा दीप्त, जल धारायें बिखेरने वाले (द्रप्सिनः) भूतगणों जैसे घोर आकृति वाले (मरूद्गण) उत्पन्न हुए (ते जज्ञिरे दिव ऋष्वास उक्षणा रूद्रस्य मर्या असुरा अरेपस: । पावकास: शुचय: सूर्या इव सत्वानो न द्रप्सिनो: घोरवर्पसा ॥ ऋ0सं0 1.64.2

ऋक्सूक्त 2.34.1 में ऋषि मृत्समद ने मरुतों को 'धारावरा:'[2] अर्थात् वृष्टि वाले कहा है।

ऋक्सूक्त 2.34.13 में ऋषि गृत्समद ने ही मरुतों को 'निमेघमाना:'[3] मेघे से जल ढालते हुए) कहा है।

---

1. सायण ने द्रप्सिन: का अर्थ वृष्ट्युदकविन्दुभिर्युक्ता: किया है (ऋ0सं0 1.64.2 सा0भा0) मैक्समूलर ने भी Scattering rain drops अर्थ स्वीकार किया है - वैदिक हिम्न्स भाग 1, पृष्ठ 106, 1.64.2 के अनुवाद में।

2. सायण ने धारावरा: का अर्थ उदक धारण अन्तरिक्षमावृण्वन्त: किया है (ऋ0सं0 2.34.1-सा0भा0) । मैक्समूलर ने भी इसका अर्थ Charged with rain किया है Vadic Hymns Part I, Page 295 पर 2.34.1 के अनुवाद में।

3. सायण ने निमेघमाना: अर्थ नितरां मेघाद्दुदलं चिन्तयन्त: किया है। (ऋ0सं0 2.34.13 सा0भा0) - ऋगर्थदीपिका - सम्पादित डा0 लक्ष्मण स्वरूप, 2.34.13 की टीका। मैक्समूलर ने भी इसका अर्थ Streaming down किया है। Vadic Hymns Part I.

ऋषि स्यूमरश्मि भार्गव ने मरुतों को एक ऋक् 10.77.5 में 'परिप्रुष:'[1] ॥वृष्टि बिखेरने वाले॥ कहा है ।

ऋक् संहिता 5.57.4 में ऋषि श्यावश्व आत्रेय ने मरुतों को वर्णनिर्णिज[2] अर्थात् वृष्टि से आच्छादित कहा है ।

मरुतों के वृष्टिकर्म की ओर ऋषियों ने न केवल तत्सम्बन्धी विशेषणों द्वारा ही संकेत किया है प्रत्युत् उपमाओं आदि के द्वारा उसका प्रभावकारी वर्णन भी किया है । अपने प्रचण्ड वेग के साथ मरुतों का मेघों पर आघात करना और उन्हें छितराना, ऋषि कण्व घौर ऐसा प्रतीत हुआ जैसे कोई वृषभ ॥बछड़ा॥ गायों के मध्य क्रीडा कर रहा हो और वृष्टि प्रदान करने वाले इस दृश्य की ओर मुग्ध भाव से देखते हुए कहते हैं, 'गायों के मध्य वृषभ के समान ॥मेघों के मध्य॥ खिलाड़ी मरुद्गण की प्रशंसा करो जो ॥मरुतों का गण वृष्टिरूपी॥ रस के आस्वादन से बढ़ता है । प्रशंसा गोष्वन्ध्यं क्रीकं यच्छर्धो मारुतम् । जम्भे रसस्य वावृधे ॥ ॥ऋ0सं0 1.37.5॥।

---

1. सायण ने परिप्रुष: का अर्थ परितो गन्तार: किया है । ॥ऋ0सं0 10.77.5 सा0 भा0॥ । परन्तु धातु पा0 में प्रुष 'स्नेहसेचनपूरणेषु' अर्थों में कही गई है । प्रस्तुत प्रसंग में सेचन वाला अर्थ ठीक लगता है । मैक्समूलर ने भी परिप्रुष: का अर्थ Scattering moisture किया है । Vedic Hymns Part I, Page 412 10.77.5 के अनुवाद में ।

2. सायण ने वर्णनिर्णिज: का अर्थ वृष्टे: शोधयिता निर्णिमिति रूपनाम' निघ0 3.7 वर्षमेव रूपमं येषा ते तादृशा: । वृष्टिप्रदा इत्यर्थ: किया है । ॥ऋ0सं0 5.57.4॥ ।

मेघों पर मरुतों का झपटना ऋषि श्यावाश्व को भी वृषभ का गायों पर झपटने जैसा लगा । वे कहते हैं - झपटते वृषभों के समान वे [मरुद्गण] काली गायों [मेघों][1] पर कूद पड़ते हैं और तब हम द्युलोक तथा पृथिवी पर मरुतों की शक्ति के वर्णन करते हैं। "ते स्वन्द्रासो व उक्षणा अति स्कन्दन्ति शर्वरः । मरुतामधा महो दिवि क्षमा च मन्महे ।। ऋ0 सं0 5.52.3 ।। ऋषि मेधा गौतम की दृष्टि में रथ की पवियों से मेघों को टुकड़े-टुकड़े पर छितराना ऐसा लगा जैसे प्रयाण करती सेनाएं अपने पदचापों से रजकणों का ढेर उड़ाती हैं । वे कहते हैं जलों की वृद्धि करने वाले [मरुद्गण] प्रयाण करते [सैनिकों के समान अपने रथों की] समय स्वर्णिम पवियों से पर्वतों [मेघों] को उछालते हैं । "हिरण्ययेभिः पविभिः पयोवृधः उज्जिघ्नन्त आपथ्यो न पर्वतान्' [ऋ0 सं0 1.64.11] । अपने प्रचण्ड वेग से मरुद्गण मेघों को कंपा देते हैं [प्रवेपयन्ति पर्वतान् ऋ0 सं0 8.7.4] और उन्हें वृष्टि के रूप में भूमि पर गिरा देते हैं [प्रच्यावन्ति यामभिः ऋ0सं0 1.37.11, 5.56.4] ।

मरुतों का प्रयाण वृष्टि को लाने वाला है, इसकी तो ऋषियों ने पदे-पदे चर्चा की है । 'शुभ्र [मरुद्गण] जल विखेरते चलते हैं [यान्ति शुभ्रा रिणन्नपः' 8.7.28] ऋषि श्यावाश्व आत्रेय के शब्दों में नवयौवन-सम्पन्न शक्तिशाली मरुतगण पीछे पीछे, [हे मरुद्गण । तुम्हारे रथ समूह के पीछे वृष्टि चलती है । "तवः शर्धरथानां त्वेषगणं मारुतं नव्यसीनाम् अनुप्रयन्ति वृष्टयः' । ऋ0सं0 5.53.10]

---

1. सायण ने शर्वरी का अर्थ 'शर्वर्यो रात्रयः । 'कालावयवानित्यर्थः' किया है [ऋ0 सं0 5.52.3] । परन्तु मरुतों को इस ऋक् में जो स्पन्द्रासो न उक्षणः कहा गया है, उसको परिलक्षित करते हुए 'शर्वरी' के रूप में ऋषि का अभिप्राय 'कृष्णावर्णा गायों' से प्रतीत होती है ।

मरुतों द्वारा वृष्टि का लाया जाना अनेक ऋषियों को ऐसा प्रतीत हुआ मानो मेघ द्युलोक का 'ऊधस' ॥थन॥ है और मरुद्गण इस अधस को दुहते हैं और पृथ्वी को पयः ॥वर्षा॥ से आच्छन्न कर देते हैं । ऋषि गोतम के शब्दों में कँपाने वाले ॥मरुद्गण॥ द्युलोक के ऊधस् ॥मेघ॥ को दुहते हैं और पृथ्वी पर चतुर्दिक दूध ॥वृष्टि॥ का छिड़काव कर देते हैं ॥जुहन्यूधर्दिव्यानि धूतयो भूमिं पिन्वन्ति पयसा परिज्रयः॥ ॥1. 64. 5॥ । ऋषि पुनर्वत्स काण्व की दृष्टि में ये 'ऊधस' पृश्नियों के हैं जिनसे वे इन्द्र के लिए मधु वर्षा करती है और इस मधु को उत्स ॥कूप॥ कबन्ध ॥मशक, पानी से भरा चर्मपात्र॥ और उद्रन् ॥पानी भरा घड़ा या पात्र॥ इन तीन रूपों में प्रकट करती है । 'त्रीणि सरांसि पृश्नयो दुदुह्रे वज्रिणे मधु । उत्सं कबन्धमुद्रिणम् ॥ 8. 7. 10 ॥ इसी कल्पना को दृष्टि में रखते हुए ऋषि गृत्समद मरुतों से प्रार्थना करते हैं कि चमकते भालों वाले मरुतों ! मधु ॥सोम॥ का आनन्द लेने के लिए अपने नीड़ों की ओर गमन करते हंसों के समान तुम एक साथ अक्षत मार्गों से अपनी चमकती हुई भरे थनों वाली ॥पृश्नियों॥ के साथ आओ । 'इन्धन्वभिर्धेनुभिः रप्शदूधभिरध्वस्मभिः-पथिभिभ्राजदृष्टयः । आ हंसासो न स्वसराणि गन्तन मधोर्मदाय मरुतः समन्यवः ॥ ॥ऋ०सं० 2. 34. 5॥ भरे थनों वाली गायों के साथ आने का अर्थ मेघों का वृष्टि के साथ आने से ही हो सकता है ।

द्युलोक के 'ऊधस' को दुहने के अतिरिक्त वैदिक ऋषि ने मरुतों द्वारा वृष्टि किये जाने को अन्य अनेक रूपों में कल्पना की है । ऋषि नोधा गोतम के ही शब्दों में, विदथोंमेंशक्तिशाली, दानशील, मरुद्गण, घृतयुक्त ॥उर्वरक॥ पयस जैसे जलों को छिड़क देते हैं, मानों वे दानशील मेघरूपी वेगवान् अश्व को वर्षा करने के लिए चारों ओर घुमा रहे हों ॥अथवा पानी के॥ अक्षय ॥कोश तथा॥ गरजते जलस्रोत ॥अथवा कूप, उत्स॥ को दुह रहे हों । ॥पिन्वन्त्यपो मरुतो सुदानव पयो घृतवद् विदथेष्वाभुवः॥ अत्यं न मिहे विनियन्ति वाजिनमुत्सं दुहन्तिस्तनयन्तमक्षितम् ॥ ऋ०सं० 1. 64. 6॥। ऋषि गोतम को प्रतीत हुआ मानों मरुतों ने उनकी प्यास बुझाने के लिए कुएँ को ही

उलट दिया हो ॥जिह्मं नुनुद्रे वृतं तया दिशा सि चन्नुत्सं गोतमाय तृष्णजे ॥ऋ0सं0 1. 85. 11॥ ऋषि गोतम को एक अन्य स्थल पर मरुतों के द्वारा वर्षा का दृश्य ऐसा प्रतीत हुआ मानों उन्होंने अपने रथों से जल से परिपूर्ण थैले पृथ्वी पर उड़ेल दिये हों हे मरुतों। चाहे जिस भी मार्ग पर जब तुम पक्षियों के समान महवरों के बीच अपना मार्ग पहचान लेते हो ॥अर्थात् मेघरूपी गहवर को चीर अपना मार्ग बना लेते हो॥ तब तुम्हारे रथों पर ॥रखे॥ जलपात्र चारों ओर बिखर पड़ते हैं और तुम अपने स्तोता के लिए मधुपूर्ण घृत ॥वृष्टि॥ उड़ेल देते हो' ॥उपह्वरेषुयदचिध्वं ययिं वय इव मरुत: केन-चित्पथा श्चोतन्ति कोशा उप वो रथेष्वा घृतमुक्षता मधुवर्णमर्चते ॥ ॥ऋ0सं0 1. 87. 2॥ ऋषि श्यावश्व आत्रेय को मरुतों द्वारा लाई गई वर्षा स्वेदकण प्रतीत हुए रुद्र के पुत्रों ने वायु के घोड़े अपने धुरियों पर जोड़े और अपने स्वेद को वर्षा बना दिया 'वातान ह्यश्वान् धुर्या युयुजे वर्षं स्वेदं चक्रिरे रुद्रियास: ॥ ॥ऋ0 सं0 5. 58. 7॥ ।

ऋषि कण्व घौर के शब्दों में 'उग्र एवं शक्तिशाली ॥मरुद्गण॥ रुद्रपुत्र मरुभूमि में भी अवात ॥स्थिर॥ वृष्टि करते हैं। सत्यं त्वेषा अमवन्तो धन्वन्चिदा रुद्रियास: मिहं कृण्वन्त्यवाताम् ॥ ॥ऋ0सं0 1. 38. 7॥ ऋषि श्यावाश्व आत्रेय द्वारा मरुतों द्वारा की गई वर्षा का वर्णन निम्न प्रकार से किया गया है - 'शक्तिशाली, दान शील ॥मरुतों ने॥ हविष् प्रदाता के लिए जो द्युलोक का कोश उड़ेला उससे, वे द्युलोक तथा पृथ्वी में पर्जन्य की सृष्टि करते हैं और वृष्टियाँ मरुभूमियों की ओर बढ़ती हैं।

'आ यं नर: सुदानवो ददाशुषे दिव: कोशमचुच्यवु: ।
पर्जन्यं सृजन्ति रोदसी धन्वना यन्ति वृष्टय: ॥
॥ऋ0 सं0 5. 53. 6॥ ।

मरुतों द्वारा की गई वृष्टि मेजेज्य गुणयुक्त है। इसकी ऋषियों ने प्रायश: चर्चा की है। ऋषि श्यावाश्व आत्रेय प्रार्थना करते हैं कि हे मरुतों। हम प्रात:

कल्याण-स्मृति युक्त तथा भेषज वृष्टि करने वाले तुम्हारे साथ रहे । 'वृष्ट्वी शंयो-राप उस्रि भेषजं स्याम मरुत: सह ।। ऋ० सं० 5.53.14 ।

वृष्टि प्रदान करने वाले देवता होने के कारण मरुतों का यज्ञ से भी घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है । वैदिक संहिताओं में अनेक ऐसे विशेषण पद प्रयुक्त हुए हैं जिनसे उनका यज्ञ से घनिष्ठ सम्बन्ध का स्फुट होता है । उनके लिए ऋजीषिण: ऋ० सं० 2.34.9 अर्थात् 'ऋजीष्' रस निचोड़ लेने के बाद सोम का बचा हुआ अंश चाहने वाला कहा गया है । ऋक्संहिता में यह विशेषण अधिकांशत: इन्द्र के लिए प्रयुक्त हुआ है । इससे इन्द्र के साथ मरुतों की किसी प्राचीनकाल में समान-स्तरता पर भी प्रकाश पड़ता है । मरुतों को 'पुरुप्रैषा:' ऋ० सं० 1.168.5 अर्थात् अनेकों द्वारा यज्ञ में आहूत विशेषण के साथ स्मरण किया गया है जिससे स्पष्ट है कि यज्ञों में मरुतों का विशाल जनसंख्या द्वारा आह्वान किया जाता था । इसी प्रकार इनके लिए प्रयुक्त 'यज्ञिया:' ऋ० सं० 5.52.1, 5, 10.78.8 'धर्मस्तुभ:' ऋ० सं० 5.54.1 'यज्वन' ऋ० सं० 5.54.1 'प्रयज्यव:' ऋ० सं० 5.55.1, 'यजत्रा' ऋ० सं० 5.58.4, 7.57.1, 5 'यज्ञवाहस:' ऋ०सं० 1.86.2, 'सुबर्हिष:' ऋ० सं०8.20.26, विशेषण भी यज्ञ के साथ इनका घनिष्ठ सम्बन्ध स्पष्ट करते हैं ।

मरूद्गण यज्ञ में स्वतन्त्र रूप से आहूत होते थे इसके अनेकानेक उल्लेख वैदिक संहिताओं में प्राप्त होते हैं । यज्ञ में मरुतों का आह्वान करते हुये ऋषि अगस्त्य कहते हैं, ﴾हे मरूद्गण ।﴿ तुम यज्ञ में समान भाव से तीव्र गति से जाते हो, प्रत्येक स्तुति को स्वीकार करते हो, अत: कल्याण तथा रक्षा के लिये मैं अपनी स्तुतियों से तुम्हें द्युलोक तथा पृथ्वीलोक से यहाँ बुलाता हूँ ﴾यज्ञायज्ञा व: समना तुतुर्वाणि-र्धियंधियं वो देवया उ दधिध्वे । आ वो र्वाच: सुविताय रोदस्योर्महे ववृत्यामवसे सुवृक्तिभि: ' ।। ऋ0सं0 1.168.1﴿ । इसी सूक्त में आगे ऋषि अगस्त्य मरुतों का यजमान के हृदय में स्थायी रूप से प्रतिष्ठित होना सोमरस का पीने वाले के हृदय में स्थायी प्रभाव जमाने के समान बताते हैं ﴾सोमासो न ये सुतास्तृप्तांशवो हृत्सु पीता-सो दुवसो नासते' ऋ0सं0 1.168.3﴿ ।

ऋषि गोतम राहूगण यज्ञ में मरुतों का आह्वान करते हुए कहते हैं कि 'हे मरुतों । बर्हिषु पर विराजिये, ﴾आप लोगों के लिए विस्तृत आसन प्रस्तुत है । इस मधुयुक्त अन्न ﴾सोम﴿ से आनन्दित होइये ﴾सीदता बर्हिरुरु व: सदस्कृतं मादयध्वं मरुतो मध्वो अंधस: ।। ऋ0सं0 2.85.6﴿ उसी प्रकार ऋषि श्यावाश्व आत्रेय सोम-पान के लिए मरुतों का आह्वान करते हुए कहते हैं 'हे रूद्रों । और हे अग्नि । तुम भी हमारे द्वारा दी जाती हुयी इस विषय को जाने ﴾अतो नो रूद्रा उत वा न्वस्या-ग्ने वित्ताद्धविषो यद् यजाम ।। ऋ0 सं0 5.60.6﴿ ।

यज्ञ के साथ मरुतों के सम्बन्ध में ऋषि वसिष्ठ ने इनको गृहमेधास: ﴾ऋ0सं0 7.59.10﴿ अर्थात् 'गृह-याग में भाग प्राप्त करने वाले' कहकर संभवत: यह सूचित किया है कि गृह-यागों के साथ वसिष्ठ-परिवार में इनका घनिष्ठ सम्बन्ध था । एक अन्य ऋक् में भी ऋषि वसिष्ठ कहते हैं 'हे मरुतों इस सहस्र-संख्यक गृहमेधीय भाग का सेवन कीजिये' ﴾सहस्रियं दम्यं भागमेतं गृहमेधीयं मरुतो जुषध्वम्' ऋ0सं0 7.56.14﴿। ऋषि बिन्दु अथवा पूतदक्ष कहते हैं कि 'हमारे सभी मित्र गायक सोम-पान के लिए मरुतों का आह्वान करते हैं ﴾तत्सु नो विश्वे अर्य आ सदा गृणन्ति कारव: । मरुत: सोमपीतये ।। ﴾ऋ0सं0 8.94.3﴿ ऋषि स्यूमरश्मि भार्गव मरुतों का यज्ञ में आह्वान करते हुए कहते हैं कि 'यह सर्वाङ्गसम्पन्न यज्ञ ﴾हे मरुतों﴿ आपके योग्य हैं, आप सब

समवेत होकर यहाँ आइये ॥विश्वप्सुर्यज्ञो अर्वाग्यं सु वः प्रयस्वन्तो न सत्रा च आ गत' ॠ0सं0 10.66.4॥ । आगे ॠषि स्यूम रश्मि कहते हैं कि यज्ञ में दृढ़तापूर्वक स्थित जो व्यक्ति अन्त तक मरुतों को ॥हविष॥ प्रदान करता है वह स्वास्थ्य-सम्पत्ति प्राप्त करता है, सुन्दर सन्तति वाला होता है तथा वह देवों के सोम-पान में भी सम्मिलित होता है ॥ये उदृचि यज्ञे अध्वरेष्ठा मरुद्भ्यो न मानुषो ददाशत् रेवत्स वयो दधते सुवीरं स देवानामपि गोपीथे अस्तु ॥ ॥ॠ0सं0 10.77.7॥ और अन्त में उन्हीं ॠषि का कथन है कि ये ॥मरुद्गण॥ हमारे रक्षक हैं ॥अतः॥ सभी यज्ञों में यजनीय हैं ॥ते हि यज्ञेषु यज्ञियास ऊमा आदित्येन नाम्ना शंभविष्ठाः । ॥ॠ0सं0 10.77.8॥ ।

अपने याजकों का आह्वान सुनकर मरुद्गण यज्ञ में पहुँचकर उन्हें अनुगृहीत करते हैं । यज्ञों की ओर क्षिप्रगति से आते हुए मरुतों की ॠषिगृत्समद मे हंसों से उपमा देते हुए कहा है, 'मधु-॥सोम॥ के आनन्द के लिए समान मन वाले मरुद्गण अपने निवास स्थान की ओर जाते हुए हंसों के समान ॥प्रतीत होते हैं॥ । ॠषि विश्वामित्र ने भी मरुतों को यज्ञ में, विदथों में जाने वाले धीर '॥गन्तारो यज्ञं विदथेषु धीराः 'ॠ0सं0 3.26.6॥ कहा है । ॠषि श्यावाश्व आत्रेय का कहना है कि ॥मरुतों॥ का विस्तार[1]

---

1. वेंकटार्यसुन माधव ने 'विस्टारः' का अर्थ मरुतां विस्तारः' किया है ॥ॠगर्थ दीपिका चतुर्थ भाग पृ0 237 पर ॠ0सं0 5.52.10 की टीका में॥ । सायण ने भी इसका अर्थ 'विस्तृताः सन्तः ॥मरुतः॥ किया है ॥ॠ0सं0 5.52.10 के भाष्य में॥ परन्तु मैक्समूलर ने लैनमैन का अनुसरण करते हुए 'विष्टारः' के स्थान पर 'विष्टारे' रूप मानते हुए इसका अर्थ 'On the straw' किया है ॥देखिये वैदिक हिम्स पार्ट । पृ0 316 पर verse 10 का नोट ।॥ । पद-पाठ में 'वि स्तार रूप स्वीकार किया गया है । इस सम्बन्ध में रूप के साथ अर्थ संगत हो जाने से 'विष्टारे' की कल्पना करना उचित नहीं है । इसके अतिरिक्त अथर्वसंहिता - ॥शौनकीय॥ 4.34.1 में 'विष्टारी' पद आया है जिसके लिए मैक्समूलर ने अपन उपर्युक्त टिप्पणी में कहा है कि इससे सही-सही अर्थ प्रतीत नहीं होता परन्तु 'विष्टारी' का अर्थ भी विस्तृताव सम्पन्न सही बैठता है । अन्ततः मैक्समूलर ने भी उपर्युक्त टिप्पणी में स्वीकार किया है कि विष्टारः रूप मानने पर इसका अर्थ मरुद्गण से ही होगा ॥यद्यपि अनुवाद में उन्होंने 'On the straw' ही किया है॥ ।

आने वाले जाने वाले, प्रवेश करने वाले तथा अनुसरण करने हैं ‖आपथयो विपथयो न्तस्पथा अनुयथा: । एतेभिर्मह्यं नामभिर्यज्ञं विष्टार ओहते ‖ऋ0सं0 5.52.10‖ । पुन: ऋषि श्यावाश्व आत्रेय कहते हैं, 'पौरुष युक्त मरुद्गण‖ यज्ञ की विशाल सभा ‖विपक्ष‖ में प्रयत्नशील होते हैं । 'अन्तर्महे विदथे येतिरे नर: ' ‖ऋ0सं0 5.59.2‖ ।

ऋक्संहिता के किन्हीं परवर्ती सूक्तों विशेषत: ऋतुयाग सम्बन्धी सूक्तों में मरुतों को 'पोतृ' नामक ऋत्विक द्वारा सोम-ग्रहण करने के लिए कहा गया है । ऋषि मेधातिथि काण्व कहते हैं मरुतों । पोतृ से ऋतु के साथ सोम-पान कीजिए तथा यज्ञ को पवित्र कीजिये ‖मरुत: पिबत ऋतुना पोत्राद् यज्ञं पुनीतन ‖ऋ0सं0 2.15.2‖ यही बात ऋषि गृत्समद इन शब्दों में कहते हैं 'हे द्युलोक के नरो ‖मरुतों।‖ 'पोतृ' से सोम पीजिये ‖'पोत्रादा सोमं पिबता दिवो नर: ' ‖ऋ0सं0 2.36.2‖ । अथर्ववेद संहिता ‖21.2.1‖ में भी यही बात कही गयी है । इस मंत्र के ऋषि मेधातिथि काण्व अथवा 'गृत्समद' कहे गये हैं जो कि ऋक्संहिता से ऊपर उद्धृत दोनों मंत्रों ऋके ऋषि हैं । अथर्वसंहिता का मंत्र इस प्रकार है - 'मरुत: पोत्राद् सुष्टुभ: स्वर्कादृतुना सोमं पिबत ‖अथर्व0 21.2.1‖ ।

यज्ञों के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध होने के कारण ही ऋषि गृत्समद ने मरुतों को 'यज्ञों' से सम्बद्ध ‖यज्ञै: सम्मिश्ला: ‖ऋ0सं0 3.36.2‖ कहा है । यहाँ बहुवचन में यज्ञ पद संभवत: संकेत करता है कि मरुतों का सम्बन्ध यज्ञ-संस्था के अन्तर्गत अनेक योगों से हैं । परन्तु सोम से मरुद्गण विशेषत: आप्यायित होते हैं । ऋषि गोतम राहूगण का कहना है कि 'साम के मद में मरुद्गण ने अद्भुत कार्य किये ‖मदे सोमस्य रण्यानि चक्रिरे' ‖ऋ0सं0 1.85.10‖ । ऋषि वसिष्ठ कहते हैं कि 'मरुद्गण सोम-युक्त मधु के प्रति अवहेलना न करते हुए[1] यहाँ ‖हमारे यज्ञ में‖ स्वाहाकार के साथ आमंत्रित होवें ‖ऋ0सं0 7.59.6‖

---

1. वेंकटार्यसूनु माधव ने 'असेधन्त: ' का अर्थ अक्षीणा: भवन्त: '‖ऋगर्थदीपिका, पृ0992 पर ऋ0सं0 7.56.6 की टीका में‖ किया है । सायण ने इस मंत्र की व्याख्या में 'असधन्त: का अर्थ आहसन्त: किया है ‖ऋ0सं0 7.59 6 पर भाष्य‖

मरूद्गण अपने यजमानों के मित्र और रक्षक हैं, इसलिए आर्यजन कृतज्ञतापूर्वक इन्हें हविष् प्रदान करते हैं। ऋषि नोधा गोतम ने मरुतों को 'मनुष्य के मित्र' ॥नृषाचः॥ विशेषण से विरषित किया है। ऋषि अगस्त्य मरुतों की प्रशंसा करते हुए कहते हैं - ये रुद्र ॥मरूद्गण॥ नमस्कार करने वाले के पास को रक्षा के साथ पहुँचते हैं, अपनी शक्ति से शक्तिमान ये ॥मरूद्गण॥ हविष् प्रदान करने वाले को क्लेश नहीं देते हैं ॥ऋ0सं0 2.166.2॥ मरुतों की सहायता किस रूप में प्राप्त होती है' इसकी ओर संकेत करते हुए ऋषि अगस्त्य कहते हैं, जिस हविष् प्रदान करने वाले यजमान को ये अमर रक्षक ॥मरूद्गण॥ धन की समृद्धि प्रदान करते हैं, उसके लिए वे मित्रों के समान सुख देने वाले मरूद्गण लोकों को जल-वर्षण द्वारा सींच देते हैं, ॥यस्मा ऊमासो अमृता अरासत रायस्पोषं च हविषा ददाशुषे। उक्षन्त्यस्मै मरुता हिता इव पुरू रजांसि पयसा मयोभुवः ॥ ॥ऋ0सं0 1.166.3॥ ।

'मरूद्गण क्षतियों, हिंसाओं से भी रक्षा करते हैं, इस ओर सङ्केत करते हुए ऋषि श्यावाश्व आत्रेय कहते हैं, 'हम उनसब मरुतों को सशक्त रूप से स्तुति और यज्ञ निवेदित करते हैं जो मनुष्यों की पीढ़ी दर पीढ़ी रक्षा करते हैं, मनुष्य को हिंसा से बचाते हैं ॥मरुत्सु को दधीमहि स्तोमं यज्ञं च धृष्णुया। विश्वे ये मानुषा युगा पान्ति मर्त्य रिषः ॥ऋ0सं0 5.52.4॥ और इसीलिए से तत्काल सहायता करने वाले 'सद्यूतयः' ॥ऋ0सं0 5.54.15॥ कहे गये हैं 'बल और पराक्रम के प्रतीक मरूद्गण अपने यजमान की युद्ध में भी सहायता करते हैं' इस ओर सङ्केत करते हुए ऋषि भरद्वाज कहते हैं 'हे मरुतों। जिसकी तुम युद्ध में रक्षा करते हो, उसको न कोई घेर सकता है और न अभिभूत कर सकता है, जिसके तुम कुल, संतति पशुओं तथा जलों की रक्षा करते हो, वह सायंकाल होते होते ॥शत्रु के॥ दुर्ग को तोड़ डालता है ॥नास्य वर्ता न तरुता - न्वस्ति मरुतो यमवथ वाजसातौ। तोके वा गोषु तनये यमप्सु स व्रजं दर्ता पार्ये अध द्यौः ॥ऋ0सं0 6.66.8॥

अथर्वसंहिता में भी एक मंत्र में कहा गया है कि हे मरुतों यह जो ॥ शत्रुओं की सेना है, जो हम पर स्पर्धा करती है वेग से आ रही है, उस सेना को घबराहट

करने वाले तमसास्र से वेध लो जिससे इनमें से कोई किसी को न जान सके' ‡असौ या सेना मरुत: परेषा‍ं अस्मानेत्योजसा स्पर्धमाना । तां विध्यत तमसापव्रतेन, यथैषामन्यो अन्यं न जानात् ‡अथर्व0सं0 3.2.6‡ ।[1]

उपर्युक्त समस्त विवेचन से इतना तो स्पष्ट हो जाता है कि वैदिक संहिताओं ‡मुख्यत: ऋग्वेद संहिता‡ में मरुतों का स्थान इन्द्रादि अन्य प्रधान देवों के तुल्य ही हैं, परन्तु परवर्ती ब्राह्मण साहित्य में मरुतों को देवों की प्रजा ‡देवीर्विश:‡ कहकर इनका स्थान गौण कर दिया गया है ‡इसका विस्तृत विवेचन अगले अध्याय में किया जायगा‡ । ऋक्संहिता में ऋषि श्यावाश्व आत्रेय ने मरुतां विश:' ‡ऋ0सं0 5.56.1‡ अर्थात् मरुतों की प्रजा ‡या अधिक प्रसङ्गानुकूल तो मरुतों का समूह कहना होगा‡ की चर्चा की है । इसी प्रकार ऋषि कण्व घोर ने एक ऋक् में कहा है कि 'हे देव मरुतो। आप समस्त प्रजा के साथ मदोन्मत्तों जैसे जहाँ चाहते हो चले जाते हो' ‡प्रो आरत मरुतो दुर्मदा इव देवास: सर्वया विशा ॥ ‡ऋ0सं0 2.39.5‡ । इसमें भी मरुतों की प्रजा को ओर सङ्केत है जो उनकी प्रधानता का सूचक है । अथर्ववेद संहिता में एक इन्द्र-सूक्त में 'देवीर्विश:' ‡अथर्व0 सं0 9.4.9‡ की चर्चा हुयी है, परन्तु यहाँ यह स्पष्ट नहीं है कि इससे मरुतों की ओर सङ्केत है ।[2] इसी प्रकार 'देवीर्विश: मैत्रायणी संहिता ‡4.12.2, 181.14‡ तथा काठकसंहिता ‡8.17‡ में भी प्रयुक्त हुआ है,

---

1. शुक्ल यजुर्वेद वाजसनेयि संहिता में यह मंत्र कुछ पाठान्तर के साथ इस प्रकार मिलता है - ‡असौ या सेना मरुत: परेषामभ्यैति न ओजसा स्पर्द्धमाना । तां गहत तमसापव्रतेन यथामी अन्यो अन्यत्र जानन् ।" ‡वा0सं0 17.46 ‡

2. देवीर्विश: पयस्वाना तनोषि त्वामिन्द्रं त्वां सरस्वन्तमाहु: ।
सहस्रं स एकमुखा ददाति यो ब्राह्मण ऋषभमाजुहोति' ॥

‡अथर्व0सं0 9.4.9‡

परन्तु यहाँ भी यह मरुतों की ओर सङ्केत नहीं करता । केवल शुक्ल यजुर्वेद वाजसे-नेयिसंहिता में स्पष्टतः यह कहा गया है कि 'देवी प्रजायें मरुद्गण इन्द्र के अनवर्ती हुये' ॥इन्द्रं देवी र्विशो मरुतो नुवर्त्मानो भवन् ॥27.86॥ । वैदिक देव-गण के बीच मरुतों की स्थिति के क्रमिक विकास का यह अन्तिम सोपान प्रतीत होता है ।

---------::0::---------

"ब्राह्मणग्रन्थों में मरुद्गण का वैशिष्ट्य"

कालक्रम तथा वैचारिक विकास के क्रम की दृष्टि से संहिताओं के पश्चात् वैदिक वाङ्मय में 'ब्राह्मणों' नामक ग्रन्थों का स्थान है। ग्रन्थ के अर्थ में ब्राह्मण शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 'शतपथ ब्राह्मण' के 13वें काण्ड में मिलता है, जहाँ तस्योक्तं ब्राह्मणम्' वाक्य का अनेकशः प्रयोग हुआ है। इसके पूर्ववर्ती काण्डों में इसी अर्थ में 'तस्योक्तो बन्धुः' वाक्य का प्रयोग हुआ है। 'बन्धु' शब्द का अर्थ 'सम्बन्ध' है, अतः 'बन्धु' और 'ब्राह्मण' शब्दों का इन प्रसंङ्गों में अर्थ होगा 'मंत्र का याज्ञिक कर्मकाण्ड से सम्बन्ध। इस प्रकार के सम्बन्ध-विवेचनात्मक सन्दर्भ मूलतः कर्मकाण्ड के भिन्न-भिन्न अंशों के विषय हैं। ये सन्दर्भ मनीषियों के चिन्तन के बिखरे हुये अंश रहे होंगे, जैसा कि 'तस्योक्तं ब्राह्मणम्' वाक्य के एकवचन के प्रयोग से प्रतीत होता है। कालान्तर में विभिन्न परिवारों ने अपनी परम्परा में चले आते हुये ऐसे अंशों को सङ्कलित कर लिया होगा और ये सङ्कलित ग्रन्थ ही ब्राह्मण पदवाच्य हो गये।

यों तो कृष्ण यजुर्वेद की संहिताओं-तैत्तिरीय, मैत्रायणी काठक तथा कठ-कपिष्ठल में मंत्र-भाग के साथ ही साथ ऐसे व्याख्यात्मक अंश सङ्कलित हैं जो ब्राह्मण भाग ही हैं और संभवतः ये अंश ब्राह्मण-विभाग के प्राचीनतम निदर्शन हैं, परन्तु बाद में प्रत्येक संहिता के साथ स्वतंत्र ब्राह्मण ग्रन्थों की परिपाटी देखते हुये कृष्ण यजुर्वेद का भी एक स्वतंत्र ब्राह्मणग्रन्थ तैत्तिरीय ब्राह्मण[1] के नाम से बन गया। यही बात

---

1. तैत्तिरीय ब्राह्मण के विषय में मैकडानेल का मत है कि यह प्राचीनतम ब्राह्मणों में से है और इसके समर्थन में वे यह तर्क देते हैं कि इसका पाठ स्वराङ्कित है (देखिये, मैकडानेल - 'A History of Sanskrit literature' भारतीय संस्करण, पृ0 162)। परन्तु विन्टरनित्ज के विचार से यह बहुत बाद की रचना है क्योंकि इसमें पुरुषमेध का वर्णन है जो कि इसकी संहिता में नहीं है। विन्टर-नित्स - 'A History of Indian literature' पृ0 192)।

अथर्व संहिता के 'गोपथब्राह्मण'[1] के साथ भी है जो ब्राह्मणसाहित्य का अन्तिम ग्रन्थ प्रतीत होता है ।

प्राचीनतम ब्राह्मणग्रन्थों में सामवेद के 'जैमिनीय ब्राह्मण' तथा 'ताण्ड्य महाब्राह्मण' अथवा 'पंचविंश ब्राह्मण' उल्लेखनीय है ।[2] इनमें वैदिक आख्यानों के प्राचीनतम रूप तथा कतिपय अति प्राचीन वैदिक आख्यान सङ्कलित है । सामवेद का 'षड्विंश ब्राह्मण' पंचविंश का पूरक ही है । सामवेद के अन्य छोटे-छोटे 'ब्राह्मण' नामधेय ग्रन्थ-आर्षेय ब्राह्मण सामविधान ब्राह्मण, देवताह माय ब्राह्मण वंश ब्राह्मण तथा संहितायें विषद् ब्राह्मण-ब्राह्मणों की अपेक्षा वेदाङ्गों के अधिक समीप हैं । ऋग्वेद संहिता के दो ब्राह्मण 'ऐतरेय' तथा कोषीतकि' अथवा 'शाङ्खायन' भी पर्याप्त प्राचीन हैं । शुक्ल यजुर्वेद का शतपथ ब्राह्मण यद्यपि काल-क्रम की दृष्टि से पर्याप्त परवर्ती काल है ।[3] परन्तु विस्तार एवम् सामग्री की दृष्टि से यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण ब्राह्मणग्रन्थ है ।

---

1. 'Maurice Bloomfield' के अनुसार 'गोपथ ब्राह्मण' अथर्वसंहिता के श्रौतसूत्र 'वतानसूत्र' से भी बाद की रचना है (Bloomfield - 'The Atharvaveda and the Gopath Brahmna'- Page 102.

2. पंचविंश ब्राह्मण के विषय में विन्तरनित्स का कहना है कि 'This Jaiminiya is the oldest Brahmnas and contains some important old legend.

   और जैमिनीय ब्राह्मण के विषय में उनका ऋx मत है कि, The Jaiminiya Brahmna of the Samveda is even older than the Tandy Mahabrahmna' - 'A History of Indian Literature, Vol.I, Page 191.

3. पातंजल महाभाष्य में अष्टाध्यायी के सूत्र 'पुराणप्रोक्तेषु ब्राह्मण कल्पेषु 4.3.105 पर एक प्रतिषेध वार्तिक दिया गया है, 'पुराणप्रोक्तेषु ब्राह्मणकल्पेषु याज्ञवल्क्यादिभ्य: प्रतिषेधस्तुल्य कालत्वात्' जिसके व्याख्यान में कहा गया है कि 'पुराणप्रोक्तेष्वित्य याज्ञवल्क्यादिभ्य: प्रतिषेधो वक्तव्य: । याज्ञवल्क्यानि ब्राह्मणानि सौलभानि इति' । इससे प्रतीत होता है कि 'याज्ञवल्क्यानि ब्राह्मणानि' अर्थात् शतपथ ब्राह्मण की कालक्रम में पाणिनि से बहुत समीपता है ।

ब्राह्मण-ग्रन्थों में, जैसा कि ऊपर संकेत किया जा चुका है, मन्त्र और याज्ञिक कर्मकाण्ड के सम्बन्ध की व्याख्या की गयी है । इसी व्याख्या के प्रसङ्ग में ये ग्रन्थ मन्त्र के पदों, कर्मकाण्ड तथा देवता की प्रतीकात्मक व्याख्या के साथ-साथ आख्यानों का भी सहारा लेते हैं । ये आख्यान देवता की कल्पना के विकास पर भी सहारा लेते हैं । इनके साथ ही इन ग्रन्थों में देवताओं के सम्बन्ध में अनेक ऐसी चर्चायें भी मिलती हैं, जो किसी देवता के सम्बन्ध में विद्यमान धारणाओं के क्रमिक विकास को स्पष्ट कर देती हैं ।

प्रस्तुत अध्याय में मरुतों के सम्बन्ध में ब्राह्मण ग्रन्थों में उपलब्ध वाक्यों तथा आख्यानों के आधार पर इनके स्वरूप-विकास पर विचार किया जायेगा । मरुद्गण सम्बन्धी याज्ञिक प्रसङ्गों पर आगे के अध्यायों में विचार किया जायेगा । अनावश्यक विस्तार से बचने के लिये यहाँ मरुतों के स्वरूप के केवल उन्हीं प्रसंगों की चर्चा की जायेगी जिनमें ब्राह्मण-ग्रन्थों ने या तो कुछ परिवर्तन किया है अथवा नयी धारणाओं को जन्म दिया है ।

॥1॥ मरुतों की संख्या के विषय में, जैसा कि पिछले अध्याय में[1] कहा जा चुका है, वैदिक संहिताओं में इनकी असंख्यता की ओर ही सङ्केत किया गया है । परन्तु मुख्यतः याज्ञिक क्रिया से सम्बन्ध ब्राह्मणग्रन्थों में उनकी संख्या निश्चित रूप से सात[2]

---

1. देखिये अध्याय, / पृ०सं० /

2. 'सप्त हि मरुतः' का०सं० 36.1.2, 37.3.4
   सप्तगणा वै मरुतः' तै०सं० 2.2.5.7

अथवा इक्कीस[1] अथवा सात-सात के सात गण[2] कह दी गयी है ।

सात अथवा सात के गुणक के रूप में मरुतों की संख्या के निर्धारण का आधार ऋषि श्यावाश्व आत्रेय की यह ऋक् प्रतीत होती है, 'सप्त ये सात शाकिन एकमेका-शता ददुः । यमुनायामधिश्रुतमुद्राधो गव्यं मृजे नि राधो अस्व्यंमृजे ॥

{ऋ0सं0 5.52.17}

{बलशाली मरुतों के सात सात के सात गणों ने मुझे एक एक करके सैकड़ों का दान दिया जिस घोड़ों और गायों वाले दान को मैं यमुना के जल में मार्जित करता हूँ} ।[3] परन्तु याज्ञिक कर्मकाण्ड में विशेषतः जहाँ देवता के निमित्त पुरोडास निवेदित करने के प्रसंग आते हैं वहाँ मरुतों के सम्बन्ध में सात की संख्या बड़ी सुविधाजनक प्रतीत हुयी और इसलिए उनके लिए 'सप्तकपालपुरोडाश' का विधान किया गया है ।[4] कहा गया है

---

1. एकविंशतिर्व मारुता गणाः' का0सं0 11.1.1
'एकविंशतिरेवेषाम्' गो0ब्रा0 1.5.24
'एकविंशत्या स्तुवत' तै0सं0 4.3.10.2, मै0सं0 2.8.6,
का0सं0 17.15, वा0सं0 14.30, श0ब्रा0 8.4.3.13
'त्रिर्व सप्तसप्त मरुतः' का0सं0 37.3.4

2. 'सप्तसप्त हि मरुतो सप्तधागणाः' का0सं0 21.10.26.37,
'सप्तसप्त हि मारुतो गणः' श0ब्रा0 2.5.1.13

3. शतपथ ब्राह्मण में एक स्थल पर कहा गया है कि 'सप्त-सप्त' कहने से बहुसंख्या का बोध होता है परन्तु मरुतों की संख्या सात ही - 'बहुकृत्वः सप्त-सप्त सप्तेव तच्छीर्षण्येव तत्सप्त प्राणानन्दधाति {श0ब्रा0 9.3.1.8} ।

4. 'मारुतस्सातकपालः' {काठ0 9.4.8, मैत्रा0 1.10.1, 140.9, कपि0 8.7} ।
'मरुद्भ्यः क्रीडिभ्यः प्रातः सप्तकपालस्साकं सूर्यस्य रश्मिभिः {मैत्रा0 9.5.16}।
मरतः सप्ताक्षरां वाचमुदजयन् {मैत्रा0 14.4.24}, 'मारुतः सप्तकपालः वैश्यस्य' {मैत्रा0 15.4.6} । सप्त-सप्त हि मारुतो गणस्तास्मान्मारुतः सप्तकपालः पुरोडाशो भवति {श0ब्रा0 2.5.1.13} ।

कि पशुओं के प्रजनन के लिए यह सप्त कपाल पुरोडाश विहित है ।[1] 'मरुत क्योंकि सात है' इसलिए उन्होंने सप्ताक्षरों से ' सप्तपदी शक्वरी ' छन्द को जीता[2] और सात ही अक्षरों से 'उष्णिक्छन्द' को भी जीता ।[3] तिथियों में मरुतों के हिस्से में 'सप्तमी तिथि' रखी गयी है ।[4] वाजसनेयि संहिता में तो सातों मरुतों के नाम भी गिना दिये गये हैं, जो इस प्रकार हैं, 'उग्रश्च भीमश्च ध्वान्तश्च धुनिश्च । सासह्वांश्चाभियुग्वा च विक्षिप: स्वाहा' ‹वा०सं० 17.86, 39.7› । स्पष्ट है कि यह नामकरण मरुतों की उग्रता एवम् भयंकर ध्वनि उत्पन्न करते हुए वेग के अनुरूप ही रखे गये हैं ।[5] मरुतों के लिए सात संख्या निर्धारित करने का एक प्रमुख कारण यह भी प्रतीत होता है कि ब्राह्मणग्रन्थों के चिन्तन में शरीर में सात प्राणों की कल्पना की गयी है । 'प्राण' का स्थूल रूप ही वायु है अत: इस प्रकार वायु प्राण का प्रतिनिधि हुआ और अधिक संख्या में कल्पना किए जाने के कारण इन प्राणों की अधिष्ठातृ देवतावायु के बहुवचनान्तरूप 'मरुत:' को माना गया । फलत: मरुतों की संख्या निश्चित हो गयी ।[6]

---

1. 'प्रजननायैव पशूनां सप्तकपालो भवति सप्त हि मरुत: ‹काठ० 36.2.2›
2. 'मरुतस्साताक्षरां वाचमुदनयत्' ‹काठ० 14.4.24›
   'मरुत: सप्ताक्षरेणसप्तपदां शक्वरीमुदजयन्' ‹तै०सं० 1.7.11.1›
   मैत्रा० 1.11.10; 172.2 काठ० 14.4›
3. ‹'मरुत: सप्ताक्षरयोष्णिहमुदजयन्' मैत्रा० 1.11.10; 172.13;
   काठ० 14.4› ।
4. 'मरुतां सप्तमी' ‹मैत्रा० 3.15.4, वा०सं० 4›
5. यह मंत्र यजुर्वेद की मैत्रायणी संहिता ‹4.9.17› में भी आया है । तैत्तिरीय आरण्यक ‹4.24.1› में भी यह मंत्र किंचित् पाठान्तर के साथ आया है ।
6. देखिये, पृष्ठ

बहुत थोड़े से स्थलों पर मरुतों की संख्या इक्कीस कही गयी है । मरुतों को गण मान लेने के कारण सात-सात के अनेक दलों की कल्पना स्वाभाविक हो गयी और 'क्योंकि 'एकविंशति साम' पशुओं की समृद्धि के लिए माना गया और पशुओं का सम्बन्ध जैसा कि हम आगे देखेंगे, मरुतों के साथ बताया गया, इसलिए यह इक्कीस संख्या संगत हुयी ।[1]

उपर्युक्त कारण से ही सात-सात के सात गण मान लिए गये और जैसा कि पीछे कहा जा चुका है ऋक्संहिता (5.52.17) में तो सात-सात कहने से इनकी असंख्यता ही अभिप्रेत थी परन्तु ब्राह्मण ग्रन्थों में यह वस्तुतः निश्चित संख्या मान ली गयी ।

(2) जैसा कि हम पिछले अध्याय में देख चुके हैं, ऋक्संहिता, अथर्वसंहिता तथा यजुर्वेद की विभिन्न संहिताओं के मंत्र-भाग में मरुतों को 'पृश्निमातरः अर्थात्' पृश्नि जिनकी माता है कहा गया है । यजुर्वेद की विभिन्न संहिताओं के ब्राह्मण सदृश भागों तथा अन्य ब्राह्मणों में भी प्रायः मरुतों को पृश्नि से उत्पन्न बताया गया है, और उन्हें 'पृश्नयः' कहा गया है ।[2] पृश्नि को कहीं कहीं पृथ्वी से सम्बद्ध कर मरुतों का भी पृथ्वी के साथ सम्बन्ध बताया गया है और पृश्नि को प्रायः गाय के रूप में कल्पित किया गया है ।[3] इसीलिए अश्वमेध में बिन्दियों वाले पशु (पृश्नयः)

---

1. देखिये, पृष्ठ ——

2. 'पृश्नयो मारुतः - वा0सं0 14.14.15, मैत्रा0 3.13.12, 171.1, 3.13.13, 171.4, आप0श्रौ0 20.14.7.9

3. 'पृश्न्या वै मरुतो जाताः वचो वास्या वा पृथिव्या मारुतास्सजाता' (का0सं0 10.11)

मरुतों के लिए रखे गये हैं ।[1] इसी प्रकार वाजपेय में भी मरुतों के लिए एक चितकबरी वन्ध्यागाय दी जाती है जिसे शतपथ ब्राह्मण में पृथिवी का प्रतीक कहा गया है ।[2] इन उल्लेखों से स्पष्ट है कि यहाँ 'पृश्नि से' आँधी-तूफान से पहले धूलि-धूसरित पृथ्वी मरुतों की माता अर्थात् उद्भव-स्थान के रूप में मानी गयी है । कहीं-कहीं पर मरुतों को 'पृश्नि' के दूध से उत्पन्न कहा गया है ।[3]

इस कल्पना में संभवतः मरुतों के वर्षा करने वाले रूप की ओर सङ्केत हैं क्योंकि वे पृश्नि में 'पयस्' (दूध) से उत्पन्न हैं अतः वे पृथ्वी पर पयस् (पानी) बरसाने में समर्थ हैं ।

ब्राह्मण ग्रन्थों में मरुतों के पिता के सम्बन्ध में प्रायः चर्चा नहीं हुयी है यद्यपि रुद्र के साथ इनके घनिष्ठ सम्बन्ध की ओर अनेक संकेत हैं ।[4] परन्तु यजुर्वेद संहिता के मंत्र में इनको 'रुद्रियासः' कहा गया है[5], और एक मंत्र में रुद्र को 'मरुतां पितर्' कहा गया है ।[6]

---

1. पृश्नस्तिरश्चीनपृश्निचन्र ऊर्ध्वपृश्निस्ते मारुताः - वा०सं० 24.14, तै०सं० 5.6.12.1, मैत्रा० 3.13.5, 169.8, का०सं० 9.2

2. 'इयं वै वशा पृश्निर्यदिदमस्यां मूलिचामूलं चान्नाद्यं प्रतिष्ठितं तेनेयं वशापृश्निः । श०ब्रा० 5.1.3.3

3. 'पृश्नियै वै पयसो मरुतो जाताः' तै०सं० 2.2.11.2

4. देखिये अध्याय 4, पृष्ठ

5. मा नो धर्म व्यथितो विव्यधीत् मा न आयुः परमवरं मगदोनेः । मोष्वत्वमस्यान्तराधान् मा रुद्रियासो अभिगुल्बधा नः ॥ मैत्रा० 149.12 (अथर्व 19) 133.1.1 यह मंत्र तै०आ० 4.2.2 में भी आया है ।

6. नमो महिम्ने उत चक्षुषे ते (मैत्रा०महिम्ने चक्षुषे) मरुतां पितरुत तद् गृणीभिः हुतो याहि पथिभिर्देवयानैरोषधीषु प्रतितिष्ठा शरीरैः ॥ तै०सं० 3.3.9.1, मैत्रा० 5.5.10, 61.10, का०० 14.9.28

यजुर्वेद संहिता के ब्राह्मणसदृशभागों तथा ब्राह्मणग्रन्थों में मरुतों के एक पुत्र 'अहर्वनभस्त की चर्चा हुयी है । पशु याग में पशु की वपा (चर्बी) को अलग करने के लिए प्रयुक्त 'द्विशूला' एवम् 'एकशूला' वपाश्रपणियों को अग्नि में समर्पित करते हुए मंत्र पढ़ा जाता है, 'स्वाहोर्हवनभसं मारुतं गच्छतम्' अर्थात् (हे त्रिशूला और एक शूला मरुतों के पुत्र ऊर्ध्वमनस् के पास जाओ, स्वाहा)[1] 'तैत्तिरीयसंहिता के ब्राह्मण सदृश भाग में इस मंत्र के सम्बन्ध में कहा गया है कि 'ऊर्ध्वनभस' जो मरुतों का पुत्र है, देवों के पशु भाग में वपाश्रपणियों को चुभाता ह था, इसीलिए इन शूलों को 'ऊर्ध्वनभस्' के द्वारा देवों तक पहुँचाया जाता है ।[2]

कीथ 'ऊर्ध्वनभस' से 'विद्युत् जो मेघों के ऊपर रहती है अथवा संभवत: 'वायु' समझते हैं ।[3] एगलिंग के 'ऊर्ध्वनभस्' से वायु का ही अर्थ लिया है ।[4] परन्तु वपा-श्रपणी के शूलों को देखते हुए विद्युत अर्थ ही ठीक लगता है और आँधी - तूफान की अभिमानिनी देवता मरुतों के पुत्र के रूप में विद्युत की कल्पना सहन संभाव्य है । यह इससे भी समर्थित है कि अनेक स्थानों पर मरुतों के पुत्र के रूप में 'द्युतान' का उल्लेख हुआ है ।[5] पंचविंश-ब्राह्मण में मारुत द्युतान को व्रात्यों का 'गृहपति' कहा गया

---

1. 'स्वाहोर्ध्वनभसं मारुतं गच्छतम्' तै०सं० 1.3.9.3, मैत्रा० 3.10.1, 131.2.(
'ऊर्ध्वनभसं (कौषी० ऊर्ध्वनभसं) मारुतं (काठ०मारुतं देवम्) गच्छतम् - मैत्रा० 1.2.16, 27.1, काठ० 3.7, कौषी० ब्रा० 44.12, वा०सं० 6.16

2. 'स्वाहोर्ध्वनभसं मारुतं गच्छतमित्याहोर्ध्वनमाह स्म वै मारुतो देवानां वपाश्रपणी प्रहरति तेनेवेने प्रहरति', तै०सं० 6.3.9.6

3. 'The lightning which is above the clouds or perhaps Vayu' A.B. 'Keith. The English Translation of the Veda of Black Yagus, School. entitled Tattiriya Samhita-part I, Prapathak Page 45, Note 4.

4.

5. तै०सं० 6.2.10.4, 5.9.4, तै०आ० 4.7.2, 5.5.2, मैत्रा० 2.7.10, 88.1, काठ०सं० 14.10, वा०सं० 12.34, शत०ब्रा० 3.6.1.16, पंच०ब्रा० 6.4.2

है ।[1] द्युतान शब्द का अर्थ 'द्युत' से निष्पन्न होने के कारण चमकने वाला अर्थात् विद्युत् प्रतीत होता है, यद्यपि शतपथ ब्राह्मण में वायु को द्युतान कहा गया है ।[2]

{3} यज्ञ में कुशों का एक गुच्छा जिसे प्रस्तर कहते हैं बनाकर रखा जाता है । इसे घृतावत करते हैं और इसमें से कुश का एक टुकड़ा तोड़कर उसे पूर्व की ओर फेंकते हुए मंत्र पढ़ा जाता है - 'तुम मरुतों की पृषती अर्थात् चित्तीदार घोड़ियाँ हो, तुम 'पृश्निवशा' अर्थात् चितकबरी गाय बनकर द्युलोक को जाओ और हमारे लिए वृष्टि लाओ ।[3] इस मंत्र से प्रतीत होता है कि चितकबरी घोड़ियाँ अथवा गायें मरुतों के वाहन के रूप में कल्पित की गयी थीं ।

{4} इन्द्र के अनुचरों के रूप में मरुद्गण वैदिक संहिताओं में ही प्रतिष्ठित हो चुके थे ।[4] परन्तु ब्राह्मण-ग्रन्थों में मरुद्गण को देवों की प्रजा के रूप में कल्पित किया गया है । ब्राह्मणों तथा कृष्ण यजुर्वेद की संहिताओं के ब्राह्मण जैसे भागों में अनेक बार इस प्रकार के वाक्य दुहराये गये हैं कि - 'विशो ये मरुतो देव विशः'[5]

---

1. पं०ब्रा० 17. 1. 3।
2. यो वा यं पर्वत एष द्युतानो मारुतः' श०ब्रा० 3. 6. 1. 16
3. मरुतां पृषतयः स्थि दिवं गच्छ ततो नो वृष्टिमेरय । तै०सं० 2. 1. 13
   'मरुतां पृषती वशा पृश्निर्भूत्वा दिवं गच्छ ततो नो वृष्टिमेरय' का०सं० 2. 12
   'वशा पृश्निर्भूत्वा मरुतो गच्छ ततो नो वृष्ट्यावत' मैत्रा० 1. 1. 13
   'मरुतां पृषतीर्गच्छ वशा पृश्नीर्भूत्वा दिवं गच्छ ततो नो वृष्टिमावह' वा०सं० 2. 11
4.
5. जै०ब्रा० 2. 175, शत०ब्रा० 2. 5. 1. 12 आदि ।

'मरुतो वै देवानां विशः'[1] 'देवीर्विशो मरुतः'[2] अथवा 'देवानां मरुतो विड्'[3]।
अनेक स्थलों पर मरुतों को केवल 'मरुतों विसः'[4] अथवा 'विº मरुतः'[5] अथवा
'विड्वं मरुतः'[6] अथवा 'विशो वै मरुतः'[7] कह दिया गया है। विशः के साथ
मरुतों के समीकरण के फलस्वरूप वर्ण-व्यवस्था के अन्तर्गत 'वैश्य' वर्ग मरुतों से सम्बद्ध
मान लिये गये। 'पुरुषमेध' में मरुतों के लिये 'वैश्य' रूपी पशु निर्धारित किया गया
है क्योंकि 'वैश्य' मरुतों का है।[8]

ऋक्संहिता में बहुसंख्यक मरुतों का 'विशः मरुताम्'[9] कहकर आह्वान किया
गया था, ब्राह्मण-काल तक आते-आते यह बहुसंख्या-वाचक आख्या 'विशो मरुतः'
में बदल गयी। ऐतरेय ब्राह्मण में कहा गया है कि देवों की पुजा होनी चाहिये।
जब देवों की पुजा होगी तो मनुष्य की भी होगी। ........ मरुत देवों की
पुजा है।[10] इसका कारण मरुतों की बहुसंख्या ही प्रतीत होती है।[11] साथ ही

---

1. काठ०सं० 8.4.8.9, तै०सं० 2.2.5.7 आदि ऐ०ब्रा० 1.19
2. काठ०सं० 21.10.36.37 आदि।
3. शत०ब्रा० 4.5.2.17 आदि।
4. काठ०सं० 38.10, मैत्रा० 3.11, तै०ब्रा० 2.6.18.3, वा०सं० 19.
5. काठ० 10.11.17, 1.10.36, 10 25
6. काठ०सं० 11.1.1.1 आदि।
7. शत०ब्रा० 2.5.2.24, 3.9.1.18, 1.3.
8. 'ब्रह्मणे ब्राह्मणमालभते क्षत्रायराजन्यम्। मरुद्भ्यो वैश्यम्।
   तपसे शूद्रम्' तै०ब्रा० 3.4.1.1, वा०सं० 5.
9. मारुतो हि वैश्यः' - काठ०सं० 37.3.4
10. 'विशो अधमरुतामवह्वये' - ऋ०सं० 5.56
11. देवविशः कल्पयितव्या इत्याहुः'। ता० कल्पमाना अनु मनुष्यविशः कल्पन्त
    इति। ........ मरुतो वै देवानां विशः।' ऐ०ब्रा० 1.9

मरुतों के महत्व का घट जाता भी इसका एक महत्वपूर्ण कारण हो सकता है । जैसे समाज में राजा एक ही होता है और पुरोहित भी संख्या में अधिक नहीं होते 'विशः' ही बहुसंख्यक होते हैं, ऐसे ही इन्द्र देवों में राजा अथवा क्षत्रिय हुये, ब्राह्मणस्पति अथवा बृहस्पति पुरोहित अथवा ब्राह्मण हुये और बहुसंख्यक मरूद्गण 'विशः' में गिने गये । देवों में क्षत्र का अधिकार जब शक्ति के प्रतीक (शचीपति) इन्द्र को मिल गया तो उसके अनुसार मरूद्गण स्वभावतः 'विशः' के रूप में कल्पित हुए ।[1] इस रूप में संख्या में अधिक होने के कारण 'विश्वेदेवाः' का भी उल्लेख हुआ है ।[2] मनुष्य समाज में जैसे अन्न उत्पन्न करना 'विशः' का काम है, ऐसे ही देवों में मरूद्गण अन्न से भी समीकृत हो गये ।[3]

इन्द्र के अनुचर बन जाने से मरुतों के महत्व में ह्रास की जो प्रक्रिया प्रारम्भ हुयी थी, 'विशः' के रूप में मान लिया जाना उसमें एक ओर अगला डग था । याज्ञिक-प्रक्रिया पर भी इसका प्रभाव पड़ा । सोम-याग के अन्तिम चरण में मरुतों के लिये 'वशा-याग' होता है । इस याग को स्वाहाकृति के बिना ही करने को कहा गया है, क्योंकि मरूद्गण देवों के 'विशः' हैं और 'विशः' तो 'अहुताद' (अहुत हविष् खाने वाले) ही होते हैं ।[4] परन्तु जैसा कि आगे अध्याय 5 में विस्तार में विवेचन किया जाएगा, अनेक याज्ञिक सन्दर्भों में मरुतों के साथ वैसा ही

---

1. 'क्षत्रं वा इन्द्रो विशा विश्वेदेवा विशो वै मरुतो विशैवैतत्क्षत्रं परिबृंहति तदिदं क्षत्र क्षत्रमुभयतो विशा परिवृढम्' - शत०ब्रा० 3.9.1.18

2. ऐन्द्रो वै राजन्यो मारुती विशः - जै०ब्रा० 1.95 (पृ० 42)
'विड् वै विश्वेदेवाः विण्मरुतः' - क०कपि० 46.13.1

3. 'विशो वै मरुतो न्नं वै विशः' - शत०ब्रा० 5.1.3.3

4. 'न स्वाहाकरोत्यहुतादो वै देवानां मरुतो विवडहुतामेवेतद् यदस्वाहाकृतं देवानां वै मरुततस्तदेनं मरुत्स्वेव प्रतिष्ठापयति' - शत०ब्रा० 4.5.2.17

व्यवहार किया गया है, जैसा कि अन्य देवों के साथ और उनके लिये 'स्वाहाकृति' के साथ हविष् का विधान भी मिलता है । अतः सोमयाग का उपर्युक्त प्रसंग मरुतों के क्षीण होने महत्व का ही परिचायक है ।

ऋक्संहिता में मरुतों के लिये 'क्रीळाः' अथवा 'क्रीळ्यः'[1] (खिलाड़ी) 'सान्तपनाः'[2] (तपाने वाले) तथा 'गृहमेधासः'[3] (-गृह्य यागों को स्वीकार करने वाले) विशेषण प्रयुक्त हुये हैं । ब्राह्मण-ग्रन्थों में 'मरुतः क्रीडिनः', 'मरुतः सान्तपनाः' तथा 'मरुतः गृहमेधिनः' - ये मरुतों के विशिष्ट रूप विशिष्ट काल और हविष् से सम्बद्ध हो गये हैं और इनके निमित्त इष्टियों की भी कल्पना की गयी है । इनके अतिरिक्त 'मरुतः एनोमुचः', 'मरुतः स्वतवसः' मरुतः स्वापयः' मरुतः पश्चात्सदसः' और 'मरुतो भीष्टयः' का भी उल्लेख हुआ है ।

( = खिलाड़ी मरुत्) संभवतः मरुतों के प्रातःकालीन रूप के प्रतिनिधि हैं, क्योंकि इनके लिए उगते हुये सूर्य के साथ सप्त-कपाल-पुरोडाश निवेदित करने का विधान किया गया है ।[4] साकमेध के प्रसंग में क्रीडी मरुतों के लिये 'संसृष्ट' (-सहोत्पन्न) बकरे निवेदित करने का विधान किया गया है ।[5] इससे मरुतों को

---

1. क्रीळाः - ऋ०सं० 1.166.2 क्रीळ्यः - 1.87.3, 78.6, 94.14, 95.9

2. ऋ०सं० 7.59.9

3. ऋ०सं० 7.59.10

4. 'मरुद्भ्यः क्रीडिभ्यः सप्तकपालं पुरोडाशं निर्वपति साकं सूर्येणोद्यता' तै०सं० 1.8.4.2
   मरुद्भ्यः क्रीडिभ्यः प्रातःसप्तकपालः पुरोडाशः' - कठकपि० 7.8

5. 'मरुद्भ्यः क्रीडिभ्यः संसृष्टान्' - वा०सं० 24.16, मैत्रा० 3.13.14

समानता द्योतित होती है । मरुतों के क्रीडित्व की व्याख्या तैत्तिरीय ब्राह्मण में एक आख्यान द्वारा इस प्रकार की गयी है - 'वृत्र को मारकर इन्द्र, यह सोचकर कि वह निशाना चूक गया है, बहुत दूर चला गया, उसने कहा कि (वृत्र मारा गया है) यह कौन जानेगा, मरुत बोले 'हम वर माँगते हैं, हम (वृत्र मर गया या नहीं यह) जान लेंगे, पहली हविष् हमारे लिये निरूपित की जाये', वे (मरुद्‌गण) इस (वृत्र) के ऊपर क्रीडा करने लगे (और इस प्रकार जान गये कि वह मर गया है), यही क्रीडियों (मरुतों) का 'क्रीडित्व' है ।[1] शतपथ-ब्राह्मण में यह आख्यान इस संक्षिप्त रूप में मिलता है - 'वृत्त को मारने के लिये आये हुये इन्द्र के चारों ओर क्रीडी मरुद्‌गण उस (इन्द्र) की प्रशंसा करते हुये क्रीडा करने लगे ।' काठक संहिता मैत्रायिणी-संहिता तथा जैमिनीय-ब्राह्मण[2] में भी इसी प्रकार की व्याख्या की गयी है । काठक संहिता में इस सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बात यह कही गयी है 'कि इन्द्र आदित्य है और खिलाड़ी मरुद्‌गण उसकी रश्मियाँ हैं ।

मरुतःसान्तपनाः (-तपाने वाले मरुत) संभवतः मरुतों के दोपहर के तपाने वाले उग्र रूप के प्रतीक हैं । इनके लिये दोपहर में 'चरु'[3] (-भात) निवेदित करने का विधान है ।[4] दोपहर में इनका भजन करने का कारण बताते हुये कहा गया है

---

1. इन्द्रो वृत्रं हत्वा परां परावतमगच्छत् । अपाराधमिति मन्यमानः । सो ब्रवीत् । क इदं वदिष्यतीति । ते ब्रुवन् मरुतों वरं वृणामहै । अथ वयं वेदास । अस्मभ्यमेव प्रथमं हविर्निरूप्याता इति । त एनमभ्यक्रीडन् । तत् कीडिनां क्रीडित्वम्' तै०ब्रा० 1.6.7.59

2. 'मरुतो ह वै क्रीडिनोवृत्रं हनिष्यन्तमिन्द्रभागतं तमभितः परिचिक्रीडुर्महयन्तः' श०ब्रा० 2.5.3.20

3. काठ० 36.9, जै०ब्रा० 2.232, मैत्रा० 1.10.16,
असौ वा आदित्य इन्द्रोरश्मयः क्रीडयः' काठक० 36.19

4. ते च परिपक्वास्तन्दुलाः चरुमदवाच्याः' श्रौतपदार्थनिर्वचनम् , पृ० 22, सं० 148.

कि 'मरुतः सान्तपनाः का जो दोपहर में यजन किया जाता है (उसका कारण यह है कि) दोपहर में तपन होती है, इसलिये दोपहर में मरुतः सान्तपनाः का यजन करता है।'[1] साकमेध में सांतपन-मरुतों के लिये 'सवात्य' (-एक माता में उत्पन्न) बकरा निवेदित करने के लिये कहा गया है।[2] इनके 'सांतपन' नाम की व्याख्या तैत्तिरीय ब्राह्मण में इस आख्यान द्वारा की गयी है - 'उन असुरों ने पराजित होकर द्यावापृथिवी का आश्रय लिया, उन देवों ने सांतपन मरुतों के लिये चरु निवेदित किया (और इसके द्वारा) उन (असुरों को) द्यावापृथिवी में दोनों तरफ से तपा दिया।[3] मैत्रायणी संहिता में इनके सांतपन नाम का कारण इनके द्वारा वृत्र को तपाया जाना बताया गया है।[4] शतपथ ब्राह्मण में भी यही बात यों कही गयी है - 'सांतपन मरुतों ने दोपहर में वृत्र को संतप्त किया, संतप्त हुआ वह हाँफता हुआ लुढ़क पड़ा।'[5] स्पष्ट है कि यह मरुतों (-वायुओं) का दोपहर का झुलसने वाला रूप है।

(-गृह्य यज्ञों द्वारा यजनीय मरुद्गण) दैनिक घरेलू जीवन में मरुतों के महत्त्वपूर्ण स्थान के स्मारक हैं। इनके लिये सायंकाल सब गायों के दूध में पकाये हुये 'चरु' का विधान किया गया है।[6] इससे इनके गायों के रक्षक रूप पर बल दिया गया

---

1. 'मरुद्भ्यः। सान्तपनेभ्यो मध्यंदिने चरुम्' (कठकपि० चरुः) कठकपि० 8.8, शत०ब्रा० 2.5.33.
2. 'मरुद्भ्यः सांतपनेभ्यः सवात्यान्' मैत्रा० 3.13.14, तै०सं० 1.8.4.।
3. 'ते सुराः पराजिता-यन्तः। द्यावापृथिवी उपाश्रयनने। ते देवा मरुद्भ्यः सांतपनेभ्य
4. 'देवा वै वृत्रस्यमर्मनाविन्दंस्तं मरुतः क्षुरपविनाव्ययुः, संवा एनं यदतपंस्तस्मात् सांतपनाः' - मैत्रा० 1.10.14
5. 'मरुतां ह वै सांतपना मध्यन्दिने वृत्रं संतेपुः, स संतप्तो नन्नेव प्राणाम् परिदीर्णः शिश्ये' - शत०ब्रा० 2.5.3.3
6. मरुद्भ्यो गृहमेधिभ्यः सर्वासां दुग्धे (सायंमोदनः) सायं चरुम् - कठकपि० 8.8

प्रतीत होता है । साकमेध में इनके लिये 'वष्किह' ॥-चिरप्रसूत॥ पशुओं का विधान हैं ।[1] काठक-संहिता में मरुतों को 'गृहमेध' - कहा है और इनके सम्बन्ध में यह आख्यान दिया है कि 'अगले दिन वृत्र को मारने की तैयारी में देवों ने भात पकाया और इसका हवन मरुतों के लिये किया, ॥क्योंकि॥ मरुद्गण गृहमेध पशु है ।'[2]

॥-स्वतंत्र-शक्ति वाले मरुत॥ का उल्लेख भी साकमेध के प्रसंग में मिलता है, जहाँ उनके लिये 'अनुसृष्ट' ॥-अनुक्रम से एक के बाद एक उत्पन्न॥ पशु निवेदित करने का विधान किया गया है ।[3] मरुतः स्वतवसः को भयङ्कर बताया गया है और कहा गया है कि इनका यजन करने से भैषज्य ॥स्वास्थ्य-प्राप्ति॥ होता है ।[4]

मरुतःएनोमुचः ॥-पाप से मुक्त कराने वाले मरुत॥ के लिये अश्वमेध में मृगा-रेष्टियों के अन्तर्गत सप्त कपाल पुरोडाश निवेदित करने का विधान मिलता है ।[5]

मरुतः स्वापयः ॥-प्रियजन मरुत॥ के बारे में ऐतरेय ब्राह्मण में एक आख्यान दिया गया है कि जब इन्द्र ने वृत्र को मारता तो देवों ने समझा कि वह मार न

---

1. 'मरुद्भ्यो गृहमेधिभ्योवष्किहान्' - मैत्रा० 3. 13. 14, वा०सं० 24. 16
2. ते श्वो वृत्रं हनिष्यन्त उपावसंस्ते ब्रुवन् कस्य वाहेदंश्वो भरिता कस्य वा पचतेति त एतमोदनमपचन्त' ........ ते ब्रुवन् माहुंत मशिष्मेति ते मरुद्भ्यमे गृहमेधेभ्यो जुहवुः पशवो वै गृहमेधास्तेभ्य एव तद्जुहवुः' - काठ० 36.9
3. 'मरुद्भ्यः स्वतवद्भ्यो नुसृष्टान्' - मैत्रा० 3. 13. 14, वा०सं० 24. 16
4. 'यन्मरुतः स्वतवसो यजति, घोरा वै मरुतः स्वतवसो, भैषज्यमेव तत्कुरुते - कौषी० ब्रा० 5. 2, 'स्वतवसोयजति, घोरा वै मरुतः स्वतवसः' गोपथ० 1. 20
5. 'मरुद्भ्यः स्वतवद्भ्यो नुसृष्टान्' - मैत्रा० 2. 13. 14, वा०सं० 24. 16, 'मरुद्भ्य एनोमुग्भ्यः सप्तकपालाम्' - तै०सं० 7. 5. 22. 11, मैत्रा० ॥पुरोडाशं सप्तकपालम् 2. 15. 11, काठ०अश्व० 5. 19

सका और वे भाग गये, केवल मरुत् जो उसके प्रियजन ॥स्वापय:॥ हैं न भागे, मरुत: स्वापय: प्राण हैं, प्राणों ने इन्द्र को न छोड़ा ।'[1] इस प्रकार मरुत: स्वापय: इन्द्र के प्राण सदृश प्रियजन हैं ।

मरुत: अभीष्टय: ॥इच्छित वस्तु देने वाले मरुत्॥ का यजन विविध पशुओं द्वारा किया जाना चाहिये, ऐसा जैमिनीय ब्राह्मण में उल्लेख हुआ है ।[2]

मरुतों के ये विविध रूप याज्ञिक कर्मकाण्ड में मरुतों के विस्तृत प्रभाव के द्योतक हैं ।

कृष्ण-यजुर्वेद की संहिताओं के ब्राह्मण-सदृश भागों तथा ब्राह्मण ग्रन्थों में मरुतों के जिस विशिष्ट गुण का बार-बार उल्लेख हुआ है, वह है उनकी ओजस्विता और इसके कारण उनकी त्वरित गति । मरुतों के ओजस् की प्रशंसा मुक्तकंठ से की गयी है । राजसूय के प्रसंग में राज्य के रथ को बन्धन मुक्त करते हुये जो हविष दी जाती है, वह मरुतों के ओजस् के लिये स्वाहाकृति के साथ दी जाती है ।[4] शतपथ ब्राह्मण में रथा की मरुतों से समानता इस प्रकार प्रदर्शित की गयी है - 'रथ में

---

1. 'इन्द्रं वै वृत्रं जघ्निवासं नास्तृतेति मन्यमाना: सर्वा देवता अजहु: । तं मरुत इव स्वापयो नाजहु: । प्राणावै मरुत: स्वापय: । प्राणा ह वैनतन्नाजहु: - ऐ0ब्रा0 12.5

2. अथयन् 'मरुद्भ्यो भीष्टिभ्य इति यथा तं कामं स्वाभ्याप्तमभ्यश्नुवीततत्कामो यजेत । तान् एतान् पशूनालभेत । दीक्षिष्यमाण एकमुपवसथएकं प्रसूत एकमनू-वन्ध्यायामेकमुदवसनीयामामेकमेवमेतान् पशूनालभेत ।' जै0ब्रा0 2.177॥पृ0 236॥

3. 'मरुतामोजसे स्वाहा' तै0सं0 1.18.15.2, का0ठ0 14.8, मैत्रा0 2.6.12, वा0सं0 10.23, शत0 5.4.3.17

चार घोड़े हैं, पाँचवाँ रथ [का ढाँचा] और योद्धा तथा सारथी को मिलाकर सात होते हैं और मरुतों के साथ-साथ के गण हैं, इससे [मरुतों के ओजस् की प्रशंसा से] सम्पूर्ण रथ को प्रसन्न करता है, मरुद्गण प्रजाएँ हैं, इससे प्रजाओं के ऊपर इसका राज्य प्रतिष्ठित होता है ।[1]

इसी ओजस्विता के कारण वाजपेय में रथ की दौड़ में विजय के लिए मरुतों की प्रेरणा आवश्यक मानी गयी है और घोड़ों को सम्बोधित कर कहा गया है - 'वाजियों, वाज [-वाजी] की ओर दौड़ों, मरुतों की प्रेरणा से जीतो ।'[2] राजसूय में भी रथ को जोतते हुए राजा कहाता है - 'मैं मरुतों की प्रेरणा से विजयी होऊँ ।[3] राज्याभिषेक के समय राजा के अभिषेचन के लिये प्रस्तुत जल को सम्बोधित कर कहा जाता है - 'जलों, तुम मरुतों का ओजस् हो ।[4] इन ओजस्वी जलों से अभिषिक्त राजा ओजस्वी हो, ऐसी कामना इस क्रिया में अभिप्रेत है । राजा का अभिषेक करते हुये मन्त्र पढ़ा जाता है - 'तुझे सोम की द्युति से, अग्नि के तेजस् से, सूर्य के वर्चस् से, इन्द्र के इन्द्रिय-बल] से, मित्र-वरुण के वीर्य से, मरुतों के ओजस् से अभिषिक्त करता हूँ ।[5] कहीं कहीं ओजस् के अतिरिक्त मरुतों के बल की भी प्रशंसा

---

1. चत्वारो श्वा रथः पंचमो दो सव्यष्टसारथी ते सप्त सप्त-सप्त वै मारुतो गणः, सर्वमेवेतेन रथं प्रीणातिः, विशो वै मरुतो, विशमेवास्येतद् राज्यमभिविमुच्यते ।' शत०ब्रा० 5.4.3.17
2. वाजिनो वाजं धावत, मरुतां प्रसवे [वा०सं०, शत०प्रसवेन] जय [तै०सं० जयत] - तै०सं० 1.7.8.1, मैत्रा० 4.4.5, काठ० 14.8, शत०ब्रा० 5.4.3.8
3. 'मरुतां प्रसवे जेषम्' - तै०सं० 1.8.15.1, तै०ब्रा० 1.7.9.3
4. 'मरुतामोजः स्थ' - तै०सं० 1.8.11.1, मैत्रा० 2.6.7, काठ० 14.7, तै०ब्रा० 1.7.5
5. 'सोमस्य त्वा द्युम्नेनाभिषि चाम्यग्नेस्तेजसा सूर्यस्य वर्चसेन्द्रसयेद्रियेण मित्रावरुणयोवीर्येण मरुतामोजसो तै०सं० 1.8.14.2

की गयी है[1] और कहीं कहीं उन्हें 'वीर्य' अथवा ओजोवीर्य बताया गया है ।[2]

इसी ओजस्विता के कारण मरुद्गण देव-सेनाओं का नेतृत्व करते हैं ।[3] और देवों का अपराजित आयतन कहे गये हैं ।[4]

## मरुद्गण वर्षा सम्बन्ध

पिछले अध्याय में हम देख चुके हैं कि वैदिक संहिताओं में मरुद्गण वर्षा से घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध रहे हैं और पानी बरसना इनका प्रमुख कार्य रहा है । वेद के ब्राह्मण-भाग में भी मरुतों के इस कार्य की पर्याप्त चर्चा हुयी है, यहाँ तक कि वर्षा पर उनका अधिकार बताया गया है ।[5] इसीलिये मरुतों से प्रार्थना की गयी है कि वे बादल को बरसायें ।[6] वर्षा के लिये 'कारीवीष्टि' नामक एक याग किया जाता है, जिसमें काला वस्त्र धारण किया जाता है, इस काले वस्त्र को सम्बोधित कर कहा जाता है - '[हे वस्त्र] तुम मरुतों के हो, मरुतों के ओजस् हो,

---

1. 'मरुतां बलाय स्वाहा' - मैत्रा० 2.6.12 आदि ।
2. 'वीर्यं वै मरुत:' - काठ० 28.3, 'मरुत ओजोवीर्यम्' जै०ब्रा० 2.209
3. 'देवसेनामभिभञ्जतीनां जयन्तीनां मरुतो यन्त्वग्रे' ऋ०सं० 10.103.8, अथर्व०सं० 14.13.9, तै०सं० 4.6.4.3, मैत्रा० 2.10.4, काठ० 18.5, वा०सं० 18.40
4. मरुतो वै देवानामपराजितमायतनम्' - तै०ब्रा० 1.4.6.2
5. 'मरुतो वै वर्षस्येशते - काठ० 12.10, शत०ब्रा० 1.2.5
6. मरुतो वर्षयन्तु - तै०सं० 3.5.5.2

जल धारा को भेद दो (भेद कर हमारी ओर बहा दो)'[1] दर्शपूर्ण मास याग में कुशाओं के गुच्छे (जिसे 'प्रस्तर' कहते हैं) से एक तिनका तोड़कर पूर्व की ओर फेंकते हुये कहा जाता है - 'तुम मरुतों की चितकबरी घोड़ियाँ हो, द्युलोक को जाओ, हमारे लिये वृष्टि लाओ ।'[2] वृष्टि प्रदान करने के कारण संभवतः मरुतों को जल अथवा जल में आश्रित कहा गया है ।[3]

मरुतों को अनेक स्थलों पर 'पशु' कहा गया है ।[4] इसका कारण संभवतः यह है कि मरुतों का पशुओं पर अधिकार है । कहा गया है कि मरुतों ने पशुओं को जीता ।[5] मरुतों के लिये निवेदित सप्तकपाल पुरोडाश पशुओं को उत्पन्न करने वाला बताया गया है ।[6] जैसे रुद्र पशुपति हैं, इसी प्रकार रुद्र-पुत्र मरुतों का पशुओं पर अधिकार और फलतः उनका पशुओं से समीकरण संभाव्य है । मरुत्-पुत्र द्युतान का भी पशुओं से समीकरण किया गया है ।[7]

---

1. मरुतो वर्षयन्तु - तै०सं० 3.5.5.2
   मरुतामसि मरुतामोजो पांधारां भिन्द्धि' - तै०सं० 4.7.1, का०० 11.9
2. 'मरुतां पृषतयः स्थ दिवं गच्छ ततो नो वृष्टिमेरय' तै०सं० 1.1.13, तै०ब्रा० 3.3.9.4 । मरुतां पृषती वशा पृश्निर्भूत्वा दिवं गच्छ ततो नो वृष्टिमावह (कठ०कपि० वृष्टिमेरय) कठकपि० 1.12, का०० 1.12, वा०सं० 2.16, शत०ब्रा० 1.8.3.15
3. 'आपो वै मरुतः' - ऐ०ब्रा० 30.4 अप्सुवैमरुतःश्रिताः कोषी०ब्रा० 5.4,
4. 'पशवो मरुतः', का०० 21.10, पशवो वै मरुतः' का०० 36.1.1, 'पशवोवैमरुतो गृहमेधाः' का०० 36.9, पशवो मारुताः, मैत्रा० 3.3.10
5. 'मरुतः सप्ताक्षरेण सप्तग्राम्यान् पशूनुदजयंस्तानुज्जेषम्' - वा०सं० 9.32
6. 'प्रजननो वा एष पशूनां यन्मारुतः सप्तकपालो भवति'-मैत्रा० 1.10.6
7. 'पशवो वै द्युतानो मारुतः' - कठकपि० 48.14

जैमिनीय-ब्राह्मण में पशुओं का प्रजा से समीकरण किया गया है ।[1] इससे मरुतों का पशुओं से समीकरण और भी स्पष्ट हो जाता है, क्योंकि मरुद्गण (देवी की) प्रजा हैं ।

शतपथ-ब्राह्मण में एक स्थान पर वैश्वानर अग्नि को सूर्य तथा मरुत (गणों या पुराडाशों ?) को उसकी रश्मियों से समीकृत किया गया है ।[2] और यजुर्वेद-संहिता में इन सात रश्मियों के प्रतीक मरुतों के ये नाम दिये गये हैं - शुक्रज्योति, चित्रज्योति, सत्यज्योति, ज्योतिष्मान् , शुक्र, ऋतपा, तथा अत्यंहा ।[3]

काठक-संहिता में एक स्थान पर इन्द्र को सूर्य और मरुत: क्रीडिन: को उसकी रश्मियाँ बताया गया है ।[4]

## मरुद्गण अश्वत्थ-वृक्ष सम्बन्ध

ब्राह्मण-ग्रन्थों में मरुतों के अश्वत्थ-वृक्ष पर स्थित होने की भी चर्चा हुयी है । माध्यन्दिन-सवन में मरुतों के लिये जो ऋतु ग्रह होते हैं, वे अश्वत्थ वृक्ष की के बने होते थे । इस प्रसङ्ग में शतपथ-ब्राह्मण में कहा गया है कि जब इन्द्र वृत्र को

---

1. 'प्रजावै पशव: ' - जै०ब्रा० 2.175 (पृ० 235)

2. शत०ब्रा० 9.3.1.25

3. तै०सं० 1.8.13.1, 6.5.5, मैत्रा० 2.6.6 आदि,
   काठ० 18.6, व वा०सं० 18.80; शत०ब्रा० 9.3.1.26

4. देखिये ऊपर पृ०सं० 66, टिप्पणी 3.

मारने चला तो मरुद्गण अश्वत्थ-वृक्ष पर जा बैठे, अतः उनके गृह अश्वत्थ के बने होने चाहिये, ऐसा कहा गया है, यद्यपि वे अब काश्मर्य के होते हैं ।[1]

वाजपेय में जब यजमान यूप पर चढ़ जाता है, तब उसकी ओर लवण-भरी पोटलियाँ फेंकी जाती हैं । ये पोटलियाँ अश्वत्थ के पत्तों की होती हैं । इसका कारण बताते हुये कहा गया है कि वृत्र को मारने के समय जब इन्द्र ने मरुतों को पुकारा तो वे अश्वत्थ पर चढ़े हुये थे ।[2]

राजसूय में राजा के अभिषेक के समय वैश्य राजा का अश्वत्थ की लकड़ी से बने पात्र से अभिषेक करता है । इस प्रसंग में भी कहा गया है कि उस पिछले अवसर पर इन्द्र में अश्वत्थ पर बैठे मरुतों को पुकारा था, इन्द्र राजा हैं और मरुद्गण वैश्य ।[3]

## मरुद्गण गर्भ सम्बन्ध

अग्नि-चयन के प्रसंग में कहा गया है कि गर्भ का आधिपत्य मरुतों का है ।[4] सोम-योग के अन्त में 'उदवसानीया इष्टि' के बाद एक वशा (बन्ध्या गो) के

---

1. वृत्रमजिघांसतेन व्यजिगीषत, मरुतो वा इत्यश्वत्थे पक्रम्य तस्थुः'-शत०ब्रा० 4.3.3.6

2. 'अथेनमूषपुरेवृनुदस्यन्ति ......अक्षह्येषु पलाशेषूपनद्धा भवन्ति । स यदेवादो श्वेत्थे तिष्ठत इन्द्रो मरुत उपामन्धयत तस्मादश्व त्थेषूपनद्धाभवन्ति । 'शत०ब्रा०5.2.1.17

3. शत०ब्रा० 5.3.5.14

4. 'आदित्यानां भागो सि, मरुतामाधिपत्यमित्यादित्येभ्यो भागं कृत्वा मरुद्भ्य आदिपत्यमकरोद् गर्भा स्पृता: ।' शत०ब्रा० 8.4.2.8
   आदित्यानां भागो सि मरुतामाधिपत्यं गर्भा स्पृता: '-कठकपि० 26.

आलभन की व्यवस्था है, परन्तु यदि यह 'गौ' गर्भवती हो तो यह गर्भ मरुतों को 'स्वाहाकृति' के बिना ही निवेदित कर दिया जाता है और इस प्रसङ्ग में कहा गया है कि इस प्रकार इस गर्भ को मरुतों में स्थापित कर दिया जाता है ।[1]

राजसूय के अन्त में प्रयुजां हवींषि' के अन्तर्गत भी मरुतों के लिये 'विचित्र गर्भा पृषती' के आलभन का विधान है और इस प्रसङ्ग में कहा गया है कि 'मरुत् विशः (प्रजा) हैं, इस प्रकार वह इसको मरुतों का गर्भ बनाता है ।'[2]

उपर्युक्त प्रसङ्गों से प्रतीत होता है कि मरुद्गणों का गर्भ के साथ, संभवतः इसके रक्षक के रूप में, घनिष्ठ सम्बन्ध कल्पित किया गया था ।

मरुतों का अन्तरिक्ष-लोक बताया गया है ।[3] परन्तु इनकी दिशा के सम्बन्ध में वैमत्य दिखायी देता है । एक स्थान पर इनकी दिशा प्रतीची बताई

---

1. 'वशायालभन्ते (शत० 4.5.2.1) ..... एतं सोष्णीषं गर्भमादते तं प्राङ्० तिष्ठन्जुहोति मारुत्यचा ..... न स्वाहाकरोत्यहुतादो वै देवानां मरुतों विड्हुतमिवैतद् यदस्वाहाकृतं देवानां वैमरुतस्तदेनं मरुत्स्वेव प्रतिष्ठापयति' - शत०ब्रा० 4.5.2.16.

2. 'अथ पृषतीं विचित्रगर्भां' मरुद्भ्य आलभते ..... विशो वै मरुतो विशामेवैनमेतद्-गर्भं करोति' - शत० 5.5.2.9-10)

3. 'मरुतो ह वै देवविशो न्तरिक्षभाजना:' - ऐ०ब्रा० 1.10, कौषी०ब्रा० 7.8;

'अन्तरिक्षलोको वै मारुतो मरुतां गण:' - शत०ब्रा० 9.4.2.6

गयी है ।[1] परन्तु अनेक स्थलों पर इनकी दिशा उदीची[2] अथवा उत्तर[3] बताई गयी है । शतपथ ब्राह्मण में एक स्थल पर मरुतों को दक्षिण दिशा में रखा गया है क्योंकि दक्षिण से ही मरुतों ने प्रजापति की सृष्टि का विनाश करने की सोची ।[4] स्पष्ट है कि मरुतों के घोर, विनाशकारी रूप को देखते हुये यह कल्पना की गयी है ।

-------::0::-------

---

1. प्रतीची दिड्मरुतोदेवता' - मैत्रा० 1.5.4
2. 'स्वराडसि उदीची दिड्० मरुतस्ते देवा अधिपतय:' - तै०सं० 4.4.2.2, मैत्रा० 2.8.9, काठ० 18.8, कठकपि० 26.7, वा०सं० 15.13; शत०ब्रा० 8.6.1.8.
3. 'मित्रावरुणनेत्रेभ्यो वा मरुन्नेत्रेभ्यो देवेभ्य उत्तरा सद्भ्य: स्वाहा' । वा०सं० 9.35
4. 'मारुती दक्षिणा जामिताये ..........
   दक्षिणातो मरुत: प्रजा अजिघांसन्' शत०ब्रा० 5.2.10.1, श० 5.2.4.5

## वैदिक कर्मकाण्ड में मरुद्गण का वैशिष्ट्य

किसी भी समाज के देवशास्त्र का व्यावहारिक पक्ष उसके कर्मकाण्ड में प्रतिफलित होता है, क्योंकि कर्मकाण्ड द्वारा ही देवता के साथ तादात्म्य स्थापित किया जाता है अथवा देवता की प्रसन्नता प्राप्त कर अथवा देवता के रोष अपनोदन कर अभिलषित वस्तु प्राप्त करने की चेष्टा की जाती है। अतः कर्मकाण्ड में देवता-विशेष की स्थिति, उसके लिये निवेदित हविष् तथा उससे प्रार्थित वस्तुयें, उस देवता की स्वरूप-कल्पना को बहुत कुछ स्पष्ट कर देते हैं। इसलिये वैदिक देवशास्त्र में मरुतों के स्वरूप के अवबोध के लिये वैदिक कर्मकाण्ड में उनकी स्थिति का आकलन करना आवश्यक है।

वैदिक कर्मकाण्ड 'यज्ञ' के रूप में विकसित हुआ। 'यज्ञ' की छोटी-से-छोटी इकाई है 'याग', जो किसी देवता के उद्देश्य से किसी द्रव्य का त्याग करने की क्रिया का नाम है।[1] ये याग मुख्यतः दो प्रकार के हैं - श्रौत और गृह्य। घर के बाहर यज्ञशाला बनाकर इसमें श्रुति के विधान के अनुसार गार्हपत्य, आहवनीय तथा दक्षिणाग्नि (और कहीं-कहीं सभ्य और आवसथ्य ये दो और भी अग्नियाँ) इन तीन अथवा पाँच) अग्नियों को समिद्ध कर उनमें जो याग सम्पन्न होते हैं, वे श्रौत-याग हैं और गृह्य-अग्नि (घर में समिद्ध अग्नि) में किये जाने वाले संस्कार-सम्बन्धी कहा अथवा शान्ति पुष्टि आदि कर्म-सम्बन्धी याग गृह्य-याग हैं। इन श्रौत तथा गृह्य यागों को तीन यज्ञ-संस्थाओं के रूप में विभक्त किया गया है -

---

1. 'देवतोद्देशेन द्रव्यत्यागो यागः

1. पाकयज्ञ संस्था ;
2. हविर्यज्ञ संस्था ; और
3. सोमसंस्था ।[1]

इनमें से पाकयज्ञ संस्था गृह्य यागों का समूह है जिनका विवरण गृह्यसूत्रों तथा स्मृतियों में मिलता है । हविर्यज्ञ संस्था और सोम-संस्था श्रौत यागों के अन्तर्गत हैं और इनका विवरण पूर्णतः श्रौत सूत्रों में मिलता है, यद्यपि संहिताओं में इनके संकेत तथा ब्राह्मण-ग्रन्थों में इनके विवेचन प्राप्य हैं । यहाँ पहले श्रौतयागों और फिर गृह्य-यागों में मरुतों की स्थिति का विवरण और विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है ।

उपर्युक्त हविर्यज्ञ तथा सोम-यज्ञ संस्थाओं में अन्तर्भूत यागों को विवेचन की सुविधा की दृष्टि से पाँच प्रकारों में बाँटा गया है - 1. होम, 2. इष्टि, 3. चातुर्मास्य, 4. पशु-याग तथा 5. सोम-याग ।[2] ब्राह्मण-ग्रन्थों में बार-बार कहा गया है कि यज्ञ पाँच प्रकार का है ।[3] इस कथन में 'यज्ञ' से केवल श्रौतयज्ञ ही अभिहित प्रतीत होते हैं और उनका उपर्युक्त पंचविध विभाग संकेतित जान पड़ता है ।

---

1. 'औपासन होमः वैश्वदेवम् , पार्वणम् , अष्टका, मासिश्राद्धम् , श्रवणा, शूलगव इति सप्त पाकयज्ञसंस्थाः, अग्निहोत्रम् , दर्शपूर्णमासो, आग्रयणम् , चातुर्मास्यानि, निरूढपशुबन्धः, सौत्रामणी, पिण्डपितृयज्ञादयो दर्विहोमा इति सप्त हविर्यज्ञसंस्थाः, अग्निष्टोमः, अत्यग्निष्टोम, उक्थ्यः, षोडशी, वाजपेयः, अतिरात्रः, आप्तोर्याम इति सप्तसोमसंस्थाः' - गौतमधर्मसूत्र, 8.18

2. स एष यज्ञः पंचविधो ग्निहोत्रं दर्शपूर्णमासो नातुर्मास्यानि पशुः सोमः' ऐ०ब्रा०

3. पाङ्क्तो वै यज्ञः - ऐ०ब्रा० 1.6

'होम' और 'इष्टि' में दूध, घी, (दही), पुरोडाश आदि हविष् द्रव्य होते हैं। चातुर्मास्य-यागों में हविष् अथवा पशु अथवा सोम का द्रव्य के रूप में विकल्प है। पशु याग में तो स्पष्टतः पशु ही विशिष्ट द्रव्य है और सोम-याग में सोम।

यद्यपि इन सभी पंचविध कर्मकाण्डों में द्रव्य-त्याग तो समान रूप से विद्यमान है और इसलिये सभी याग के भेद हैं, परन्तु 'होम' और 'इष्टि' में त्याग की प्रक्रिया में भेद है।[1] होम में आहुति 'स्वाहा' उच्चारणपूर्वक बैठकर दी जाती है, जबकि याग में 'वौषट्' उच्चारणपूर्वक खड़े होकर। याज्ञिक वाङ्मय में 'होम' के लिये 'जुहोति' तथा याग के निर्देशार्थ यजति' क्रियापद का प्रयोग हुआ है।

उपर्युक्त पाँच प्रकार के श्रोत-कर्मों के शास्त्रीय विवेचन की सुविधा की दृष्टि से इनमें 'प्रकृति' और 'विकृति' ये दो भेद किये गये हैं। जिनमें समस्त आधारभूत अङ्ग समाविष्ट हों वह 'प्रकृति' है और जो 'प्रकृति' को आधार मानकर कतिपय स्वकीय विशिष्टताओं के साथ सम्पादित हो वह 'विकृति'[3] है। इस प्रकार 'अग्नि-होत्र' होमों की प्रकृति है[4], 'दर्शपूर्णमास' इष्टियों और अग्नीषोमीथ पशुयाग की प्रकृति है[5] 'दर्शपूर्णमास' इष्टियों और अग्नीषोमीय पशु याग की प्रकृति है और 'अग्निष्टोम' एकाह आदि सोमयोगों की प्रकृति है।[6]

---

1. होम और इष्टि में भेद का विस्तृत विवेचन जै०सू० 4.2. पर शाबर-भाष्य में किया गया है।
2. 'यत्रसमग्राङ्गोपदेशः सा प्रकृतिः' - अर्थसंग्रह' लोगाक्षि भास्कर कृत, पृ० 29
3. 'यत्र न सर्वाङ्गोपदेशः सा विकृतिः' - वही, पृ० 30.
4. अग्निहोत्रः होमानां प्रकृतिः आप० श्रौ० सू०
5. 'दर्शपूर्णमासो इष्टीनां प्रकृतिः, अग्नीषोमीयस्यचपशोः' वही, 24/3/32/33
6. 'अग्निष्टोम एकाहानां प्रकृतिः', वही, 24/4/3

पुन: यज्ञीय कर्मकाण्ड को नित्य, नैमित्तिक और काम्य, इन तीन भागों में बाँटा जाता है । जो यावज्जीवन दिनचर्या के आवश्यक अङ्ग के रूप में विहित है और जिसके न करने पर प्रत्यवाय उत्पन्न होता है, वह नित्य-कर्म है, जैसे, अग्नि-होत्र । किसी विशेष स्थिति के उत्पन्न होने पर जो कर्म विहित हैं, वे नैमित्तिक हैं, जैसे प्रायश्चित-कर्म और जो कामना-विशेष की प्राप्ति के लिये विहित हैं, वे काम्य-कर्म हैं, जिनमें अनेक विध इष्टियाँ आदि समाहित हैं ।

आथर्वणिक कर्मकाण्ड में रोगों की शान्ति के लिये 'भैषज्यानि' दीर्घायु के लिये 'आयुष्मानि', समृद्धि के लिये 'पौष्टिकानि', शत्रुओं आदि के विनाश के लिये 'अभिचारिकाणि', स्त्रियों के वशीकरणादि के लिये 'स्त्रीकर्माणि', सभा में सौमनस्य प्राप्ति के लिये 'सामनस्यानि' राज-कार्य के लिये राजकर्माणि' और प्रत्यवायों की शान्ति के लिये 'प्रायश्चितानि' मुख्य हैं । 'गृह्य-कर्मकाण्ड में षोडश संस्कारों के अतिरिक्त औपासन होम, वैश्वदेव, पार्वण-श्राद्ध, अष्टका, मासि श्राद्ध, श्रवणा, शूल ये सात पाक-यज्ञ मुख्यत: आते हैं ।

इस संक्षिप्त सामान्य परिचय के बाद अब सर्वप्रथम श्रौतकर्मकाण्ड में मरुतों की स्थिति का विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है ।

अग्न्याधेय[1] गार्हपत्य, आहवनीय, दक्षिण सभ्य एवम् आवसथ्य संज्ञक यज्ञा-

---

1. अग्न्याधेय का वर्णन और विवेचन वैदिक वाङ्मय में निम्नलिखित स्थलों पर किया गया है, काठ० सं० 7/10/8, 103-5, 10, मै०सं० 1/6, 1/7, शा०ब्रा० 1/1-5, तै०ब्रा० 1/1/2-10, शत०ब्रा० 2/1 तथा 2/2/2 आदि आ०श्रौ० 2/1/9 आदि शा०श्रौ० 2/1 आदि, बौ०श्रौ० 2/12-20, आप०श्रौ० 5/1 आदि, कात्या०श्रौ० 4/7-10.

ग्नियों के आधान की विधि है। यह श्रौतकर्मकाण्ड की अवश्य सम्पाद्यमान प्रारम्भिक विधि है जिसके बिना किसी को भी श्रौत यज्ञ-सम्पादन का अधिकार नहीं है। इसमें मरुतों के लिए कुछ भी नहीं विहित है।

आहिताग्नि के लिए सायं प्रातः अग्निहोत्र[1]-सम्पादन आवश्यक है। यह एक नित्य कर्म है जिसे आजीवन प्रतिदिन करना चाहिए। सामान्यतः इसे यज्ञकर्ता को स्वयं करना चाहिए किन्तु रोगग्रस्त होने अथवा घर में उपस्थित न रहने पर अध्वर्यु, उसका पुत्र अथवा कोई निकट सम्बन्धी भी अग्निहोत्र का अधिकारी निर्दिष्ट किया गया है। इसमें मरुतों के लिए आहुति का विधान नहीं किया गया है।

दर्शपूर्णमासेष्टि[2] सभी इष्टियों की प्रकृति है। यज्ञ-कर्ता यज्ञाग्नियों की स्थापना करके प्रतिदिन अग्निहोत्र करता हुआ आने वाली पूर्णिमा को पूर्णमासेष्टि सम्पादित करता है। तदनन्तर अमावस्या को दर्शेष्टि करता है।

इस दृष्टि के सम्पादन में दो दिन लगते हैं। पूर्णिमा एवम् अमावस्या को

---

1. अग्निहोत्र सम्बन्धी श्रौत सामग्री के लिये द्रष्टव्य, तै०सं० 1/5/5 आदि, का०ठ० सं० 6/9 आदि, कपि०सं० 4/8, मै०सं० 1/5/1 आदि, ऐ०ब्रा० 5/26/31, शां०ब्रा० 2/1-9, शत०ब्रा० 2/2/3/1 आदि, आ०श्रौ० 2/2-5, शां०श्रौ० 2/7-10, बौ०श्रौ० 3/4-9, आप०श्रौ० 6/1 आदि, कात्या०श्रौ० ।

2. दर्शपूर्णमास के लिये द्रष्टव्य-तै०सं० 1/6, 1/7 और 2/5/ 2/6, का०ठ०सं० 5/1 मै०सं० 1/4, ऐ०ब्रा० 7/11, शां०ब्रा० 3/1-9, शत०ब्रा०कांड 1, आ० 1/1, शां०श्रौ० 1/4/15, बौ०श्रौ० अध्याय 1, आप०श्रौ० अध्याय, 2-4; कात्या० श्रौ० ।

प्रारम्भिक कृत्य होते हैं । इस दिन को उपवसथ कहते हैं दूसरे दिन अर्थात् प्रतिपदा को मुख्य याग सम्पादित होता है । इसमें ब्रह्मा, होता, अध्वर्यु और आग्नीध्र चार ऋत्विजों की आवश्यकता होती है । इसमें मरुतों के लिए कुछ भी विधान नहीं किया गया है ।

यज्ञ-कर्ता अमावस्या के दिन अर्थात् दर्शेष्टि के उपवसथ को अपराह्ण में पिण्ड-पितृयज्ञ का सम्पादन करता है । इसमें भी मरुतों के लिए कुछ भी विधान नहीं है ।

आग्रयणेष्टि[1] दर्शपूर्णमासेष्टि के आधार पर सम्पाद्यमान एक नवान्न इष्टि है । यज्ञ-कर्ता नवान्नों के द्वारा आग्रयणेष्टि सम्पन्न करने के अनन्तर ही उन्हें ग्रहण कर सकता है । यह इष्टि अमावस्या अथवा पूर्णिमा को सम्पन्न की जा सकती है । वर्षा ऋतु की इष्टि के सोम तथा शरद् एवम् वसन्त ऋतु की इष्टि के इन्द्राग्नी, विश्वेदेव तथा द्यावापृथिवी देवता हैं । शाङ्खायन श्रौतसूत्र सोमदेवता के लिए ग्रीष्म ऋतु में भी 'वेणुयव' से सम्पाद्यमान इष्टि का विधान करता है । इन इष्टियों में मरुतों के लिये किंचिदपि विहित नहीं है ।

## काम्य इष्टियाँ

यद्यपि प्रकृत 'दर्शपूर्णमास' इष्टि में मरुतों का कोई स्थान नहीं है, परन्तु इसकी विकृति-रूप अनेक काम्य इष्टियों में या तो प्रमुख देवता के रूप में अथवा अन्य

---

1. आग्रयणेष्टि के लिये द्रष्टव्य - का०सं० 12.6; मै०सं० 4.3.2; ऐ०ब्रा० 7.9, शां०ब्रा० 4.12-14; तै०ब्रा० 2.4.8; शत०ब्रा० 2.4.3; गो०ब्रा० 2.1.17; आ०श्रौ० 2.9; शां०श्रौ० 3.12; बौ०श्रौ० 3.12; आप० 6.31; कात्या०श्रौ० 4.5.2

देवों के साथ मरुतों को स्थान प्राप्त हुआ है । इन इष्टियों का विवरण यहाँ प्रस्तुत है ।

1. वृष्टि की कामना से इस इष्टि का विधान है । इसमें मरुतों को सप्त-काल पुरोडाश निवेदित किया जाता है ।[1] इसके अतिरिक्त 'वात' के आठ नामों के लिये आठ होम, 'अग्नि धामच्छद' के लिये अष्टाकपाल पुरोडाश तथा सूर्य के लिए एक कपाल पुरोडाश निवेदित किया जाता है ।

इस इष्टि में यजमान काले वस्त्र धारण करता है । उसका अधोवस्त्र काले रंग का होता है और उत्तरीय की किनारियाँ भी काली होती हैं । आहवनीय के सम्मुख एक काला घोड़ा काले रस्से (संदान) से बाँध कर खड़ा किया जाता है और वेदी के अन्दर एक कृष्णाजिन बिछा कर उस पर 'करीर' (बाँस के अंकुर, या करील के फल) का सत्तू और काला मधु रखा जाता है । उत्कर के पास एक घड़ा रखा जाता है । उत्कर के सामने तीन छतों वाला शकट इस प्रकार खड़ा किया जाता है कि उसकी ईषा पूर्वाभिमुख हो और उस पर एक काली भेड़ बाँध दी जाती है ।

यजमान काले वस्त्र इस मन्त्र के उच्चारण के साथ धारण करता है - 'मरुता-मसि मरुतायोजो पां धारां भिन्धि'[2] फिर वह निम्नलिखित मन्त्र से पछुवा हवा

---

1. कारीरीष्टि का विवरण निम्नस्थलों पर मिलता है - तै0सं0 2/4/7-10, का0सं0 11/9/10, मै0सं0 2/4/7-8, बौ0श्रौ0 13/37-40; आप0श्रौ0 19/25/16-27, मानव श्रौ0 5/2/6, आश्व0श्रौ0 2/13/1-7.

2. तै0सं0 2/4/7/1 आदि ।

को पीछे ढकेलता है - 'रमयत मरुत: श्येनमायिन: मनोजवसं वृषणं सुवृष्टिम् । येन शर्ध उग्रमवसृष्टमेति तदश्विना परिधन्तं स्वस्ति ॥'[1] (मरुतों ! मन के समान क्षिप्र-गति शक्तिशाली, यशस्वी श्येन जैसे वेगवान को रोक लो, हे अश्विनौ ! जिससे (मरुतों का) उग्र दल छूट चलता है, उसे कल्याण के लिये घेर लो ।') तब घोड़े को बन्धन से मुक्त किया जाता है और यजमान अपने उत्तरीय से उस पर आघात करता है । इसके बाद आठ 'वातनामा' होम आठ मन्त्रों से किये जाते हैं । तब कृष्णा-जिन पर रखे गये करीर के सत्तू' को काले मधु के साथ इस मन्त्र से मिलाता है - 'मान्दा वाशा: शुन्ध्यूरजिरा: । ज्योतिष्मतीस्तमस्वरीरुन्दती: सुफेना: मित्रभृत: क्षत्रभृत: सुराष्ट्रा इह मावत ॥ (प्रसन्न करने वाले, वशवर्ती, पवित्र करने वाले, क्षिप्रगति वाले, ज्योतिष्मान् , अन्धकार-भरे, भिगाने वाले, सुन्दर फेन वाले मित्र-रक्षक, क्षत्र के सहायक सुन्दर राष्ट्र वाले (मरुद्गण !) यहाँ मेरी सहायता करें ।) । इस मधुमिश्रित सत्तू के वह तीन पिण्ड बनाता है और इन्हें शकट के पहले छत पर लटका देता है । कृष्णाजिन के दोनों छोरों को रस्सी से बाँध देता है । यदि इसके बाद एक दिन एक रात तक भी वर्षा न हो तो सत्तू के पिण्डों को दूसरे छत पर और फिर भी वर्षा न होने पर तीसरे छत पर बाँधता है । फिर वर्षा होने पर या न होने पर भी इन तीन पिण्डों को निम्नलिखित तीन मन्त्रों से आह्वनीय में डालता है -- 'दिवा चित् तम: कृण्वन्ति पर्जन्येनोदवाहेन । पृथिवीं-यद् व्युन्द-न्ति'[2] (जल-वाहक पर्जन्य के साथ वे (मरुद्गण !) दिन में भी अँधेरा कर देते हैं, जब वे पृथ्वी को जल से सींचते हैं ।), 'आ यं नर: सुदानवो ददाशुषे दिव: कोशम-चुच्यवु: । विपर्जन्या: सृजन्ति रोदसी अनु धन्वनायन्ति वृष्टय:'[3] (सुन्दर दानशील

---

1. तै०सं० 2/4/7/1; काठ०सं० 11/13

2. तै०सं० 2/4/7/2; काठ०सं० 11/9, मै०सं० 2/4/7

3. ऋ०सं० 1/38/9

नर ¸मरूद्‌गण¸ हविष् प्रदान करने वाले के लिये द्युलोक के ¸जल¸ कोश को च्युत् कर देते हैं, द्युलोक अन्तरिक्ष लोक से वृष्टियाँ छूट पड़ती हैं, मरुभूमि में वृष्टियाँ आ पड़ती हैं ।¸ और 'उदीरयथा मरुत: समुद्रतोयूयं वृष्टिं वर्षयथा पुरीषिण: । न वो दस्रा उप दस्यन्तिधेनव: शुभं यातामनु रथा श्रृवत्सत ।'[1] '¸पुरीष ¸उर्वराशक्ति¸ युक्त मरूतों । तुम समुद्र के वृष्टि को प्रेरित करते हो, तुम वर्षा को बरसाते हो । हे विलक्षण ¸मरुतों¸ तुम्हारी गायें धोखा नहीं देतीं, अपने शुभ गमनों में तुम रथों को जोड़ते हो ।'¸ ।

करीर - पिण्डों के जलने से उठने वाले धुएँ को वह इस मन्त्र से देखता है - 'असितवर्णा हरय: सुपर्णा मिहो वसाना दिवमुत्पतन्तित आववृत्रन्त्सदनानि कृत्वा दित्पृथिवी घृतैर्व्यद्यते ॥'[2] ¸सुन्दर पंखों वाले कृष्ण-वर्ण घोड़े ¸मरूद्‌गण¸, वृष्टि का परिधान धारण किये द्युलोक की ओर उड़ते हैं, ¸वहाँ¸ निवास बनाकर इस ¸पृथिवी¸ की ओर मुड़ते हैं, तब पृथ्वी घृत ¸जल-वृष्टि¸ से गीली हो जाती है।¸

अगले दिन 'धामच्छद अग्नि' के लिये अष्टाकपाल, पुरोडाश, मरुतों के लिये सप्तकपाल पुरोडाश और सूर्य के लिये एककपाल पुरोडाश निवेदित किया जाता है । मरुतों के पुरोडाश की पुरानवाक्या ॠ०सं० 83/6 और याज्या ॠ०सं० 1.64.6 हैं । ये दोनों ॠक् वृष्टि प्रदान करने वाले मरुतों को सम्बोधित करते हैं । इसके बाद स्विष्टकृत् याग से पहले तीन आज्य आहुतियाँ दी जाती हैं, काली भेड़ के ऊपर भी एक घृताहुति दी जाती है 'वर्षाहु' के गुच्छे पर एक घृताहुति देकर उसे आह्वनीय में डाला जाता है और फिर कृष्णाजिन को वेदी में झाड़ा जाता है । यही इस इष्टि की प्रक्रिया है ।

---

1. ॠ०सं० 5/55/5
2. तै०सं० 3/1/11/4, तै०सं० 2/3/3/5, बौ०श्रौ० 13/26, आप०श्रौ० 19/21/19-22

कारीरीष्टि की प्रक्रिया से स्पष्ट है कि मरुतों का वृष्टि से घनिष्ट सम्बन्ध है और वे वृष्टि की कामना पूर्ण करने वाले हैं ।

2. मैत्रायणी संहिता (2/2/8) में वृष्टि की कामना से 'आग्निमारुत' चरु निवेदित करने का विधान मिलता है ।

3. जनता में ब्राह्मणों के प्रति सौमनस्य उत्पन्न करने के लिये ब्रह्मणस्पति के लिए एकादश-कपाल पुरोडाश का विधान किया गया है, परन्तु इसके पुरोनुवाक्या तथा याज्या के लिये मरुत-सम्बन्धी ऋचाओं (ऋ0सं0 8/7/11 तथा ऋ0सं0 1/85/12) का विधान किया गया है ।[1] ऐसा संभवतः इसलिये किया गया है, क्योंकि मरुद्गण देवों के 'विशः' (प्रजायें) हैं ।

4. ब्रह्मवर्चस की कामना के लिये ब्रह्मणस्पति को चरु निवेदित करने का विधान है और इसमें पुरोनुवाक्या तथा याज्या मन्त्र मरुत्-सम्बन्धी रखे गये हैं ।[2]

5. भूति-काम राजन्य के लिये इन्द्र को एकादशकपाल पुरोडाश तथा मरुतों को सप्तकपाल पुरोडाश निवेदित करने के लिए कहा गया है ।[3]

6. मृगारेष्टि[4] - इस इष्टि को 'रहस्येष्टि' तथा 'महापवित्रेष्टि' भी

---

1. तै0सं0 2/3/3/5, बौ0श्रौ0 13/26, आप0श्रौ0 19/21, 19-22
2. मै0सं0 2/2/3, काठ0सं0 11/4
3. मै0सं0 2/1/9, मानव श्रौ0 5/1/7/1-2
4. तै0सं0 7/5/22 में यह इष्टि अश्वमेध के प्रसंग में विहित है । इसके अन्य स्थल हैं - मै0सं0 3/15/11, 3/16/5, काठ0सं0 5/19, 22/15, बौ0श्रौ0 28/1.

भी कहा गया है । हृदयरोग अथवा महापातक को दूर करने के लिये अथवा ऐसे व्यक्ति के लिये, जिस पर कोई अपराध थोपा गया हो या जिस पर देवों, ब्राह्मणों, ऋषियों, पितरों या गायों की अकृपा हो गयी हो, इस इष्टि का विधान किया गया है । इसमें मुख्यत: दस देवों को हविष् प्रदान की जाती है -

1. अंहोमुच अग्नि को अष्टाकपाल पुरोडाश,
2. अंहोमुच इन्द्र को एकादशकपाल पुरोडाश,
3. आगोमुच् मित्रावरुणों को पयस्या,
4. आगोमुच् वायु तथा सवितृ को चरु,
5. आगोमुच् अश्विनों को भूँजे हुये धान,
6. एनोमुच् मरुतों को सप्तकपाल पुरोडाश,
7. एनोमुच् विश्वेदेवा: को द्वादशकपाल पुरोडाश,
8. अनुमति को चरु,
9. वैश्वानर अग्नि को द्वादशकपाल पुरोडाश,
10. अंहोमुच् द्यावापृथिवी को द्विकपाल पुरोडाश ।

7. यदि किसी के घर में यमल पत्र अथवा बछड़े उत्पन्न हों तो इसे अग्नि सहित मरुतों के लिये त्रयोदश कपाल पुरोडाश का निर्वपन करने के लिये कहा गया है ।[1]

---

1. मै0सं0 2/1/8; ऐ0ब्रा0 7/9,
   द्रष्टव्य है कि मै0सं0 में यह पुरोडाश केवल मरुतों के लिए है, जबकि ऐ0ब्रा0 में मरुत्वान् अग्नि के लिये है ।

8. यदि प्रजा राजा को अभिभूत करना चाहे तो प्रजा मरुतों के लिये सप्तकपाल पुरोडाश का निर्वपन करे ।[1] इस इष्टि में सामिधेनी ऋचाओं के लिये 'कयाशुभीय' सूक्त ऋ॰सं॰ 1/165ऋ की पहली ।। ऋचाओं को पढ़ने का विधान है और शेष 4 ऋचाओं में से पहली-दो मुख्य याग की पुरोनुवाक्या और याज्या के रूप में तथाशेष दो स्विष्टकृत् याग की पुरोनुवाक्या तथा याज्या के रूप में विहित हैं ।

9. यदि कोई राजा और प्रजा के बीच झगड़ा कराने का इच्छुक हो तो उसके लिये इन्द्र के लिये एकादशपाल तथा मरुतों के लिये सप्तकपाल पुरोडाश निर्वपित करने का विधान किया गया है ।[2] इसमें इन्द्र के पुरोडाश की पुरोनुवाक्या इन्द्र-सम्बन्धी ऋक् तथा याज्या मरुत-सम्बन्धी ऋक् होती है और इसी प्रकार मरुतों के पुरोडाश की पुरोनुवाक्या मरुत्-सम्बन्धी ऋक् तथा याज्या इन्द्र सम्बन्धी ऋक् होती है । स्पष्ट है कि इस दृष्टि में इन्द्र राजा के प्रतीक और मरुतः प्रजा के प्रतिनिधि हैं ।

---

1. मै॰सं॰ 2/1/8, मानव श्रौ॰ 13/19, सत्याषाढ श्रौ॰ 22/3/14, 15, मानवश्रौ॰ 5/1/7/3-16, आश्व॰श्रौ॰ 2/11/13-27.

2. तै॰सं॰ 2/2/11 , मै॰सं॰ 2/2/6, काठ॰सं॰ 11/3, बौ॰श्रौ॰ 13/20, आप॰ श्रौ॰ 19/20/3-4, सत्याषाढ श्रौ॰ 22/3/20, मानव श्रौ॰ 5/1/10/1-9, आश्व॰श्रौ॰ 2/11/10-12,
शां॰वा॰श्रौ॰ 3/6/1-3.

10. अपने सजातों का सौमनस्य प्राप्त करने के लिये मरुतों को चितकबरी गाय के दूध में चावल पकाकर (प्रैयङ्गवं चरुं पृश्न्याः दुग्धे) निवेदित करने का विधान का०सं० 10-11 में किया गया है ।

11. संज्ञानीष्टि[1] - अपने सजातों का सौमनस्य प्राप्त करने के लिये इस इष्टि का विधान किया गया है । इसमें वसुमत् अग्नि के लिये अष्टाकपाल पुरोडाश, रुद्रवत् सोम के लिये चरु मरुतों सहित इन्द्र के लिये तथा आदित्ययुक्त वरुण के लिये चरु निवेदित करने का विधान है ।

## चातुर्मास्य[2]

चार-चार महीनों वाले होने के कारण चातुर्मास्यों का सम्बन्ध वर्ष की ऋतुओं से है । अग्नि होत्र तथा दर्शपूर्णमास की भाँति ये तीन वर्णों के लिए नित्य भी हैं । पूर्णिमा के दिन सम्पादित होने के कारण ये पर्व कहलाते हैं । इनकी संख्या चार है-

1. वैश्वदेव पर्व
2. वरुणप्रवास पर्व
3. साकमेधपर्व और
4. शुनासीरीय पर्व ।

---

1. तै०सं० 2/2/11, मै०सं० 2/2/6, काठ०सं० 11/3, बौ०श्रौ० 13/20, आप० श्रौ० 19/20/3-4, सत्याषाढश्रौ० 22/3/20, मानवश्रौ० 5/1/10/1-90, आश्व०श्रौ० 2/11/10-12, शांखा०श्रौ० 3/6/1-3.

2. यद्यपि ब्राह्मण-ग्रन्थों तथा कृष्ण-यजुर्वेद की संहिताओं में चातुर्मास्यों को राजसूय के अङ्ग रूप में रखा गया है, परन्तु श्रौत-सूत्रों में इन्हें सप्त हविः संस्थाओं में स्थान दिया गया है ।

ये याग दर्शपूर्णमासेष्टि की प्रकृति पर किये जाते हैं । इनमें ब्रह्मा, होता, अध्वर्यु और आग्नीध्र चार ऋत्विजों की आवश्यकता होती है । केवल वरुणप्रघास में प्रतिप्रस्थाता नामक पाँचवाँ ऋत्विज् भी होता है ।

1. वैश्वदेवपर्व[1] फाल्गुन अथवा चैत्र की पूर्णिमा को किया जाता है । इस याग के पहले वाले दिन अन्वारम्भणीयेष्टि अथवा वैश्वानर-पार्जन्येष्टि की जाती है । वैश्वानर-पार्जन्येष्टि में वैश्वानर अग्नि और पर्जन्य को क्रमशः द्वादशकपाल पुरोडाश तथा चरु का विधान है ।

इस याग में अधोलिखित आठ मुख्य आहुतियों का विधान है :

1. अग्नि के लिए अष्टाकपाल पुरोडाश
2. सोम के लिए चरु
3. सविता के लिए द्वादशकपाल पुरोडाश
4. सरस्वती के लिए चरु
5. पूषा के लिए पिष्टक चरु
6. मरुतों के लिए सप्तकपाल पुरोडाश
7. विश्वेदेव के लिए आमिक्षा तथा
8. द्यावापृथिवी के लिए एक कपाल पुरोडाश ।

इसमें 9 प्रयाज एवम् 9 अनुयाज होते हैं ।

---

1. वैश्वदेवपर्व का विवरण इन स्थलों पर मिलता है - तै०सं० 1/8/2, मै०सं० 1/10/1, 5-9, काठ०सं० 9/4, 36/1-4, कपि०सं० 8/7, तै०ब्रा० 1/4/10, शत०ब्रा० 2/5/1, 2/6/45, शां०ब्रा० 5/1-2, गो०ब्रा० 2/1/19-20, बौ०श्रौ० 5/1/4, भार०श्रौ० 8/1/3, आप०श्रौ० 8/1/4, सत्या०श्रौ० 5/1, 6/8, वैखा०श्रौ० 8/3-8, मानवश्रौ० 1/7/1-2, वारा०श्रौ० 1/7/1, कात्या०श्रौ० 4/5/3, 5/6, लाट्या०श्रौ० 4/12/15-18, द्रा०श्रौ० 12/4/20-24, वै०श्रौ० 8/8-16, 43/30, आश्व०श्रौ० 2/15-16, शां०श्रौ० 3/13.

2. वरुणप्रघास[1] वैश्वदेव पर्व के सम्पादन के चार महीने पश्चात् आषाढ़ अथवा श्रावण की पूर्णिमा को द्वितीय ऋतुयाग वरुणप्रघास किया जाता है। गार्ह-पत्य अथवा आह्वनीय अग्नि के पूर्व की ओर दो वेदियाँ बनायी जाती हैं। इनमें से उत्तरदिशा की वेदी अध्वर्यु के लिए और दक्षिण दिशा की वेदी प्रतिप्रस्थाता के लिए होती है। उत्तरवेदी पर आवश्यक मंत्रों के साथ दक्षिण वेदी पर बिना मंत्रों के ही 'प्रयाज' आदि सहायक कृत्यों का भी सम्पादन किया जाता है। इस पर्व में 9 मुख्य आहुतियाँ होती हैं :-

1. अग्नि के लिए अष्टाकपाल पुरोडाश
2. सोम के लिए चरु
3. सविता के लिए द्वादश कपाल पुरोडाश
4. सरस्वती के लिए चरु
5. पूषा के लिए पक्व तण्डुलचूर्ण
6. इन्द्राग्नी के लिए एकादशकपाल-पुरोडाश।
7. मरुतों के लिए आमिक्षा
8. वरुण के लिए आमिक्षा और (प्रजा-पति) के लिए एकपाल पुरोडाश।

उपवसथ को अध्वर्यु और प्रतिप्रस्थाता दोनों ही वत्सापकरण एवम् दर्भ मुष्टि तथा समिधाओं के आनयन के कृत्य सम्पादित करते हैं। सायंतन अग्निहोत्र के अनन्तर अध्वर्यु एवम् प्रतिप्रस्थाता दोनों दूध उबालते हैं और इसे आगामी दिन की आमिक्षा के लिए जमाते हैं।

---

1. वरुणप्रघास के लिये द्रष्टव्य - तै०सं० 1/8/3, मै०सं० 1/10/1, 1C-13, काठ० सं० 9/4, 36/5-7, कपि०सं० 8/7, तै०ब्रा० 1/6/4-5, शत०ब्रा० 2/5/2, शां०ब्रा० 5/3/4, गो०ब्रा० 2/1/21-22, बौ०श्रौ० 5/5/9, भार०श्रौ० 8/4-10, आप०श्रौ० 8/5- सत्या०श्रौ० 5/2, 6/8, मान०श्रौ० 1/7/3-4, 5/2/15-28, वारा०श्रौ० 1/7/2, कात्या०श्रौ० 1/3/21, 5/3-8-19, लाद्या०श्रौ० 5/1/1-10, द्राह्या०श्रौ० 13/1/1-12, बौ०श्रौ० 8/17-23, आश्व०श्रौ० 2/17, शां०श्रौ०3/14

आगामी दिन अर्थात् पूर्णिमा के दिन प्रातः अग्निहोत्र के अनन्तर अध्वर्यु दर्भ-प्रसारण कृत्य करके हवि-सामग्रियाँ तैयार करता है। जबकि अध्वर्यु वरुण के लिए अभिक्षा तैयार करता है प्रति प्रस्थाता मरुतों के लिए आभिक्षा तैयार करता है। तदनन्तर अध्वर्यु अथवा यजमान-पत्नी यवचूर्ण से छोटी-छोटी मूर्तियाँ बनाती है जिनकी संख्या यजमान के परिवार के सदस्यों की संख्या से एक अधिक होती है। अध्वर्यु यवचूर्ण से एक मेष बनाता है और प्रतिप्रस्थाता एक शृङ्गविहीन मैषी।

तदनन्तर अध्वर्यु और प्रति प्रस्थाता। अपनी अपनी वेदियों का निर्माण करते हैं। अध्वर्यु एक चात्वाल-गर्त खोदता है और इस खुदाई से प्राप्त मिट्टी के द्वारा अपनी वेदी के पूर्व में उत्तरवेदी तैयार करता है। इसके पश्चात् अध्वर्यु और प्रतिप्रस्थाता दोनों ही यज्ञाग्नि को अपनी अपनी वेदियों पर लाते हैं। इस अग्नि-प्रणयन कहते हैं। अध्वर्यु यज्ञाग्नि को उत्तरवेदी पर ले जाता है तथा अध्वर्यु और प्रतिप्रस्थाता दोनों अपनी अपनी वेदियों का द्वितीय संस्कार सम्पन्न करते हैं।

वेदियों पर हवि-स्थापनादि कर्मों के अनन्तर अध्वर्यु और प्रतिप्रस्थाता अलग-अलग मंथन करते हैं। मन्थन से उपलब्ध अग्नि को आहवनीय अग्नि से मिलाकर यजमान पत्नी से प्रश्न करते हैं 'तुम्हारे कितने उपपति हैं?' यदि यजमानपत्नी अपने उपपतियों का नाम बता देती हैं तो उसे व्यभिचार जन्य पाप से मुक्ति मिल जाती है अन्यथा उसे अपने पति एवम् बच्चों से हाथ धोना पड़ता है। तदनन्तर यजमान और उसकी पत्नी प्रतिप्रस्थाता की अग्नि में यव की अल्पमूर्तियाँ डालते हैं।

एतदनन्तर अध्वर्यु और प्रतिप्रस्थाता अपनी अपनी आहवनीयाग्नि से प्रयाज के प्रारम्भिक कर्मों को सम्पादित करते हैं और अध्वर्यु प्रधान आहुतियों से आरम्भ करता है। अध्वर्यु के द्वारा प्रथम 6 आहुतियों के प्रदान के अनन्तर प्रतिप्रस्थाता यव-निर्मित शृंग-विहीन मेषी के साथ मरुतों के लिए आमिक्षा की आहुतियाँ देता है। इसी समय अध्वर्यु सशृंग यव-मेष के साथ वरुण को आभिक्षा की आहुति प्रदान

करता है । इसके पश्चात् अध्वर्यु के लिए अन्तिम आहुति प्रदान करता है । एतद-नन्तर स्विष्टकृत से लेकर शंयुवाक तक के कृत्यों को पूर्ण करके अध्वर्यु और प्रतिप्रस्थाता वाजिन की आहुति प्रदान करते हैं । अध्वर्यु तीन समिष्ट यजुष् आहुतियाँ प्रदान करता है और प्रतिप्रस्थाता एक । इसके पश्चात् विष्णुकर्म तक के कृत्यों का सम्पादन कर सभी जलाशय की ओर जाते हैं और स्नान करते हैं । इस कृत्य को 'अवभृथ' कहा जाता है ।

प्रतिपदा के दिन यजमान पौर्णमास यज्ञ करके वैश्वदेव पर्व समाप्ति के अनन्तर क्रियमाण मुण्डन की भाँति अपने शिर को मुंडित कराता है ।

साकमेध[1]

वरुणप्रधास के चार महीने पश्चात् कार्तिक अथवा मृगशिरा में चतुर्दशी एवम् पूर्णिमा को तृतीय चातुर्मास्य पर्व अर्थात् साकमेध किया जाता है । इस पर्व में मुख्य चार कृत्य होते हैं -

---

1. साकमेध-पर्व के लिये द्रष्टव्य - तै0सं0 1/8/4-6, मै0सं0 1/10/1, 14-20, का0ठ0सं0 9-5-7, कपि0सं0 8/8/10, तै0ब्रा0 1/6/6-10, शत0ब्रा0 2/5/3-4, 2/6, 1-3, शां0ब्रा0 5/5/7, गो0ब्रा0 2/1/23-25, बौ0श्रौ0 5/10-17, भार0श्रौ0 8/11/12, आप0श्रौ0 8/9-19, सत्या0श्रौ0 5/3-5, 6/8, वै0श्रौ0 9/1/12, मान0श्रौ0 1/7/5-7, 5/2/15/31, वार0 श्रौ0 1/7/3-4, कात्या0 श्रौ0 5/28, 5/6-10, लाट्या0श्रौ0 5/1/11, 5/3/13, द्राह्या0श्रौ0 13/1/13, 13/1/11, वै0 श्रौ0 1/9, 1-23, आश्व0 श्रौ0 2/15/9, 18-19, शां0श्रौ0 3/15-17.

1. अनीकवतीष्टि 3. पितृयज्ञ
2. महाहवींषि 4. त्र्यम्बक हवींषि

क्रीडिनेष्टि को छोड़कर अन्य सभी इष्टियाँ चतुर्दशी को सम्पादित की जाती हैं और शेष तीन कृत्यों का सम्पादन पूर्णिमा को होता है ।

चतुर्दशी के दिन प्रात:कालिक अग्निहोत्र के अनन्तर अनीकवतीष्टि की जाती है । इसमें अग्नि अनीकवन्त देवता एवम् अष्टाकपाल पुरोडाश द्रव्य होता है । इस इष्टि के कृत्यों का समारम्भ इस प्रकार किया जाता है कि हविर्निर्वाण सूर्योदय के समय हो । तदनन्तर मध्याह्न में सांतपनीष्टि सम्पादित होती है जिसमें सांतपन मरुत् देवता तथा मरु द्रव्य होता है । इसमें मध्याह्न में हविर्निर्वाण होता है । सायंकाल गृहमेधीयेष्टि होती है जिसमें गृहमेधी मरुत देवता एवम् पयस्या द्रव्य होता है । गृहपति की सभी गायें दुही जाती हैं और प्राप्त दूध में यजमान के परिवार के सभी सदस्यों के खाने भर के लिए ओदन तैयार किया जाता है । इस इष्टि में आधार, प्रयाज, अनुयाज एवम् सामिधेनी आदि सहकृत्यों का सम्पादन नहीं होता है । केवल आज्यभाग की आहुति एवम् स्विष्टकृत का विधान है । यह इष्टि सायंतन अग्निहोत्र के अनन्तर की जाती है । इष्टि समाप्ति के अनन्तर यजमान के परिवार के सभी सदस्य ओदन ग्रहण करते हैं । यजमान कार्यरत यजमान पत्नी एवम् कार्यरत ऋत्विज अपनी आँखों में सुरमा (Collyrium) एवम् शरीरों में नवनीत केवल एक आपालित वत्स (adopted calf) बाँध दिया जाता है । सभी लोग प्रसन्नतापूर्वक रात्रि व्यतीत करते हैं । पूर्णिमा के दिन क्रीडिन् मरुत् देवता एवम् सप्तकपाल पुरोडाश द्रव्य के साथ सूर्योदय के समय-क्रीडिनेष्टि सम्पादित की जाती है । तत्पश्चात् महाहवींषि की विधि समारब्ध होती है । इसमें आठ याग होते हैं । प्रथम पाँच तो वैश्वदेव जैसे होते हैं शेष तीन इन्द्राग्नी के लिए पुरोडाश लगाते हैं । गायों के बछड़े उन्मुक्त कर दिये जाते हैं । इन्द्र अथवा महेन्द्र के लिए चरु एवम् विश्वकर्मन् के लिए एककपाल पुरोडाश । वैश्वदेव की ही भाँति आहुतियाँ दी

जाती हैं परन्तु विष्णुक्रम के अनन्तर यजमान को यज्ञव्रत छोड़ने की अनुमति नहीं है ।

तत्पश्चात् अध्वर्यु महापितृयज्ञ-विधि आरम्भ करता है । इस यज्ञ के लिए दक्षिण अथवा दक्षिण पूर्व की ओर एक पृथक्वेदी निर्मित की जाती है । पितरों के निमित्त यह वेदी वर्गाकार होती है । पैतृक वेदी का निर्माण की तैयारी के आरम्भ अथवा समाप्ति में सम्पन्न किया जा सकता है । इसमें तो आहुतियाँ होती हैं - पितृयन्त सोम के लिए षट्कपाल पुरोडाश, बर्हिषद् पितरों के लिए धाना: एवम् अग्निष्वात पितरों के लिए, धाना: एवं प्राप्त आपालित वत्ससम्बद्धा गो-दुग्ध मिश्रित चूर्ण । इसके पश्चात् त्र्यम्बक आहुतियों की विधि समारब्ध होती है जिसके अनन्तर अदिति के लिए यजन किया जाता है ।

दो, तीन साकमेधपर्व के चार दिन अथवा महीने भर के पश्चात् शुनासीरीय-पर्व[1] सम्पन्न किया जाता है । इस पर्व में दस मुख्य आहुतियाँ हैं । इसमें मरुतों के लिए कुछ भी विहित नहीं है ।

चातुर्मास्यों के प्रसंग में यह द्रष्टव्य है कि अवभृथ केवल वरुणप्रधास में विहित है, अग्निप्रणयन और उत्तरवेदी वरुणप्रधास एवम् साकमेध में तथा अग्निमंथन एवम्

---

1. शुनासीरीय-पर्व के लिये द्रष्टव्य - तै0सं0 1/8/7, मै0सं0 1/10/1, 4/3/3, काठ0सं0 15/2, तै0ब्रा0 1/4/10, शत0ब्रा0 2/6/3, शां0ब्रा0 5/8/10, गो0ब्रा0 2/1/26, बौ0श्रौ0 5/18, भार0श्रौ0 8/23, आप0श्रौ0 8/20-22, सत्या0श्रौ0 5/6, 6/8, वैखा0श्रौ0 9/12, मान0श्रौ0 1/7/8, 1-11, वार0 श्रौ0 1/7/5, 1-4, कात्या0श्रौ0 4/5/7, 5/11/1-06, लाट्या0श्रौ0 3/5/14, द्राह्या0श्रौ0 13/3/12, वैता0श्रौ0 9/24-27, आश्व0श्रौ0 2/20, शां0श्रौ0 3/18.

उसका आहवनीय के साथ मिश्रीकरण चारों पर्वों में विहित है। चातुर्मास्यों को पशु तथा सोमयागों के आधार पर भी सम्पन्न किया जा सकता है।

2. पशुयाग को निरूढपशुबन्ध[1] कहा जाता है। ब्राह्मण ग्रन्थ इसे स्वतंत्र याग नहीं स्वीकार करते अपितु सोमयाग में अन्तर्भूत आग्नीषोमीय पशुयाग को पशु यागों की प्रकृति मानते हैं। दूसरी ओर श्रौतसूत्र निरूढपशुबन्ध को एक स्वतंत्र याग तथा अग्नीषोमीय पशुयाग को उसकी विकृति मानते हैं।

श्रौतसूत्रों के अनुसार यह याग या तो वर्ष में एक बार या प्रत्येक छः महीने पर एक बार सम्पादित किया जाता है। इस याग की मुख्य देवता इन्द्राग्नी, सूर्य अथवा प्रजापति तथा छाग पशु होता है। अध्वर्यु, प्रतिप्रस्थाता, होता, मैत्रावरूण (प्रशास्ता) ब्रह्मा और आग्नाध्र 6 ऋत्विज् याग-संचालन करते हैं। प्रतिप्रस्थाता अध्वर्यु का और मैत्रावरूण होता का सहायक होता है। पुरोनुवाक्यायें मैत्रावरूण के द्वारा तथा याज्यायें होता के द्वारा पढ़ी जाती है। इसमें भी मरुतों के लिए कुछ भी नहीं विहित है।

3. यद्यपि निरूढपशुबन्ध की प्रक्रिया में मरुतों का कोई स्थान नहीं है, परन्तु कतिपय काम्य पशुयागों में मरुतों में स्वतन्त्र रूप से अथवा इन्द्र या अग्नि के

---

1. निरूढपशुबन्ध का विवरण कृष्ण यजुर्वेद की संहिताओं तथा अन्य संहिताओं के ब्राह्मण-ग्रन्थों में सोमयाग के अन्तर्गत अग्नीषोमीयपशुयाग के प्रसंग के मिलता है। केवल शत०ब्रा० में 11/7/1-4 पर इसके कुछ अंश की चर्चा है।

साथ उल्लिखित हैं। इनका विवरण इस प्रकार है -

1. अन्न-कामना की पूर्ति के लिये मरुतों के लिये पृश्नि (-चितकबरा पशु) का आलमन करने का विधान किया गया है।[1] कहा गया है कि मरुत् अन्न हैं और पृश्नि अन्न का रूप है, अतः पृश्नि के आलमन से मरुद्गण प्रसन्न होकर अन्न प्रदान करते हैं।

2. यदि प्रजा राजा के विरुद्ध आचरण करती हो तो राजा को इन्द्र के साथ-साथ मरुतों के लिये पृश्निसक्थ (चितकबरी जाँघ वाला) पशु का आलमन विहित है।[2]

3. ग्राम पर आधिपत्य की कामना के लिए मरुत्वान् इन्द्र के लिये 'पृश्नि-सक्थ के आलमन का विधान किया गया है।[3] ग्रामकामीराजन्य के लिये भी उपर्युक्त विधान है।[4]

4. वृष्टि की कामना से अग्नि सहित मरुतों के लिये 'पृश्नि' (चितकबरा पशु) का आलमन करने का विधान है।[5]

---

1. तै०सं० 2/1/6/2, तै०ब्रा० 2/8/5
2. का०ठ०सं० 13/3
3. तै०सं० 2/1/3/1, तै०ब्रा० 2/8/3
4. मै०सं० 2/5/8, 4/14/13
5. मै०सं० 2/5/7, 4/14/11

5. मुख्यतया सोम की आहुति वाले याग को सोमयाग[1] कहा जाता है। याग सम्पादन में लगने वाले समय के अनुसार यह चार प्रकार का होता है : एकाह, अहीन, सत्र और साद्यस्क्र। एकाह में दीक्षा एवम् प्रवर्ग्य आदि के साथ सोम केवल एक दिन प्रातः, मध्याह्न तथा सायम् आहुत किया जाता है। इस याग में पूरे पाँच दिन लगते हैं। अहीन में सोम एक से अधिक दिनों तक तीन बार आहुत किया जाता है। इसकी समय-सीमा बारह दिन है। इसके अनन्तर चलने वाला याग सत्र कहलाता है जो सौ रातों तक रात्रि सत्र एवम् उसके पश्चात् अयनसत्र कहलाता है। यदि सोम की सभी प्रमुख आहुतियाँ तथा सहकर्म एक ही दिन सम्पन्न हों तो साद्यस्क्र होता है।

सोमयाग की प्रकृति अग्निष्टोम हैं। इसकी यह संज्ञा इसके अन्त में गीयमान अग्निष्टोमसंज्ञक स्तोत्र के कारण है। सोमयाग के प्रारम्भ करने की दो ऐच्छिक विधियाँ विहित हैं। यजमान या तो वसन्त ऋतु में सोम-याग की दीक्षा के लिए किसी शुभ दिन का निश्चय कर उसी पक्ष की सप्तमी अष्टमी अथवा दशमी तिथि को अग्न्याधेय सम्पादित करे और उसके पश्चात् सोम-याग प्रारम्भ करे, या सर्वप्रथम अग्न्याधेय करके अग्निहोत्र से समारम्भ करते हुए उपयुक्त समयों पर दर्शपूर्णमास चातुर्मास्य एवम् पशु-याग इत्यादि सम्पन्न करे और तदनन्तर वसन्त में सोम-याग करे। उभयविधि समान महत्त्व की है।

---

1. श्रौत-कर्मकाण्ड में 'सोमयाग' का सर्वप्रथम स्थान होने के कारण कृष्णयजुर्वेद की संहिताओं, ब्राह्मणों तथा श्रौत-सूत्रों का बहुत बड़ा भाग, सोमयाग की प्रकृति 'अग्निष्टोम' तथा इसकी विकृतियों के विवरण से सम्बद्ध है। अतः संहिताओं ब्राह्मणों और श्रौतसूत्रों के स्थलों का निर्देश यहाँ अतिविस्तृत होने के कारण अनपेक्षित होगा।

सोम-याग के सम्पादन में ऋक्, यजुष्, साम तीनों वेदों का उपयोग होता है। अध्वर्यु, होता, ब्रह्मा, उद्गाता आदि चारों ऋत्विजों में प्रत्येक के तीन-तीन सहायक होते हैं। इस प्रकार ऋत्विजों के अधोलिखित वर्ग होते हैं :-

(अ) अध्वर्यु-वर्ग - 1. अध्वर्यु 2. प्रतिप्रस्थाता 3. नेष्टा 4. उन्नेता

(ब) ब्रह्म-वर्ग - 1. ब्रह्मा 2. ब्राह्मणाच्छंसिन् 3. आग्नीध्र 4. पोता

(स) होतृ-वर्ग - 1. होता 2. मैत्रावरुण 3. अच्छावाक 4. ग्रावस्तुत

(द) उद्गातृ-वर्ग- 1. उद्गाता 2. प्रस्तोता 3. प्रतिहर्ता 4. सुब्रह्मण्य।

उद्गाता एवम् उसके सहायकों का साम-गान स्तोत्र तथा होता एवम् उसके सहायकों का गान शस्त्र कहलाता है। शस्त्रों का पाठ ब्राह्मणाच्छंसी भी करता है। सोमयाग में स्तोत्रों एवम् शस्त्रों की संख्या सदैव बराबर होती है। प्रथमतः उद्गाता सोम प्रदान किये जाने वाले देवता के लिए स्तोत्र-पाठ करता है तदनन्तर होता उसी देवता के लिए शस्त्र-पाठ करता है।

## अग्निष्टोम

प्रथम दिन दीक्षा - अग्निष्टोम-सम्पादन के लिए इच्छुक यजमान वसन्त ऋतु की शुक्लपक्ष की अष्टमी, नवमी अथवा एकादशी के दिन यजन के लिए व्रत-ग्रहण करता है। वह एक सोम-प्रवाक का चयन करता है जो याग के लिए ऋत्विजों को आमंत्रित करने के लिए भेजा जाता है। सोम-प्रवाक ऋत्विजों के साथ यजमान के घर आता है जो उन्हें अपने ऋत्विजों के रूप में समावृत करता है और मधुपर्क एवम् अन्य उपहारों से उनका स्वागत करता है। तदनन्तर यजमान, यजमान-पत्नी एवम् ऋत्विज याग के लिए आवश्यक उपकरणों को लेकर याग-भूमि की ओर प्रस्थान करते हैं। यजमान वहाँ पर अपने शिर का मुण्डन तथा नाखूनों का कर्तन कराता है। यजमान एवम्

उसकी पत्नी स्नान करते हैं। इसी बीच अध्वर्यु अग्नि मंथन करता है और इसे उपयुक्त स्थानों पर संगृहीत करता है। इसके पश्चात् वह आग्नाविष्णु (अग्नि और विष्णु) के लिए एकादशकपाल पुरोडाश के द्वारा दीक्षणीयेष्टि सम्पादित करता है।

यजमान एवम् यजमान पत्नी अपने शरीरों को नवनीत से अभ्यंजित करते हैं एवम् आँखों में सुरमा लगाते हैं। यजमान आह्वनीय के पास एक कृष्णमृगचर्म आस्तीर्ण कर उसी पर आरूढ़ हो जाता है। वह कटि में मुंज मेखला एवम् शिर पर उष्णीष धारण कर लेता है। यजमान अपने वस्त्र में एक मृग-शृंग बाँधे रहता है जिससे यजन काल में कण्डूयन दूर किया जा सके। यजमान पत्नी भी यौक्त्र पहनती है तथा अपने शिर को आच्छादित रखती है। यजमान कनिष्ठिका एवम् अनामिका को छोड़कर सभी अंगुलियों सहित दोनों हाथों की मुट्ठियों को बाँध लेता है। तदनन्तर अध्वर्यु यजमान को देवों तथा मनुष्यों दोनों के लिए दीक्षित उद्घोषित करता है। यजमान एवम् यजमान पत्नी आकाश के तारकित होने तक शान्त बैठे रहते हैं, तत्पश्चात् अध्वर्यु-प्रत दुग्धपान करते हैं। यागदिवसों में उन्हें केवल दुग्ध ग्रहण करना पड़ता है।

द्वितीय दिन प्रातः प्रायणीयेष्टि की जाती है जिसमें पथ्यास्वस्ति, अग्नि, सोम, सवितृ और अदिति आदि पाँच देवताओं को आहुतियाँ प्रदान की जाती हैं। प्रथम चार को आज्य एवम् अदिति को चरु आहुत किया जाता है। चरु आह्वनीय पर पकायी जाती है। पकाने का वर्तन बिना माँजे याग-समाप्ति में सम्पाद्यमान उदनीयेष्टि के उपयोगार्थ रख दिया जाता है।

तदनन्तर सोम का क्रयण कर उसे दो हविर्धानों में स्थापित कर देते हैं। दो वृषभ शकट को खींचकर याग-भूमि तक लाते हैं। वहाँ दाहिनी ओर के वृषभ को मुक्त करके एवम् बाँयीं ओर के वृषभ को शकट-युक्त ही रखकर आतिथ्येष्टि

सम्पादित की जाती है जिसमें विष्णु को नवकपाल पुरोडाश प्रदान करते हैं। पुरो-डाश के लिए अन्न पीस उठने पर बायीं ओर वाला बैल भी मुक्त कर दिया जाता है। आहवनीय अग्नि के समीप एक राजसिंहासन स्थापित किया जाता है। सोम हाथ में लिए हुए यजमान सिंहासन के बगल खड़ा होता है। अध्वर्यु के द्वारा कृष्ण-मृगचर्माच्छादित सिंहासन पर सोम स्थापित कर दिया जाता है। आतिथ्येष्टि समाप्त कर ऋत्विज-गण एवम् यजमान आतिथ्येष्टि से प्राप्त आज्य का स्पर्श कर एक दूसरे के प्रति असत्य न सिद्ध होने का व्रत लेते हैं। यह कृत्य तानूनप्त्र कहलाता है। तदनन्तर सभी 'मदन्ती' संज्ञक उष्ण जल का स्पर्श करते हैं। इसे सोम के ऊपर भी छिड़कते हैं। इसे सोमापयायन कहते हैं।

तत्पश्चात् प्रवर्ग्य होता है। इसके लिए महावीर संज्ञक मृत्तिका-पात्र का निर्माण किया जाता है। यह पात्र कढ़ाही इतना ऊँचा एवम् दो कटि-तुल्य निर्मित युक्त तथा तीन भागों में विभक्त रहता है। उसी प्रकार के दो अतिरिक्त पात्रों का भी निर्माण किया जाता है। पात्र को समारूढ़ करने के लिए मुंज-तृण-निर्मिता सम्राडासन्दी तैयार की जाती है। अध्वर्यु गार्हपत्य के उत्तर अग्नि प्रज्वलित कर उस पर महावीर पात्र स्थापित कर देता है और उसमें आज्य उड़ेल कर सुनहले ढक्कन से ढक देता है। कृष्णमृगचर्म निर्मित यजन से अग्नि को व्यजन कर दिया जाता है। आज्य के संतप्त हो जाने पर महावीर को अग्नि से उतारकर एतन्निमित्तक सिंहासन पर समारूढ़ कर देते हैं। ऋत्विज् एवम् यजमान महावीर पर दृष्टि-निक्षेप करते हैं। इस कृत्य के आरम्भ से ही होता ऋचाओं का पाठ करता रहता है। इस स्थल तक उसका पाठ प्रवर्ग्याभीष्टव का पूर्व पटल है।

तदनन्तर अध्वर्यु गाय एवम् प्रति प्रस्थाता अजा को दुहते हैं। दोनों का दूध महावीर में उड़ेला जाता है। महावीर स्थित संतप्त आज्य में यह दुग्ध सम्मि-श्रण प्रवृंजन कहलाता है जिससे प्रवर्ग्य शब्द निष्पन्न होता है। महावीर के दुग्ध-युक्त होने के समय होतृ-पाठ प्रवर्ग्याभीष्टव का उत्तरपटल है।

प्रतिप्रस्थाता के द्वारा एक रौहिण पुरोडाश दिया जाता है। अध्वर्यु आहवनीय पर स्थित महावीर के दुग्ध मिश्रित आज्य को अश्विनों एवम् इन्द्र को प्रदान करता है। आज्य एवम् दुग्ध का यह सम्मिश्रण घर्म कहलाता है और इसके लिए दुही गयी धेनु धर्मधुक् कही जाती है। तदनन्तर घर्म की स्विष्टकृत आहुति आरम्भ होती है। इस बार अध्वर्यु महावीर को आहवनीय पर स्थापित करता है। इसके पश्चात् पात्र को उस स्थान पर रख दिया जाता है। जहाँ उसे संतप्त किया गया था। प्रतिप्रस्थाता द्वितीय रौहिण पुरोडाश प्रदान करता है। अध्वर्यु अग्निहोत्र करता है (Offers) । दो अतिरिक्त पात्रों तथा अन्य वर्तनों सहित महावीर-सम्राडासन्दी पर समारोपित कर दिया जाता है। प्रवर्ग्येष्टि प्रातः भी की जाती है। ऋचाओं के चयन में किंचित् परिवर्तन सहित एक ही विधि है।

तत्पश्चात् उपसदेष्टि की जाती है। इस इष्टि में अग्नि, सोम एवम् विष्णु को धान्य प्रदान किया जाता है। प्रवर्ग्य की भाँति उपसद भी सायंकाल संपादित की जाती है। ये दोनों इष्टियाँ द्वितीय, तृतीय एवम् चतुर्थ दिन सम्पादित की जाती है। इस प्रकार अग्निष्टोम में छः प्रवर्ग्य एवम् छः उपसद होते हैं।

प्रातःकालिक प्रवर्ग्य एवम् उपसदेष्टि करने के पश्चात् तृतीय दिन का मुख्य कर्म है महावेदी का निर्माण। महावेदी प्राचीनवंश के पूर्व उससे 6 कदम की दूरी के अन्तर पर बनायी जाती है। सोम-समारूढहविर्धानशकट महावेदी तक लाये जाते हैं। महावेदी के पश्चिमी कोने से तीन कदम पूर्व की ओर सदस् संज्ञक एक शाला निर्मित की जाती है। दाहिनी ओर के शकट की धुरी के अग्रभाग में चार ध्वनि करने वाले छिद्र बनाये जाते हैं। ये छिद्र पत्थरों के द्वारा सोमाभिषव के समय उत्पन्न ध्वनि को बढ़ा देते हैं और इस प्रकार भू-ढक्का (Earth-drum) का कार्य करते हैं। छिद्रों से निकाली गयी मिट्टी से 6 धिष्ण्यायें (fire-hearths) बनायी जाती है। ये चूल्हे दक्षिण से लेकर उत्तर तक फैले रहते हैं और मैत्रावरुण, होता, ब्राह्मणच्छंसी, पोता, नेष्टा और अच्छावाक् के लिए होते हैं। सदस् के बाहर वेदी

के दाहिने और वर्तनों के शुद्धीकरणार्थ एक मार्जालीय चुल्लिका निर्मित की जाती है। आहवनीय के लिए पर्णशाला मार्जालीयचुल्लिका के विपरीत दिशा में बनायी जाती है। सायंकाल प्रवर्ग्य और उपसद इष्टियाँ की जाती हैं।

चतुर्थ दिन का मुख्यकृत्य है अग्नि एवम् सोम के लिए पशुयाग का सम्पादन और यदि यजमान के यहाँ पिछली तीन पीढ़ियों से सोमयाग नहीं हुआ तो इन्द्र एवम् अग्नि तथा अश्विनों के लिए भी पशुयाग किया जाता है। निरूढपशुबन्ध एवम् पशुयाग में समानता है। प्रारम्भ में मंत्रोच्चारणपूर्वक अग्नि एवं सोम को उत्तरवेदी तक लाया जाता है। इस कृत्य को अग्निसोम प्रणयन कहते हैं। प्रातः एवं सायम् प्रवर्ग्य तथा उपसद किये जाते हैं। रात्रि में अध्वर्यु एक जल-पूरित कलश लाकर सुरक्षित स्थान पर रख देता है यह जलवसतीवरी कहलाता है। प्रतिप्रस्थाता गाय का दूध दुहकर उसे आगामी दिन के लिए जमा देता है। यजमान सोम की रक्षा करता हुआ रात्रि-जागरण करता है।

पंचम दिन के कृत्य का समारम्भ काफी रात बीत जाने पर होता है। अध्वर्यु आवश्यक सामानों को यथास्थान रखता है। तदनन्तर वह होता को प्रातरनुवाक् पाठ से समारम्भ करने के लिए आहूत करता है। होता पक्षियों के कलरव के पहले पाठ आरम्भ कर देता है।

प्रातरनुवाक् में अग्नि, उषस् और अश्विनों से सम्बद्ध गायत्री, अनुष्टुभ्, त्रिष्टुभ्, बृहती, उष्णिक्, जगती एवम् पंक्ति छंदों में निबद्ध सूक्त होते हैं। पाठ्यमान मंत्रों की संख्या के विषय में ब्राह्मणों (ऐ० ब्रा० 7/7/7, कौ० ब्रा० 11/7) में एक सौ, एक सौ बीस, तीन सौ साठ, सात सौ बीस और एक हजार मंत्रों के पाठ के विकल्प प्रस्तुत किये गये हैं और अन्त में असंख्य मंत्रों के पाठ की भी व्यवस्था स्थापित की गयी है। आश्वलायन श्रौतसूत्र एवम् शाङ्खायन श्रौतसूत्र ने उपर्युक्त

छन्दों में उष्स् एवम् अश्विनों के मंत्रों के संग्रह प्रस्तुत किये हैं। प्रातरनुवाक् आप: को सम्बोधित मंत्र से प्रारम्भ होता है और आशीर्वचन से अन्त होता है।

होता के प्रातरनुवाक् पढ़ने पर, प्रतिप्रस्थाता हविष्पंचक-निर्माण करता है-- 1. इन्द्र हरिवन्त के लिए धाना 2. इन्द्रपूषन्वन्त के लिए करम्भ 3. इन्द्र सरस-वन्त के लिए परिवाप 4. इन्द्र के लिए पुरोडाश 5. मित्र एवम् वरूण समेत इन्द्र के लिए आमिक्षा।

अब वसतीवरी जल को होता और मैत्रावरूण के समक्ष में, पन्नेजनी में तथा एकधना नामक मृत्तिका-पात्रों में ग्रहण किया जाता है। जल को सोमाभिषवणस्थल पर लाते हैं। पन्नेजनी पात्र यजमान पत्नी लाती है। वसतीवरी के आनयन के समय होता आजोनस्त्रीयसूक्त ऋ० 10/30 का पाठ करता है जिसमें वह 'आप' को सम्बोधित किये गये कतिपय अन्य मंत्रों का समावेश कर लेता है और सूक्त के अन्तिम मंत्र से अपने पाठ का समापन करता है।

## दधिग्रह एवम् अन्य ग्रह

इसके पश्चात् दधिग्रह संज्ञक ग्रह में दधि-ग्रहण कर प्रजापति को प्रदान किया जाता है। प्रजापति को सोमरस पूरित अदाभ्यग्रह एवं अंशुग्रह संज्ञक दो अन्य ग्रह भी प्रदान किये जाते हैं। तदनन्तर उपांशुसंज्ञकग्रह को सोमपूरित कर प्राण को प्रदान करते हैं।

तत्पश्चात् अध्वर्यु एवम् उसके सहायक प्रतिप्रस्थाता, नेष्टा एवम् उन्नेष्टा सोमाभिषवण के लिए उपयुज्यमान मृगचर्म के चारों कोनों पर बैठते हैं। वे सोमांशुओं को कूटते हैं और रस अभिषुत करते हैं जिसे एक पात्र में संगृहीत किया जाता है। उद्गाता एवम् उसके सहायकों के द्वारा द्रोणकलश संज्ञक काष्ठपात्र के ऊपर एक काष्ठ-छलनी दी जाती है और इसी से सोम-रस उड़ेला जाता है। नलिका के द्वारा

सोम-रस की धारा उड़ेली जाती रहने पर अन्तर्यामग्रह को सोमरसपूरित कर इन्द्र को प्रदान किया जाता है। प्रवाहशील रस की धारा से ऐन्द्र वायव, मैत्रावरुण, शुक्र, मन्थिन, आग्रायण, उक्थ्य और ध्रुवा संज्ञक ग्रह आपूरित किये जाते हैं। ये ग्रह धारागृह कहलाते हैं जिन्हें आपूरित कर खर पर रख दिया जाता है।

तदनन्तर, अध्वर्यु, प्रस्तोता, प्रतिहर्ता उद्गाता, ब्रह्मा एवम् यजमान क्रमानुसार एक दूसरे का अवलम्बन ग्रहणकर सदस् के बाहर निकलते हैं। चात्वाल के समीप स्थित आष्टव में बैठे हुए प्रस्तोता उद्गाता एवम् प्रतिहर्ता बहिष्पवमान स्तोत्र का पाठ करते हैं। यह स्तोत्र सोम के शुद्धीकरणार्थ पढ़ा जाता है। कहा जाता है कि इस स्तोत्र के द्वारा शुद्ध हुए अश्विनों ने सोम-याग में भाग प्राप्त किया। तदनन्तर अध्वर्यु द्रोणकलश से अश्विनों के लिए एक ग्रह आपूरित कर खर पर स्थापित कर देता है।

सोमाभिषव के इस मुख्यदिन अग्नि अथवा इन्द्र और अग्नि अथवा अग्नि, सरस्वती, सोम, पूषन् , बृहस्पति, विश्वेदेव, इन्द्र, मरुत, इन्द्राग्नी, सविता और वरुण इन ग्यारह देवताओं को पशुयाग की विधि पर सवनीय पशु समर्पित किया जाता है। होता वसा (Omentum) पुरोडाश एवम् पशु के अङ्गों को आहुतियों के समय अनुवाक्या एवम् याज्या पढ़ता है। पूर्वनिर्मित हविष्पंक्त इस समय भी प्रदान किया जाता है।

तत्पश्चात् इन्द्र-वायु, मित्रावरुण और अश्विनों को होता से अनुवाक्या एवम् याज्या पाठ के साथ ग्रह आहुत किये जाते हैं। तदनन्तर चमसोन्नयन होता है। ऋत्विजों के ग्रहों के पूरित किये जाने पर मैत्रावरुण सूक्त पढ़ता है। इसी समय पूर्वपूरित शुक्र एवम् मन्थिन ग्रहों की आहुति सम्पन्न की जाती है। अध्वर्यु ऋत्विजों (होता, मैत्रावरुण, ब्राह्मणाच्छंसी, पोता, नेष्टा और आग्नीध्र) के पूरित ग्रहों से आहुतियाँ प्रदान करता है और वे याज्यायें पढ़ते हैं। इसे प्रस्थितहोम कहते

हैं। वे चमसों को अपने बायें हाथ की ओर ले जाकर अपने दाहिने हाथ को उनके ऊपर रख कर एक ऋचा का पाठ करते हुए आप्यायन सम्पन्न करते हैं। तत्पश्चात् ऋत्विजगण ग्रहों में बचे हुए सोम को बाँटकर ऋचा का पाठ करके अपने अपने वक्षस्थल का स्पर्श करते हैं। रिक्त ग्रहों को पुनः पूरित कर दक्षिणी सोम-शकट के नीचे स्थापित किया जाता है। ये ग्रहनराशंस कहलाते हैं।

अब अच्छावाक प्रकट होता है। वह अपनी धिष्ण्या के समक्ष सदस के बाहर आसीन होता है। अध्वर्यु उससे इच्छानुसार कही जाने वाली बात को कहने के लिए कहता है {अच्छावाक! वदस्व यत् ते वाद्यम्}। इस पर वह कतिपय ऋचायें पढ़ता है एवम् ऋत्विजों से आमंत्रण याचित करता है। यदि होता उसे आमंत्रित करने के लिए उद्यत नहीं परिलक्षित होता, वह और ऋचायें पढ़ता है। होता के द्वारा निमंत्रित कर दिये जाने पर, अध्वर्यु स्वकीय सोमरसपूरितचमस से आहुति प्रदान करता है और याज्यापाठ करता है। तदनन्तर वह अपने चमस का शेष उपभोग करता है।

## ऋतुग्रह

इसके पश्चात् ऋतुग्रहों की आहुति सम्पन्न होती है जिनकी संख्या बारह है और जिनमें से प्रत्येक मधु और इन्द्र, माधव और मरुद्गण शुक्र और त्वष्टा, शुचि और अग्नि, नभस और इन्द्र, नभस्य और मित्रावरुणौ, ईड और द्रविणोदा, ऊर्ज और द्रविणोदा; सहस्य और द्रविणोदा, तपस और अश्विन एवम् तपस्य और अग्नि गृहपति आदि दो-दो देवताओं को प्रदान किया जाता है।

अध्वर्यु एवम् प्रतिप्रस्थाता हवि-प्रदान करते हैं और ग्रहों का शेष सोमरस कार्यरत ऋत्विजों के द्वारा उपभुक्त किया जाता है। अब इन्द्र और अग्नि के लिए एक ग्रह तैयार किया जाता है एवम् होता आज्य शस्त्र पढ़ता है।

आज्य शस्त्र में गद्य में एक पुरोरुच् ऋक होती है। तत्पश्चात् सात ऋचाओं का सूक्त आता है और तदनन्तर याज्या ऋक् होता के याज्या-पाठ करते रहने पर अध्वर्यु पहले से तैयार किये गये ग्रह से इन्द्र और अग्नि के लिए हवि आहुति करता है। नराशंस ग्रह भी तैयार किये जाते हैं किन्तु उन्हें आहुत नहीं किया जाता।

स्तोत्र एवम् शस्त्र नियम: स्तोत्र शास्त्र के पहले आता है। इस प्रसंग में बहिष्यवमान स्तोत्र पहले से पढ़ा गया होता है। स्तोत्रों एवम् शस्त्रों की रचना जटिल है। इनकी प्रमुख विशेषतायें अधोलिखित हैं - ऋच् अथवा प्रगाथ को लय-समन्वित प्रस्तुति स्तोत्र कहलाती है। स्तोत्रों से ही मिश्रण विधि के द्वारा गेय स्तोत्रों की रचना सम्पन्न की जाती है। स्तोमों को त्रिवृत, पंचदश, सप्तदश, एकविंश त्रिणव, त्रयस्त्रिंश, चतुर्विंश आदि अनेक भेद हैं।

स्तोत्र की समाप्ति पर उद्गाता 'एषा' कहता है कि जिसका अर्थ है कि यह स्तोत्र को अन्तिम मंत्र है। यह स्तोता के शस्त्र आरम्भ करने का संकेत है। माध्यन्दिन एवम् सायंतन सवनों से पुरोरुक् पाठ कर निविद ग्रहण कर लेते हैं। परन्तु निविद पहले न प्रयुक्त होकर शस्त्र के कलेवर में समाहित हो जाते हैं। शस्त्र का अन्तिम मंत्र परिधानीय कहलाता है। तत्पश्चात् याज्या मंत्र द्वारा अध्वर्यु हवि-प्रदान करता है। सोमाभिषव के समय ग्रावस्तुत अभिषवण में उपयुज्यमान प्रस्तरों और पवमान सोम की प्रशंसा में मंत्रों का पाठ करता है।

माध्यन्दिन सवन स्तोत्र में धाराग्रहों से शुक्र और मन्थिन, आग्रायण, दो मरुत्वतीय तथा उक्थ्य ग्रह आपूरित किये जाते हैं। प्रातः सवन के अहिष्पवमान स्तोत्र के स्थान पर माध्यन्दिन पवमान स्तोत्र किया जाता है। स्तोत्र की समाप्ति पर दधिधर्म याग होता है। तदनन्तर प्रातः सवन की ही भाँति सवनीय पुरोडाश की आहुतियाँ तथा अन्य आहुतियाँ प्रदान की जाती है।

तत्पश्चात् अध्वर्यु आग्नीध्र की अग्नि पर वैश्वकर्मन् होमों को प्रदान करता है । अध्वर्यु और प्रतिप्रस्थाता दो मरुत्वतीय ग्रह प्रदान करते हैं एवम् अध्वर्यु तृतीय मरुत्वतीय ग्रह लेकर होता से मरुत्वतीय शस्त्र पढ़ने के लिये कहता है । मरुत्वतीय शस्त्र का स्वरूप अधोलिखित है :-

1. प्रतिपत् तृच्
2. अनुचर-तृच्
3. इन्द्राणीहव-प्रगाथ
4. ब्राह्मणस्पत्य प्रगाथ
5. धाय्या
6. मरुत्वतीय प्रगाथ
7. निविदधानीय सूक्त
8. निविद
9. परिधानीय तथा
10. याज्या ।

होता के याज्या-पाठ के अनन्तर अध्वर्यु मरुत्वतीय ग्रह प्रदान करता है ।

तत्पश्चात् अध्वर्यु महेन्द्र ग्रह पूरित कर इसे वेदी पर रखकर उद्गाताओं का सप्तदश-स्तोम पर आधारित पृष्ठ स्तोत्र अर्थात् महेन्द्रस्तोत्र का पाठ करने के लिए कहता है । इसके पश्चात् होता निष्केवल्यशस्त्र का पाठ करता है । तत्पश्चात् इन्द्र के लिए ग्रह पूरित करते हैं और उद्गाता द्वितीय पृष्ठ स्तोत्र गाता है तदनन्तर मैत्रावरुण शस्त्र-पाठ करता है । तत्पश्चात् इन्द्र के लिए ग्रह पूरित करके उद्गाता ब्राह्मणाच्छंसी के शस्त्र से अनुगमित तृतीय पृष्ठ स्तोत्र का गान सम्पन्न करते हैं । इन्द्र के लिए एक ग्रह और पूरित किया जाता है एवम् उद्गातगण अच्छावाक के शस्त्र से अनुगमित चतुर्थ पृष्ठस्तोत्र का गान सम्पन्न करते हैं । माध्यन्दिन सवन की समाप्ति अध्वर्यु के हवि प्रदान से होती है ।

मैक्समूलर, हाग, कीथ एवम् एग्लिंग इत्यादि तृतीय सवन को गलती से 'सायंतन सवन' कहते हैं परन्तु वैदिक साहित्य में इसे सर्वत्र तृतीय सवन के रूप में ही प्रस्तुत किया गया है । कभी कभी यह माध्यन्दिन सवन की समाप्ति के पश्चात्

समारब्ध हो जाता है । सर्वप्रथम आदित्यों को सोम-ग्रह प्रदान किया जाता है । इस ग्रह की पूर्ति प्रातः सवन के समय इन्द्र-वायु इत्यादि युगल देवों के ग्रहों से आहृत स्थाली स्थित सोम रस से की जाती है । तदनन्तर प्रातः सवन की ही भाँति सोमाभिषव समारब्ध होता है । परन्तु इस सवन में प्रथम अभिषुत सोम लताओं के ऋजीष संज्ञक अवशिष्ट भाग को कूट कर सोम रस उपलब्ध करते हैं । इस रस को पूतभृत में आशिर के साथ मिश्रित करते हैं । पात्रस्थित सोमरस को उड़ेलते हैं और धाराग्रहों को पूरित कर वेदी पर रखते हैं ।

तदनन्तर उद्गाता अपने दोनों संतापकों के साथ आर्भव स्तोत्र का पाठ करता है जिसके बाद सवनीय पशु पुरोडाश कृत्य तथा अन्य आहुतियाँ सम्पन्न की जाती हैं । अध्वर्यु, चमसाध्वर्यू एवम् होतृगण अपने अपने सोमग्रहों को प्रदान करते हैं । इन ऋत्विजों के द्वारा शेष सोम-ग्रहण किया जाता है तथा पितरों को पिण्ड-दान किया जाता है । तदनन्तर सविता को एक सोम ग्रह प्रदान किया जाता है तथा विश्वेदेवों के लिए एकग्रह पूरित किया जाता है । तदनन्तर होता वैश्वदेवशस्त्र का पाठ करके अध्वर्यु वैश्वदेव ग्रह प्रदान करता है । सोम को चरू प्रदान पात्नीवत-संज्ञक ग्रह सोम-पूरित कर प्रदान किया जाता है और इसका शेष उपभुक्त किया जाता है । अध्वर्यु चमसाध्वर्यु के ग्रहों को पूरित करता है तथा उद्गाता को यज्ञ-यज्ञीय स्तोत्र गाने का निर्देश करता है । यह अग्निष्टोम का अन्तिम स्तोत्र है जिसे अग्नि-ष्टोम कहते हैं ।

होता के <u>आग्नीमारुत शस्त्र</u> की अन्तिम ऋचा के पाठ करने पर प्रतिप्रस्थाता प्रातः सवन में पूरित ध्रुवा के सोम रस को होता के चमस में उड़ेलता है । तदनन्तर अध्वर्युहोता के चमस को एवम् चमसाध्वर्यु अपने-अपने चमसों की आहुति करते हैं । एतदनन्तर शेष भक्षण होता है । तदनन्तर उन्नेता सम्मिश्रित शेष सोम रस एवम् यवधान युक्त द्रोणकलश को शिर पर रखे हुए ही आहुत कर देता है । इस आहुति

एवम् यव कार्यरत ऋत्विजों के द्वारा एतद्भक्षणानन्तर तृतीय सवन पूर्ण हो जाता है ।

यजमान, उसकी पत्नी एवम् सभी ऋत्विज् एक कपाल पर तैयार किये गये पुरोडाश को साथ लेकर स्नान-स्थल की ओर जाते हैं । गन्तव्य पर पहुँचकर अवभृथेष्टि की जाती है । इस इष्टि में आज्यभागों के अग्नि और वरूण देवता होते हैं । केवल चार प्रयाज और दो अनुयाज होते हैं । वरूण को पुरोडाश प्रदान किया जाता है । सोमयाग में प्रयुक्त सभी पात्र एवम् उपकरण जल में प्रक्षिप्त कर यजमान एवम् उसकी पत्नी नवपरिधान धारण करते हैं । यज्ञ स्थल पर लौटकर प्रायणीयेष्टि तुल्य उदयनेष्टि सम्पादित की जाती है । दोनों में केवल इतना अन्तर है कि प्रायणीयेष्टि की याज्यायें एवम् अनुवाक्यों उदयनेष्टि की अनुवाक्यायें एवम् याज्यायें हो जाती हैं ।

तदनन्तर आनुबन्ध्य पशु-याग किया जाता है जिसमें वन्ध्या गाय द्रव्य होती है परन्तु इस याग का स्थान आमिक्षा-याग ने ग्रहण कर लिया है । इस याग के देवता हैं मित्रावरूण । यजमान के राजा होने पर देवसुओं को आहुति देने के अनन्तर उदवसानीय आहुति सम्पन्न की जाती है । तत्पश्चात् यजमान धाता, अनुमति, राका, सिनीवाली एवम् कुहू को आज्य प्रदान करता है । ये देविका हवींषि कहलाती हैं । इस प्रकार अग्निष्टोम समाप्त हो जाता है ।

उक्थ्य रूप सोमयाग में सवन के दिन अग्नि की पशु-आहुति के साथ इन्द्र उवम् अग्नि के लिए अज की आहुति बढ़ा दी जाती है । प्रातः एवम् माध्यन्दिन सवनों की विधि अग्निष्टोम जैसी है । परन्तु तृतीय सवन में अग्नि मारुतशास्त्र से अनुगमित अग्निष्टोम स्तोत्र के पश्चात् , मैत्रावरूण, ब्राह्मणाच्छंसी और अच्छावाक के द्वारा गीयमान उक्थ्य शास्त्र से अनुगमित उक्थ्यस्तोत्रों के गान के साथ इन्द्र-वरूण, इन्द्र-वृहस्पति एवम् इन्द्र-विष्णु के लिए तीन और स ग्रह पूरित किये जाते एवम्

प्रदान किये जाते हैं । इस प्रकार तृतीय सवन के स्तोत्रों एवम् शास्त्रों की संख्या प्रातः एवम् माध्यन्दिन सवनों के स्तोत्रों एवम् शास्त्रों के बराबर कर दी जाती है। इस प्रकार उक्थ्य में कुल पन्द्रह स्तोत्र एवम् शास्त्र होते हैं ।

षोडशी रूप सोमयाग में उक्थ्य की सवन के दिन की पशु-आहुतियों में एक मेष और बढ़ा दिया जाता है तथा सामान्य धारागृहों के अतिरिक्त एक सोमरस पूरित षोडशीग्रह वेदी पर स्थापित किया जाता है । तृतीय सवन के समय तीन उक्थ्य स्तोत्र-शास्त्रों के अनन्तर इन्द्र के लिए षोडशी स्तोत्र एवम् षोडशीशास्त्र संज्ञक सोलहवें स्तोत्र शास्त्र की प्रेरणा देने वाले षोडशी ग्रह को ग्रहण किया जाता है ।

रात्रि में षोडशी का ही विस्तार किया गया रूप सोमयोग का अति-रात्रउपभेद है । प्रातः कृत्य में षोडशी की पशु-आहुतियों में सरस्वती को एक मेषी की आहुति और जोड़ दी जाती है । इसमें कुल मिलाकर उन्तीस स्तोत्र शास्त्र होते हैं । इसमें मरुतों के लिए कुछ भी विहित नहीं है । अग्निष्टोम स्तोत्र और अग्निमारुत शास्त्र के पश्चात् षोडशी स्तोत्र शास्त्र बढ़ा दिया जाता है तथा उक्थ्य के उक्थ्य स्तोत्र-शास्त्र छोड़ दिये जाते हैं । वाजपेय रूप सोमयाग के तीन प्रमुख प्रकार हैं, । संस्था वाजपेय, 2. आप्तवाजपेय एवं 3. कुरुवाजपेय । संस्थावाजपेय ताण्ड्यब्राह्मण एवम् सामवेद के श्रौतसूत्रों में वर्णित है । षोडशी के सोलह स्तोत्र-शास्त्रों में सत्रहवें वाजपेय स्तोत्र-शास्त्र का अभिवर्धन इसकी प्रमुख विशेषता है । वाजपेय के ये प्रकार यजुर्वेद के श्रौत सूत्रों में वर्णित हैं ।

आप्तवाजपेय में सत्रह दीक्षायें, तीन उपसद और एक अभिषवण दिन होता है । अभिषवण के दिन प्रजापति के लिए सत्रह सुवनीय पशु होते हैं । सभी स्तोत्र सप्तदश स्तोम होते हैं । यजमान, यजमान पत्नी तथा कार्यरत ऋत्विज स्वर्ण-मालायें धारण करते हैं ।

आप्तोर्याम अथवा शाङ्खायन श्रौतसूत्र के अनुसार आप्तोर्याम्न अतिरात्र का ही विस्तृत रूप है जिसमें अग्नि, इन्द्र, विश्वेदेव और विष्णु अथवा ऐच्छिक रूप से सन्धि ग्रहों के देवताओं के लिए चार स्तोत्र-शस्त्र और जोड़ दिये जाते हैं।

द्वादशाह अर्थात् बारह दिवसीय सोम याग अहीन सोमयागों एवम् एक वर्ष से कम अवधि के सत्रों की प्रकृति है। इस याग में बारह दिनों तक सोमाभिषवण होता है। प्रारम्भिक कृत्यों के रूप में इसमें द्वादश दीक्षा दिवस एवम् तदनन्तर द्वादश उपसद दिवस होते हैं। अन्तिम उपसद दिवस अर्थात् प्रारम्भ से चौबीसवें दिन अग्नीषोमीय पशु-याग सम्पादित किया जाता है और आगामी प्रातः से सोमाभिषवण प्रारम्भ होता है। इस प्रकार द्वादशाह की समाप्ति में कुल छत्तीस दिन लगते हैं।

द्वादशाह के प्रथम एवम् अन्तिम दिन अतिरात्र की भाँति होते हैं। मध्य के दशदिन सामूहिक रूप से दशरात्र कहलाते हैं। इनमें प्रथम छः दिन पृष्ठ स्तोत्र सामों के गाये जाने के कारण पृष्ठ्य षडह तदनुगामी तीन दिन छन्दोमदिवस और दशम दिवस अविवाक्यदिवस कहलाता है।

दशरात्र के पृष्ठ्य षडह के अतिरिक्त अभिप्लवषडह संज्ञक एक दूसरे प्रकार का षडह भी होता है जो गवामयन में इकाई के रूप में प्रयुक्त होता है। इस षडह की प्रमुख विशेषता यह है कि इसके प्रथम तथा अन्तिम दिन अग्निष्टोम की भाँति तथा शेष दिन उक्थ्य की भाँति होते हैं। साथ ही अभिप्लव षडह के दिन स्तोत्रों के स्तोमों की योजना के अनुसार ज्योतिष, गो एवम् आयुष कहे जाते हैं। प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय दिन क्रमशः ज्योतिष् , गो एवम् आयुष् दिवस तथा चतुर्थ, पंचम एवम् षष्ठ दिन क्रमशः गो, आयुष् तथा ज्योतिष् दिवस हैं।

गवामयन एक अथवा अधिकवर्षों तक चलने वाले सभी सोमयागों की प्रकृति

है । इसमें 361 दिनों तक सोमाभिषवण चलता रहता है । चतुर्विंश, अभिजित, स्वर, साम, विश्वजित एवम् महाव्रत विशिष्ट दिवस हैं । शाङ्खायन श्रौतसूत्र एवम् ऐतरेय आरण्यक में महाव्रत का सविस्तार वर्णन है, आश्वलायन श्रौतसूत्र एवम् शाङ्खायन आरण्यक ने इस पर कम ध्यान दिया है ।

राजसूय याग का प्रारम्भ फाल्गुन शुक्लपक्ष प्रतिपदा को होता है और इसकी समाप्ति में एक वर्ष से अधिक समय लगता है । इसमें 6 सोमयाग, 2 पशुयाग, 129 इष्टियाँ, 7 दर्वीहोम और 4 चातुर्मास्य किये जाते हैं । इस प्रकार राजसूय में सम्पूर्ण पाँचों प्रकार के यागों को स्थान प्राप्त है । दीक्षा आदि प्रारम्भिक कृत्यों के अनन्तर एक वर्ष तक चातुर्मास्यों का सम्पादन प्रारम्भ रहता है जो दूसरे वर्ष फाल्गुन की प्रतिपदा को शुनासीरीय आहुति के साथ समाप्त होता है । तदनन्तर अनेक याग सम्पन्न कर चैत्र की प्रतिपदा को राजसूय का अति महत्त्वपूर्ण याग अभिषेचनीय सोमयाग होता है । इस याग में दुवसुवों को आठ आहुतियाँ प्रदान की जाती हैं । मरुत्वतीय ग्रहों की आहुति के अनन्तर राजा का अभिषेक आरम्भ होता है । वह विभिन्न दिशाओं से आनीत जल के द्वारा अभिषिक्त तथा जनता के समक्ष राजा उद्घोषित किया जाता है ।

अश्वमेध याग सोमयाग होते हुए भी अश्व को मुख्य आहुति होने से इसको अश्वमेध संज्ञा है । इस याग में सोमाभिषव तीन दिनों तक चलता रहता है । अश्वमेध के प्रारम्भिक कृत्य जिनमें कतिपय इष्टियाँ, पशुयाग और होम सम्मिलित हैं, चैत्र की पूर्णिमा के दिन प्रारम्भ होते हैं । आगामी दिन अश्व को पोखर अथवा तडाग में खड़ा कर दिया जाता है । कतिपय अन्य कृत्यों की समाप्ति के अनन्तर अश्व को उन्मुक्त भ्रमण के लिए छोड़ दिया जाता है । चार सौ शस्त्रधारी उच्चकोटि के युवक अश्व के रक्षार्थ उसका अनुगमन करते हैं । अश्व एक वर्ष तक चतुर्दिक् भ्रमण करता है । अश्व की अनुपस्थिति के समय राजा को आख्यान एवं नराशंस x

सुनाये जाते हैं और इसकी सामरिक विजयों को वीणा पर गाया जाता है । इस अवधि में नित्य निष्क्रमण होम किये जाते हैं ।

अश्व के लौटने पर तीन सुत्या दिवसों की विधि समारब्ध होती है । प्रथम सुत्या दिन के कृत्य सामान्य विधि से सम्पादित किये जाते हैं । द्वितीय सवन दिन अति आवश्यक है । इस दिन अश्व को नहलाकर यूप में बाँधते हैं । राज-महिषी अश्व का अभिषेक करती हैं । यज्ञ में अश्व के अतिरिक्त 329 पालित पशु एवम् असंख्य वन्य पशु भी होते हैं । अश्व की प्रशंसा में सूक्त पढ़े जाते हैं ।

सवन के अनन्तर महिषी को उसके बगल लिटा दिया जाता है । उन्हें वस्त्राच्छादित कर दिया जाता है तथा यजमान एवम् ऋत्विज् दोनों के प्रति अश्लील-लार्थकमंत्र उच्चारित करते हैं । तदनन्तर ऋत्विजों के मध्य एक ब्रह्मोद्य (धार्मिक परिचर्या) होता है जिसमें यजमान भी भाग लेता है । ब्रह्मा एवम् होता में कूट मंत्रों का आदान-प्रदान होता है ।

शाङ्खायन श्रौतसूत्र (16/1/10-14) अश्वमेध की प्रकृति पर सम्पाद्यमान पुरुषमेध का वर्णन करता है जिसमें अश्व के स्थान पर पुरुष की बलि होती है । इसमें पाँच सुत्या दिवस होते हैं । सर्वमेध अश्वमेध एवम् पुरुषमेध पर आधारित होता है । इसमें दस सुत्या दिवस होते हैं ।

सोम याग चयन की मिश्रित विधि ब्राह्मणों एवम् यजुर्वेद के श्रौतसूत्रों में वर्णित है । शाङ्खायन श्रौतसूत्र (9/22-27) चयन-युक्त सोमयाग के नियमों का उल्लेख संक्षिप्त में करता है । चयन में भी मरुतों का वही स्थान है जो सोमयाग में सामान्यतः होता है ।

## गृह्यकर्मकाण्ड में मरुद्गण

यद्यपि गृह्यकर्मकाण्ड में मरुतों को कोई महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त नहीं है, परन्तु वे पूर्णतः विस्मृत भी नहीं हुये हैं, जैसा कि निम्नलिखित कतिपय सन्दर्भों में स्पष्ट हो जायेगा ।

1. वैश्वदेवकर्म में मरुतों को द्वार पर बलि देने का विधान किया गया है ।[1]

2. हेमन्त और शिशिर के कृष्णपक्ष की अष्टमी को 'अष्टका' कर्म विहित है । इसमें पशु का आलभन कर उसके विभिन्न अंगों के भाग (अवदान) तथा श्रित अन्न विभिन्न देवों को निवेदित किये जाते हैं । इन देवों में आदित्यों, वसुओं और रुद्रों के साथ मरुतों को भी स्थान मिला है ।[2]

3. वार्षिक स्वाध्याय का प्रारम्भ अध्यायोपाकरण-कर्म से किया जाता है । इसके अन्तर्गत दधिमिश्रित धाना पुरोहित अग्नि के साथ-साथ मरुतों के सखा अग्नि निवेदित किये जाते हैं ।[3]

4. विवाह के कर्मकाण्ड में हविषों का निवेदन 'राष्ट्रभृत्' मन्त्र, अथवा जय या अभ्यातान-मंत्र में मरुतों का भी स्मरण किया गया है ।[4] अभ्यातान-मंत्र शत्रुओं को बाँधने वाला बताया गया है ।

---

1. शांगृ० 2/14/9
2. आश्व०गृ० 2/4/14, पारस्कर गृ० 3/3/6
3. आश्व०गृ० 3/6/7
4. पारस्कर गृ० 1/5/10

5. कृषि-कार्य के अन्तर्गत हल में बैल जोतते समय इन्द्र, पर्जन्य, अश्विनों, उदला-काश्यप, स्वातिकारि, सीता तथा अनुमति के साथ-साथ मरुतों को भी दधिधाना आदि निवेदित करने का विधान किया गया है ।[1]

6 पौष्ठपदा की पूर्णिमा को इन्द्र के लिये एक याग का विधान है । इसमें इन्द्र, इन्द्राणी, अज एकपद, अहि, बुध्य तथा प्रौष्ठपदाओं को आज्य की हविष् निवेदित कर लेने के बाद मरुतों के लिये बलि अश्वत्थ के पत्तों पर रखकर देने का विधान किया गया है ।[2]

7. ब्रह्मचर्य खंडित करने वाला ब्रह्मचारी गधे की खाल ओढ़कर एक साल तक भिक्षाटन करता हुआ और अपने अपराध का प्रख्यापन करता हुआ विचरण करता है । इसके बाद वह 'काम' के लिये दो आज्यहोम करता है । और तब अग्नि के पास आकर जिन देवों से श्री-समृद्धि की कामना करता है, उनमें सर्वप्रथम मरुतों का नाम है और इन्द्र, वृहस्पति तथा अग्नि उनके बाद आते हैं ।[3]

## अथर्वणिक कर्मकाण्ड में मरुद्गण

आर्थर्वणिक कर्मकाण्ड में मरुत्-सम्बन्धी सूक्तों और ऋचाओं के निम्नलिखित विनियोग द्रष्टव्य हैं,

---

1. पारस्कर गृ0 1/5/10

2. वही, 2/15/3

3. वही, 3/12/10

1. त्रितहविष् का निर्माण करते हुये इस मंत्र का विनियोग किया गया है ।[1]

अदारसृद्भवतु देव सोमास्मिन् यज्ञे मरुतो मृडता नः ।
या नो विददमिभा यो अशस्तिमा नोविदद् वृजिनाद्वेष्या या ॥
अथर्व० सं० 1/20

'देव सोम' वह (हविष्) अखंडित हो, मरुतों इस यज्ञ में हम पर कृपा कीजिये, 'किसी का जादू-टोना हमें न पा सके, द्वेष्या बाधा हमें न पा सके ।'

2. निम्नलिखित मरुत्-सम्बन्धी मन्त्र का विनियोग बाधा दूर करने स्वस्त्ययन, सोते तथा जागते समय के लिये किया गया है[2] -

यूयं नः प्रवतो नपान् मरुतासूर्यत्वचसः ।
शर्म यच्छाथ सप्रथाः ॥ (अथ०सं० 1/26/3) ॥

'ऊँचाइयों के पुत्रों, हे सूर्य-सदृश त्वचा वाले मरुतों ! हमें विस्तृत सुरक्षा प्रदान करो ।'

3. पिपासा से पीड़ित रोगी की प्यास दूर करने के लिये निम्नलिखित दो मंत्र विनियुक्त हैं[3] -

इन्द्रेण दत्तो वरुणेन शिष्टो मरुद्भिरुग्रः प्रहितो न आगन् ।
एष वां द्यावापृथिवी उपस्थे मा क्षुधन् मा तृषन् ॥

---

1. कौ०सू० 2/39
2. वही, 25/22, 50/4, 27/9
3. वही, 54/18

ऊर्जमस्मा ऊर्जस्वतीधत्तं पयो अस्मै पयस्वतीधत्तम् ।
ऊर्जमस्मै द्यावापृथिवी अधातां विश्वे देवा मरुत ऊर्जमाप: ।।
अथ०सं० 2/29/4-5

'इन्द्र द्वारा दिया गया, वरुण द्वारा शिक्षित, मरुतों द्वारा भेजा हुआ यह उग्र हमारे पास आया है, हे द्यावा-पृथिवी, यह तुम्हारी गोद में भूखा प्यासा न रहे । ऊर्जस्वती तुम इसे पोषण प्रदान करो, पयस्वती तुम, इसे पय: प्रदान करो । द्यावापृथिवी ने, विश्वेदेवों ने, मरुतों ने और जल-राशि ने इसे पोषण प्रदान किया है ।' ये मन्त्र 'गोदान' तथा 'चूडा-कर्म' में भी विनियुक्त हैं ।[1]

4. शत्रु के संमोहन के लिये सूक्त 3/1 के अन्य मंत्रों के साथ मरुतों को सम्बोधित निम्नलिखित मंत्र भी विनियुक्त हैं[2] -

यूयमुग्रा मरुतईदृशे स्थाभिप्रेत मृणत सहध्वम् ।
अमीमृणन् वसवो नाथिता इमे अग्निर्ह्येषां दूत: प्रत्येतु विद्वान् ।।
अथ०सं० 3/1/12

'हे मरुतों । ऐसे {शत्रु} के प्रति तुम उग्र हो, आगे बढ़ो, मारो कुचलो । वसुओं ने इन्हें {शत्रुओं को} मारा है, ये वश में हैं, इन्हें जानते हुये अग्नि दूत {बनकर} चले ।।

---

1. कौ०सू० 54/18

2. वही, 14/17{54}

इन्द्रः सेनां मोहयतु मरुतो घ्नन्त्वोजसा ।
चक्षूंष्यग्निरा दत्तां पुनरेतु पराजिता ॥
अथ०सं० 3/1/6

इन्द्र [शत्रु] सेना को संमोहित करे, मरुद्गण अपने ओज से इस [शत्रु सेना] को मारें । अग्नि इसकी आँखें निकाल ले, यह पराजित होकर लौटे ॥'

5. शत्रु-संमोहन में ही निम्नलिखित मंत्र भी विनियुक्त है[1] -

असौ या सेना मरुतः परेषामस्मानैत्यभ्योजसा स्पर्धमाना ।
तां विध्यत तमसापव्रतेन यथैषामन्यो अन्यं न जानात् ॥
अथ०सं० 3/2/6

'हे मरुतों ! हमारे शत्रुओं की वह सेना, जो बलपूर्वक हमसे स्पर्धा करती हुयी चली आ रही है, ऐसे चकराने वाले अन्धकार से बींधो कि इनमें से एक दूसरे को न जान सके ॥'

6. राज्य-भ्रष्ट राजा को पुनः राज्य में प्रतिष्ठापित करने के लिये सूक्त 1/3 विनियुक्त है, जिसमें मरुतों को सम्बोधित निम्नलिखित मन्त्र भी है ।[2]

अचिक्रदत् स्वपा इह भुवदग्ने व्यचस्व रोदसी उरूची ।
युज्जन्तु त्वा मरुतो विश्ववेदस आमुं नयनमसा रातहव्यम् ॥
अथ०सं० 3/3/1

---

1. कौ०सू० 14/17 [55]
2. वही, 16/30

'उसने उद्घोष किया, वह यहाँ स्वयं अपना रक्षक हो, हे अग्नि । (उसे) राजा के लिये (द्यावा-पृथ्वी) को विस्तृत रूप से अलग कर दो । समस्त समृद्धियों वाले मरुद्गण तुम (राजा) को (राज्य से) युक्त करें, हविष् प्रदान करने वाले इस (राजा को) नमनपूर्वक आगे ले चलो ॥'

यह मन्त्र चातुर्मास्य याग के साकमेध-पर्व में प्रातः अग्नि अनीकवन्त् को हविष् निवेदित करने में भी विनियुक्त है ।[1]

7. अथ० 1/12 को 'वास्तोष्पतीय' सूक्त कहा गया है और इसका विनियोग भवन-निर्माण सम्बन्धी कर्मकाण्ड में है ।[2] इस सूक्त में मरुतों से सम्बद्ध निम्नलिखित मन्त्र भी है ।

इमांशालां सविता वायुरिन्द्रो बृहस्पतिर्निमिनोतु प्रजानन् ।
उक्षन्तूद्रा मरुतो घृतेन भगो नो राजा नि कृषिं तनोतु ॥
अथ०सं० 3/12/4

'सविता, वायु, इन्द्र, बृहस्पति इस शाला को जानते हुये इसे स्थिर करें। मरुद्गण इसे उर्वरक जल से सींचें, हमारे राजा भग इसमें कृषि का विस्तार करें ।'

8. वृष्टि की कामना के हेतु विहित एक याग में चतुर्थ काण्ड का पन्द्रहवाँ सूक्त विनियुक्त है ।[3] इस सूक्त की देवता पर्जन्य सहित मरुद्गण हैं ।

---

1. वैता०श्रौ० 9/2

2. कौ०सू० 8/23

3. वहीं 41/1 आदि ।

9. चतुर्थकाण्ड का 27वाँ सूक्त 'मृगार' -सूक्त कहा गया है और इसका विनियोग शान्ति-कर्म में किया गया है ।[1] यह मरुत् सूक्त है ।

10. षष्ट काण्ड का 22वाँ सूक्त मरुत्-सूक्त है । इसका विनियोग भैषज्य-कर्म के अन्तर्गत जलोदर आदि रोगों के शमन में किया गया है ।[2] इसके अतिरिक्त चातुर्मास्य में भी यह सूक्त क्रीडी मरुतों को सम्बोधित है ।[3]

11. घोड़े (वाजी) की दौड़ में सफलता के लिये विहित कर्म में निम्नलिखित मन्त्र विनियुक्त है[4]-

वातरंहा भववाजिन् युज्यमान इन्द्रस्य याहि प्रसवे मनोजवाः ।
युंजन्तु त्वा मरुतो विश्ववेदस आ ते त्वष्टा पत्सुजवं दधातु ॥
अथ०सं० 6/92/1

'वायु-सदृश वेगवान् हे वाजी । युक्त होकर तुम इन्द्र की प्रेरणा से आगे बढ़ो । समस्त समृद्धि वाले मरुद्गण तुम्हें मुक्त करें, त्वष्टा तुम्हारे पैरों में वेग भरे॥

12. दुष्टस्त्रीवशीकरण-कर्म में अन्य मंत्रों के साथ मरुतों को सम्बोधित यह मंत्र भी है[5]ऽ

उन्मादयत मरुत उदन्तरिक्ष मादय ।
अग्न उन्मादया त्वमसौ मामनु शोचतु ॥ अथ० 6/130/4

---

1. कौ०सू० 9/1
2. वही, 30/11
3. वै०श्रौ० 9/5
4. कौ०सू० 41/21
5. वही, 36/13

13. सप्तम काण्ड का 66वाँ सूक्त ऋचात्मक है और मरुत् सूक्त है । इसका विनियोग 'अभिचार कर्म में' किया गया है ।[1]

14. उपनयन कर्म में ब्रह्मचारी की नाभि का स्पर्श करते हुए इस मंत्र का विनियोग किया गया है ।[2]

उदेनं भगो अग्रभीदुदेन सोमो अंशुमान ।
उदेनं मरुतोदेवा उदिन्द्राग्नी स्वस्तये ॥
अथर्व0 8.1.2

---------::0::---------

1. कौ0सू0 48/38
2. वही, 55/17

## मरुद्गण का अन्य देवों से सम्बन्ध

मरुतों के स्वरूप के विषय में विद्वज्जनों की धारणा के विकास-क्रम को सम्यक रूप से समझने के लिए अन्य वैदिक देवों के साथ उनके सम्बन्धों पर विचार करना नितान्त आवश्यक है । इसमें न केवल उनके स्वरूप-विकास को समझने में अपितु वैदिक देवों के बीच उनके बढ़ते-घटते महत्व का ठीक-ठीक लेखा-जोखा प्रस्तुत करने में भी सहायता मिलने की सम्भावना है । इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर विभिन्न देवों के साथ इनके सम्बन्ध पर विचार किया जा रहा है ।

मरुद्गण मुख्य रूप से रुद्र, इन्द्र और अग्नि के साथ स्तुत हुए हैं परन्तु त्रित आप्त्य के साथ भी इनके कुछ सन्दर्भ प्राप्त हैं । सम्पूर्ण देवगण के सामूहिक रूप की जो परिकल्पना 'विश्वेदेवा:' के नाम से हुई है उसमें मरुतों का स्थान ध्यान देने योग्य है । किन्हीं रूपों में वायु अथवा वात से सादृश्य रखने वाले मरुद्गण किस प्रकार इससे भिन्न है यह भी विचारणीय विषय है । अतः उपर्युक्त प्रत्येक देवता के साथ इनके सम्बन्ध पर अलग-अलग निम्नलिखित रूप में विवेचन किया जा रहा है।

### मरुद्गण और रुद्र

रुद्र को मरुतों का पिता कहा गया है[1] और मरुतों को प्रायः रुद्र की सन्तान कहकर सम्बोधित किया गया है (रुद्रा:, रुद्रिया:, रुद्रास:) ।[2] इससे रुद्र के साथ मरुतों का घनिष्ठ सम्बन्ध स्पष्ट है । परन्तु इस सम्बन्ध के अतिरिक्त रुद्र

---

1. 'पितर्मरुताम्' ऋ०सं० 1.114.9, 2.33.1; 'पित्र मरुताम्' ऋ०सं० 1.114.6; 'मरुतां पिता' अथ०सं० 5.24.110

2. ऋ०सं० 1.64.2, 12, 85; 2.34.7; 5.42.15; 6.50.4; 66.11; 8.20.17 आदि ।

और मरुतों के साहचर्य के और कोई संकेत नहीं मिलते हैं। वस्तुतः ऋक् संहिता में रुद्र सम्बन्धी पूरे-पूरे सूक्त केवल तीन ही हैं[1] और एक सूक्त में रुद्र के साथ सोम का स्तवन है।[2] ऐसी ही स्थिति अथर्व-संहिता में भी है। यजुः-संहिता में 'शत-रुद्रीय' (अध्याय 16) में रुद्र के स्वरूप का विकास दिखाई देता है। इसमें भी मरुतों के साथ रुद्र के साहचर्य विषयक संकेत नहीं हैं। इस अध्याय की कण्डिका 54 से 66 तक रुद्राः की चर्चा की गयी है। परन्तु प्रसंग से यह प्रतीत नहीं होता कि यहाँ "रुद्राः" से रुद्र-संतान मरुद्गण अभिप्रेत है, अपितु रुद्र के सर्वव्यापी रूप की कल्पना ही इस बहुवचन प्रयोग से प्रतीत होती है।

रुद्र एवं मरुतों के पिता-पुत्र सम्बन्ध की कल्पना इनके स्वरूप के किन्हीं विशिष्ट साम्यों के आधार पर ही हुई होगी। उपलब्ध सामग्री के आधार पर ये साम्य निम्नलिखित प्रतीत होते हैं।

रुद्र एवं मरुतों की स्वरूप-कल्पना में सबसे बड़ा साम्य इनका स्वर्ण-वर्णत्व है। ये सूर्य या स्वर्ण के समान द्युतिमान और भास्वर कहे गए हैं। रुद्र के लिए कहा गया है कि वह (रुद्र) जो चमकीले सूर्य के समान एवं स्वर्ण के समान चमकता है, जो देवों का श्रेष्ठ वसु है।[3] एक अन्य मन्त्र में ऋषि कुत्स अंगिरस के शब्दों में "हम द्युलोक के अरुष वर्ण वाराह का नमस्कार सहित आवाहन करते हैं जो कपर्दी (घुंघराले केशों वाला) दीप्तियुक्त रूप वाला है।[4]

---

1. ऋ०सं० 1.114; 2.33 तथा 46.1
2. ऋ०सं० 1.43
3. यः शुक्र इव सूर्यो हिरण्यमिव रोचते। श्रेष्ठो देवानां वसुः।
   ऋ०सं० 1.43.5।
4. दिवो वराहमरुषं कपर्दिनं त्वेषं रूपंनमसा निह्वयामहे। ऋ०सं० 1.114.5

रुद्र को निष्क नामक स्वर्णाभूषण से भी अलंकृत कहा गया है ।[1] निष्क के अतिरिक्त रुद्र अनेक स्वर्णाभरणों से दीप्त कहे गए हैं ।[2] एक अन्य स्थल पर रुद्र का विद्युत् से घनिष्ठ सम्बन्ध बताते हुए उन्हें विद्युत् सरीखे चमकते हुए आयुध को धारण करने वाला बताया गया है ।[3] इसके अतिरिक्त रुद्र के बभ्रु अर्थात् भूरे रंग का वर्णन प्राय: मिलता है ।[4]

मरुतों के लिए प्रयुक्त सूर्यत्वच:, अभिध्रव:, शुभ्रा:, हिरण्यया: जैसे विशेषण तथा अग्नया न शुशुचाना:, द्यावो न स्तृभिश्चितयन्त, व्यभ्रिया न द्युतयन्त: जैसी उपमाओं को देखने से रुद्र मरुतों का अग्नि से घनिष्ठ सम्बन्ध द्योतित होता है । अग्नि के साथ इनके सम्बन्ध को प्रदर्शित करते हुए ऋषि गृत्समद् कहते हैं "हे अग्नि । तुम द्युलोक का महान् असुर रुद्र हो, तुम मरुतों का समूह हो, तुम हविष् आदि का स्वामित्व करते हो ।[5] अथर्व संहिता में कहा गया है, कि जो रुद्र अग्नि में, जलों में, औषधियों और वनस्पतियों में प्रविष्ट है जिसने समस्त

---

1. अर्हन् विभर्षि सायकानि धन्वार्हन् निष्कं यजत विश्वरूपम् । ऋ०सं० 2.33.10
2. स्थिरेभिरङ्गै: पुरुरूप उग्रो बभ्रु: शुक्रेभि: पिपिशे हिरण्यै: ।ऋ०सं० 2.33.।
3. या तो दिद्युववसृष्टा दिवस्परिक्ष्मया चरितपरि सा वृणक्तु न: ।
   ऋ०सं० 7.46.3
4. ऋ०सं० 2.33.5 आदि ।
5. त्वमग्ने रुद्रो असुरो महो दिवस्त्वं शर्धो मारुतं पृक्ष ईशिषे ।
   ऋ०सं० 2.1.6

भुवनों को सजाया है उस रुद्र अग्नि के लिए नमस्कार है ।[1] तैत्तिरीय-संहिता में सतरुद्रीय होमविधि के संदर्भ में स्पष्ट कहा गया है कि यह जो अग्नि है वह रुद्र ॥ही॥ है ।[2] ऋग्वेद संहिता में रुद्र शब्द अग्नि के विशेषण के रूप में अनेक ऋचाओं में प्रयुक्त हुआ है ।[3] एक अन्य स्थल पर मरुतों को अग्नि से उत्पन्न ॥प्रादुर्भूत॥ कहा गया है ।[4]

अतः स्पष्ट है कि अग्नि वर्ण होने के कारण रुद्र और मरुत घनिष्ट रूप से सम्बद्ध हुए और उनकी पिता-पुत्र के रूप मे कल्पना की गयी ।

2. ऋषि कण्व घौर जलाषभेषज रुद्र के ॥ठण्डक पहुँचाने वाला॥ सौमनस्य की कल्पना करते हैं ।[5] अंगिरस ऋषि हाथ में स्पृहणीय भेषज धारण करने वाले रुद्र को नमस्कार करते हैं ।[6] ऋषि गृत्समद् रुद्र से प्रार्थना करते हैं कि 'हे रुद्र । तुम्हारे द्वारा प्रदत्त कल्याणतम् भेषजों द्वारा मैं सौ वर्षों का उपभोग करूँ[7] क्योंकि भेषज के कारण तुम स्तुत हो ।[8] और मैं तुम्हें भिषजों से भिशक्त सुनता हूँ ।[9] ऋषि वशिष्ठ

---

1. यो अग्नौ रुद्रो यो अप्स्वन्तर्य ओषधीर्वीरुध आविवेश । य इमा विश्वा भुवनानि चाक्लृपे तस्मैरुद्रायनमो अस्त्वग्नये ॥ अथर्व0सं0 7.87.।
2. रुद्रो वा एष यदग्निः । तै0सं0 5.4.3.1; 5.5.74;
3. ऋ0सं0 1.27.10, 3.2.5, 4.3.1, 5.3.3, 8.61.3
4. अग्निः शर्धमनवद्यं युवानं स्वाध्यं जनयत् सूदयच्च । ऋ0सं0 1.71.8
5. गाथपतिं मेधपतिं रुद्रं जलाष-भेषजं । तच्छयोः सुम्नमीमहे । ऋ0सं0 1.43.4
6. हस्ते विभद् भेषजा वार्याणि, ऋ0सं0 1.114.5;
7. त्वादत्ते भी रुद्र शतमेभिः शतं हिमा अशीय भेषजेभिः । ऋ0सं0 2.332;
8. स्तुत्वं भेषजा ऋ0सं0 2.33.12
9. भिषक्तमं त्वां भिषजां शृणोमि । ऋ0सं0 2.33.4

के शब्दों में 'हे सरलतया प्राप्य रुद्र । तुम्हारे ःअधिकार मेंः सहस्रों भेषज हैं ।[1] अथर्ववेद संहिता में भी रुद्र के इन प्रमुख वैशिष्ट्य का उल्लेख है ।[2]

रुद्र की वैदिक देवताओं में वर्णित यह विशेषता मरुतों में भी बताई गई है। ऋषि गृत्समद् के शब्दों में "हे मरुतों । हे शक्तिशालियों । तुम्हारी जो जो शुचि और शंतम तथा आरोग्य प्रदान करने वाली भेषज है वे ःभेषजः जिनका वरण हमारे पिता मनु ने किया है उन्हें मैं कल्याण और सुख के लिए रुद्र से चाहता हूँ ।[3]

मरुतों के इस आरोग्यकारी स्वभाव का वर्णन अन्य दूसरे स्थल पर भी मिलता है । ऋषि सौभारि कण्व मरुतों से प्रार्थना करते हैं -

'हे शोभनदाता, सर्पणशील, सखा मरुतों । तुम हमें मरुत्संबन्धी भेषज प्राप्त कराओ । ----------- उनका हमें वर दो, हे मरुतों । हमारे मध्य विद्यमान रोगी की चोट ःभरपःः का शमन कर घाव को पुनः पूर्ण कर दो ।[4]

---

1. क्वस्यते रुद्र मृळयाकुर्हस्तो यो अस्ति भेषजो जलाषः । ऋ0सं0 2.33.7
2. रुद्र जलाष भेषज नीलशिखण्ड कर्मकृत् । अथर्व0सं0 2.27.6
3. या वः भेषजा मरुतः शुचीन या शंतमा वृषणो यामयोभु ।
   यानि मनुरवृणीतापितानस्ताशंचयोश्चरुद्रस्य वाश्मि ॥ ऋ0सं0 2.33.13
4. मरुतो मारुतस्य न आ भेषजस्य वहता सुदानवः ।
   सूर्य सखायः सप्तयः ॥

   यत्सिन्धौ यदसिक्न्यां यत्समुद्रेषु मरुताः सुबर्हिषः ।
   यत्पर्वतेषु भेषजम् ॥

   विश्वं पश्यन्तो बिभृथा तनूष्वा तना नो अधिवोचत ।
   क्षमारवो मरुतः आतुरस्य न इष्कर्ता विह्रुतं पुनः ॥

   ऋ0सं0 8.20, 23, 25, 26.

मरुतों का यह भेषज्य रूप संभवतः उनकी दी हुई वृष्टि द्वारा प्रकट होता है जैसा कि श्यावाश्व आत्रेय की इस ऋक् से लक्षित होता है -

हे मरुतों ! जब तुम प्रातःकाल स्वास्त्य धन, जल और भेषज की वृष्टि करते हो तब हम तुम्हारे साथ हैं ।[1] परन्तु यदि वृष्टि ही भेषज है तो रुद्र का वृष्टि के साथ सम्बन्ध कहीं वर्णित नहीं हुआ, यहाँ तक कि अथर्ववेद संहिता में वृष्टि प्राप्ति के लिए जो सूक्त है[2], उनमें रुद्र की चर्चा न होकर मरुतों की ही है ।

3. रुद्र का सम्बन्ध प्रमुख रूप से उग्रता, भयंकरता क्रोध और विनाशकारिता से है । वे द्युलोक के अरुष वराह[3], द्युलोक के महान् असुर[4], व्याघ्र सदृश भयंकर, मारने वाले उग्र[5] हैं । वे वज्रबाहु और शक्तिशालियों में सर्वाधिक शक्तिशाली[5] है। रुद्र की इस उग्र भयंकर उग्रवादिता के फलस्वरूप उनसे बार-बार प्रार्थना की गई है कि वे अपने भयंकर क्रोध में अपने उपासकों की सन्तानों, पुत्रों, आयुष, गायों, अश्वों, वीरों आदि पर अपने आयुध का प्रहार न करें ।[7]

---

1. वृष्टवी शंयोसप उस्रि
2. 'दिवो वराहमरुषम
3. रुद्रो असुरो महोदिवः । ऋ0सं0 2.1.6
4. मृगं न भीममुपहत्नुमुग्रम्' । ऋ0सं0 2.33.1
5. तवस्तमस्तवसांवज्रबाहो । ऋ0सं0 2.33.3
6. न वा ओजीयो रुद्र त्वदस्ति । ऋ0सं0 2.33.10
7. मा नो महान्तमुत मा नो अर्भकं मा न उक्षन्तमुतमान उक्षितम् ।

अपनी इस उग्र भयंकर उग्रता को अपने उपासकों से दूर रखने और उनके शत्रुओं पर इसकी वर्षा करने के कारण रुद्र (मीढ्वः - कल्याणकारी) बन जाते हैं और यही इनका 'शिव' रूप खूब प्रसरित हुआ है ।

ओजस्विता और उग्रता तो मरुतों के प्रधान गुण हैं । पूरे वैदिक वाड्मय में जहाँ - जहाँ 'प्रचण्ड वेग' और 'ओजस्' का स्मरण किया गया है वहाँ-वहाँ मरुद्गण का स्मरण स्वतः हो जाता है । उनकी उग्रता कदाचित क्रोध के रूप में प्रकट होती है और वे क्रुद्ध सर्प से बन जाते हैं[1] और आयुध का प्रहार करते हैं । और इनसे अपने आयुध को दूर रखने तथा अश्वों को मुक्त करने की याचना की गई है ।[2] इनके आयुध गायों और अश्वों के हन्ता हैं[3] । अतः दूर रखने की प्रार्थना की गई है ।

परन्तु इस प्रसंग में स्मरणीय है कि रुद्र की उग्रता, भयंकरता और विनाशकारिता वृत्ति आदि देव-शत्रुओं को मारने में प्रवृत्त परिलक्षित नहीं होती, जबकि मरुद्गण वृत्त के वध में प्रमुख सहायक बने । सम्भवतः वृष्टि से सम्बन्ध होने के कारण

---

5. का शेष - मा नो वधीः पितरं मोत मातरं मानः प्रियास्तन्वोशीरिषः ।
मा नस्तोके तनये मा न आयुषिमानोगोषु मानो अश्वेषुरीरिषु ॥

मानस्तोके तनये मा न आयुषिमानोगोषुमानो अश्वेषुरीरिषुः ।
मा नो वीरान् रुद्रभामितो वधीर्हविष्मन्तः सदमित् त्वा हवामहे ॥
ऋ०सं० 1.114.7, 8

1. अहिमन्यवः, ऋ०सं० 1.64.8 आदि ।
2. नि हलाधत्त वि मुचध्वमश्वान् - ऋ०सं० 1.171.1
3. आरे गोहा नृहावधो वो अस्तु - ऋ०सं० 5.56.17

मरुतो की भयंकरता अधिक कल्याणकारिणी बन गई और रुद्र के समान इसमे अप-कारिता का अंश जन समुदाय के लिए अत्यल्प रह गया । इन्हीं समानताओं के कारण मरुद्गण रुद्र से घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध हुए और मरुतों का बहुसंख्यक तथा रुद्र का एकत्व इनके पिता-पुत्र कल्पना का आधार बना । रुद्र ने मरुतों को 'पृश्नि' के 'शुक्र उन्धस्' से जन्म दिया ।[1] मरुद्गण रुद्र के अनुयायी बने और रुद्र को वृषभो मरुत्वान्'[2] अथवा 'रुद्रो मरुत्वान्' कहा गया ।[3]

परन्तु रुद्र की यह घनिष्ठता क्रमशः धूमिल होती गई । रुद्र का स्वर्ण वर्ण दब सा गया और ताम्र वर्ण के रूप में विकसित हुआ । इससे भी अधिक वे नील लोहित वर्ण से संयुक्त होकर नीलग्रीवो विलोहितः[4] के रूप में पहचाने गये तथा इनके उदर को नील और पृष्ठ लोहित बताया गया ।[5] इन्हें नील शिखण्ड भी कहा गया ।[6] इनका भयंकर विनाशकारी रूप अधिकाधिक भास्वर होता चला और वे ठगों, चोरों, डाकुओं आदि से भी सम्बद्ध रहे ।[7] इनका जलाषभेषज रूप अवश्य

---

1. रुद्रो यद्वोमरुतो रुक्मवक्षसो वृषाजनि पृश्न्याः शुक्र ऊधनि ॥ ऋ0सं0 2.34.2
2. ऋ0सं0 2.33.6
3. ऋ0सं0 1.114.1
4. असौ यस्ताम्रो अरुण उतबभ्रुः सुमङ्गल - यजु0सं0 16.6
5. असौ योऽवसर्पति नीलग्रीवो विलोहितः - यजु0सं0 16.7
6. नीलमस्योदरं लोहितं पृष्ठम् - अथर्व0सं0 15.1.7
7. रुद्र जलाषभेषजनीलशिखण्ड कर्मकृत् । अथर्व0सं0 2.7.6

स्थायी बना रहा और विनाशकारिता के प्रतिपक्ष को सम्बद्ध कर इनके 'शिव' 'शंकर' रूप का प्रस्फुटन हुआ । वृष्टिकर्म के साथ सम्बद्ध होने से मरुद्गण सोमपान के अधिकारी बने रहे और लोकोपकारक रूप अधिक भास्वर हुआ ।

तैत्तिरीय संहिता में एक स्थान पर कहा गया है कि जैसे आदित्य वसुओं से सम्बद्ध है वैसे ही रुद्र मरुतों से सम्बद्ध है ।[1] जैमिनीय ब्राह्मण में भी मरुतों को रुद्राः नाम से स्मरण किया गया है ।[2] सोमयाग के अग्निमारुत-शस्त्र में रुद्र सम्बन्धिनी ऋक् के बाद मारुत सूक्त रखा गया है । इनका व्याख्यान करते हुए ब्राह्मण (कौषीतकि) में कहा गया है कि मरुद्गण रुद्र के अनुयायी हैं अतः रुद्र के पश्चात् मरुद्गणों के स्मरण से यह कर्म समृद्ध होता है ।[3]

वैदिक यज्ञ में भयंकर प्रवृत्तियों के कारण रुद्र को कोई प्रमुख स्थान नहीं मिला । पशुयाग में भी पशु की रक्त-सिक्तअंतड़ियाँ ही उनके भाग में आयीं ।[4] गृहयोगों में भी देवों को हविष् प्रदान करने के बाद बचा खुचा भाग ही रुद्र को मिला ।[5] अग्निष्टोम में भी वे माध्यन्दिन सवन में मरुत्वतीय शस्त्र में तथा तृतीय सवन में अग्निमारुत शस्त्र में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये रहे ।

---

1. यथादित्या वसुभिः संबभुवर्मरुद् भीरुद्रा समजानताभि । तै०सं० 2.1.11
2. अथ रुद्रा कृततरं पन्थानपपश्यन् । जै०ब्रा० 2.209
3. मारुतं शंसत्येतत्पूगोवेरुद्रस्तदेनं स्वेन पूगेन समर्धयति । कौ०ब्रा० 7
4. शां०श्रौ०सू० 4.19.8
5. गोभि०गृ०सू० 1.8.28; आप०धर्म०सू० 2.4.33 आदि ।

<u>मरुद्गण और अग्नि</u>

ऋग्वेद संहिता में द्वितीय मंडल के प्रथमसूक्त में अग्नि का सभी प्रमुख देवों के साथ सम्बन्ध बताते हुए, रुद्र और मरुतों के साथ भी उनके तादात्म्य की चर्चा हुई है। परन्तु मरुतों के सम्बन्ध में यह तादात्म्य सामान्य प्रकार का ही नहीं प्रत्युत मरुतों को जन्म देने का श्रेय अग्नि को भी दिया गया है। ऋषि पाराशर शाक्त्य के शब्दों में अग्नि ने (मरुतों के) अनवद्य, युवक तथा सम्पन्न दल को जन्म दिया और प्रेरित किया।[1] ऋषि भरद्वाज के शब्दों में (अग्नि ने मरुतों के दल को गढ़ा (ततक्ष))।[2] ऋषि मेधातिथि काण्व मरुतों को विद्युत के हास्य से उत्पन्न बताते हैं।[3] मरुतों के इस प्रकार के अग्नि के साथ प्रदर्शित सम्बन्ध उनकी घनिष्ठता के द्योतक हैं।

ऋग्वेद संहिता में पूरे दो सूक्तों में अग्निमरुतों का (आग्नामारुत:) एक साथ आह्वान तथा स्तवन किया गया है। ये सूक्त हैं - प्रथम मण्डल का उन्नीसवाँ तथा पंचम मंडल का साठवाँ सूक्त।[4] इन सूक्तों के अतिरिक्त अनेक ऋचायें अग्नः मरुत: को सम्बोधित हैं। इनमें प्रथम मण्डल के उन्नीसवें मण्डल की टेक है (मरुद्भिरग्न आगहि' और इस सूक्त में अग्नि को मरुतों के साथ आकर सोमपान के लिए

---

1. अग्नि: शर्धमनवद्य युवानं स्वाध्यजनयत् सूदयत्च। ऋ०सं० 1.71.8
2. शर्धो वा यो मरुतां ततक्ष। ऋ०सं० 6.3.8
3. हस्काराद् विद्युतस्पर्य तो जाता अवन्तु न:।
   मरुतो मृळयन्तु न:॥ ऋ०सं० 1.23.12

4. पंचम मण्डल के 60वें सूक्त के देवता मरुत: 'आग्नमारुतोवा (सर्वानुक्रमणी) बताये गये हैं परन्तु सूक्त के विषय को देखते हुए यह आग्नमारुत सूक्त ही प्रतीत होता है।

बुलाया गया है । सूक्त में मरुतों की ओजस्विता के कारण अधृष्टा ‖आधृष्टास ओजसा‖ उग्र 3 युद्ध गान करने वाले ‖ये उग्रा अर्क मानृचुः‖ शुभ्र भयंकर रूप वाले, सुन्दर शासन वाले, शत्रुओं का भक्षण करने वाले ‖ये शुभ्रा घोरवर्पसः सुक्षत्रासो रिशादसः‖ द्युलोक में दृश्यमान, आकाश के ऊपर प्रकाश के लोक में विराजमान ‖ये‖ नाकस्याधिरोचनेदिवि देवास आसते‖ चंचल समुद्र में पर्वतों जैसी ऊँची तरंग उठाने वाले ‖य ई० खयन्ति पर्वतान् तिरः ‖समुद्रमर्णवम्‖ अपने ओज से तथा अपनी रश्मियों द्वारा समुद्र अर्थात् अन्तरिक्ष में फैलने वाले ‖आ ये तन्वन्ति रश्मिभिस्तिरः समुद्र-मोजसा‖ कहा गया है । इस समस्त वर्णन से मरुतों का दीप्तियुक्त प्रकाशमय रूप सामने आता है और यही अग्नि के साथ उनके घनिष्ठ सम्बन्ध का कारण प्रतीत होता है ।

पंचम मण्डल के साठवें सूक्त में भी अग्नि के साथ-साथ मरुतों का स्तवन किया गया है और अग्नि को मरुतों के साथ आकर सोमपान करने का आह्वान किया गया है । इस सूक्त में मरुतों को रुद्राः भी कहा गया है । मरुतों के लिए कहा गया है कि उग्र मरुतों के भय से वन झुक जाते हैं पृथ्वी और पर्वत काँप उठते हैं ।[1] इनके निनाद से पर्वत ‖मेघ‖ भय खाता है, द्युलोक का शिखर भी काँप उठता है साथ-साथ क्रीडा करते हुए ये मरुद्‌गण जलधाराओं से दौड़ पड़ते हैं[2], इन ‖मरुतों‖

---

1. वना चिदुग्रा जिहते नि वो भिया, पृथिवी चिद् रेजते पर्वतश्चित् ।
ऋ०सं० 5.60.2

2. पर्वतश्चिन् महि वृद्धो वृद्धोबिभाय, दिवश्चित सानु रेजत स्वन वः ।
यत् क्रीळथ मरुतऋष्टिमन्त आप इव सध्यञ्चो धवध्वे ॥
ऋ०सं० 5.60.3

ने वरों के समान अपने शरीरों को स्वर्णालंकारों से अलंकृत किया है । श्रीयुक्त ‡मरुतों ने‡ और भी अधिक श्री के लिए अपने रथों पर बलशाली, अपने शरीरों पर महती दीप्ति धारण की है ।[1] इसमें न कोई ज्येष्ठ है और न कोई कनिष्ठ, ये सौभाग्य हेतु साथ-साथ सुखपूर्वक बढ़े हैं । इनके पिता रुद्र अपनी सक्रियता से युवक हैं, पृश्नि के प्रति सदैव कृपालु और सुदुधा ‡समृद्धि का दोहन करने वाली‡ है । मरुतो के लिए कहा गया है कि, 'हे सुभग मरुतो । तुम चाहे उत्तम ‡लोक‡ में हो या मध्यम में अथवा निम्न द्युलोक में हो ‡तुम जहाँ भी हो वहाँ से, हे रुद्रों तथा अग्नि हमारे इस हविष् को जानो ।

उपर्युक्त सूक्तों के अतिरिक्त ऋग्वेद संहिता के तृतीय मंडल में कोई मरुत् सूक्त नहीं है तथा छब्बीसवें सूक्त की पहली तीन ऋचाएँ वैश्वानर अग्नि को सम्बोधित हैं और इसके बाद की तीन ऋचाएँ ‡4-6‡ तक मरुतों के लिए हैं । इन मारुती ऋचाओं में मरुतों को अग्नय: ‡ऋ0 4‡ अग्निश्रिय: - ऋक् 5 और ऋक् 6 में 'अग्ने भूमि मरुतामोजमीमहे कहा गया है । स्पष्ट है कि ऋषि विश्वामित्र की दृष्टि में भी अग्नि मरुतों का घनिष्ठ सम्बन्ध है । इसी प्रकार षष्ठम् मण्डल के अड़तालीसवें सूक्त में ऋक् ।-। अग्नि को और बाद की ऋक् ।।-15 मरुतों को सम्बोधित है । अत: स्पष्ट है कि भरद्वाज परिवार की दृष्टि में भी यही स्थिति है ।

अग्नि के साथ मरुतों के सम्बन्ध निम्न तथ्यों से भी अधिकाधिक द्योतित होते हैं । ये तथ्य हैं - मरुतों का प्रकाश, दीप्ति और विशेषत: विद्युत् से सम्बद्ध।

---

।. वराइवरैवतासा हिरण्यैरभि स्वधाभिस्तन्व: पिपिश्रे ।
श्रिये श्रेयांसि स्तवसो रथेषु सत्रामहांसि चक्रिरे तनूषु ।।
ऋ0सं0 5. 60. 4

समस्त मरुत् सम्बन्धी सूक्तों में ये विशेषताएँ पदे-पदे प्रदर्शित की गई हैं । जैसा कि ऊपर वर्णित है - मरुतों के लिए आग्नय:, अग्निश्रिय:, शुचय:, शुभ्रा:, चित्रभानव:, स्वभानव:, स्वर्का:, शुशुचान:, हिरण्यया:, भ्राजज्जन्मान:, शुचिजन्मान:, सूर्यत्वच:, अभिद्यव: जैसे विशेषणों का प्रयोग और इसी प्रकार के विशेषणों की बहुतायत उनके दीप्तियुक्त पक्ष को उनका प्रमुख लक्षण सिद्ध करते हैं । मरुतों के जिन भास्वर आभूषणों की बहुशः चर्चा 'गोमातरो यच्छुभयन्ते अञ्जिभिस्तनूषुशुभ्रादधिरे विरुक्तत:'[1] भ्राजन्ते रुक्मैरायुधैस्तनूभि:[2], विभ्राजन्ते रुक्मासो अधिबाहुषु[3], ये अञ्जिषु ये वाशीषु स्वभानव: स्रक्षु रुक्मेषु खादिषु । श्राया रथेषु धन्वसु[4], शिप्रा शीर्षसु वितता हिरण्ययी: आदि अनेकानेक पंक्तियों में मिलती हैं, ये आभूषण वस्तुत: विद्युत का ही पर्याय है । जैसा कि ऋषि श्यावश्व आत्रेय के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि 'इन ऊँचे कद वाले, रुक्मों तथा आयुधों से सुसज्जित नरों (मरुतों) ने अपने भाले चलाये, इन मरुतों के पीछे द्युलोक की प्रभा चमचमाती विद्युत के समान स्वयं चली आयी । इस प्रकार के अनेकशः उल्लेख प्राप्त होते हैं जिनमें मरुतों के आभूषण और आयुध विद्युत का ही शब्दान्तर से पर्यायपन प्रतीत होते हैं । यह विद्युत ही इन्द्र का वज्र है और यही मरुतों का अनीक् है ।[5]

ब्राह्मण ग्रन्थों में भी अग्निमरुत की चर्चा का उल्लेख हुआ है । यहाँ मरुद्गण को वैश्वानर अग्नि का अनुगामी बताया गया है । कहा गया है कि वैश्वानर क्षत्रिय

---

1. ऋ०सं० 1.85.3
2. वही, 8.57.3
3. वही, 8.20.11
4. वही, 5.53.4
5. द्रष्टव्य - इन्द्रस्य वज्रो मरुतामनीकम् । ऋ०सं० 6.47.28

हैं और मरुद्गण वैश्य । जैसे वैश्य क्षत्रिय का अनुगमन करते हैं ऐसे ही मरुद्गण वैश्वानर का अनुगमन करते हैं ।[1]

सोमयाग में तृतीय सवन का अन्तिम शस्त्र 'आग्निमारुतशस्त्र' होता है । इसमें मुख्यत: अग्नि और मरुद्गण स्तुत होते हैं । यह शस्त्र भी अग्नि के साथ मरुतों के घनिष्ठ साहचर्य का परिचायक है । इस शस्त्र में ऋग्वेद संहिता के निम्नलिखित मरुत्सूक्त विनियुक्त हैं[2]

1. 37,38,64,85,86,87
2. 34 ;  5. 54,55,57,59
3. 56, 57

इनके अतिरिक्त अन्य प्रायश्चित्तियों इष्टियों आदि में अग्नि मरुतों का सम्यक् सम्बन्ध प्राप्त होता है । अग्नि के साथ मरुतों का घनिष्ठ सम्बन्ध सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में प्राप्त होता है और जैसे रुद्र के साथ मरुतों का सम्बन्ध आगे चल कर धूमिल सा हो गया वैसा अग्नि मारुत सम्बन्ध में नहीं कहा जा सकता है ।

---

1. क्षत्रं व वैश्वानरो विश्मारुता: क्षत्रं च तद्विशं करोति वैश्वानरं पूर्वं जुहोति क्षत्रं तत्कृत्वा विशं करोति । ----- एक एष भवति । एकस्थं तत्क्षत्रमेकस्थां श्रियं करोति बहव इतरे विशि तद् भूमानं दधाति ॥ श०ब्रा० 9.3.1.13-14

2. अग्निमारुतशस्त्र में इन सूक्तों के विस्तृत विवेचन के लिए द्रष्टव्य - द्रष्टव्य डा० एम०पी० लखेड़ा 'Srauta & Viniyoga of the Mantras of the Rgveda Sanhita'Ch. 2डी०फिल० उपाधि के लिए प्रस्तुत अनुसन्धान प्रबन्ध ।

## मरुद्गण और वायु या वात

ऋग्वेद संहिता में मात्र दो स्थानों पर वायु के प्रसंग में मरुतों का उल्लेख है। एक स्थान पर वायु ने मरुतों को द्युलोक के गर्भ से जन्म दिया[2] तथा द्वितीय स्थान पर मरुतों से युक्त कहा गया है।[3]

वायु के लिए ऋग्वेद संहिता में एक पूर्ण सूक्त है।[4] जिसमें वायु सोमपान के लिए बुलाये गये हैं। यहाँ वायु 'इन्द्रसारथिः' कहे गये हैं तथा (इन्द्र) उन्हीं के साथ ही उनका आह्वान किया गया है। 'वात' के लिए ऋग्वेद संहिता में पूरे 2 सूक्त 168 तथा 186 हैं जो क्रमशः 4 व 3 ऋक् वाले हैं। सूक्त 168 में इन्हें 'अपां-सखा' कहा गया और इनके गम्भीर निनाद की चर्चा की गई है।

इन सूक्तों के अतिरिक्त अन्य देवों के सूक्तों के साथ वायु या वात की जो चर्चा हुई है, उनमें एक स्थान पर वायु को 'क्रन्ददिष्टि'[5] कहा गया है।

---

1. वायु और वात में सूक्ष्म स्वरूप भेद प्रतीत होता है। मैक्डोनेल के अनुसार वायु वस्तुतः देवता हैं और वात केवल भौतिक पदार्थ है। (द्रष्टव्य Vadic Mythology Page 82) परन्तु अवेस्ता में वायु यजतों (पूज्यों) में है और वात का स्थान दसवों (देव विरोधियों) में है। इससे और ऋक्संहिता में वायु और वात के अलग-अलग वर्णन से प्रतीत होता है कि वायु शीतरूप तथा वात भयंकर रूप के प्रतीक हैं।

2. अजनायो मरुतो वक्षणाभ्यो दिव आ वक्षणाभ्यः ॥ ऋ०सं० 1.134.4

3. पूषण्वते मरुत्वते विश्वदेवाय वायवे। ऋ०सं० 1.142.12

4. ऋ०सं० 4.4.6

5. प्र वायवे शुचिये क्रन्ददिष्टये। ऋ०सं० 10.100.2

संभवत: वात के लिए कहा गया है कि इनका प्रचण्ड वेग ध्राजि: ही परिलक्षित होता है रूप नहीं ।[1] प्राय: विभिन्न देवों के वेग की उपमा वात से दी गई है, यथा - इन्द्र के लिए 'वातो न जूत:'[2] अश्विनों के लिए - 'वातस्य पत्मन रथस्य पुष्टौ'[3] आदि ।

ऐतरेय ब्राह्मण में एक आख्यान के अनुसार 'राजा सोम के प्रथम पान के विषय में देवगण एक मत न हुए, प्रत्येक ने अभिलाषा प्रकट की, पहले मैं पीऊँगा, पहले मैं पीऊँगा, एक मत होने के लिए उन्होंने कहा, 'आओ, हम दौड़ें, इस प्रकार जो दौड़ में जीते वही पहले सोम पान करे ; 'ऐसा ही हो' वे दौड़े, दौड़ते हुए उनमें पहले 'वायु' सबसे आगे हो गये । तत्पश्चात् क्रमश: इन्द्र मित्र और वरुण तथा अश्विनौ ।[4] वायु देवों में सर्वाधिक वेगवान हैं ऐसा शतपथ ब्राह्मण में भी बार बार आया है ।[5]

मरुतों का निनाद और गर्जन इनके स्वरूप का बहुत बड़ा वैशिष्ट्य है । निनाद और वेग इन दो गुणों में वायु और मरुद्गण समान हैं क्योंकि अनेक स्थानों पर मरुतों को वायुओं के साथ वायुभि: कहा गया है । जैसे - 'उदीरयन्त

---

1. ध्राजिरेकस्य ददृशे न रूपम् । ऋ0सं0 1.164.44
2. ऋ0सं0 4.17.12; 9.97.52.।
3. ऋ0सं0 5.41.3
4. ऐ0ब्रा0 2.25
5. 'वायुर्वैक्षेपिष्ठादेवता' श0ब्रा0 8.5.19; 13.1.2.7 आदि ।

वायुभिर्वाश्रास: पृश्निमातर: '[1], 'स्वपन्ति मरुतो मिहं प्रवेपयन्ति पर्वतान् । यद् यामं यान्ति वायुभि:'[2], 'उदुस्वानेभिरीरत उदरथैरुदु वायुभि: । उत्तोमै: पृश्निमातर: ।'[3]

घोर रूप, चमचमाते तथा वेग पूर्वक बढ़ते हुए मरुतों का निनाद सुनाई पड़ता है ।[4] ये निनाद करने वाले, वर्षा रूपी वस्त्र धारण किये, दानशील रुद्रपुत्र (मरुद्गण) सिंह के समान गर्जन करते हैं ।[5] जब ये तीव्र गर्जना करते हैं तो पृथ्वी को मधुरस से सिंचित कर देते हैं ।[6] ऋतानुवर्ती (मरुद्गण) घोष गुंजाते हैं ।[7] मरुतों का यह निनाद वायु का ही गर्जन है और इसीलिए इन्हें 'वातस्वनस:'[8] कहा गया है । ऋषि नोधा की दृष्टि में मरुतों ने अपनी शक्तियों से वातों और विद्युतों को जन्म दिया है ।[9] मरुतों के तीव्र वेग की उपमा वात से दी गई है । ये मरुद्गण 'वातासो न 'स्वयुज: सद्यऊतये[10] और वातासो न ये धुनयो जिगत्न्व:[11] हैं । वात

---

1. ऋ0सं0 8.7.3.।
2. वही, 8.7.4.।
3. वही, 8.7.17.।
4. 'प्रतिघोराणमेतानामयासां मरुतां शृण्वआयतानामुपब्दि:' ऋ0सं0 1.169.7
5. 'ते स्वानिनो रुद्रिया वर्षनिर्णिज: सिंहा न हेषक्रतव: सुदानव:' ऋ0सं0 3.26.5
6. पिन्वन्त्यत्सं यदिनासो अस्वरन् व्युन्दन्ति पृथ्वीं मध्वो अन्धस:'
   ऋ0सं0 5.54.8
7. 'स्वरन्ति घोषं विततमृतायव: ।' ऋ0सं0 5.54.12
8. ऋ0सं0 8.56.3
9. वातान् विद्युतस्तविषीभिरक्रत' ऋ0सं0 1.64.5
10. ऋ0सं0 10.78.2
11. वही, 10.78.3

के घोड़ों को अपनी धुरी से युक्त किया ।[1] इसी कारण इन्हें 'वातरंहस' कहा गया है ।[2]

परन्तु वैदिक ऋषि की दृष्टि में मरूद्गण वायु या वात का पर्याय नहीं है । वायु या वात इनकी स्वरूप कल्पना का एक अंश मात्र है । ये इनके अश्व हो सकते हैं या इनको जन्म देने वाले अथवा इनसे जन्म पाने वाले हो सकते हैं, मरूद्गण इनसे बहुत कुछ अधिक हैं । मरूतों के गर्जन की उपमा वायु के अतिरिक्त अग्नि[3] और सोम[4] के गर्जन से भी दी गई है । वायु अथवा वात से अलग करने वाले मरूद्गणों के गुण है, इनका देदीप्यमान प्रकाशमय रूप और वृष्टि लाने का इनका प्रमुखकार्य ।

## मरूद्गण और त्रितआप्त्य

यद्यपि ऋग्वेद संहिता में त्रितआप्त्य के लिए कोई स्वतन्त्र सूक्त नहीं है और न ही मरूतों के साथ ही इनके लिए कोई सूक्त है । तथापि वृत्र-वध का कार्य सम्पन्न करने वाले रूप में इनका स्मरण मरूतों के सहायक के रूप में किया गया है ।

त्रितआप्त्य भारतईरानी काल की कल्पना प्रतीत होते हैं । अवेस्ता में त्रित का वर्णात्मक रूप 'थ्रित' है और आप्त्य वहाँ आथव्य के रूप में एक अन्य व्यक्ति है जिसके पुत्र थ्रएतओन (त्रैतान) ने तीन सिरो वाली 'अजी दहाल' (अहि

---

1. वातान् ह्यश्वान् धुर्या युयुज्रे । ऋ०सं० 5.58.7

2. ऋ०सं० 8.34.17

3. इओम यश्त (7.10)

4.

दशक या दासक॥ को मारा । अवेस्ता के अनुसार थ्रित और आथव्य दोनों ही सोम का अभिषव करने वाले पूर्वज हैं । आथव्य ने वीवड्व्हा ॥विवस्वान॥ के पश्चात् सोम का अभिषव किया और थ्रित इस क्रम में तृतीय थे ।[1]

ऋग्वेद संहिता में त्रिशिरा को मारेने का श्रेय त्रित और इन्द्र को है । अपने पैतृक आयुधों से भिड़ा त्रितआप्त्य ने इन्द्र द्वारा प्रेरित होकर त्वष्टापुत्र सप्तरश्मि 'त्रिशिरस' को मारकर गायों को मुक्त किया ।[2] आगे चलकर त्रिशीर्ष को मारने का श्रेय इन्द्र को मिला और त्रित का स्थान इस पराक्रम में गौण हो गया । उस इन्द्र ने गर्जन करते हुए 6 आँखों वाले त्रिशीर्ष का दमन किया ॥और॥ इसके ओज से बढ़ते हुए त्रित ने अयस के अग्रभाग वाले अपने आयुध से ॥इस त्रिशीर्ष रूपी॥ वराह को मारा ।[3]

हे इन्द्र । तुम्हारे कल्याणार्थ त्रित की मित्रता के लिए त्वष्टा-पुत्र विश्वरूप का दमन किया ।[4] इन्द्र वैकुण्ठ ॥सूक्त 10.48॥ में इन्द्र स्वयं अह्र इन्द्र अपने पराक्रम का प्रख्यापन करते हुए कहते हैं कि मैंने त्रित के लिए अहि से ॥मुक्तकर॥ गायों को प्रस्तुत किया ।[5] वृत्रवध का कार्य भी इन्द्र के साथ साथ त्रित द्वारा सम्पन्न

---

1.

2. स पित्र्याण्यायुधा नि विद्वानिप्रेषित आप्त्यो अभ्ययुध्यत्
त्रिशीर्षाणं सप्तरश्मिं जघन्वान् त्वाष्ट्रस्य चिन्निः ससृजेत्रितोगाः ॥
ऋ०सं० 10.8.8

3. स इद् दासं तुवीरवं पतिर्दन षळक्षं भिशीर्षाणं दमन्यत्×
अस्य त्रितो न्वोजसा वृधानो विपा वराहमयो अग्रयाहन् ॥ ऋ०सं० 10.99.6

4. अस्मभ्यंतत् त्वाष्ट्रं विश्वरूपमरन्धयः सख्यस्य त्रिताय । ऋ०सं० 2.11.19

5. त्रिताय गा अजनयमहेरधि । ऋ०सं० 10.48.2

बताया गया है और इस कार्य में मरुद्गण सहायक के रूप में उपस्थित हैं। वृत्रवध (मरुतों ने) लड़ते हुए त्रित और इन्द्र का अनुगमन करते हुए उनकी शक्ति और पराक्रम की रक्षा की।[1] वृत्रवध का कार्य पहले त्रित द्वारा ही किया गया परन्तु बाद में यह पराक्रम इन्द्र पर आरोपित हुआ। यह निष्कर्ष इन्द्र के पराक्रम के सन्दर्भ में त्रित को उदाहरण रूप में प्रस्तुत किये जाने से समर्थित होता है। वज्री इन्द्र ने जब सोम पान से शक्ति पाकर त्रित को समान बल के घेरे को तोड़ा[2] अथवा जिस व्यक्ति की, हे इन्द्राग्नी (तुम वाज में रक्षा करते हो वह दृढ़ द्युम्नों (सुरक्षित सम्पत्तियों) का वैसे ही भेदन कर लेता है जैसे त्रित वाणियों का (सरकंडों)।[3]

इन्द्र सदृश त्रित का भी सोम से घनिष्ठ सम्बन्ध है। त्रित केवल सोमपान का अभिलाषी ही नहीं प्रत्युत सोम का अभिषव करने वाला भी है जबकि इन्द्र केवल सोमपायी हैं। अवेस्ता में थ्रित को सोम का अभिषव करने वाला कहा गया है। सोम त्रित द्वारा परिशोधित होता है।[4] त्रित की योषायें (उंगलियाँ) अद्रियों (ग्रावाओं) से सोम (रस) को प्रेरित करती है।[5] त्रित के सोमभिषव से ग्रावाओं के पास सोम गुह्य रूप से रहता है।[6] गिरि पर स्थित उस वृष (सोम) को जो महिष सदृश सानु (पर्वत शिखर) पर परिशोधित होता है, वे दुहते हैं, गरजते हुए

---

1. अनु त्रितस्ययुध्यतः शुष्ममावन्नुतक्रतुम्।
   अन्विन्द्रं वृत्रतूर्ये ॥ ऋ०सं० 10.7.24
2. इन्द्रो यद् वज्रीधृषमाणो अन्धसा भिनद्वलस्यपरिधीरिवत्रितः। ऋ०सं० 1.52.5
3. इन्द्राग्नी यमवथ उभा वाजेषु मर्त्यम्।
   दृढाचित् स प्रभेदति द्युम्ना वाणीरिव त्रितः ॥ ऋ०सं० 5.86.
4. भुवत् त्रितस्य मर्ज्यो, भुवदिन्द्राय मत्सरः। ऋ०सं० 9.34.4
5. आदीचितस्य योषणो हरि हिन्वन्त्यद्रिभिः। ऋ०सं० 9.32.2
6. उपत्रितस्य पाष्योरभक्त यद् गुहापदम्। ऋ०सं० 9.102.2

उस [सोम] का स्तुतियाँ साथ देती हैं । त्रित [उस सोमरूपी] वरूण को समुद्र में धारण करता है ।[1] सोमों के साथ त्रित का अभिसव, त्रित का सोम को [अन्तरिक्षरूपी] समुद्र में धारण करना, त्रित के वैद्युताग्नि से तादात्म्य की ओर संकेत करता है और सम्भवत: 'त्रित' अर्थात् तृतीय से भी अग्नि के द्वारा विद्युत वाले रूप का ही संकेत है ।

मरूतों का विद्युत से सम्बन्ध इस बात का द्योतक है कि मरूद्गण त्रित से सम्बद्ध है । ऋषि श्यावाश्व आत्रेय के अनुसार, हे मरूतों ! तुम्हारे शक्तिशाली [लोग] पानी के इच्छुक सम्पत्ति को बढ़ाने वाले घोड़ों को जोते हुए [आकाश को] घेरते हुए [आये] [जब वे] विद्युत से प्रहार करते हैं त्रित गरज उठता है और अपने मार्ग पर जलधारायें बह चलती हैं ।[2] इसी प्रकार गृत्समद ऋषि की दृष्टि में त्रित के प्रकट होने पर मरूतों का मार्ग प्रकाशित हो उठता है ।[3] और त्रित मरूतों को अपने रथ पर वहन करता है ।[4]

---

1. तं मर्मृजानं महिषं न सानावंशुं दुहन्त्युक्षणं गिरिष्ठाम् ।
   तं वावशानं मतय: सचन्ते त्रितो बिभर्ति वरूणं समुद्रे ।।
   ऋ0सं0 9.95.4

2. प्रवो मरूतस्तविषाउदन्यवो वयोवृधो अश्वयुज: परिज्रय: ।
   सं विद्युता दधति वाशति त्रित: स्वरन्त्यापो वना परिज्रय: ।।
   ऋ0सं0 5.54.2

3. चित्रं तद् वो मरूतो याम चेकिते पृश्न्या यदूधरप्यापयो दुह: ।
   यद्वा निदे नवमानस्य रूद्रियास्त्रितं जराय जुरतामदाभ्या: ।। ऋ0सं0 2.34.10

4. तॉं इयानो महि वरूथमूतय उप घेदेना नमसा गृणीमसि ।
   त्रितो न यान् प च होतॄनभिष्टय आववर्तदवरांचक्रियावसे ।। ऋ0सं0 2.34.14

<u>मरुद्गण और इन्द्र</u>

ऋक्संहिता के ऋषियों की देव-कल्पना के सतत विकास-क्रम को सूक्ष्मतया देखती हुयी दृष्टि में अन्ततः मरुतों का घनिष्ठ सम्बन्ध इन्द्र के साथ हुआ और इन्द्र वैदिक विचार-धारा में ऐसे छा गये कि मरुद्गण इन्द्र के अनुचर मात्र रह गये और इन्द्र का एक बहुधा प्रयुक्त विशेषण हुआ 'मरुत्वान्' । परन्तु ऋक्संहिता में संकलित पूरी सामग्री का सम्यक् निरीक्षण करने पर प्रतीत होता है कि मरुद्गण सदा से इसी स्थिति में नहीं थे । वे प्रारम्भ में किसी भी अन्य देव के समान स्वतन्त्र रूप से हविष् के भागी थे । इन्द्र के उद्भव के साथ वे पहले तो इन्द्र के यदि श्रेष्ठ नहीं तो तुल्यबल अवश्य थे । परन्तु धीरे-धीरे इन्द्र का उत्कर्ष होता गया और अन्य देवगणों के समान मरुद्गण इन्द्र के सहायक मात्र रह गये और अन्ततः '<u>देवविशः</u>' के रूप में पहचाने जाने लगे । मरुद्गण वैदिक मनस् पर इतने छाये थे कि त्रित आदि के समान उन्हें सर्वथा भुला देना संभव न था । इन्द्र के साथ मरुतों के सम्बन्धों का विकास वैदिक देव-कल्पना के विकास का एक रोचक इतिहास है और इस पर विस्तार से विचार अपेक्षित है ।

जैसा कि पीछे कहा जा चुका है मरुतों को रुद्र अग्नि और वायु का अनुगामी बनाने की भी कल्पना की गयी और इन देवों को 'मरुत्वान्' विशेषण से कुछ स्थलों पर स्मरण किया गया । परन्तु अन्ततः मरुद्गण इन्द्र के ऐसे घनिष्ठ अनुचर हो गये कि ऋक् संहिता में मरुत्वत्' के विभिन्न रूप, जो 60 स्थलों पर प्रयुक्त हुये हैं, उनमें से केवल 11 स्थलों पर ही ये रूप रुद्र, वायु, अग्नि, सोम, अश्विनों के विशेषण के रूप में आये हैं और शेष 49 स्थलों पर इन्द्र के विशेषण के रूप में ही प्रयुक्त हुये हैं ।[1]

---

1. 'मरुत्वत्' के विभिन्न रूपों के ऋक्संहिता में प्रयोग-स्थलों के लिये देखिये - वैदिक संशोधन मण्डल, पूना द्वारा प्रकाशित 'ऋग्वेद-संहिता' का भाग 5, पृष्ठ 436.

एक स्थिति ऐसी लक्षित होती है, जब मरुद्गण इन्द्र के समकक्ष हैं और यदि 'मतुप्' प्रत्यय गौणता का परिचायक है तो इन्द्र मरुतों से अवर ही हैं, क्योंकि मरुतों के लिये 'इन्द्रवन्तः' विशेषण प्रयुक्त हुआ है ।[1] ऋषि कण्व घोर मरुतों का प्राधान्य मानते हुये ये उन्हें उनके अपने पास आने की कामना करते हैं और इन्द्र को उनके साथ आने के लिये कहते हैं । "सुन्दर दानशील मरुद्गण हमारे पास आयें, वेगवान् इन्द्र ! तुम उनके साथ होवो ।"[2]

फिर मरुतों के साथ इन्द्र की प्रतिद्वन्द्विता दिखाई देती है । इसके कम ही संकेत वर्तमान संहिता में अवशिष्ट, परन्तु इस स्थिति की विद्यमानता सूचित करने भर को कुछ संकेत मिल ही जाते हैं । ऋषि अगस्त्य कहते हैं, 'हे मरुतों, इस इन्द्र की शक्ति से भयभीत होकर मैं काँप रहा हूँ, हमने तुम्हारे लिये हविष् प्रस्तुत की थी, उन्हें (इन्द्र के भय से) दूर करना पड़ा, हम पर कृपा करें ।'[3] इसी प्रकार का एक अन्य संकेत ऋषि अगस्त्य के एक अन्य मन्त्र के व्याख्यान में निरुक्त में यास्क द्वारा प्रस्तुत एक आख्यान में मिलता है । अगस्त्य ऋषि के प्रथम मण्डल में (170वें सूक्त की प्रथम ऋक् के सम्बन्ध में यास्क ने आख्यान दिया है कि 'अगस्त्य ने इन्द्र के

---

1. 'आ रुद्रास इन्द्रवन्तः सजोषसः' ऋ०सं० 5.57

   'मम देवा विहवे सन्तु सर्व इन्द्रवन्तो मरुतो विष्णुरग्निः ।

   अथर्व०सं० 5.3.3

2. 'उपप्रयन्तु मरुतः सुदानवः इन्द्रप्राशूर्भवा सचा' । ऋ०सं० 1.40

3. अस्मादहं तविषादीषमाण इन्द्राद् भिया मरुतो रेजमानः ।

   युष्मभ्यं हव्या निशितान्यासन् तान्यारे चकृमा मृळता नः ॥

   ऋ०सं० 1.171.4

लिये हविष् तैयार कर [इस हविष् को] मरुतों को देना चाहा तो इन्द्र ने आकर यह शिकायत की ।'[1] आगे ऋक् का अर्थ इस प्रकार है, 'न आज है न कल, जो हुआ नहीं उसे कौन जानता है, दूसरे का चित्त बड़ा चंचल है, क्योंकि हमारा जाना हुआ भी नष्ट हो जाता है ।'[2] ऋषि अगस्त्य के इन दोनों प्रसंगों में एक जगह अगस्त्य इन्द्र के भय से मरुतों को हविष नहीं दे पाते, दूसरी जगह इन्द्र के लिये हविष् प्रस्तुत कर [मरुतों के भय से?] उस हविष् को इन्द्र के स्थान पर मरुतों को देना चाहते हैं।

वस्तुतः इन्द्र मरुत्-प्रतिद्वन्द्विता, इसके समाधान और अन्ततः इन्द्र के प्राधान्य की स्थापना का यह रोचक इतिहास ऋक्संहिता के प्रथम मंडल में संकलित अगस्त्य के सूक्तों में झलकता है । इस दृष्टि से सू. 165 तथा 170 विशेषतः महत्वपूर्ण है । सूक्त 165 में पहली ऋक् में इन्द्र मरुतों के बारे में प्रश्न करते हुए कहता है 'समान वयस् वाले, समान नीड़ वाले किसी दीप्ति से समान रूप से संगमित होते हैं? ये कहाँ से किस विचार से आये हैं? क्या धन के इच्छुक ये अपने पराक्रम का गान करते हैं?'[3] आगे ऋक् 2 में प्रश्न चलता है 'ये युवक किसके मन्त्रों को पसन्द करते हैं, कौन मरुतों को अपने अध्वर में बुला लाता है? अन्तरिक्ष मे श्येन के समान तैरने वाले [इन मरुतों] को हम किस उपाय से रोकें?'[4] आगे चलकर ऋक् 3 में मरुद्गण

---

1. 'अगस्त्य इन्द्राय हविर्निरूप्य मरुद्भ्यः संप्रदित्सां चकार स इन्द्र एत्य परिदेवयांचक्रे
निरुक्त 1/5

2. न नूनमस्ति नो श्वः कस्तद्वेद यदद्भुतम् ।
अन्यस्य चित्तमभिसंचरेण्यमुताधीतं विनश्यति ॥ ऋ०सं० 1.170

3. कया शुभा सवयसः सनीळाः समान्या मरुतः संमिमिक्षुः ।
कयामती कुत एतास एते र्चन्ति शुष्मं वृषणो वसूया ॥ ऋ०सं० 1.165

4. कस्य ब्रह्माणि जुजुषुर्युवानः को अध्वरे मरुत आ ववर्त ।
श्येनां इव ध्रजतो अन्तरिक्षे केन महा मनसा रीरमाम ॥ ऋ०सं० 1.165/2

इन्द्र से पूछते हैं, हे सत्पति इन्द्र । इतने महान्य होते हुए तुम कैसे अकेले चल रहे हो, तुम्हें यह क्या हो गया ? हम चमकते हुओं पास आने पर तुम हमारा स्वागत करते हो ‡संपृच्छसे‡, हमारे विरुद्ध तुम्हारी ‡जो शिकायत‡ वह है घोड़ों वाले ‡इन्द्र‡ हमसे कहो ।[1] इसके उत्तर में इन्द्र अपने अद्वितीय प्रभुत्व की घोषणा करते हुये कहता है, मन्त्र मेरे ‡लिये‡ हैं, स्तुतियाँ मेरे ‡लिये‡ हैं, अभिषुत सोम ‡मेरे लिये हैं, मेरी शक्ति उच्छ्रित होती है, मेरा वज्र टूटा पड़ता है, मेरा आह्वान किया जाता है, उक्थों द्वारा मेरी कामना की जाती है, ये मेरे घोड़े मेरा वहन करते हैं ।[2] इसके उत्तर में मरुद्गण भी अपनी प्रभुता का बखान करते हुये कहते हैं, 'अपने शक्तिशाली मित्रों से युक्त हम अपने शासनाधिकारों ‡स्वक्षत्रेभि:‡ से अपने शरीर को शोभित करते हुये, अपने वाहनों को मुक्त करते हैं, स्वतन्त्र अधिकार ‡स्वधामनु‡ के अनुसार तो तुम हमारे साथ होते हो ।[3] इसके उत्तर में इन्द्र मरुतों पर आरोप लगाते हुए कहता है, 'मरुतों, कहाँ था तुम्हारा यह स्वतन्त्र अधिकार जब तुमने अहि के वध के लिये मुझे अकेला छोड़ दिया, मैं उग्र, शक्तिशाली, पराक्रमी हूँ, मैं सभी शत्रुओं के आघातों से बचा हूँ ।[4] ~~इसके उत्तर में मरुद्गण सुलह का हाथ बढ़ाते हुये~~

---

1. कुतस्त्वमिन्द्र माहिन: सन्नेको यासि सत्पते किं त इत्था ।
   संपृच्छसे समराण: शुभानै वोचेस्तन्नो हरिवो यत् ते अस्मो ॥ ऋ०सं० 2.165.3

2. ब्रह्माणि मे मतय: शं सुतास: शुष्म इयर्ति प्रभृतो मे अद्रि: ।
   आ शासते प्रति हर्यन्त्युक्थे मा हरी वहतस्तानोअच्छ ॥ ऋ०सं० 2.165.4

3. अतो वयमन्तमेभिर्युजाना: स्वक्षत्रेभिस्तन्व: शुम्भमाना: ।
   महोभिरेताँ उपयुज्महेन्विन्द्र स्वधामनु हि नो बभूथ ॥ ऋ०सं० 2.165.5

4. क्व स्या वो मरुत: स्वधासीद् यन्मामेकं समधत्ताहिहत्ये ।
   अहं ह्युग्रस्तविषस्तुविष्मान् विश्वस्य शत्रोरनमं वधस्नै: ॥ ऋ०सं० 2.165.7

# तृतीय अध्याय

# 'मरुत् सूक्तों सानुवाद आलोचनात्मक व्याख्या' 171

1.37

क्रीळं वः शर्धो मारुतमनर्वाणं रथेशुभम् ।

कण्वा अभि प्रगायत ॥ 1 ॥

अन्वय - कण्वाः ! वः मारुतं क्रीळम् अनर्वाणम् रथेशुभम् शर्धः अभिप्रगायत ।

अनुवाद - हे कण्वगोत्रोत्पन्न महर्षियो अथवा मेधावी ऋत्विजों ! अपने (कल्याण) के लिए वितरणशील, भ्रातृव्यरहित एवं रथासीन होकर सुशोभित होने वाले मरुद्-गण की भूरिशः प्रशंसा करो ।

मारुतम् - सा0-मरुतां समूहम्, यास्क-मारुतम्=मेघम् निघं0 1.50, सप्त-2 हि मरुतोगणः श0 5.4.3.17, सप्त-2 मारुतागणा. - मै0 3.3.1, मारुतो हि वैश्यः (वायुः) मै0 3.4.3; का0 37.3; तै0 2.7.2.2, मारुतः कल्माषः-का0ठ0 48.1; मारुतं सप्त कपाला-तै0सं0 1.8.2.1, मरुत्स - मैक्स0, वि0, ग्रिफिथ, मो0वि0, मैक्डा0, म्योर, पी0, ह्विटने ।

क्रीळम् - क्रीड् विहारे + घञ्+कः । सा0मु0-विहरणशीलम्; स्कन्द-क्रीडनस्वभावकम्, मैक्स0 to the sporting; मैक्डा0, विल्सन- the sportive; ग्रिफिथ- sporting resplendent.

रथेशुभम् - शोभाशाली रथ, सा0-स्वकीये रथे वर्तमानाय शोभमानम्; वें0-रथं यः शोभते तम्; मैक्स0 - Brilliant on their chariots. विल्सन, म्योर0 - on their chariots मैक्डा0 - shining in their car पेट्टी ग्रिफिथ - on their car.

शर्धम् - बल - सा0 - बलम्, मैक्स0 - might be taken for some other gods. company of वि0 the aggregate strength. मैक्डा0, ग्रिफिथ, म्योर - assailable; ग्रास0 - Kuhn's Zeitschrift.

अभिप्रगायत - सा0 - प्रकर्षेण स्तुध्वम् ; स्कन्द0-प्रकर्षेणाभिष्टुत, मो0वि0, म्योर, वि0 celebrate; मैक्स, ग्रिफिथ sing forth; ऊँची आवाज में स्तुति करते हैं ।

ये पृषतीभि: ऋष्टिभि: साकं वाशीभिरञ्जिभि: ।
अजायन्त स्वभानव: ॥ 2 ॥

अन्वय - ये स्वभानव: पृषतीभि: ऋष्टिभि: वाशीभि. अञ्जिभि. साकं अजायन्त ।

अनुवाद - स्वयं प्रकाशमान जो ﴾मरुत्﴿ चितकबरी हिरणियों, भालों, कुठारों एवं वीरोचित आभूषणों के साथ उत्पन्न हुए ।

स्वभानव: - स्वकांतियुक्त । सा० स्वकीयदीप्तियुक्ता:, वेंकट० - स्वदीप्तय., स्कन्द-स्वदीप्तय: अपराश्रय विभूतय:, विल्सन - self radiant; ग्रिफिथ, मैक्स०, पी०, मो०वि०, मैक्डा० - self luminous.

पृषतीभि: - चितकबरे धब्बों से । सा०-पृषत्यो विन्दुयुक्ता मृग्यो मरुद्वाहनभूता.,[1] मैक्स०, मैक्डा०, the spotted deer; ग्रिफिथ, प्यो०र०, वि० - with the spotted deer;

---

1. The spotted deer (Prishtih) are recognised animals of the Maruts and were originally, as it would seem, intended for the rain clouds. Roth observes, may mean a spotted cow or a spotted horse - the Maruts infact are called some times prishat - Ashwah having piebald horses or having Prishats for their horses.

See - Vadic Hymns Vol. I, P. 170, by Max.Muller.

वाशीभि: - कुठार से । सा0-वाश्य:शब्दविशेषा परकीयतेनाभी तिहेतव: । वि0-
War-Cries; मैक्डा0, मैक्स0, पी0- by the daggers; ग्रिफिथ -
swords Vol. I. P. 128 and Leo Meyer (Kuhn's Zeitschrift, Vol. VI
P. 424) In 29.3 the god Tvashtar is said to carry on iron Vasi
in his hand grassman(Kuhn's Zeischrift, Vol. XVI, p. 103; Tr. 'Vasi' by
axe.

अंजिभि: - आभूषणों के द्वारा । सा0 - अंजयो्ऽलंकरणानि; वि0 decoration
ornaments, मो0वि0, ग्रि0, मैक्स0 glittering ornaments.

अजायन्त - प्रकट हुए । सा0, वें0-प्रादुर्भवन्ति, विल्सन, मैक्स, ग्रिफिथ, मैक्डा0,
मो0वि0, म्योर, पी0, were born.

इहेव शृण्व एषां कशा हस्तेषु यद् वदान् ।

नि यामाँ चित्रमृञ्जते ॥ 3 ॥

अन्वय - एषां हस्तेषु कशा: यत् वदान् इह इव शृण्वे यामन् चित्रं नि ऋंजते ।

अनुवाद - इन (मरुतों) के हाथों में विद्यमान कोड़े की ध्वनि को यहीं पर स्थित होकर
सुन लेता हूँ । (उनकी यह विशिष्टध्वनि) युद्धभूमि में विविध प्रकार की
शूरता को अत्यधिक अलंकृत करती है ।

एषां हस्तेषु - सा0 मरुताम् स्थिता:, स्कन्द0 - हस्तैर्गृहीता:, विल्सन, मैक्स0, मो0
वि0, मैक्डा0, का0कैप0- In their hands, ग्रिफिथ, close at hands

कशा: - कोड़े । स्ववाहनता महेतव: - सा0, कशानामाहननशब्द - वें0 the whips-
ग्रिफिथ, म्योर, पी0, their whips-मैक्स0 ।

वदान - शब्द करते हैं । वदन्ति यं ध्वनिं कुर्वन्ति तं ध्वनिम्, वदन्ति - स्कन्द0,
वादयन्ति-वें0, the crack-ing ग्रिफिथ, विल्सन, मो0वि0they crack मैक्स0, पी0 ।

शृण्वे - सुन लेता हूँ। श्रृणोमि - सा०, शृण्वद् श्रुवद् इन्द्रः शृण्वदग्निः - यजु० 28.6,(I) Hear - विल्सन, मैक्स०, ग्रिफिथ, मो०वि०, Listen- म्योर, पी०।

नियजते - सुशोभित होते हैं। नितरामलंकरोति - सा०, wonderfully inspiring(courage)विल्सन, gether glory(on their way) ग्रिफिथ, gain splendour - मैक्स० ।

प्र वः शर्धाय घृष्वये त्वेषद्युम्नाय शुष्मिणे ।

देवत्तं ब्रह्म गायत ॥ 4 ॥

अन्वय- वः शर्धाय घृष्वये त्वेषद्युम्नाय शुष्मिणे देवत्तं ब्रह्म प्रगायत ।

अनुवाद - हे ऋत्विजों । स्वकीय बल बढ़ाने के लिए, शत्रुओं का विनाश करने हेतु और तेज से प्रकाशमान (मरुतों के) देवता (विषयक) (बलदाने वाले काव्य का) यथेष्ट गान करो ।

घृष्वये - शत्रु विनाशार्थ । शत्रु घर्षणयुक्ताय - सा०, मु०,the destroyers of foes वि०,to the wild - मैक्स,exultant vigourous- ग्रिफिथ Kraftigen ein - वेनफे, dreadful violent-मो०वि०, मैक्स० ।

त्वेषद्युम्नाय[1]- कांति से देदीप्यमान, दीप्यमानयशसे - सा०; Passesed of brilliant reputation - वि०;vigorous the strong-ग्रिफिथ।

---

1. Tvesh-dyumna is difficult to render, Both tvesh and dyumna are divided from roots that mean to shine to be bright, to glow. Derivatives from tvish express the idea of fieriness, fierceness and tury. In 5.17.7 tvish is used correlatively, with manyu warth derivatives from dyu convey the idea of brightness and briskness. Both qualities are frequently applie to the Maruts. See-Vedic Hymns,Page 273.By Max.Muller.

"endowed with terrible vigour and strength - मैक्स0 ।

शुष्मिणे - सामर्थ्य के लिए । बलवते - सा0; Endowed with strength -ful मैक्स0, म्योर, the strong - Grifith; Power- विल्सन, मो0वि0, का0 कैग0 ।

प्रशंसा गोष्वघ्न्यं क्रीळं यच्छर्धो मारुतम् ।

जम्भे रसस्य वावृधे ॥ 5 ॥

अन्वय - यत् गोषु क्रीळं मारुतम् रसस्य जम्भे वावृधे अघ्न्यं शर्धः प्रशंस ।

अनुवाद - जो (बल) मातृभूतपृश्नि आदि गायों में (पाया जाता है) (जो) खिलाड़ी मरुतों में (विद्यमान है) (जो) गोरस के यथेष्ट सेवन से बढ़ जाता है (उस) अविनाशी मरुत्सम्बन्धी बल की स्तुति करो ।

रसस्य जम्भे[1] - गो रस के यथेष्ट सेवन से । गोक्षीररूपस्य सम्बन्धि तत् तेजः मुखे उदरे वा-सा0, रसो वै मधुः श0 6.4.3.2 जम्भतिरत्र सामर्थ्यात् पानार्थः स्कन्द0.By the enjoyment of the milk;विल्सन, it strengthend as it drank the rain - ग्रिफिथ, tasted the rain - मैक्स0 ।

---

1. I take gembhe in the sense of gembhane on the root gabh and its derivatives, see Kuhn, Zeitschrift fur vergleichende Sprachwissenschaft Vol;I, P.123 Seq. It would be better to read mukhe instead of sukhe in the commentary. The Maruts were not born of milk of Prishni. Prishni is called their mather, Rudra their father (05.52.16, 60.5) Benfey takes the cows for clouds in which the lightenings dwell and the obyss of the sop is by him supposed to be again the clouds.

See. Vadic Hymns Page 73.

वावृधे - बढ़ जाता है। वृद्धमभूत - सा0,वें0,मु0, has been nourished विल्सन; grew - मैक्स0,itstrenghtend - ग्रिफिथ increased - मो0वि0 ।

को वो वर्शिष्ठ आ नरो, दिवश्च ग्मश्च धूतय: ।

यत् सीमन्तं न न्धूनुथ ॥ 6 ॥

अन्वय - नर: दिव: ग्म: च धूतय: व: आ वर्शिष्ठ क: यत् सीमन्तम् न धूनुथ ।

अनुवाद - हे नेतृत्वगुण सम्पन्न (मरुतों) तुम द्युलोक एवं भूलोक को कंपित करने वाले हो (ऐसे) तुममें सब प्रकार से उच्चकोटि का (भला) कौन है ? जो सदैव वृक्षों के अग्रभाग को हिलाने के सदृश शत्रुओं को विचलित कर देता है ।

दिव: - द्युलोक । द्युलोकस्यापि - सा0मु0, द्यौ:-वेंकट; Heaven and earth Wilson, Griffith , मैक्डा0 ।

धूतय: - कंपित करने वाले हो । कम्पयितार: - सा0 कम्पनकारिणो - वें0, shakers ग्रिफिथ, मैक्स0, मैक्डा0 ।

वर्शिष्ठ - उच्च कोटि का । वृद्धतम: - सा0मु0, Chief (lead among you) विल्सन, mightest-most-Grifith, the strongest (among you)- Max; most powerful - Mack.

सीमन्तं न धूनुथ - सदैव अग्रभाग को हिलाना । धूनुथ=पालयथ - सा0; मु0; shake them like a garments hear-Grifith; shake them like hear of a garment, (Antan-na) litterally like an end is explained by Sayan as the top of a tree-Max; Wilson; Longlois and Benefy accept that interpretation. Rath-proposes like the bear of garme which I prefer for vastranta, the end of a garment is a common expression in later Sanskrit, while anta is never applied to a tree in the sense of the top of a tree. Here agro would be more appropriate. See-Vadic Hymns. Page 74.

नि वो यामाय मानुषो दुध्र उग्राय मन्यवे ।

जिहीत पर्वतो गिरि: ॥ 7 ॥

अन्वय - व: उग्राय मन्यवे यामाय मानुष निदध्रे पर्वत: गिरि: जिहीत ।

अनुवाद - तुम्हारे भयावह क्रोधयुक्त एवं उत्साह परिपूर्ण आक्रमण से डरकर मानव तो ॥किसी न किसी॥ के सहारे ही रहता है ॥क्योंकि॥ ॥तुम॥ पहाड़ या टीले को भी विकंपित कर देते हो ।

विदध्रे - स्तम्भरूप आश्रय ॥के सहारे॥ दृढ़स्तम्भ निक्षिप्तकान्-सा0, holds himself-down, Max, Grifith; has planted afirm buttress.

जिहीत - विकंपित कर देते हो । गच्छेत - सा0मु0; is shattered-Wilson; Yields-Grifith, Mack; fled at your fierce anger Max.

येषामज्मेषु पृथिवी जुजुर्वा इव विश्पति: ।

भिया यामेषु रेजते ॥ 8 ॥

अन्वय - येषां यामेषु अज्मेषु पृथिवी जुजुर्वान् विश्पति: इव भिया रेजते ।

अनुवाद - जिनके आक्रमणों में और चढ़ाई के समय पृथ्वी मानो क्षीण नृपति की भाँति भय से विकंपित हो उठती है ।

यामेषु - आक्रमणों के अवसर पर । गमनेषु - सा0मु0; on their waysमैक्स, on their way - ग्रिफिथ, at impetuous approaविल्सन ।

अज्मेषु[1] - चढ़ाई के समय में । क्षेपकेषु सत्सु-सा0, at whose racing - Griffith. Max., at impetuous approach - Wilson.

विश्पतिः इव जुजुर्वान् - वृद्ध आयुविहीन प्रजापालक राजा की भाँति । [जिस प्रकार शत्रु के भय से काँपते हैं] यथा वयोहानिरोमादिना जीर्णः प्रजापालको राजा [वैरिभयात् कम्पते तद्वत् । like on enfeebled monarch- Wilson; like a boary king - Max; like on age weakened lord of men - Griffith; Wie ein altergebeugter Mann- Benefe.

रेजते - विकंपित करते हैं । कम्पते-सा0मु0, रेजति कम्पात - नि0 10.42; Trembles- विल्सन, Trembles in terror ग्रिफिथ, Trembles for fear. मैक्स0 ।

स्थिरं हि जानमेषां वयो मातुर्निरेतवे ।

यत् सीमनु द्विता शवः ॥ 9 ॥

अन्वय - एषां जानं स्थिरं हि मातुः वयः निःएतवे यत् शवः सीम् द्विता अनु ।

अनुवाद - इन [मरुतों की] जन्मभूमि दृढ़ीभूत एवं अटल है । यथा पंछी माता के पास से बाहर जाने की चेष्टा करते हैं [तथैव ये अपनी मातृभूमि से सुदूर देशों में विजय अभियान पर निकल जाते हैं] तब [इनका] बल सदैव दोनों ओर विभक्त रहता है ।

---

1. Agma seems to express the act of racing or running (like agi, race, battle) while Yama is the road itself where the racing takes place. A very similar passage occures in 1.87.3. The comparison of the earth (fem) to a king (masc.) would be considered a grave offence in the latter Sanskrit litterature. In 1.87.3 Vithura takes the place of Vispati.

Vádic Hymns P. 75.

जानमेषां (स्थिर) - इन (मरुतों) की जन्मभूमि । जन्मस्थानमाकाशं मरुतां - सा0,

stable is their birth place (the sky) - Wilson; strong is their birth - Grifith; Their birth is strong indeed-Max.

वय: निरेतवे - बाहर निकलने की चेष्टा करते हैं । निर्गन्तुं समर्था: भवन्तीति शेष:- सा0, the birds (are able) to issue from (the sphere their parent - Wilson; vigour have they to issue from their Grifith; There is strength to come forth from their mother - Max.

(विग्रह)x-

उद्धत्ये सूनवो गिर: काष्ठा अज्मेष्वन्वत ।

वाश्रा अभिज्ञु यातवे ॥ 10 ॥

अन्वय - त्येगिर: सूनव: अज्मेषु काष्ठा: वाश्रा: अभिज्ञु: यातवे उत - उ- अत्नत् ।

अनुवाद - उन वाणीपुत्र (वक्ता) मरुतों ने अपने शत्रुओं पर किये आक्रमणों की सीमायें बढ़ायी हैं, ताकि गायें (वर्षा) घुटने तक पानी में चल सकें ।

सूनव: गिर: - वाणी-पुत्र । वाच उत्पादका मरुत:-सा0, the generators of speech - विल्सन, the sons, singers- ग्रिफिथ, मैक्स--म्यूलर, मो0वि0 ।

यातवे - निकल जाने के लिए (सुगम हो) । गन्तुं प्रेरितवन्त: - सा0, spread out the waters - विल्सन, had to walk - मैक्स0, मैक्डा0, must walk- ग्रिफिथ ।

काष्ठा![1]- परिधियाँ सीमायें। अप: ॥जल॥ सा०; आपोऽपि काष्ठा उच्यन्ते क्रान्त्वा स्थिता भवन्ति ॥नि० 2.15॥ इति यास्क: । the waters - विल्सन, in their racing (have enlarged the bounds - Grifith; their genees racing.

M. Bergaigne proposes with must assurance as less tentive and more satisfactory- 'des fils ont dons leur marche allonge leurs chants comme des chemins pour Y marcher genous (surles genous) en mugissant (enchantant).

त्यं चिद् धा दीर्घं पृथुं मिहो नपातममृध्रम् ।
प्र च्यावयन्ति यामभिः ॥ ॥ ॥

अन्वय - त्यं चिद् घ दीर्घं पृथुं अमृध्रं मिह: न पातं यामभि: प्र च्यावयन्ति ।

अनुवाद - उस प्रसिद्ध सुदीर्घ, विस्तृत, अविनाशनीय जल की वृष्टि न करने वाले को ॥मेघ को भी ये मरुत्॥ भी अपनी गतियों से कंपित ॥हिला॥ कर देते हैं ।

---

1. Maruts enlarged their race course (Rv. 4.58.7). Kastha May mean the wooden enclousers (carrers) of the wooden poles that serve as turning and winning posts (metae). -

- Vadic Hymns p. 77.

मिहो नपातम् - जलवृष्टि न करने वाले मेघ । सा0-सेचनीयं जलस्य न पातयितारं वृष्टिमकुर्वन्तमित्यर्थः-सा0 rain retaining cloud - Wilson; off spring of the cloud - Grifith; long broad un ceasing rain-rain is called the offspring of the cloud, miho-napat and is then as a masculine; it. apam napat . ... Vadic Hymns.

यामभिः ॥अपनी॥ गतियों से । स्वकीय गमनैः - सा0; in their course (run, motion, waterpath) - Wilson; on the ways - Path, Method - Grifith; on their ways- Max, Mac.

अमृधम् - √मृधु मृधु उन्दने । मर्धति उदकेन उनत्तीति मृधः बहुवचनात् औणादिक ॥क॥ प्रत्ययः । नञ्समासे अव्ययपूर्वपद प्रकृतिस्वरत्वम् । तं॥ ... मृध शब्देन हिंसा लक्ष्यते । मत्वर्थीयोरः । पूर्ववत स्वरसमासौ । uninfurable - Wilson, inexhaustible - Grifith; unceasing without stopping-Max.

handed - मैक्डा०, deft of hand - मो०वि०, ग्रिफिथ; with

.the hands - का0कै0प0; with folded hands - वि0; prepare songs- मैक्स0 ।

विदथेषु आभुव: - यज्ञों में प्रभावयुक्त । यज्ञेषु, यथाशास्त्रं प्रयुक्ता भवन्तीति आभुवो देवताभिमुखीकरणाय समर्था: यज्ञयोग्यै: स्तोत्रैर्मन:पूर्वकमरुद्गणं स्तौमीतिभाव:-सा0मु0; यज्ञे प्रयोक्तुं योग्या: - वें0; mighty at sacrifices - मैक्स, power in solemn rites - ग्रि0; es. for afestival present - मो0वि0 ।

ते जज्ञिरे दिव: ऋष्वास उक्षणो, रुद्रस्य मर्या असुरा अरेपस: ।

पावकास: शुचय: सूर्याइव, सत्वानो न द्रप्सिनोघोरवर्पस. ॥ 2 ॥

अन्वय - ते ऋष्वास: असुरा, अ-रेपस: पावकास: सूर्य इव शुचय: उक्षण: द्रप्सिन: सत्वान: न घोर वर्पस: रुद्रस्य मर्या: दिव: जज्ञिरे ।

अनुवाद - वे महान (ऊँचे) जीवन का दान करने वाले, पापरहित, पवित्रता करने वाले, सूर्य की भाँति तेजस्वी सोम पीने वाले (और) सामर्थ्य युक्त लोगों के समान वृहदाकार शरीर वाले (मानों) रुद्र के मरणधर्मा वीर स्वर्ग से ही उत्पन्न हुए ।

ऋष्वास: - दर्शनीय, महान । दर्शनीया:-सा0मु0,वें0, महान्त:-स्कन्द0; high - मो0वि0; Lofty - मैक्डा0; Vigorous - वि0; Lofty ones - ग्रि0; the tall (bulls) मैक्स0 ।

अरेपस: - पापरहित । the blamless pure - मैक्स0; stainless - मो0 वि0; spotless - मैक्डा0; Pure - का0कै0प0 ।

द्रप्सिन: - वर्षा की बूंदों को बिखेरने वाले । वृष्ट्युदकविन्दभिर्युक्ता:-सा0मु0; वृष्ट्युदकलक्षणेन रसेन रसवन्त. - स्कन्द0, the scattering rain drop - मैक्स0; pouring rain drop - का0कै0प0; falling in drop - मो0वि0;

carring a banner - मैक्डा0; diffusers of rain drops - वि0 ।

सत्वानो न - सामर्थ्ययुक्त लोगों की भाँति - यथा परमेश्वरस्य भूतगणा अतिशयित बल-पराक्रमा: 3 तत्सदृशा इत्यर्थ: - सा0; मु0; सिंहादय: - वें0; सत्वान इति भूतगणा उच्यन्ते - अथो ये अस्य सत्वान: - तै0सं0 4.5.1.3, conquerer of the foes - वि0; like gaints - मैक्स0; ग्रि0 ।

घोरवर्पस: - वृहदाकार शरीर वाले । शत्रूणां भयङ्कररूपा: - सा0मु0; घोररूपा: - वें0, स्कन्द0; assumming awaful - मैक्डा0; full of violent stratagem - का0कैप0; fearfull forms - वि0; awful of forms (likegaints) - ग्रि0; full of terrible designs (like gaints) - मैक्स0 ।

उक्षण: - सेचनीय । सेक्तार: - सा0मु0, वें0, स्कन्द0; sprinkling - मो0वि0; bessprinkling - मैक्डा0; scattering rain drops - वि0; the bulls of Heaven - मैक्स0; ग्रि0 ।

युवानो रुद्रा अजरा अभोग्घनो, ववक्षुरधिगावः पर्वता इव ।

दृळहा चिद् विश्वा भुवनानि पार्थिवा, प्रच्यावयन्ति दिव्यानि मज्मना ॥ 3 ॥

अन्वय - युवान: अजरा: अभोक् हन: अधिगाव: पर्वता इव रुद्रा: ववक्षु:, पार्थिवा दिव्यानि विश्वा भुवनानि दृळहा चित् मज्मना प्र च्यावयन्ति ।

अनुवाद - यौवन सम्पन्न, अजर, अनुदार कृपणों को दूर करने वाले, आगे बढ़ने वाले, पहाड़ों की भाँति स्वस्थान पर अटल, शत्रु रोदयिता ये वीर लोगों को सहायता पहुँचाते हैं । पृथ्वी पर उपलब्ध तथा द्युलोक में विद्यमान सभी लोक कितने भी स्थिर हों तो भी उन्हें ये स्वबल से अपदस्थ कर देते हैं तथा विचलित कर देते हैं ।

अभोग्घन: - अनुदार कृपणों को दूर करने वाले । ये देवान् हविर्भिर्न भोजयन्ति तेषां-
- हन्तार: - सा0,मु0, यागादिनायस्तेषामभोग्यस्तस्य हन्तार: - स्कन्द0;
the slayers of demon - मैक्स0; demon slayer's - ग्रि0; destructive of these who do not worship - वि0 ।

अधिग्राव: - आगे बढ़ने वाले । अधृतगमना: परैरनिवारितगतय. - सा0मु0, अधृतगमना-वें0; irresistible - ग्रि0; मैक्स0; desirous - वि0; possessed of qualities - मैक्डा0 ।

पार्थिवा - पार्थिव । पृथिव्यां भवानि - सा0मु0; पार्थिवानि - वें0; on earth and in heaven - मैक्स0; both of earth and heaven-ग्रि0; of heaven or of earth- वि0; terrestrial - मो0वि0 ।

ववक्षु: - पहुँचाते हैं । स्तोतृणामभिमतं प्रापयितुमिच्छन्ति - सा0मु0; वहन्ति-वें0;
to progess - वि0; have grown irresistable - मैक्स0; have waxed (irresistible) - ग्रि0 ।

प्रच्यावयन्ति - विचलित कर देते हैं । प्रचालयन्ति - सा0मु0; to move - मो0वि0;
throw down - मैक्स0; make all being tremble - ग्रि0; agitate - वि0; deprivation - मैक्डा0 ।

चित्रैरञ्जिभिर्वपुषे व्य ञ्जते, वक्ष:सु रुक्मां अधियेतिरे शुभे ।

अंसेष्वेषां नि मिमृक्षुऋष्टय:, साकं जज्ञिरे स्वधया दिवानर: ।। 4 ।।

अन्वय - वपुषे चित्रै: अञ्जिभि: विअ चते वक्ष: सु शुभे रुक्मान् अधियेतिरे येषां अंसेषु ऋष्टय: नि मिमृक्षु: नर: दिव: स्वधया साकं जज्ञिरे ।

अनुवाद - शरीर की सुन्दरता बढ़ाने के लिए विविध प्रकार के आभूषणों द्वारा वे विशेष ढंग से अपनी सुषमा वृद्धिगत करते हैं । वक्षस्थल पर शोभा के लिए सोने का

हार धारण करते हैं । इन मरुतों के कंधों पर हथियार चमकते रहते हैं । नेतृगुण सम्पन्न वीर मरुत् । द्युलोक से अपने बल के साथ प्रकट हुए ।

चित्रैः अञ्जिभिः - विविध प्रकार के आभूषणों द्वारा ॥ रूपाभिव्य जनसमर्थैराभरणैः स्वशरीराणि - सा०मु०; नानारूपैः आभरणैः - वें०; with shining jewels - मैक्ड०; with glittering ornaments - ग्रि०, मैक्स०; with various ornaments - वि०; with excellent ornaments -मो०वि०; ।

व्यञ्जते - ॥विशेष प्रकार से सुषमा॥ व्यक्त करते हैं । व्यक्तं कुर्वन्ति - सा०मु०; अलङ्कुर्वन्ति-वें०; anoint - मैक्ड०; fastend gold - मैक्स०; display - वि०; smear - मो०वि० ।

शुभे - शोभा के लिए । शोभार्थम् - सा०मु०; beautiful - मो०वि०; Pleasant - मैक्ड०; for beauty - ग्रि०; for elegance- वि०; marvellous show - मैक्स० ।

अधियेतिरे - ऊपर धारण करते हैं । उपरि चक्रिरे - सा०मु०, अधियातयन्ति - वें०; decorate their persons-वि०; deck themselves - मैक्स०; deck themforth - ग्रि० ।

निमिमिक्षु - चमकते रहते हैं । निमृष्टाः स्थिता बभूवुः - सा०मु०; निषक्ता भवन्ति वें०; to sparkle - मो०वि०; lusture - का०कै०प०; brightness-मैक्ड०; glitter - मैक्स०; ग्रि०; brilliance -वि०; द्राथ निमिमिक्षु के स्थान पर नि +√मिक्ष् को अधिक उपयुक्त स्वीकार करते हैं ।

जज्ञिरे - प्रकट हुए । प्रादुर्बभूवु.-सा०मु०; जाताः - स्कन्द० ; प्रादुर्भवन्ति - वें ; rising - मैक्ड०; appearing -मो०वि०; were born -ग्रि०; मैक्स०, are born - विल्सन ।

ईशानकृतो धुनयो रिशादसो, वातान् विद्युतस्तविषीभिरक्रत ।

दुहन्त्यूधर्दिव्यानि धूतयो, भूमिं पिन्वन्ति पयसा परिज्रयः ॥ 5 ॥

अन्वय - ईशानकृतः धुनयः रिशादसः तविषीभिः वातान् विद्युतः अक्रत । परिज्रयः धूतयः दिव्यानि ऊधः दुहन्ति । पयसा भूमिं पिन्वन्ति । ~~प्रभुत्व~~

अनुवाद - पूज्य प्रभुत्वसम्पन्न व्यक्ति की भाँति आचरण करने वाले (शत्रुओं) को कँपाने वाले शत्रुहिंसक (अपनी) शक्तियों से वायुओं को (तथा) विजलियों को उत्पन्न करते हैं । चतुर्दिक परिभ्रमण करने वाले, शत्रुओं को कंपाने वाले (ये वीर) आकाशस्थ मेघों का दोहन करते हैं (और) यथेष्ट वर्षा द्वारा भूमि को तृप्त करते हैं ।

ईशानकृतः - स्तोता (प्रभुत्वसम्पन्न) स्वामी की भाँति आचरण करने वाले । स्तोतारमीशानं धनाधिपतिं कुर्वाणः - सा० मु०; mfn. acting like a competent person - मो०वि०; acting as a lord - मैक्डा०; worshipper- वि०; the who confer power - मैक्स०; giving strength- ग्रिफिथ ।

रिशादसः - शत्रुहिंसक । रिशानां हिंसकानामन्तारः - सा०मु०; शत्रुहिंसकाः - वें०; of the Maruts and the other gods - मैक्डा०; devourer of foes - मो०वि०, मैक्स०, वि०, ग्रिफिथ ।

धुनयः - कंपाने वाले । मेघादीनां कम्पयितारः - सा०मु०; कम्पयितारः - वें०; rushing along- मैक्डा०; roaring - मो०वि०; roarers - मैक्स०, loud roarers - ग्रि० ।

अक्रत - उत्पन्न करते हैं । कुर्वन्ति - सा०मु०, वें०, स्कन्द०; made - मैक्स०; make - ग्रिफिथ; create -वि०, मो०वि० ।

परिज्रय - चतुर्दिक गमन करने वाले । परितो गन्तारः - सा०मु०, वें०; सर्वतो गामिनः स्कन्द०; become wornout - मो०वि०, moving all around मैक्डा०; ever wandering - ग्रि०; all around - मैक्स० ।

दुहन्ति - दोहन करते हैं । रिक्तां कुर्वन्ति - सा०मु०; प्रक्षारयन्ति - स्कन्द०, derive advantage from-मैक्डा०; milk- मैक्स०, drain-ग्रि०; वि० ।

पिन्वन्त्यपो मरुतः सुदानवः पयो घृतवद् विदथेष्वाभुवः ।

अत्यं न मिहे वि नयन्ति वाजिनम्, उत्सं दुहन्ति स्तनयन्तमक्षितम् ॥ 6 ॥

अन्वय - सुदानवः आभुवः मरुतः विदथेषु घृतवद् पयः अपः पिन्वन्ति अत्यं न वाजिनं मिहे विनयन्ति, स्तनयन्तं उत्सं अक्षितं दुहन्ति ।

अनुवाद - शोभनदानी प्रभावशील मरुद्गण, यज्ञों में घी के साथ दूध तथा जल को समृद्ध करते हैं । घोड़े को जिस प्रकार प्रशिक्षित करते समय घुमाते हैं तथैव मरुद्गण बलयुक्त मेघों को वर्षा के लिए विशेष ढंग से ले चलते हैं । (तदुपरान्त) गरजने वाले उस मेघ का अक्षयरूप से दोहन करते हैं ।

सुदानवः - शोभनदानी । शोभनदानाः - सा०मु०, सुदानाः - वें० faithful worshippers - मो०वि०, giving richly - मैक्डा०; bounteous मैक्स०, ग्रि०; good givers - विल्सन ।

आभुवः - प्रभावशाली । आभवन्तीत्याभुव ऋत्विजः - सा०मु०; महान्तः - स्कन्द०; helpful - मो०वि०, मैक्डा०, solemn - ग्रि०; seem to lead मैक्स० as grooms load - वि० ।

घृतवद्पयः - घी के साथ दूध । यथा घृतं सिञ्चत्येवं मरुतोऽपि वृष्टिं कुर्वन्तीतिभावः: सा०मु०; क्षीरं च घृतसंयुक्तम् - स्कन्द०; clarified butter with milk- मैक्डा०; मो०वि०; the fat milk (of the clouds); with the fatness dropping milk - ग्रि०; the clarified butter - वि० ।

मिहे - वर्षा के लिए । वर्षणाय - सा०मु०; to wet मो०वि०; for pouring water- मैक्डा०; to make it rain-मैक्स०; that may rain-ग्रि०; for its rain- वि० ।

विनयन्ति - विशेष ढंग से ले चलते हैं । स्वाधीनं कुर्वन्तीति भाव: - सा०भु०; वें०;
विविधमितश्चेतश्च नयन्ति - स्कन्द०; roaming - मो०वि०, मैक्ड०;
(They) lead - ग्रि०; bring forth - वि०; (They)seem to lead -मैक्स०।

स्तनयन्तम् - गरजने वाले । गर्जन्तम् - सा०भु०, स्कन्द०; उत्साह्यं-वें०, having a
roaring onset (Maruts)मो०वि०; मैक्ड०; the thoundering -
वि०, मैक्स०, ग्रि० ।

महिषासो मायिनश्चित्रभानवो, गिरयो न स्वतवसो रघुष्यदः ।
मृगा इव हस्तिनः खादथा वना, यदारुणीषु तविषीरयुग्ध्वम् ॥ 7 ॥

अन्वय -महिषास: मायिन: चित्रभानव: गिरय: न स्वतवस: रघुष्यद: हस्तिन: मृगाइव
वना खादथ, यत् आरुणीषु -तविषी: अयुग्ध्वम् ।

अनुवाद - हे अतिकुशल कारीगर मरुतों । अत्यन्त तेजस्वी पर्वतों के समान स्वकांति ॥बल॥
से स्थिर रहने वाले ॥परन्तु॥ वेगपूर्वक गमन करने वाले ॥तुम॥ हाथियों एवं
मृगों के समान वनों को खा जाते हो क्योंकि तुम लालवर्ण वाली घोड़ियों में से बलिष्टों
को ही रथों में लगाते हो ।

गिरयो न स्वतवस: - पर्वतों की भाँति स्वबलयुक्त । पर्वता इव स्वकीयेन बलेनयुक्ता:-
सा०भु०, पर्वताइव स्वबला-वें०-स्कन्द०; Concious of one's
own strength like mountain - मो०वि०; self strong like mountains-
a mountain - मैक्ड०; bright shining like - वि०; strong in them-
selves like mountains - मैक्स० ।

रघुष्यद: - वेगगामी । शीघ्रगमना: - सा०भु०; लघुगवा - वें०; स्यन्दतिर्गतिकर्मा -
॥तु०निघं० 2.14; swiftly going- मैक्ड०; rapid- मो०वि०; glid-
ing along - मैक्स०; (Ye) glide swiftly - ग्रि०, quick in motion -
विल्सन ।

<u>खादथ</u> - खा जाते हो, चबा जाते हो । भक्षयथ - सा0मु0; destroy - मो0वि0; break down - वि0; (Ye) eat up - ग्रि0; chew up - मैक्स0, रा0थ0।

<u>अयुग्ध्वम्</u> - ⌊रथों में⌋ जोतते हो । समेजितवन्तः - सा0मु0; Paired - मो0वि0; odd - का0कैप0; have assumed - वि0, मैक्स0; (Ye) assume - ग्रि0 ।

सिंहाइव नानदति प्रचेतसः, पिशा इव सुपिशो विश्ववेदसः ।

क्षपो जिन्वन्तः पृषतीभिॠष्टिभिः, समित् सबाधः शवसाहिमन्यवः ।। 3 ।।

<u>अन्वय</u> - प्रचेतसः सिंहा इव नानदति, पिशा इव सुपिशः विश्ववेदसः क्षपः जिन्वतः, शवसा अहिमन्यवः पृषताभि. ॠष्टिभिः सबाधः सं0 इत् । ⌊समित⌋ ।

<u>अनुवाद</u> - प्रकृष्ट ज्ञानी ⌊ये वीर मरुत्⌋ सिंहों के सदृश गर्जना करते हैं । आभूषणों से विभूषित पुरुषों की भाँति शोभनशील धन सम्पन्न शत्रुहन्ता ⌊लोगों के⌋ संतुष्टकर्ता अदम्य बलशाली ⌊मरुद्गण⌋ चितकबरी घोड़ियों के साथ और हथियारों के साथ 7 लोगों की रक्षा के लिए तुरन्त एकत्रित होकर चलते हैं ।

<u>सिंहाइव नानदति</u> - सिंह सदृश गर्जना करते हैं । भृशं शब्दं कुर्वन्ति । यथा सिंहा गिरिगह्वरेषु गम्भीरं शब्दं कुर्वन्ति एवं मरुत्तु अभ्यागतेषु गम्भीरः शब्दः उत्पद्यते इति भावः - सा0मु0 । सिंहाइव शब्दं कुर्वन्ति - वें0 । roaring - मो0वि0; sounding alour -मैक्डा0; roar like lions -ग्रि0; वि0; like lions (they) roar - मैक्स0।

<u>पिशाइव</u> - आभूषणयुक्त पुरुषों की भाँति शोभाधारी । पिश इति रूपनाम यथा रुरुः स्वशरीरगतैः श्वेतविन्दुभिरलङ्कृतास्व तद्वत-सा0मु0; tawny colour adorn मैक्डा0; adorned with - मो0वि0; तु0 अवे0 19.49.4 त्सिमर, आ0ले0 83 मैक्स0 सेबुई 32 ।18; गलेडनर-ग्लासर ।10; handsome like gazells - मैक्स0; with their antilapes -वि0; beautous as antilppes- ग्रि0 ।

क्षप: जिन्वत: - शत्रु को जीतने वाले । शत्रूणां क्षपयितार: - सा0मु0; शत्रून् बाधितार: वें0; do penance capture - मो0वि0; destroying delight ing - मैक्डा0; destroying delightingवि0; stirring the darkness with lances - ग्रि0; By might ...... and with their spears (lightings) - मैक्स0 ।

अहिमन्यव: - अत्यधिक उत्साही । आहननशीलमन्युयुक्ता: - सा0मु0; (mfn) enraged like serpents (n of Maruts) - - - - - - - मो0वि0; in their anger - वि0, like the ine of serpents - मैक्स0; with serpents' jury - ग्रि0 ।

पृषतीभि: ऋष्टिभि: - चितकबरी (घोड़ियों) तथा हथियारों के साथ । मरुतां वाहनस्याख्यापृषत्या श्वेतबिन्दुङ्किता मृग्य इत्यैतिहासिका:, नानावर्णा मेघमाला इति नैरुक्ता: ताभि:, ऋष्टिभि:-आयुधैश्च सहित: सन्त - सा0 मु0, अश्वाभि: ऋष्टिभि: चायुधविशेषै:-वें0 । spotted spear - मैक्डा0; speckled spear - मो0वि0; dappled with armor with spear -का0कैप0; the spotted deer and their arms - वि0; with their spotted deer and their spears —— मैक्स0, with lances and spotted deer - ग्रिफिथ ।

रोदसी आ वदता गणश्रियो, नृषाच: शूरा: शवसाहिमन्यव: ।

आ बन्धुरेष्वमतिर्न दर्शता, विद्युन्न तस्थौमरुतो रथेषु व: ॥ 9 ॥

अन्वय - गणश्रिय. नृषाच: शूरा: शवसा अहिमन्यव: मरुत: रोदसी आ वदत, बन्धुरेषु रथेषु अमति: न, दर्शता विद्युत् न व: आ तस्थौ ।

अनुवाद - समुदाय के कारण शोभित होने वाले, जनसेवी, वीर अत्यधिक बल के कारण न घटने वाले उत्साह से युक्त मरुतों । भूतल एवं द्युलोक को अपना दहाड़ से

भर दो । ﴾जिनमें﴿ बैठने के लिए सुव्यवस्था है ﴾ऐसे﴿ रथों में निर्मलरूप वालों के समान तथा दर्शनीय विजयों के क्र समान तुम्हारा तेज फैल चुका है ।

गणश्रियः: - समूह में शोभित । गणशः श्रयमाणाः सप्तगणरूपेणावस्थिताः - सा०भु०; गणरूपा:-स्कन्द०; joind in flock - मो०वि०; in troops- मैक्ड०; distinguished in troops - वि०; in companies - मैक्स०, ग्रि०, राथ ।

नृषाच: - जनसेवी । यजमान हविः स्वीकरणाय सेवमानाः - सा०भु०; मनुष्याणां सम्भक्तारः - वें०; benovalent to men - वि०; the friends of men - मैक्स०; befriending men - ग्रि० ।

रोदसी - द्युलोक एवं पृथ्वी लोक । द्यावापृथिव्यौ-सा०भु०, स्कन्द०; heaven and earth - मैक्ड०, मो०वि०, वि, मैक्स०, ग्रि० ।

वन्धुरेषु रथेषु - बैठने की व्यवस्थित जगह ﴾रथों﴿ में । बन्धक का०ठ निर्मितं सारथेः स्थानं बन्धुरमित्युच्यते - सा०भु०; charming carriage pole - मैक्ड०; on the seats on your chario मैक्स०; upon the cars stands - ग्रि०; (Your) sits in the seat furnished chariots - वि० ।

अमर्तिन[1] - सुन्दर रूपों वाला । यथा निर्मलरूप सर्वैर्दृश्यते - सा०भु०; रूपमिव दर्शनीया

---

1. Creasing the might of the warrior.

....... But it is most frequently used on the effulgence of the sun. 3.38.8; 5.45.2; 62.5; 7.38.1,2; 45.3; See also 5.56.8; where the same companion of the Maruts is called Rodasi, The comporative particle 'na' is used twice.

See . "Vedic Hymns",
Max.Muller.

वें0; as the lovely lightings - वि0; visible as light - ग्रि0; मैक्स0; Amati means originally impetus then power e.g. 5.69.1; वविधान्यु अमतिं क्षत्रियस्य ।

दर्शता विद्युत न - दर्शनीय विद्युत के समान । यथा वा दर्शनीया विद्युन्मेघस्था सर्वैर्दृश्यते एवं रथे स्थितानां युष्माकं ज्योतिरपि सर्वैर्दृश्यते इत्यर्थः-सा0भु0; visible like shining asunderमैक्डा0; conspicuous like flashing - मो0वि0; As the lovely lighting - वि0; stands like lightning - ग्रि0; the lightning stands - मैक्स0 ।

विश्ववेदसो रयिभिः समोकसः, संमिश्लासस्तविषीभिर्विरप्शिनः ।
अस्तार इषुं दधिरे गभस्त्यो-रनन्तशुष्मा वृषखादयो नरः ॥ 10 ॥

अन्वय - रयिभिः विश्ववेदसः सं-ओकसः तविषीभिः सं-मिश्लासः वि-रप्शिनः अस्तारः अन् अन्तशुष्माः वृषखादयः नरः गभस्त्योः इषुं दधिरे ।

अनुवाद - धनों ।सम्पन्नता। के द्वारा सर्वधनयुक्त साथ-साथ रहने वाले अनेक बलों से युक्त विशेष सामर्थ्यवान, शत्रुओं पर प्रहार करने वाले, असीम सामर्थ्य वाले, विशाल आभूषण धारण करने वाले नेता ।मरुद्गण। भुजाओं पर बाण धारण कर रहे हैं ।

रयिभि - धनों के द्वारा । धनैः - सा0भु0, वें0; धनानां - स्कन्द0; by wealth - मो0वि0; by treasure - मैक्डा0; with wealth - वि0; राय; मैक्स; of wealth - ग्रिफिथ ।

समोकसः - साथ-साथ एक ही घर में निवास करने वाले । समान निवासाः समवेता- -वा-सा0भु0; समानस्थानाः - वें0; keeper of a gaming house - मैक्डा0; dwelling in the home - ग्रि0; co-dwellers - वि; men of endlesspowers मैक्स0 ।

संमिश्लास: - मिश्रित ।संमिश्रा:, सा०भु०; सम्मिश्रयन्त:-वें०; combined - वि०; endowed with - ग्रि०; मैक्स०; mingled - मो०वि० ।

विरप्शिन: - विशेष सामर्थ्यवान । महान्त: - सा०भु०, स्कन्द०; swelling -मो० वि०; powers - मैक्स०; with strength-वि०; with mighty vigour - ग्रि० ।

अस्तार: - शत्रु पर अस्त्र चलाने वाले । शत्रूणां निरासितार. - सा०भु०; क्षेप्तार:-वें०, to repellers of foes -वि०; laid the arrow -ग्रि०; have taken the arrow - मैक्स०; लेन० ।

वृषखादय: - विशाल आभूषण धारण करने वाले । वृषा इन्द्र: खादि: आयुधस्थानीयो- -येषां ते - सा०भु०; are leaders (of men) held in their hands- वि०; with strong men's ring - ग्रि०, मैक्स०; wearing big x rings - मैक्डा० ।

हिरण्ययेभि: पविभि: पयोवृध, उज्जिघ्नन्त आपथ्यो३ न पर्वतान् ।
मखा अयास: स्वसृतो ध्रुवच्युतो, दुध्रकृतो मरुतो भ्राजदृष्टय: ।। ।। ।।

अन्वय - पयोवृध: मखा: अयास स्वसृत: ध्रुवच्युत: दुध्रकृत: भ्राजत ऋष्टय: मरुत: आपथ्य: न पर्वतान् हिरण्ययेभि: पविभि: उत् जिघ्नन्ते ।

अनुवाद - दूध पीकर पुष्ट बनने वाले, यज्ञ करने वाले, आगे जाने वाले, स्वच्छन्दतापूर्वक हलचल करने वाले, अटलरूप से खड़े शत्रुओं को भी हिलाने वाले तथा दूसरों के द्वारा न घेरे जाने योग्य अर्थात् अत्यन्त वीर तेजस्वी हथियार साथ रखने वाले मरुद्गण राही जिस प्रकार राह ।मार्ग। के तिनके को दूर फेंक देता है तथैव पहाड़ों तक को स्वर्णमय रथों के पहियों से उड़ा देते हैं ।

पयोवृधः - दूध पीकर पुष्ट होने वाले । पयसो वृष्टयुदकस्य वर्धयितारः - सा०मु०; उदकस्य वर्धयितारः - वें०; over following- मो०वि०; increase the rain - मैक्स०; augmenters of rain - वि०; make the rain increase - ग्रि० ।

अयासः - आगे जाने वाले । देवयजन देशं प्रतिगन्तारः - सा०मु०; गच्छन्तः - वें०; गमनशीला - स्कन्द०; indefatigable - मैक्डा०; active on his way- मो०वि०; unwearied - ग्रि०; brisk indefatigable - मैक्स०; visitants of the hall of offering; Fluthmeh-rer- वेनफे ।

दुध्रकृतः - दूसरों के द्वारा न घेरे जाने वाले । दुध्रं दुष्टानां धारयितारमात्मानं कुर्वाणाः - सा०मु०; दुर्धरस्य कर्मणः कर्तारः - वें०; difficult to be assaulted - मो०वि०; hard to be administered- मैक्डा०, move by themselves - ग्रि०; self moving - मैक्स० ।

हिरण्ययेभिः पविभिः - स्वर्णमय रथों के पहिये से । सुवर्णमयैः रथानां चक्रैः - सा० मु०; हिरण्यमयीभिः रथचक्रधाराभिः - स्कन्द०; with golden tire of a wheels - मो०वि०; मैक्स०; with golden wheels - वि०; with golden fell-ies- ग्रि०: ।

उज्जिघ्नन्ते - उड़ा देते हैं । ऊर्ध्वं गमयति - सा०मु०; उद्घाधयन्ति - वें०; raised - मो०वि०; lifted - मैक्डा०; increase - मैक्स०; drive- वि०; drive forward - ग्रि० ।

घृषुं पावकं वनिनं विचर्षणिं, रुद्रस्य सूनुं हवसा गृणीमसि ।

रजस्तुरं तवसं मारुतं गण, मृजीषिणं वृषणं सश्चत श्रिये ॥ १३ ॥

अन्वय - मरुतः वः ऊती यं वै आवत सः गर्तः शवसा जनान् अति नु तस्थौ अर्वद्भिः वाजं नृभिः धना भरते पुष्यति आपृच्छयं क्रतुं आ क्षेति ।

अनुवाद - युद्ध में (संघर्ष में) चतुर पवित्रता करने वाले, वन में विचरण करने वाले, विशेष प्रकार से हलचल करने वाले, रुद्र पुत्र मरुतों का प्रार्थना करते हुए प्रशंसा (स्तुति) करते हैं। ऐश्वर्य के लिए धूल उड़ाने वाले (वेगपूर्वक गमन करने वाले) बलिष्ठ, वीर्यवान तथा सोम पान करने वाले मरुत् समुदाय को प्राप्त हो जाओ।

धृष्णुं - संघर्ष में। शत्रूणां बलस्य धर्षकं विनाशयितार: - सा0मु0; धर्षणशीलें - वें0।
exuberant - मैक्डा0; foe destroy वि0; the brisk- ग्रि0, मैक्स0।

विचर्षणि - विशेष प्रकार से हलचल करने वाले। विशेषेण सर्वस्य द्रष्टारम् - सा0मु0; विद्रष्टारम् - वें0; the active - मो0वि0; non-rishing- मैक्डा0; the active ones - ग्रि0; the active- मैक्स0।

हवसा - आह्वान के द्वारा। आह्वान साधनेन स्तोत्रेण - सा0मु0; स्तोत्रेण स्तुम:- वें0; with invocation - मैक्डा0; with prayer - मैक्स0, ग्रि0; invoke - वि0; with an invocation - राथ।

गृणीमसि - प्रशंसा करते हैं। शब्दयाम: - सा0मु0; स्तुम: - वें0; स्तुमोवयम - स्कन्द0; praise - मो0वि0; sing - मैक्डा0; with praise -वि0; invoke- मैक्स0; invoke(with prayer) ग्रि0।

रजस्तुरम् - धूल उड़ाने वाले (वेगगामी)। पार्थिवस्य पांसोस्त्वरयितारं - सा0मु0; उदकस्य प्रेरयितारम् - वें0; law grain of dust - मैक्डा0; grain of dust - मो0वि0; the chasers of the sky - ग्रि0; मैक्स0; in its ordinary sense, is a frying-pan but here it may mean any sacri~~fic~~ficial vessel - V.

वृषणम् - वें0; वर्षितारम् ; मु0; कामाभिवर्षकम्; ग्रि0; powerful - शक्तिशाली; वि0; Rains(Blessings) जो आशीर्वादों के वर्षक हैं। लेन0-संटी0 पृष्ठ 251-252. Vrisan adj. and subject describing on denoting all that was distinguished for its strength and virility -----------

मो0वि0; powerful - ग्रास0; starken- पुष्टिदायक है । 'उक्षन्' {बैल तथा 'वृषन्' सांड की उपधा का अकार सर्वनामस्थान से पूर्व कहीं दीर्घ एवं कहीं ह्रस्व हो जाता है । द्वि0 एकवचन - उक्षाणम् - उक्षणम् , वृषाणम् , वृषणम् । 'वा ष पूर्वस्य निगमे' पा0 6.4.9 इत्युपधादीर्घाभाव: । अतएव समस्त अर्थ का विश्लेषण करने पर वृषाणम् का अर्थ कामना सेचक उचित प्रतीत होता है । वृषन् पद 'वृष्' वीर्यसेचन करने से निष्पन्न है । इसका मूल अर्थ 'नर' था । किन्तु बाद में इसका प्रयोग प्रधानता श्रेष्ठता, विशिष्टता, प्रतिष्ठा के द्योतक के रूप में हुआ । वेद मंत्रों में इसका प्रयोग अनेकश: मिलता है । 'वीर' शक्तिशाली' आदि अर्थ विशेषण एवं देवताओं के नाम और प्रशंसावाचक रूप में इसका प्रयोग किया गया है । अंग्रेजी अनुवादकों ने बैल अर्थ किया है । किन्तु यह अर्थ स्वीकार करने योग्य नहीं है । इसका विस्तारित अर्थ 'शक्ति' तो स्वीकार किया जा सकता है । सायण ने इस शब्द का अर्थ अधिकतर स्थलों पर 'कामना सेचक' किया है अतएव कामना सेचक अर्थ उचित है ।

श्रिये - ऐश्वर्य के लिए । to make a show - मो0वि0; to make a bliss - मैक्डा0; for happiness - ग्रि0, मैक्स0 ।

सश्चत - प्राप्त हो जाओ । प्राप्नुत-सा0मु0; सेवध्वं - वें0; get into motion - का0कै0; get into quiver - मो0वि0; get into pass- मैक्डा0; cleave (for happiness) - ग्रि0; receiving -वि0; cling (for happiness) - मैक्स0 ।

प्र नू स मर्त: शवसा जनाँ अति, तस्थौ व ऊती मरुतो यमावत ।
अर्वद्भिर्वाजं भरते धना नृभि, रापृच्छ्यं क्रतुमा क्षेति पुष्यति ॥ 13 ॥

अन्वय - मरुत: व: ऊती यं वै आवत स: मर्त: शवसा जनान् अति नु तस्थौ अर्वद्भि: वाजं नृभि: धना भरते पुष्यति आपृच्छ्यं क्रतं आक्षेति ।

अनुवाद - हे मरुतों ! तुम्हारी संरक्षण शक्ति द्वारा जिसकी रक्षा करते हो, वह मनुष्य बल में अन्य लोगों की अपेक्षा श्रेष्ठ होकर स्थिर बन जाता है । {वह}

घोड़ों के दल की सहायता से अन्न पाता है । वीरों के द्वारा धन इकट्ठा करता है ॥और॥ पुष्ट होता है । बिना पूछे ॥सम्माननीय॥ यज्ञ की ओर चला जाता है ॥यज्ञ करता है॥ ।

व: ऊती - अपनी संरक्षण शक्ति द्वारा । ऊत्या रक्षणेन - सा०मु०; युष्माकं पालनेन-स्कन्द०; यूयं रक्षणेन - वें०; with self comfort-मो०वि०; for self aid - मैक्डा०; through your protection- मैक्स०; have guarded - ग्रि०; defend with your protection -वि० ।

नृभि: - वीरों के द्वारा । स्वकीयैर्मनुष्यै: - सा०मु०; दासै: - वें०; yedraw into your elaves - ग्रि०; be royal favourite - मैक्डा०; by favourit men - मो०वि०; man whom - वि०; with his men - मैक्स०; ग्रि० ।

पुष्यति - पुष्ट होता है । प्रजया पशुभि: पुष्टो भवति च - सा०मु०; nourishment-मो०वि०; मैक्डा०; prospers - मैक्स०; वि०; prospereth - ग्रि०; to flowrish - लेन० ।

आपृच्छ्यम् - सराहनीय, सम्माननीय, पूज्य, बिना पूछे । आपृष्टव्यं शोभनं - सा०मु०, वें०; Praise worthy - मैक्डा०; honourable -रा०, to be reserved - मो०वि० ।

आक्षेति - चला जाता है, प्राप्त होता है, यज्ञ करता है । आप्नोति - सा०मु०; सर्वदा द स्वस्मिन् स्थाने निवसति-स्कन्द०; अधितिष्ठति-वें०: प्राप्नोति-मु०; to giving up - मैक्डा०; surpasseth - ग्रि०; quickly surpasses-वि०; surpasses - लेन०; carries off - मैक्स०; to struck - मो०वि०।

चर्कृत्यं मरुत: पृत्सु दुष्टरं द्युमन्तं शुष्मं मघवत्सु धत्तन ।

धनस्पृतमुक्थ्यं विश्वचर्षणिं, तोकं पुष्येम तनयं शतं हिमा: ॥ 14 ॥

अन्वय - मरुत: मघवत्सुचर्कत्यं पृत्सु-दुस्-तरं धुमन्तं शुष्मं धनस्पृतं उक्थ्यं विश्वचर्षणिं तोकं-
तनयं धत्तन शतं हिमा: पुष्येम ।

अनुवाद - मरुतों ! धनिक तथा वैभवसम्पन्न लोगों में उत्तम कार्य करने वाला, युद्धों में
[विजेता], तेजस्वी, बलिष्ठ, धनसम्पन्न सराहनीय सब लोगों के हितकर्ता
पुत्र एवं पौत्र होते रहें । [तथा हम] सौ वर्ष तक जीवित रहकर पुष्ट होते रहें ।

पृत्सु - युद्धों में । संग्रामेषु-सा0भु0; in the battles -मैक्डा0; in combts -
मो0वि0; in battle - मैक्स0; ग्रि0; in hostile attacks -
का0कैम्प0 ।

चर्कृत्यम् - सर्वकार्य कुशल । कार्येषु पुन: पुरस्कर्तव्यम् - सा0भु0; glorious - मैक्डा0;
with praise - मो0वि0; the deserver of praise -वि0; Praise
worthy know at all - ग्रि0; praise worthy - मैक्स0, लेन0 ।

धत्तन - होते रहें । स्थापयत - सा0भु0; sefix in mation- का0कैम्प0; give -
मैक्स0; ग्रि0 ।

शतं हिमा: पुष्येम - सौ जाड़ों [ऋतु] तक पुष्ट होते रहें । अत्र हिमशब्देन तद्युक्ता हेमन्त-
र्तवोऽभिधीयन्ते तथा च ब्राह्मणमेवमाम्नायते । 'शतं हिमा इत्याह
शतं त्वा हेमन्तानिन्धिषीयेति वावैतदाह - तै0सं0 ।.5.8.5 हेमन्तर्तूपलाक्षितान् शतं संवत्
त्सरान् जीवन्त: सन्त: पुष्येम-पोषयेम-सा0भु0; may be cherish for a hundred
winters- वि0; let us foster during a ~~x~~ hundred winters -
मैक्स0; may be faster will during a hundred winters - ग्रिफिथ ।

नू ष्ठिरं मरुतो वीरवन्त मृतीषाहं रयिमस्मासु धत्त ।

सहस्रिणं शतिनं शूशुवांसं प्रातर्मक्षू धियावसुर्जगम्यात् ॥ 15 ॥

अन्वय - मरुत: नू स्थिरं वीरवन्तं ऋतीषाहं, [शतिनम् सहस्रिणं] रयिं अस्मासु धत्त । प्रात: धियावसु: शूशु-
-वांसं [मक्षू] जगम्यात् ।

अनुवाद - हे मरुतो ! हममें स्थायी तथा वीरों से युक्त शत्रुओं का पराभव करने वाले सैकड़ों और सहस्रों प्रकार के वर्धिष्णु धन को अवश्य ही स्थापित करो । प्रातःकाल बुद्धि द्वारा कर्मों का सम्पादन करके धन पाने वाले॥तुम॥ शीघ्र हमारे निकट चले आओ ।

नूष्ठिरम् - स्थायी रूप से निश्चित । स्थास्नु निश्चित स्थान । सा०मु०; durable- मो०वि०; मैक्स०; ग्रिफिथ, sure - मैक्डा०; solid - का०कैप० ।

अतिषाहम् - शत्रुओं का पराभव करने वाले । गन्तॄणां शत्रूणामऽभिभवितारं एवं विधेन - सा०मु०; defying assault - मो०वि०; lasling -मैक्डा०; mor- tifying to our enemies - वि०, लैन०, defying all - मैक्स०; defying - ग्रि० ।

शश्वन्तं - वर्धिष्णु प्रवृद्धम् - सा०मु०; giving vigour- मैक्डा०; giving courage- मो०वि०; (always) increasing - मैक्स०; ever increasing - ग्रि०; वि०; giving strength- का०कैप० ।

प्र ये शुम्भन्ते जनयो न सप्तयो, यामन्रुद्रस्य सूनवः सुदंससः ।

रोदसी हि मरुतश्चक्रिरे वृधे, मदन्ति वीरा विदथेषु घृष्वयः ॥ १ ॥

अन्वय - सप्तयः सुदंससः ये रुद्रस्य सूनवः जनयः न यामन् प्रशुम्भन्ते हि {ते} मरुतः रोधसी वृधे चक्रिरे घृष्वयः विदथेषु मदन्ति ।

अनुवाद - सर्पणशील सुकर्मा जो रुद्रपुत्र स्त्रियों की भाँति गमनकाल में भलीभाँति अलंकृत होते हैं निःसन्देह वे मरुद्गण द्युलोक तथा पृथ्वीलोक को प्रबुद्ध होने के लिए कर देते हैं । घर्षणशील वीर यज्ञों में मस्त होते हैं ।

प्रशुम्भन्ते - अलंकृत होते हैं । प्रकर्षेण स्वकीयान्यङ्गानि अलंकुर्वन्ति - सा०भा०; glance for - मैक्स०; decorate themselves- वि०; adorn themselves- मैक्डा०; where glacing forth - ग्रि० ।

जनयो न सप्तयः - सर्पणशील {सहगामिनी} स्त्रियों की भाँति । जनयो न जाया इव । यथा योषितः स्वकीयान्यङ्गान्यलं कुर्वन्ति तद्वत् । कीदृशाः मरुतः सप्तयः सर्पणशीला; जाया इव अश्वा इव च - सा०भा०; like unto wives like unto horses - मैक्स०; like wives and yakefellows is like wises of the same husband -- like fema-les- वि०; मैक्स० ने सप्तयः को अश्ववाचक न मानकर सपत्नी का समानार्थक मानते हुए जनयो न गर्भम् यथा पतिं न जनयः के सन्दर्भ में जैसे स्त्रियाँ पति की ओर या पुत्र की ओर दौड़ती हैं वैसे ही मरुत् दौड़ पड़ते हैं - अर्थ किया है ।

यामन् - गमन काल में । यामनि गमने निमित्तभूते सति - सा०भा०; on the way- मैक्स०; ग्रि०; the maruts who are going-forth- विल्सन् । on their course - मैक्डा० ।

रुद्रस्य सूनवः - सूनु नुः तु च स्ला synu - आ०तै० sunu, अं० son; अवे० hunus - गा०; sunus - लिथु, sunus - प्रा-नार्स sunu, son, son, डेनिश, son- स्वी०सन् प्रा आ. सूनु म.अ. सुने सौन, प्र ज. सून {उ}

भ, ड., ज सुनु अ solrue - सर्वोकेरी-सेहेनियन; पोलिस, स्सी-सिन् सोन् ।

सुदंसस: - शोभनकर्माण: - सा0मु0; gutes wirkenden - गेल्डनर, ग्रास0; deers of good works - वि0; the powerful - मैक्स0; deers of mighty deeds - ग्रिफिथ ।

विदथेषु - यज्ञों में । यज्ञेषु-सा0मु0; sacrifices - मैक्स0; विल्सन्; in the rites of worship-मैक्डT0; विदाथ-विदथ-सेना0 (S. B. Vol. 32, p. 350) दुधाप्धारणपोषणयो विदथ ओल्डेनबर्ग (DDE. Vol. 96, pp. 2627) वि - धा यद्वा विध् थीमे विदथ-विधान (पीटर्सन H.R.P. 100) वस्तुत: विदथ वरिवस्या पूज्या सपर्या विधान दैवी विधान यज्ञस्तोत्र आदि । ज्ञानिष्पत्यर्थ प्र अथम् उचथ् वक्षथ् सचथ, स्रनथ, स्रवथ, शपथ, जरथ (av-zbaraga) - सम्भवत: अत = अथ -= अठ, तु यजत दर्शत अपि च जरठ, शरठ ।

घृष्वय: - घर्षणशील । घर्षणशीला: - सा0मु0; wied - मैक्स0; the empeteous- का० कैप०, मो०वि०; मैक्ड0; to be exieted - मैक्स0; who grind (the sale drocks) - विल्सन् ।

ते अ॒क्षितासो॑ महि॒मान॑माशत, दि॒वि रु॒द्रासो॒ अधि॑ चक्रिरे॒ सद॑: ।

अर्च॑न्तो अ॒र्कं ज॒नय॑न्त इन्द्रि॒यम् अधि॒ श्रियो॑ दधिरे॒ पृश्नि॑मातरः ॥२॥

अन्वय - उक्षितास: ते रुद्रास: महिमानमाशत दिवि सद: अधिचक्रिरे अर्कं अर्चन्त: इन्द्रियं जनयन्त: पृश्निमातर: श्रिय: अधिदधिरे ।

अनुवाद - अभिषिक्त उन रुद्रपुत्रों ने (मरुद्गण) ने गरिमा अर्जित कर ली । द्युलोक में निवास बनाया । अर्चनीय (इन्द्र) को अर्चना करते हुए, इन्द्र में शक्ति उत्पन्न करते हुए पृश्निसंज्ञक माता वाले (मरुतों) ने ऐश्वर्य धारण किया ।

उक्षितास: - अभिक्त । देवैरभिषिक्ता: सन्त: - सा0मु0; वर्ष बिन्दुभि: सिक्ता: - मा0; grown up - मै0; उक्षिता: वृधु + उक्षु + क्त, to grow - to waxnost of - उक्षु to sprinkle to anoint to inaugurate - मैक्स0; grown to their perfect strengthग्रि0 ।

महिमानमाशत - महत्वंप्रापयन - सा0मु0; महत्वं आप्नुवन् - सा0मु0; greatness have they attained - मैक्स0; greatness have they attaineग्रि0 ।

जनयन्त इन्द्रियम् - जनयन्त च बलम् - मा0, इन्द्रस्य लिङ्ग वीर्य जनयन्त: इन्द्रियम् । वाक्येनोत्पादयन्त:-सा0मु0; generating might - ग्रि0; generating the might of Indraमैक्डा0; increasing their vigourमैक्स0; इन्द्रियका मूलार्थ - इन्द्र की शक्ति Indras peculiar might इन्द्रत्व; Indra-hood, शक्ति ।सामान्य। तु0अवे0- veroth raghn वृत्रहन्ता, विजय विजय; सामान्य ।

अधिश्रियो दधिरे - ऐश्वर्य धारण किया । ऐश्वर्याणि आधिक्येन अधारयन् - सा0मु0; have clothed themselves in beauty - मैक्स0; they have put glory - ग्रि0, सो० वि०।

गोमातरो यच्छुभयन्ते अञ्जिभि: स्तनूषु शुभ्रा दधिरे विरुक्मत: ।

बाधन्ते विश्वमभिमातिनमप वर्त्मान्येषामनु रीयते घृतम् ॥ 3 ॥

अन्वय - यत् गोमातरो अञ्जिभिः शुभयन्ते ।तत्। शुभ्रास: ।ते। तनूषु विरुक्मत: ।अपि। दधि विश्वमभिमातिनपबाधते ।तदानीम्। घृतं एषां वर्त्मानि अनुरीयते ।

अनुवाद - जब धेनु ।पृथ्वी। रूपमाता वाले ।मरुद्गण। अलंकरणों से अलंकृत होते हैं ।तब। दीप्तिपूर्ण ।वे। शरीरों पर विशेष चमकवाले ।शस्त्रों। को ।भी। धारण करते हैं। वे सभी उद्दृप्त शत्रुओं को दूर से बाधित कर देते हैं । ।उस समय। क्षरणशील ।जल। इनके मार्गों से प्रवाहित होने लगता है ।

गोमातर: - गोरूप माता वाले । गोर्माता भूमिर्मता येषां ते - सा०भा०; ग्र० पृश्नि-
मातर:, सिन्धुमातर:, children of cow - ग्रि०; sons of
cow (Prishni) - मैक्स० ।

तनूषु शुभ्रा दधिरे विरुक्मत: - शुभ्रा: मरुत: स्वकीयेषु शरीरेषु विशेषेण रोचमाना-अलं-
-कारान् धारयन्ति - सा०भा०; on their limbslay
their golden ornaments - ग्रि०, ------ bright weapons on their
bodies - मैक्स० ।

बाधन्ते विश्वमभिमातिनमप - They drive away each adversary from
their path - ग्रि०, मैक्स० । अभिमातिनम-
पादगत दशमाक्षर लघु है । द्र० - वैदिका पृ० 124 लेनमन noun inflection
पृ० 378-543; अभिमाति: शत्रु: पाप्मा वा अभिमाति - तै०सं०; अभिमति: तु० -
अ - समाप्ति:; उप-माति । अभिमाति - साह् = अतिसाह् , अभिमातिन् - अभि
मा यद्रामीड्हिंसायाम् क्त ; धात्वर्थ तु दुर्भायु: । मात्रा प्रमायुक:; द्र० आतमयि-
नामयिना: प्रोतमाया: ऋ० 1.32.4 ।

घृतम् √घृ क्षरण दीप्तयो: + क्त । तु भारो घृतो Gheto - तथा घेटो Gheto =
दूध मक्खन (S. Verma : Ety. P. 55-56. Magr hafer CESD Vol.I,P.361)
निघण्टु 1.12 में जल पर्याय कहा गया है ।

वि ये भ्राजन्ते सुमखास: ऋष्टिभि:, प्रच्यावयन्तो अच्युता चिदोजसा ।
मनोजुवो यन्मरुतो रथेष्वा, वृषव्रातास: पृषतीरयुग्ध्वम् ॥ 4 ॥

अन्वय - सुमाखास: ये मरुत: ऋष्टिभि: विभ्राजन्ते, हे मरुत: यत् मनोजुव: वृषव्रातास:
रथेषु पृषतीरयुग्ध्वम् अच्युताचित ओजसा प्रच्यावयन्त: ।

अनुवाद - शोभनशील यज्ञकर्मा जो मरुत् शस्त्रों के साथ चमकते हैं । हे मरुतो । मन की
भाँति वेगगामी सामर्थ्यशाली अपने रथों में चितकबरी हिरणियाँ घोड़ियाँ

जोतते हो तब अडिगों को भी हिला देते हो ।

सुमखास: - शोभनशील । सुमखा शोभनयज्ञा: - सा0मु0; सुयज्ञा:-मा0; the power-
ful - वि0; mighty warrious - ग्रि0; A.S. Great
warrious - ॥कर्मधारय॥ मैक्डा0 ।

वृषव्रातास: - वृष्ट्युदकसेचनसमर्थसप्तसंघात्मका: - सा0मु0; वर्षितागणो येषां ते वृषव्राता:
मा0 । Ye the host that send the rain - ग्रि0; the
manly host. M.M.; with their strong host - Macdonel.

पृषती: - चितकबरी । पृषद्भि: श्वेतबिन्दुभिर्युक्ता मृगी: - मु0;सा0; spotted
deers - मैक्स0, ग्रि0, वि0; पृषद्वर्णा: अश्वा: - मा0,तु0 पृषदश्वा
मरुत: पृश्निमातर: ॥ऋ0 1.88.7॥ पृषत् √पृषु सेचने शतृ; पृश्नि- पृश्-पृष पृष प्लुष्
तु प्ल पृ प्लुवने, पृषदाज्यम् अपि च तु पृश्नि: आशु. अश्वा: ॥ऋ0 4.58.1॥ प्र यत्
अयासिष्ट पृषतीभिरश्वै: ॥ऋ0 5.58.6॥ इत्यादि द्र0-वर्गेइने ॥ऋग्वेद, पृष्ठ 378॥ ।

आख्यानविद् - पृषती का अर्थ - मृगी:; नैरुक्त 1.64.8 चित्रलमेघराशि तथा राथ चित्र-
लगौ:; यद्वा चित्रलाश्व ग्रहण करते हैं । अश्वार्थ सुसमीचीन है । अन्यत्र
भी मरुतों के वाहन के रूप में उल्लिखित हैं ।

प्रयद् रथेषु पृषतीरयुग्ध्वं, वाजे अद्रिं मरुतो रहयन्त: ।

उतारुषस्य विष्यन्ति धारा, श्चर्मेवोदभिर्व्युन्दन्ति भूम ॥ 5 ॥

अन्वय - हे मरुत: वाजे अद्रिं रहयन्त: यत् रथेषु पृषती प्र अयुग्ध्वं उत अरुषस्य धारा:
विष्यन्ति उद्भि: चर्म इव भूमिं व्युन्दन्ति ।

अनुवाद - हे मरुतों । युद्ध में उपल वृष्टि करते हुए ॥तुम सब॥ जब रथों में चित्रल मृगियों
को संयुक्त करते हो ॥तब॥ लाल रंग ॥के जल॥ की धारायें खुल पड़ती हैं ॥और॥
चर्म ॥मसक॥ के समान भूमि को गीला कर देती हैं ।

वाजे अद्रिं रंहयन्तः - युद्ध में उपलवृष्टि करते हुए । वाजे अन्ने निमित्त भूते सति अद्रिं मेघं रंहयन्तः वर्षणार्थं प्रेरयन्तः - मु0सा0; urging the thunderbolt to the tray - ग्रि0; बले सति अद्रिमपि उत्क्षिपन्तः - सा0; harling the stone (thunderbolt) in the fight- मैक्स0; wahrend ihr marut in wattcauf den stein (mit laufen easset)- गेल्डनर ।

उतारुषस्य विष्यन्ति धारा - लाल रंग की धारायें खुल पड़ती हैं । उत् तदानीम् अरुषस्य अरोचमानस्य सूर्यस्य सकाशात् वृष्टमुदकधारा भवन्तः विष्यन्ति प्रम्र विमुञ्चन्ति - सा0मु0; तदानीम् दीप्तस्य मारुतस्य गणस्य सकाशात् धारा पतन्ति - सा0; they discharge streams of readly (steeds) - मैक्डा0; then the streams of the red (horse) rush forth - मैक्स0; forth rush the torrents of the dark red stormy clouds - ग्रि0; dann entfesseln sie auck die strahlendes ratlechen (Rosses) - गेल्डनर ।

चर्मेवोदभिःव्युन्दन्ति भूमि - चर्म (मसक) के समान भूमि को गीला कर देते हैं । उदभिः उदकैः चर्मेव परिमितमल्पं विशेषेणार्द्रां कुर्वन्ति - सा0मु0 सर्वां भूमिं खल्वल्पपरिमाणंचर्म इव उदकैः विविधं क्लेदयन्ति = सा0; wie ein fall begieBen sie die Erde mit wasser - गे0 moisten the eas earth like a skin with waters - वि0; they moisten like a skin the earth with water flood- ग्रि0 ।

आ वो वहन्तु सप्तयो रघुष्यदो, रघुपत्वानः प्रजिगात बाहुभिः ।

सीदता बर्हिरुरु वः सदस्कृतं मादयध्वं मरुतो मध्वो अन्धसः ॥ 6 ॥

अन्वय - रघुष्यदः सप्तयो वः आवहन्तु रघुपत्वानः (यूयं) बाहुभिः (धनमाहृत्य) प्रजिगातु आसीदत उरु बर्हि वो सदस्कृतम् । मध्वः अन्धसः मादयध्वम् ।

अनुवाद - तीव्रगामी अश्व तुम्हें (यज्ञ में) लावें । तीव्रगामी (तुम सब) हाथों से (धन लेकर) आगे बढ़ो, बैठो । तुम्हारे लिए विस्तीर्ण आसन बनाया गया है । हे मरुतों मधुमय अन्न से तृप्त होओ ।

रघुष्यद: - तीव्रगामी, शीघ्रगन्ता । लघुगामिन: - मा0; लघुशीघ्रस्यन्दमाना: वेगेन-गच्छन्त: - सा0मु0; swift gliding - मैक्स0; ग्रि0; रघुष्यद: रघुद्रुव:, क्षिप्रगति: शीघ्रगन्ता, तीव्रगामी, लघुष्तनक:, शीघ्रगमन; त्यसत्वर: इत्यादि । रघु-क्षिप्रम् swift, quick, light, 7 रहूं रंघ; तु लिधु languas लै0 levis lenhu 5 licht - आ0सै0 lung - re quickly, अं lung - आ0सै0; Loaht light.

आवहन्तु - लावे ; अस्मद् यज्ञ प्रापयन्तु - मु0सा0; may (horses) carry hither- मैक्स0; clit (your coursers bear (you) hither word - ग्रि0 ।

बाहुभि: प्रजिगात् - प्रजिगात् च शत्रून् बाहुभि: - मा0; यूयं स्वकीयैर्हस्तैरस्मभ्य दातव्यं धनमाहृत्य प्रजिगात प्रकर्षेण गच्छत - सा0मु0; come forth with your arms - मैक्स0, ग्रि0 ।

मादयध्वम् - तृप्ताभवत - सा0मु0; तर्पयतास्मान् - स्कन्द0; rejoice in seweet juice - मैक्डा0; rejoic in the sweet food - मैक्स0; delight in the pleasent food - ग्रि0;

ते वर्धन्त स्वतवसो महित्वना नाकं तस्थुरुरु चक्रिरे सद: ।

विष्णुर्यद्धावद् वृषणं मदच्युतं वयो न सीदन्नधि बर्हिषि प्रिये ॥ 7 ॥

अन्वय - स्वतवस: ते (मरुत:) महित्वना अवर्धन्त, नाकं सदा चक्रिरे, तस्थरुरु, (चक्रिरे) यत् विष्णु: वृषणं मदच्युतं आवत वय: न प्रिय बर्हिषि अधिसीदत ।

<u>अनुवाद</u> - स्वत: शक्तिसम्पन्न के {मरुद्गण} अपनी महिमा से प्रवृद्ध हो गये। नाकलोक पर आकर स्थित हो गये। बैठने के स्थान को विस्तृत कर दिया। जब विष्णु ने शक्तिशाली मदच्यावी {इन्द्र} की सहायता की {तब वे} पक्षियों की भाँति कुशासन पर बैठ गये।

<u>अवर्धन्त</u> - वृद्धि को प्राप्त हो गये। वृद्धि प्राप्ता - स्कन्द०; वृद्धिमता: - मु०सा०; to greatness they grown - ग्रि०; they grew (with might)- मैक्स० ।

<u>स्वतवस:</u> - आत्मबला: - स्कन्द०; स्वबला: - मा०; स्वाश्रयबला: नान्यस्य कस्यचित् बलमपेक्षन्ते - सा०मु०; strong in themselves - मैक्स०; selfstrong मैक्डा०; strong in their nature strength- ग्रि० ।

<u>महित्वा</u> - महानता से। **महात्म्येन** - मा०; महिमहत्वेन - मु०सा०; स्वेन माहात्म्येन स्कन्द०; with might - मैक्स०; ग्रि०; by their greatness मैक्डा०; महित्वम्, महत्त्वम्, महित्रा √मह् पूजायाम् इ प्रत्यये तदनुभावे त्वन् प्रत्यय। तु कवित्वन्, मर्यत्वन्, जनित्वन्, वसुत्वन्, सस्वित्वन् आदि महत्वना को स्कन्द तथा मैक्डा० एवं मैक्स ने अवर्धन्त तथा मु० ने तस्थु: से अन्वित किया है। द्र०-फ्रकेट - त्वन् की तुलना ग्रीक ovvn(ovvov) से करते हैं। द्र०; कुद Vzeischrriff Vol.I., पृष्ठ 482 मूल के लिए द्र० वेनफे bid Vol.7, P. 120, अपि च altind gram Bond II. पृष्ठ 716.

<u>आवत</u> - तर्पयति - स्कन्द०; रक्षति - मु०सा०मा०; saved - मैक्स०; ग्रि०; defends- वि०; Schiitzt - वेनफे, गेल्डनर, rauschtrank - लुडविग; rauscherregten - ग्रासमान, helped- Mac. मैक्डा०;

शूरा इवेद् युयुधयो न जग्मय:, श्रवस्यवो न पृतनासु येतिरे।

भयन्ते विश्वा भुवना मरुद्भ्यो, राजान इव त्वेषसंदृशो नर: ॥ 8 ॥

अन्वय - शूराइव इत युयुधय: न जग्मय: श्रवस्यव. न पृतनासु येतिरे मरुद्भ्य: विश्वा भुवना भयन्ते नर: राजान: इव त्वेष संदृश: ।

अनुवाद - [वे मरुत् लोग] वीरों की ही भाँति [युद्ध स्थल में] जाने वाले युद्धेच्छकों की भाँति तथा यश चाहने वाले की भाँति संग्रामों में जाते हैं । [तब] हमारे प्राणी मरुतों से डर जाते हैं । नेतृत्व करने वाली [वे] प्रदीप्त स्वरूप वाले राजाओं के समान दिखाई देते हैं ।

शूराइवत - शत्रूणां जेतार: एवं मरुतइत्यर्थ. - स्कन्द0; शूरा इव योद्धार: - मा0, शूरा इवइत शौर्योपेता युयुत्सव: पुरुषा इव च - सा0मु0; like herees indeed- मैक्स0; in sooth like heroes - ग्रि0 ।

श्रवस्यो न - श्रवो न्नं धनं कीर्तिर्वा तत्कामा: श्रवस्यव: । यथा च श्रवस्यो मनुष्यो एवं मरुत: - स्कन्द0; शत्रुभ्योऽन्नं इच्छमाना इव - मा0; श्रवो वृमात्मान इच्छन्त पुरुषा इव - सा0मु0; like (combatants)ear for glory-मैक्स0 ।

त्वेषसंदृश: - दीप्त दर्शना: - सा0मु0, दीप्तसंदर्शना - मा0, दीप्तदर्शना उज्जतरूपा:- स्कन्द0; तु घोरवर्पस: घोररूपा: - सा0 [ऋ0 1.19.5] विपरीतार्थ द्र0 एवं सदृक् [ऋ0 2.16.5] हिरण्यरूप: हिरण्यसंदृक् हिरण्यवर्ण: [ऋ0 2.35.11] त्विष् दीप्तौ । दृशिर प्रेक्षण क्विप् ।

त्वष्टा यद् वज्रं सुकृतं हिरण्ययं सहस्रभृष्टिं स्वपा अवर्तयत् ।

धत्त इन्द्रो नर्यपांसि कर्तवे हन् वृत्रं निरपामौब्जदर्णवम् ॥ 9 ॥

अन्वय - [यद्] स्वपा । त्वष्टा सुकृत सुकृत हिरण्ययं सहस्रभृष्टिं वज्रं अवर्तयत् [ततो] इन्द्रो नरिं अपांसि कर्तवे धत्त । अर्णवम् वृत्रम् अहन् अपां नि: औब्जत् ।

अनुवाद - कुशल त्वष्टा ने अच्छी प्रकार बनाये हुए सुवर्णमय सहस्रधाराओं वाले वज्र को [इन्द्र को] दिया । इन्द्र ने [उसे] युद्धों में शूरता की अभिव्यंजना के लिए

धारण किया । जल को रोकने वाले शत्रु को मारा, जलों के स्रोत को पूर्णतः प्रवाहित किया ।

हिरण्ययम् - स्वर्णिम । हर्यगतिकान्त्योः - कन्यन् प्रत्यय - हिरण्यम् , हिरण्य + मयट् , मकार लोप । 'बज्रम' का विशेषण ।

कर्तवे - करने के लिए । कृ + तवेन् तुमुर्थक, यद्वा, कृ + तृन् च०ए०व०।

अपार्णवम् - जलों का स्रोत सायण ने अर्णव को वृत्र का विशेषण मानकर अपाम् अर्णवन् का अर्थ 'जलपूर्णमिघ' किया है तथा अपां निरोब्जत को अलगकर चतुर्थी के लिए षष्ठी का प्रयोग माना है ।

सहस्रभृष्टिम् - भ्रंशयति शत्रूनिति भृष्टि. - 'भ्रस्ज भर्जने' क्तिचक्तौ संज्ञायाम् (पा० 3.3.174) इति क्तिच प्रत्यय । 'भृष्टयोऽत्रश्रय उच्यन्ते, सहस्राश्रिम' - स्कन्द० ; सहस्रभृष्टि का अर्थ सहस्रधार वाले सहस्रकोणीय इत्यादि । तु० विशङ्गभृष्टिम् तिग्मवृष्टिः इत्यादि सहस्रं भृष्टयोयस्मिन् तं पूर्वपदोदात्तता ।

स्वपाः - सुकर्मा शोभनानि अपांसि यस्य सः, बहुव्रीहिः 'सोर्मनसी अलोमोषसी' (पा० 6.2.176) इति उत्तरपदाद्युदात्तता ।

अर्वतयत् - घुमाया, दिया (√'वृतु वर्तने लङ्. प्र०पु० ए०व० । यद्योगादनिघातः ।

धत्ते - धारण किया । भूतकाल के अर्थ में लट् का प्रयोग । √धा धारणा के षष्ठी पु०; प्र०पु०ए०व० ।

नरि - संग्राम में । नर स०ए०व० + अपांसि सायण । नर्य - अपांसि - मैक्डानल ।

निरौब्जत - तिरछा किया, पूर्णतः प्रवाहित किया । निः√'उब्जी आर्जवे' लङ्.' प्र० पु०ए०व० । वाक्यगता प्रधान क्रिया निघातः ।

त्वष्टा - शिल्पदेवता । विशेष 'त्वक्षू तथा वा तनूकरणे तृन् यद्वा√त्विष दीप्तौ तृन् । नैरक्तं - तेजं, तूर्ण व्याप्तौ अर्णवम् - स्रोत, जलयुक्त । √ऋ गतौ-असुन् , नुगागम एवं णत्व विधान, मत्वर्थीय व प्रत्यय, सलोप द्वि०ए०व० ।

ऊर्ध्वं नुनुद्रे वतं त ओजसा, दादृहाणं चिद् बिभिदुर्वि पर्वतम् ।
धमन्तो वाणं मरुतः सुदानवो, मदे सोमस्य रण्यानि चक्रिरे ।। 10 ।।

अन्वय - ते ओजसा अवतं ऊर्ध्वं नुनुद्रे दादृहाणं चित् पर्वतम् विविभिदुः वाणं धमन्तः सुदानवः मरुतः सोमस्य मदे रण्यानि चक्रिरे ।

अनुवाद - उन्होंने ।अपनी। शक्ति से कूप को ऊपर प्रेरित कर दिया । दृढ़ होते हुए भी पर्वत को विदीर्ण कर दिया । वाण को बजाते हुए शोभनदान देने वाले मरुतों ने सोम के मद में वीरतापूर्वक कार्य कर दिया ।

ऊर्ध्वं नुनुद्रे अवतम -ते मरुतः अवतम् कूपम् ऊर्ध्वम् उपरि यथा भवति तथा प्रेरितवन्तः - उतवातवन्तः - सा0मु0; ऊर्ध्वं सत्तमेयं नुदन्ति प्रेरयन्ति अधोगतम् अधेयमुखमित्यर्थं अथवा अवतः ।नि0 3.23। इति कूपनाम तत्सादृश्याच्चात्र तद् व्यपदेशः। बहूदक त्वादिना सादृश्येन कूप सदृशं मेघमूर्ध्वं प्रेरयन्ति क्षिपन्तीत्यर्थं - स्कन्द0; कूपं उच्चिक्षिपुः दूरस्थम् - मा0; they pushed the well upon ligh - ग्रि0; they pushed the well oloft - मैक्स0 ।

अवतम् - अव - त राजवाड़ों निरुक्त मराठी अनुवाद ।पृ0 408-409। तु0 अव-त-उत्- स, उद्-रिन्; अवत सिच् वाल्दे0 let verg etym warter butch - ------ तु0 लै0 अ-उत्सः (awuts)tourtain- निर्झर, भारो aue to wet- आर्द्रीभावे सेचने लै0 auots - a soureia spring - निर्झर ।

जिह्मं नुनुद्रे वतं तया दिशा, सिं चन्नुत्सं गोतमाय तृष्णजे ।
आ गच्छन्तीमवसा चित्रभानवः, कामं विप्रस्य तर्पयन्त धामभिः ।। 11 ।।

अन्वय - ।मरुतः। अवतंतया दिशा जिह्मं नुनुद्रे तृष्णजे गोतमाय उत्सं असि चन् चित्रभानवः ईम् अवसा आगच्छन्ति विप्रस्य कामं धामभिः तर्पयन्तः ।

अनुवाद - ।मरुतों ने। कुएं को उस दिशा की ओर तिरछा कर दिया, प्यासे गोतम के लिए

जलप्रवाह बहा दिया । विचित्र रश्मियों वाले वे इस [गोतम ऋषि] के पास सहायता के साथ आये तथा स्तोता ऋषि की कामना को [अपनी] शक्ति से पूर्णकर दिया ।

अस्किचन् - आहावेऽवानयम् - सा0मु0; [परितवन्त: - स्कन्द0; उदसि चन् - मा0
boured out- मैक्स0; poured - ग्रि0; ।

तृष्णजे - others-a dryende तौ0 Tarret . Tarr - et, goisdry -
ज0 darr - et - grous dry - 'तृषा तृष्णा तृष्णा'' तृषक तृष्णा पिपासवे - मा0; for thirsting - ग्रि0; 'तृष्णक् तृष्यते: ' इति यास्क: [नि0 ।।.15] तृष्णजे प0पा0 तृष्ण जे [5.57.।] तृष-तु0 भारो-तृस् (trs) to be dry - ग्रा0; 'thaursus-dry- ज0 TEPOONAI-became dry - लै0 Tera - 1.

चित्रभानव: - विचित्रदीप्तयो: मरुत: - सा0 स्कन्द0 मु0; चित्रदीप्तय: मा0, with
beautiful spendous - मैक्स0; shining with varied light - ग्रिफिथ ।

तर्पयन्त - अतर्पयन् - सा0मु0मा0; तर्पयन्ति पूरयन्तीत्यर्थ: - स्कन्द0; fulfiled -
ग्रि0; satisfied - मैक्स0 ।

धामभि: - धारकै जलै: - मा0; स्थानैरिति - स्कन्द0 ; आयुधो धारकै: रुदकै: - मु0
सा0; in their own ways - मैक्स0; with their might - ग्रिफिथ ।

या व: शर्म शशमानाय सन्ति त्रिधातूनि दाशुषे यच्छताधि ।
अस्मभ्यं तानि मरुतो वियन्त रयिं नो धत्त वृषण: सुवीरम् ।। 12 ।।

अन्वय - व: या [यानि] शर्म [शर्माणि] शशमानाय सन्ति त्रिधातूनि [तानि] दाशुषे अधि यच्छत, हे मरुत: । तानि अस्मभ्यं वियन्त, हे वृषण: । न: सुवीरं रयिं धत्त ।

अनुवाद - तुम्हारे जो सुखकर निवास स्तुति करते हुए [व्यक्ति] के लिए हैं, तिहरे [उन सब को] हविष्य अर्पित करते हुए को दे दो, हे मरुतों । उन्हें हमें दे दो; हे वृषण [और] हमें सुन्दर पुत्र [से संयुक्त] धन [भी] दे दो ।

शर्म - सुखकर निवास । शर्म-जस् , जस् का लोप ।

शशमानाय - स्तुति करते हुए के लिए । 'शश् प्लुतगतौ - चानश् , च०ए०व० ।

दाशुषे - हविष्यप्रदातार्थ √'दाशृदाने - क्वसु च०ए०व० ।

अधियच्छत - दे दो । अधि -√यच्छ लोट् म०पु०ब०व० वाक्यमध्यस्थक्रिया, निघात् ।

वियन्त - दे दो ।√यम् परिवेषणे लोट् म०पु०ब०व० वाक्यमध्यस्थक्रिया निघात: ।

सुवीरम् - सुन्दर पुत्रों से संयुक्त । शोभना: वीरा: यस्मिन् तम् 'नञ्सुभ्याम्' से उत्तरपदो - दात्तता ।

धत्त - दो ।√धा [दा] लोट् म०पु०ब०व० मध्यस्थ क्रिया निघात ।

त्रिधातूनि - तीन प्रकार के, तिहरे तीन स्थानों में अवस्थित, शर्म का विशेषण ।

वृषण : वृष् कनिन् प्रथमा ब०व० ।

1. मरुतो यस्य हि क्षये पाथा दिवो विमहसः,
स सुगोपातमो जनः ॥ 1 ॥

अन्वय - विमहसः मरुतः दिवः यस्य हि क्षये पाथ सः सुगोपतमः जनः ।

अनुवाद - विलक्षण ढंग से तेजस्वी मरुतों । अन्तरिक्ष में से उतरकर जिसके घर में तुम सोमरस पीते हो, वह अत्यन्त ही सुरक्षित मानव होता है ।

विमहसः - विशिष्ट प्रकाशाः - सा0मु0, विविधं महान्तः - स्कन्द0, विशिष्ट-दीप्तयः - वें0 mighty मैक्स0, resplendent वि0, ग्रि0 mfn. bright मो0 वि0, Vimahas occurs only once more as an epithet of the Maruts 5.87.4. Being an adjuective derived from Mahas' strength, It means very strong.

पाथ :- (सोम) पीना । सोमं पिबथ - सा0 मु0 पिबथ सोमम् - वें0 स्कन्द0 drink(the Soma)मैं0, ग्रि0, वि0, राथ, water -मो0वि0, मैक्डा0 ।

सुगोपातमः - शोभनैः पालकैरत्यन्तं युक्तो भवति - सा0 मु0 । अत्यन्त शोभनं गोप्तृकः जनः - वें0 going well- मैक्डा0, mfn. good protectedमो0 वि0, the best guardians - मैक्स0 the best of guardiansग्रि0, with most able protectors - वि0, राथ ।

2. यज्ञैर्वा यज्ञवाहसो विप्रस्य वा मतीनाम् ,
मरुतः शृणुता हवम् ॥ 2 ॥

अन्वय - यज्ञवाहसः मरुतः यज्ञैः वा विप्रस्य मतीनां वा हवं शृणुत ।

अनुवाद - यज्ञ का गुरुतर भार उठाने वाले मरुतों । यज्ञों के द्वारा विद्वान् की बुद्धि की सहायता से तुम हमारी प्रार्थना को सुनो ।

यज्ञवाहसः - यज्ञस्य वोढारः - सा0, मु0, वें0, यज्ञ उह्यते यान् प्रति ते यज्ञवाहसः
ing
स्कन्द0 । Worship Carry/ मो0वि0 sacrifice conveying
मैक्डा0, with sacrifice वि0, ग्रि0 propitiated - मैक्स0 ।

मतीनां - स्तुतीनां सम्बन्धिनः - सा0 मु0, स्तुतिभिस्तच्छुश्रूषया - वे0 make even
by rolling - मो0वि0, invocation of the praises - वि0,
Honoured with sacrifice ग्रि0, from the prayers -मैक्स0 ।

हवम् - आह्वान करना । आह्वानम् - सा0मु0मा0, स्कन्द0 calling -मो0वि0,
invocation - मैक्डा0, ग्रि0 to the call-मैक्स0वि0 ।

श्रुणुत - यज्ञवतो यजमानस्य यागरहितस्य स्तोतुश्चाह्वानमवश्यं भवद्भिः श्रोतव्यम् ।
यतो भवन्तो यज्ञस्य वोढारः स्तुतिप्रियाश्चेति भावः - सा0मु0 hear -
मैक्स listen to -ग्रि0, मैक्डा0, bear - वि0 ।

3. उत वा यस्य वाजिनोऽनु विप्रमतक्षत,
स गन्ता गोमति व्रजे ॥ 3 ॥

अन्वय - उत वा यस्य वाजिनः विप्रं अनु अतक्षत सः गो - मति व्रजे गन्ता ।

अनुवाद - (उतना) अथवा जिसके बलवान् ज्ञानी अनुकूल हों, उसे श्रेष्ठ बना देते हैं,
वह अनेक गौओं से भरे प्रदेश में चला जाता है, अर्थात् वह अनगिनती गौएं
पाता है ।

वाजिनः - हविर्लक्षणान्नोपेता ऋत्विजः - सा0मु0 हविष्मन्तः ऋत्विजः, वें0,
have sharpended - वि0, strong man - ग्रि0, powerful man -
मैक्स0, couragous - मो0वि0 ।

विप्रमनु अतक्षत - विप्रं मेधाविनं मरुद्गणम् - सा०वे०मु०, मेधाविनं ऋत्विजं प्रति - स्कन्द०, ministrant priests - वि०, have sharpendend the sapient - ग्रि०, have granted a sageमैक्स०, animated by their offerings - मो०वि० ।

गोमति - बहुभिर्गोभिर्युक्ते - सा०, मु०, प्राप्नोति गोभिः - स्कन्द०; वें० possessing cows - मैक्डा०, consisting of cows-मो०वि०, rich in kine - ग्रि०, rich in cattle - मैक्स०, crowded with cattle - वि० ।

व्रजेगन्ता - व्रजे गोष्ठे गन्तागमनशीलो भवति - सा०मु० पूर्णगोष्ठ०मित्यर्थः - स्कन्द० । cowpen to be gone - मैक्डा०, flock to be gone - मो० वि०, walk among pasture - विल्सन, live in stable - मैक्स०, into a stable - ~~[illegible]~~ ग्रिफिथ।

4. अस्य वीरस्य बर्हिषि, सुतः सोमो दिविष्टिषु

उक्थं मदश्च शस्यते ॥ 4 ॥

अन्वय - दिविष्टिषु बर्हिषि अस्य वीरस्य सोमः सुतः उक्थं मदः च शस्यते ।

अनुवाद - इष्टि के दिन में (होने वाले) यज्ञ में, इस वीर के लिए, सोम का रस निचोड़ा जा चुका है । (अब) स्तोत्र का गान होता है (और) सोमरस से उद्भूत) आनन्द की प्रशंसा की जाती है ।

दिविष्टिषु - इष्टि के दिन में । यजनीय दिवसेषु - सा०मु० दिविष्टयः स्वर्गफला इज्याः - स्कन्द०, दिवसागमनेषु - वें०, in sacrifice - मैक्डा०, in worship - मो०वि०, on the appointed days - वि०, in daily rites-

ग्रि0 in daily sacrifice - मैक्स0, religious procedure in daily यथ ।

बर्हिषि - यज्ञे - सा0मु0वें0, placed on the sacrificial grass of eminent man- मो0वि0, on the alter- मैक्स0, sacred grass - ग्रि0 ।

मद: च शस्यते - आनन्द की प्रशंसा की जाती है । मरुद्देवताक शस्त्रं, मदश्च इति मदिधातुना युक्ता 'मरुतोदेवा: सोमस्य मत्सन् ॥वि0 5.5.9॥ इत्यादिका मारुती निवित् च अस्य मरुद्भक्षस्य हर्षाय ॥वि0 5.5.9॥ शस्यते इति होत्रा पठ्यते - सा0मु0, शस्त्रं च मदकरम् शस्यते - वें0, saying be drank is laughtered -मो0वि0 accompanied by praise rejoice rassay - मैक्डा0, praise and joy are sung - मैक्स0 hymn is respected and their joy(is exited)वि0, praise and delight are sung aloud - ग्रि0 ।

5. अस्य श्रोषन्त्वा भुवो, विश्वा यश्चर्षणीरभि,

सूरं चित् ससुषीरिषः ॥ 5 ॥

अन्वय - विश्वा चर्षणी: सूरंचित् इषः ससुषी: ॥इसलिए॥ य: अभिभुव: अस्य आश्रोषन्तु।

अनुवाद - सभी मानवों को तथा विद्वान् को भी अन्न मिले ॥इसलिए॥ जो शत्रु का पराभव करता है उसका ॥काव्यगान सभी वीर॥ सुनें ।

सूरमचित - स्तुतेः प्रेरयितारं यजमानमपि - सा0मु0, सूर्यं च प्रति - स्कन्द0, सुवीर्यं पुरुषम् - वें0, bright as the sun - मो0वि0, their worshipper- वि0, even to the sun - ग्रि0, the sun - मैक्स0 ।

इषससुषी - मरुद्भिः प्रत्तान्यन्नानि प्राप्तानि भवन्तु - मु0श्रा0, vigour running-

मैक्डा० food be obtained- वि०,reaches even to the sun-ग्रि०,as the rain clouds (pass over the sun) - मैक्स० । the human begening with

अस्य आश्रोषन्तु - यजमानस्य स्तुतिं आभिमुख्येन श्रृण्वन्तु - मु० सा० मम श्रृण्वन्तु -वें०, आश्रृण्वन्तु दास्याम इत्येवं मरुत: - स्कन्द०; the human begening with the words-मो०वि०,Learnt sacred knowledge - मैक्डा०, hear-वि०, ग्रि० listen to himn - मैक्स०, राथ ।

6. पूर्वीभिर्हि ददाशिम शरद्भिर्मरुतो वयम् ,
अवोभिश्चर्षणीनाम् ॥ 6 ॥

अन्वय - मरुत: चर्षणीनां अवोभि: वयं पूर्वीभि: शरद्भि: हि ददाशिम ।

अनुवाद - हे मरुतो ! कृषकों की तथा मानवों की (समुचित रक्षा करने की शक्तियों से युक्त) हम लोग अनेक वर्षों से सचमुच दान देते आ रहे हो ।

अवोभि: - रक्षा के द्वारा । रक्षणैर्युक्ता: सन्त: - सा०मु०, रक्षणार्थमिति - वें० ; पालनैर्निमित्तभूतै: पालनार्थमित्यर्थं - स्कन्द० the protection of - वि०, through the mercies -मैक्स०; through the swift god loving help-ग्रि० ।

